त्रिभाषा कोशमाला - ४

# हिंदी-मराठी-अंग्रेजी

## त्रिभाषा कोश : जिल्द - 3

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग)
भारत सरकार

त्रिभाषा कोशमाला-8

# हिंदी - मराठी - अंग्रेज़ी

## त्रिभाषा कोश

(जिल्द 3)

# Hindi - Marathi - English

## Trilingual Dictionary

(Volume 3)

(व-ह)

सत्यमेव जयते

**केंद्रीय हिंदी निदेशालय**
माध्यमिक शिक्षा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(भारत सरकार)

**Central Hindi Directorate**
Department of Secondary Education
and Higher Education
Ministry of Human Resource
Development (Government of India)

पी.ई.डी. 655 (त्रिभाषी)

1000—1988 (उपभंडारी)

© केंद्रीय हिंदी निदेशालय

प्रथम संस्करण : 1989

द्वितीय संस्करण : 1998

मूल्य - 364 रुपये

प्रकाशक :— केंद्रीय हिंदी निदेशालय,
माध्यमिक शिक्षा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
पश्चिमी खंड-7,
रामकृष्णापुरम,
नई दिल्ली-110 066

प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, कोयंबतूर द्वारा मुद्रित
2000

# संक्षेप सूची

| | |
|---|---|
| व्या. को. | व्याकरणिक कोटि |
| पुं. | पुंलिंग |
| स्त्री. | स्त्रीलिंग |
| सर्व. | सर्वनाम |
| वि. | विशेषण |
| क्रि.वि. | क्रियाविशेषण |
| अ.क्रि. | अकर्मक क्रिया |
| स.क्रि. | सकर्मक क्रिया |
| अव्य. | अव्यय |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वंचक** | वि. | छल-कपट से दूसरों को ठगने वाला, धोखेबाज । | वंचक, कपटी, दगाबाज | fraudulent, deceitful. |
| | पुं. | ठग । | | cheat. |
| **वंचकता** | स्त्री. | वंचक होने की अवस्था या भाव, वंचक का कृत्य, धोखा, ठगी । | फसवेगिरी, कपटीपणा, दगाबाजी | fraud, deceit, swindling. |
| **वंचन** | पुं. | धूर्तता, ठगी, ठगने या धोखा देने की क्रिया । | फसवेगिरी, कपट | fraud, deception, the act of deceiving, cheating, defrauding. |
| **वंचना** | स्त्री. | छलपूर्वक किसी को ठगने या धोखा देने की क्रिया या भाव, धोखेबाजी, ठगी । | फसवेगिरी, दगाबाजी | act of cheating, deceiving, defrauding, fraud, deception. |
| **वंचित** | वि. | 1. जो वांछित पदार्थ न प्राप्त कर सका हो अथवा प्राप्त करने से रोका गया हो; | वंचित, आंचवलेला, पारखा झालेला; | deprived of; |
| | | 2. अलग या दूर किया हुआ, रहित; | रहित; | separated, without; |
| | | 3. धोखे में आया हुआ, ठगा हुआ । | फसलेला, फसविला गेलेला | deceived, cheated, defrauded. |
| **वंटन** | पुं. | 1. कोई चीज कुछ व्यक्तियों आदि में बांटने की क्रिया, वितरण; | वाटण्याची-वाटून देण्याची क्रिया; | distribution; |
| | | 2. किसी चीज के अनेक हिस्से करने की क्रिया, विभाजन । | विभागणी | partition, division. |
| **वंदन** | पुं. | 1. आदर और नम्रतापूर्वक की जानेवाली वंदना या स्तुति; | वंदन, आदरसत्कार करण्याची क्रिया, स्तुती; | reverence, worship, praise; |
| | | 2. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन । | अभिवंदन, प्रणाम, नमस्कार | salutation. |
| **वंदनमाल (वंदन-मालिका)** | स्त्री. | दे. 'वंदनवार' । | तोरण | see 'वंदनवार' |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वंदनवारं** | स्त्री. | दे. **'बंदनवार'** । | 'बंदनवार' पाहा | see **'बंदनवार'**. |
| **वंदना** | स्त्री. | **1. आदर और नम्रतापूर्वक की जानेवाली स्तुति, वंदन, पूजा;** | आदरसत्कार, स्तुती; | worship, prayer, reverence, praise, adoration; |
| | | **2. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन ।** | अभिवंदन, प्रणाम | salutation. |
| **वंदनीय** | वि. | **1. जिसकी वंदना की जानी चाहिए अथवा की जानी हो, स्तुति के योग्य, स्तुत्य, पूज्य, पूजनीय;** | आदरणीय, पूजनीय, स्तुतियोग्य; | worthy of reverence, worship or praise; |
| | | **2. नमस्कार के योग्य, प्रणम्य, अभिवादन के योग्य ।** | नमस्काराई, प्रणाम करण्यास पात्र | to be saluted or respectfully greeted. |
| **वंदित** | वि. | **1. जिसकी वंदना हुई हो या की गई हो, जिसकी स्तुति की गई हो, पूजित;** | वंदिलेला, पूजलेला, स्तुती केलेला; | adored, worshipped, praised; |
| | | **2. जिसे नमस्कार या प्रणाम किया गया हो ।** | प्रणाम केला गेलेला | saluted. |
| **वंद्य** | वि. | दे. **'वंदनीय'** । | 'वंदनीय' पाहा | see **'वंदनीय'** |
| **वंध्या** | स्त्री. | **वह स्त्री या मादा पशु जो गर्भ धारण करने में और फलत: प्रसव करने में असमर्थ हो, बांझ ।** | वंध्या, वांझनारी, -मादी | barren (woman or female animal). |
| **वंश** | पुं. | **1. जीव या प्राणी की संतान परंपरा, कुल, खानदान;** | वंश, कुल, कुलपरंपरा, घराणे; | animal species or lineage, dynasty, family; |
| | | **2. संतान;** | संतान, लेकरू; | offspring, child; |
| | | **3. बाँस ।** | कळक, बांबू | bamboo. |
| **वंशक्रम** | पुं. | **वंशतालिका, वंशावली ।** | वंशावळ | family succession. |
| **वंशक्रमागत** | वि. | **1. वंश-परंपरा से प्राप्त, वंशानुगत, आनुवंशिक;** | वंशपरंपरागत, आनुवंशिक; | lineally acquired, obtained by family; |
| | | **2. उत्तराधिकार में प्राप्त ।** | वारसाने प्राप्त | hereditary. |
| **वंशज** | पुं. | **वह जो किसी वंश में उत्पन्न हुआ हो, संतान ।** | वंशज, संतान | born in the family of, progeny. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वंशलोचन** | पुं. | बांस में से निकलने वाला दूध की तरह का सफेद जमा हुआ ठोस पदार्थ जो ओषधि के रूप में प्रयुक्त होता है । | वंशलोचन नांवाची एक वनस्पती औषधी (जी बांबूच्या चिकातून बनवितात) | an earthy concretion of a milk-white colour found in the hollow of the bamboo and known by the name of bamboo-manna. |
| **वंशवृक्ष** | पुं. | वृक्ष की आकृति का वह रेखाचित्र जिसमें किसी वंश के मूल पुरुष से लेकर उसके परवर्ती वंशजों का क्रमशः नामोल्लेख होता है । | वंशवृक्ष | family tree, genealogical tree. |
| **वंशहीन** | वि. | जिसके वंश में कोई न हो, निर्वंश, पुत्ररहित, निःसंतान । | निर्वंश, निःसंतान | destitute of descendant, having no son or child. |
| **वंशागत** | वि. | 1. वंश-परंपरा से प्राप्त, वंशानुगत, वंशक्रमागत; 2. उत्तराधिकार में प्राप्त । | वारसाप्राप्त; वंशपरंपरागत | inherited, obtained by inheritance; coming from one's family. |
| **वंशानुक्रम** | पुं. | 1. वंश-परंपरा; 2. दे. 'वंशक्रम' । | वंश परंपरा, वंशावळ; "वंशक्रम" पाहा | genealogy; see 'वंशक्रम'. |
| **वंशानुक्रमिक** | वि. | वंश में परंपरा के रूप में चलनेवाला, आनुवंशिक । | वंशपरंपरेने चालणारा | genealogical. |
| **वंशावली** | स्त्री. | किसी वंश में उत्पन्न पुरुषों की पूर्वोत्तर क्रमसूची । | वंशावळ | line of a family, genealogical tree. |
| **वंशी** | स्त्री. | मुंह से फूंककर बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा जो बांस से सुर निकालने के लिए छेद करके बनाया जाता है, बांसुरी, मुरली । | बांसरी | flute, pipe. |
| **वकत** | स्त्री. | 1. महत्व, मूल्य; 2. मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा । | महत्व, मूल्य; पत, प्रतिष्ठा | importance, value; respect, regard. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वकालत** | स्त्री. | 1. वकील का काम या पेशा; | वकीली; | practice at the bar, legal practice, pleadership; |
| | | 2. अन्य व्यक्ति द्वारा किसी के पक्ष का किया जानेवाला मंडन, पक्षसमर्थन । | समर्थन, मंडन | advocacy. |
| **वकालतनामा** | पुं. | किसी मुकदमे में वकील होने का प्रमाणपत्र, वह लेख जिसके जरिए किसी वकील को किसी मुकदमे की पैरवी का अधिकार दिया जाए । | वकीलपत्र | power of attorney. |
| **वकील** | पुं. | विधि के क्षेत्र में, एक विशिष्ट परीक्षा में उत्तीर्ण और विधि की दृष्टि से अधिकार प्राप्त, वह व्यक्ति जो न्यायालय में किसी पक्ष की ओर से खंडन, मंडन आदि का काम करने के लिए नियुक्त होता है । | वकील | attorney, pleader, lawyer, counsellor (at Law). |
| **वक्त** | पुं. | 1. समय, काल; | वेळ, काळ; | time; |
| | | 2. उपयुक्त समय, अवसर, मौका; | संधी, अवसर, मौका; | opportunity; |
| | | 3. नियत समय; | निश्चित, ठराविक-वेळ; | fixed time (for); |
| | | 4. अवकाश, फुरसत । | फुरसत, सवड | leisure. |
| **वक्तव्य** | पुं. | वह कथित या प्रकाशित विवरण जिसमें किसी ने लोगों की जानकारी के लिए वस्तु-स्थिति स्पष्ट की हो अथवा अपना विचार प्रकट किया हो, वक्ता का कथन । | भाषण, कथन | speech, statement. |
| | वि | जो कहे जाने के योग्य हो । | जे सांगायचे ते, सांगण्याजोगे | worth stating. |
| **वक्ता** | पुं. | 1. कहने या बोलनेवाला; | बोलणारा, भाषण करणारा; | one who speaks or talks; |
| | | 2. दूसरों को किसी पक्ष, संस्था आदि की नीति, सूचना, आदेश आदि की | सांगणारा मनुष्य; | spokesman; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | जानकारी देनेवाला अधिकृत व्यक्ति प्रवक्ता; | | |
| | | 3. वह जो जनसाधारण के सामने कोई बात अच्छी तरह और समझाकर कहता हो । | प्रवक्ता | speaker, lecturer, etc. (at meetings etc.). |
| **वक्तृता** | स्त्री. | भाषण व्याख्यान । | भाषण, व्याख्याता, व्याख्यान | speech. |
| **वक्तृत्व** | पुं. | अच्छे वक्ता होने की अवस्था गुण या भाव, वाग्मिता । | वक्तृत्व, उत्तमरीतीने बोलतायेणे | ability to speak well, eloquence. |
| **वक्तृत्व-कला** | स्त्री. | वक्तृता अर्थात् प्रभावशाली ढंग से भाषण देने की कला या विद्या । | वक्तृत्वकला, व्याख्यानाची कला | art of eloquency. |
| **वक्र** | वि. | 1. टेढ़ा, तिरछा, 'ऋजु' का विपर्याय; | वक्र, वाकडा, वेडावाकडा; | curved, curled; |
| | | 2. झुका हुआ, नत; | वाकलेला; | bent; |
| | | 3. कुटिल, धूर्त (ला.) । | कुटिल, वक्रबुद्धीचा | crooked (fig.), cunning. |
| **वक्रता** | स्त्री. | 1. वक्र होने की अवस्था, गुण या भाव, टेढ़ापन, तिरछापन; | वाकडेपणा, कुटिलता; | curvature, curliness, crookedness; |
| | | 2. साहित्य में किसी रचना, वस्तु या विषय के निर्वचन और उसकी वर्णनशैली में रहनेवाला वह अनोखा बांकपन या उच्चकोटि का सौंदर्य जो परम उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचायक होता है । | काव्यरचनेतील वक्रोक्ती अलंकार | oblique style in poetry. |
| **वक्र-दृष्टि** | स्त्री. | 1. टेढ़ी या तिरछी दृष्टि; | तिरकी नजर, वाकडीनजर; | oblique vision or look; |
| | | 2. क्रोध आदि से युक्त दृष्टि, कुटिल दृष्टि । | दुष्टपणाची/कुटिल/दृष्टी | malignant or angry look, evil look. |
| **वक्रोक्ति** | स्त्री. | किसी प्रकार की वक्रता से | वक्रोक्ती-अलंकार | oblique utterance, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | युक्त कोई चमत्कार उक्ति, साहित्य में एक प्रकार का अलंकार जिसमें एक अभिप्राय से कही हुई बात का काकु या श्लेष के आधार पर कुछ और ही अभिप्राय निकलता या निकाला जाता है । | | a figure of speech consisting of the use of evasive speech or reply, either by means of a pun, or by an affected change of tone, equivocation, insinuation. |
| वक्ष | पुं. | पेट और गले के बीच में पड़नेवाला वह भाग जिसमें स्त्रियों के स्तन और पुरुषों के स्तन के से चिह्न होते हैं, उरस्थल, छाती । | वक्षस्थल, छाती, ऊर | breast, bosom, chest. |
| वक्षस्थल | पुं. | दे. 'वक्ष' । | 'वक्ष' पाहा | see 'वक्ष'. |
| वगैरह | अव्य. | और इसी प्रकार शेष या संबंधित भी, आदि, इत्यादि । | वगैरे, इत्यादी | etcetera. |
| वचन | पुं. | 1. मनुष्य के मुंह से निकला हुआ सार्थक शब्द, वाणी;<br>2. उक्ति, कथन;<br>3. प्रतिज्ञा के रूप में या दृढ़तापूर्वक कही हुई बात;<br>4. व्याकरण में वह तत्व जिसके द्वारा संज्ञा की संख्या का बोध होता है । | वचन, वाचा, वाणी;<br>उक्ती, कथन;<br>बोल, प्रतीज्ञा पूर्ण उच्चारण;<br>नामाच्या संख्येचा बोध करणारे तत्व (व्याक.) | speech;<br>utterance, saying;<br>promise;<br>(gram.) number. |
| वचनबद्ध | वि. | जिसने किसी को कोई काम करने या न करने का वचन दिया हो । | वचनबद्ध, वचनात बांधलेला | committed or forbidden by promise. |
| वजन | पुं. | 1. भार; बोझ;<br>2. भार का परिमाण, तौल;<br>3. भारीपन, गुरुत्व;<br>4. महत्व, मूल्य । | भार;<br>भाराचे परिणाम, तोल;<br>भारीपणा, जडपणा;<br>महत्व, वजनदारपणा, मूल्य | load;<br>a measure of weight, weight;<br>weightiness;<br>importance, value |
| वजनदार | वि. | 1. (पदार्थ) जिसमें वजन हो, गुरु, भारी; | वजनदार, जड; | having weight, heavy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. (कथन या बात) जिसमें विशेष तथ्य, प्रभाव, बल या महत्व हो । | महत्वपूर्ण, प्रभावकारी | weighty, important (as a saying etc.). |
| वजनी | वि. | 1. अधिक वजन या बोझवाला, भारी; | भारी, वजनदार; | weighty, heavy; |
| | | 2. जिसका विशेष प्रभाव या महत्व हो, महत्वयुक्त । | प्रभावशाली, वजनदार | having influence, important. |
| वजह | स्त्री. | कारण, हेतु । | कारण | reason, cause. |
| वज्र | वि. | 1. बहुत अधिक कठोर, बहुत कड़ा या सख्त; | अत्यंत कठिण; | very hard; |
| | | 2. बहुत अधिक उग्र या तीव्र; | अत्यंत कठोर; | very harsh; |
| | | 3. जिस पर सहसा और किसी प्रकार का प्रभाव न पड़ सकता हो, बहुत बढ़ा-चढ़ा । | फारसा कशाचाही परिणाम न होण्याजोगा | which cannot be affected easily. |
| | पुं. | 1. इंद्र का प्रधान घातक शस्त्र जो दधीचि ऋषि की हड्डियों से बनाया गया था, कुलिश; | इंद्रदेवतेचे शस्त्र; | Lord Indra's weapon made of sage Dadhichi's bones; |
| | | 2. आकाश से गिरनेवाली बिजली । | वीज (आकाशात कडकडकरणारी) | lightning, thunder–bolt. |
| वज्रपात | पुं. | आकाश से बिजली का गिरना । | वज्रपात, वज्रघात, विजेचा आघात | the fall of a thunder–bolt, a stroke of lightning. |
| वज्रहृदय | वि. | कठोर रुखवाला, निष्ठुर, बेरहम । | कठोर हृदय, अत्यंत निष्ठुर, दयाहीन | having an adamantine heart. |
| वज्राघात | पुं. | 1. बहुत ही कठोर और बड़ा आघात; | वज्राघात, मोठी आपत्ती; | calamity; |
| | | 2. आकाश से गिरनेवाली बिजली का आघात । | विजेचे खाली पडणे | stroke of lightning or thunder–bolt. |
| वट | पुं. | बरगद का पेड़ । | वटवृक्ष, वडाचे झाड | the banyan or Indian fig–tree, ficus indica. |
| वणिक | पुं. | 1. वाणिज्य या व्यवसाय से | वाणी, व्यापारी; | merchant, trader; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | जीविका उपार्जित करनेवाला, व्यापारी; 2. वैश्य जाति का व्यक्ति । | वैश्य जातीचा मनुष्य | member of the Vaishya caste of the Hindus. |
| वतन | पुं. | जन्मभूमि, मूल वासस्थान, स्वदेश । | स्वदेश, जन्मभूमि, वतनवाडी | native country, country. |
| वत्स | पुं. | 1. गाय का बच्चा, बछड़ा; 2. छोटा बच्चा, शिशु । | वासरु; बाळ | a calf; child. |
| वत्सल | वि. | बच्चों, विशेषतः अपने बच्चों से अनुराग रखनेवाला, बच्चों से स्नेह रखनेवाला । | वत्सल, मुलावर प्रेम करणारा | child–loving, affectionate. |
| वदन | पुं. | मुंह, मुख । | वदन, मुख, तोंड | the mouth, face, countenance. |
| वध | पुं. | मार डालने या हत्या करने की क्रिया । | वध, ठार मारणे, हत्या | killing, murder, slaughter. |
| वधू | स्त्री. | 1. ऐसी कन्या जिसका विवाह हो रहा हो अथवा हाल ही में हुआ हो; 2. पत्नी । | वधू, लग्नाला उभी राहिलेली मुलगी; पत्नी | newly married woman, bride; wife. |
| वधूपक्ष | पुं. | विवाह में वधू या कन्या की तरफ के लोग, कन्यापक्ष । | वधूकडील वऱ्हाडी | the party of the bride (at a wedding). |
| वध्य | वि. | जिसका वध किया जाना उचित या शास्त्रसंगत हो । | वध्य, मारण्याला लायक | requiring to be killed, fit to be slaughtered. |
| वन | पुं. | 1. जंगल; 2. बगीचा, वाटिका । | वन, अरण्य, जंगल; उपवन | a forest, wood, garden. |
| वनमहोत्सव | पुं. | स्वतंत्र भारत में वर्षा ऋतु में वनों का विस्तार करने के उद्देश्य से होनेवाला कार्यक्रम जिसमें वृक्ष लगाए जाते हैं । | झाडे लावण्याचा नव भारतातील एक राष्ट्रीय कार्यक्रम | India's national programme of planting trees during the rainy season. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वनमानुष** | पुं. | **बिना पूंछ का बंदर जिसकी शक्ल आदमी से बहुत कुछ मिलती है ।** | मनुष्य व वानरयांच्या मधील दुवा गोरीला, माणसासारखा वानर | wild man, guerilla. |
| **वनवास** | पुं. | **वन का निवास, जंगल में रहना ।** | वनवास, अरण्यवास, जंगलातील वास | dwelling in the forest, the state of one who dwells in forest. |
| **वनवासी** | वि. | **वन में रहनेवाला ।** | वनात राहणारा | one who lives in a forest. |
| **वनस्थली** | स्त्री. | **वनों से घिरा हुआ प्रदेश ।** | जंगलांनी वेढलेला प्रदेश | region or place surrounded by woods or forests. |
| **वनस्पति** | स्त्री. | **जमीन से उगनेवाले पेड़, पौधे, लताएं आदि ।** | वनस्पती | vegetation. |
| **वनस्पति-विज्ञान (वनस्पति-शास्त्र)** | पुं. | **आधुनिक विज्ञान की वह शाखा जिसमें वनस्पतियों के उद्‌भव, रचना, आकार-प्रकार, विकार आदि का विवेचन होता है ।** | वनस्पतिशास्त्र | Botany. |
| **वनिता** | स्त्री. | **औरत, स्त्री ।** | स्त्री | a woman (in general). |
| **वन्य** | वि. | **1. वन में उत्पन्न होनेवाला, वनोद्‌भव;** | वनात उद्‌भवलेला; | growing or produced in woods; |
| | | **2. जंगल में रहनेवाला, जंगली;** | वनात राहणारा, जंगलनिवासी; | living in or belonging to forest, wild; |
| | | **3. असभ्य; बर्बर ।** | रानटी, जंगली | uncultured, savage. |
| **वपन** | पुं. | **बीज बोना ।** | बी पेरणे, पेरणी | the act of sowing seed. |
| **वपु** | पुं. | **1. शरीर, देह;** | वपू, शरीर; | body, person; |
| | | **2. रूप ।** | रूप, आकार | form, figure, shape. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वफा | स्त्री. | 1. कही हुई बात या दिए हुए वचन का पालन या निर्वाह करना, कर्तव्यपरायणता; | वचन पालन, कर्तव्य पालन; | performing (or performance of) a promise, dutifulness; |
| | | 2. निष्ठा, ईमानदारी, भक्ति । | इमान, इमानदारी, निष्ठा | faith, faithfulness, loyalty, fidelity. |
| वफादार | वि. | कर्तव्य, वचन, संबंध आदि का सज्जनता और सत्यतापूर्वक पालन करनेवाला, निष्ठ, निष्ठावान्, ईमानदार, सच्चा । | इमानदार, सच्चा, निष्ठावान् | faithful, honest, true, loyal. |
| वफादारी | स्त्री. | 1. निष्ठा, ईमानदारी, भक्ति; | इमानदारी, एकनिष्ठपणा; | faithfulness, fidelity, loyalty, sincerity; |
| | | 2. कर्तव्यपरायणता । | कर्तव्यपरायणता | dutifulness. |
| वमन | पुं. | कै किया हुआ पदार्थ, कै । | ओकारी होण्याची क्रिया, ओकारी | the act of vomitting, vomit. |
| वय:संधि | स्त्री. | बाल्यावस्था और यौवनावस्था के बीच की स्थिति, लड़कपन और जवानी के बीच का समय । | बाल्य आणि यौवन या दोहोमधील वयाची अवस्था | age of puberty. |
| वय | स्त्री. | बीता हुआ जीवन काल, उम्र, आयु, अवस्था । | वय | any time or period of life, age. |
| वयस्क | वि. | 1. शारीरिक दृष्टि से जिसका विकास पूर्णता पर पहुंच चुका हो या यथेष्ट हो चुका हो, प्रौढ़ ; | प्रौढ़, वयस्कर; | of or relating to age, mature; |
| | | 2. विधिक दृष्टि से विशिष्ट उम्र का वह व्यक्ति जिसे निर्वाचन में मत देने, अपनी संपत्ति की व्यवस्था करने, कानूनी विवाह करने आदि का अधिकार प्राप्त होता है, बालिग । | (कायदा) प्रौढ़, वयात आलेला | major, adult (in Law). |
| वयोवृद्ध | वि. | वह जो वय या उम्र की दृष्टि से बहुत बड़ा हो, अधिक आयुवाला, वृद्ध । | वयोवृद्ध, वयाने बराच मोठा झालेला, उतार वयाचा | advanced in years, old. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वर** | पुं. | **1. वह जो किसी कन्या के विवाह के लिए उपयुक्त पात्र माना या समझा गया हो ;** | वर, लग्नाकरिता ठरविलेला पुरुष; | one who is selected as a match for marriageable girl; |
| | | **2. नवविवाहिता स्त्री का पति, दूल्हा;** | नवरा, पती; | bridegroom, husband; |
| | | **3. कोई अच्छी चीज या बात जो देवता से प्रसाद के रूप में मांगी जाए, वरदान ।** | इच्छापूर्तीचा आशीर्वाद —वरदान | boon, blessing. |
| | वि. | **(समस्त पदों में) सबसे बढ़कर उत्तम, श्रेष्ठ ।** | श्रेष्ठ, अधिक चांगला | the choicest, the best. |
| **वरक** | पुं. | **1. पन्ना, कटा हुआ कागज;** | कागदाचा तुकडा, कागदाचे पान; | a leaf (of paper); |
| | | **2. धातु विशेषत: सोने या चांदी का पतला पत्तर जो मिठाइयों आदि पर लगाकर खाया जाता है ।** | वर्ख | foil of gold or silver. |
| **वरजिश** | स्त्री. | **1. कसरत, व्यायाम;** | कसरत, व्यायाम; | exercise; |
| | | **2. ऐसा काम जिसमें शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ता हो ।** | शारीरिक मेहनत | physical labour. |
| **वरण** | पुं. | **1. अपनी इच्छा या रुचि से किया जाने वाला चुनाव, चयन;** | वरण, निवड, पसंती; | choice, selection; |
| | | **2. चुनाव करके विवाह संबंध निश्चित करने की क्रिया या कृत्य, किसी का चुनाव करके उससे विवाह करना ।** | लग्नाच्या जोडीदाराची निवड | choice of a partner for marriage. |
| **वरदान** | पुं. | **1. देवता, महापुरुष आदि के द्वारा दिया हुआ वर जिससे अनेक प्रकार के सुख-सुभीते प्राप्त होते हैं और कष्टों आदि का निवारण होता है;** | वरदान, ईश्वरी प्रसाद; | godly benefaction, bestowal, boon; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी की कृपा या प्रसन्नता से होनेवाली फलसिद्धि; | कृपेमुळे होणारी फलसिद्धी; | favour or fulfil-ment of desire, blessing; |
| | | 3. वह वस्तु जो शुभ फलदायिनी हो । | वर | boon, which is of good omen or auspicious thing. |
| वरन् | अव्य. | बल्कि, अपितु, इसके विपरीत । | उलट, परंतु | but, on the other hand. |
| वरना | अव्य. | यदि ऐसा न हुआ तो, नहीं तो, अन्यथा । | नाहीतर | and if not, other-wise or else. |
| वरपक्ष | पुं. | विवाह में वर या दूल्हे की तरफ के लोग, बराती । | वराकडील लोक, वऱ्हाडी | the party of the bridegroom. (at a wedding). |
| वरमाला | स्त्री. | वधू द्वारा वर अर्थात् दूल्हे के गले में पहनाई जानेवाली माला । | वरमाला | garland which is put around the neck of the bride-groom by the bride. |
| वराह | पुं. | 1. शूकर, सुअर; 2. विष्णु के दस अवतारों में से एक जो शूकर के रूप में हुआ था । | डुक्कर; विष्णूच्या अनेक अवतारांपैकी एक | a boar, hog, pig; name of one of the ten incarnations of Lord Vishnu. |
| वरिष्ठ | वि. | 1. श्रेष्ठ तथा पूज्य; | श्रेष्ठ व पूज्य; | great and respectable; |
| | | 2. औरों से बड़ा तथा बढ़कर, प्रवर, उच्च, ज्येष्ठ, वरीय । | सर्वाहून मोठा, वडील, ज्येष्ठ | greatest, senior, high,etc. |
| वरीय | वि. | 1. औरों से बड़ा तथा बढ़कर, प्रवर, उच्च, ज्येष्ठ, वरिष्ठ; | वरिष्ठ; | greater than others, senior; |
| | | 2. बहुतों में अच्छा होने के कारण चुने या ग्रहण किए जाने के योग्य, अभिमान्य । | निवड होण्यास योग्य | preferable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वरीयता | स्त्री. | 1. औरों से बड़ा तथा बढ़कर होने का गुण, भाव या स्थिति, प्रवरता, ज्येष्ठता; | श्रेष्ठपणा, उत्तमपणा; | greatness, excellence; |
| | | 2. चयन, चुनाव आदि के समय किसी को औरों की अपेक्षा दिया जानेवाला महत्व तरजीह, अधिमान । | ज्येष्ठता | seniority. |
| वरुण | पुं. | 1. एक वैदिक देवता जो जल का अधिपति है; | वरुण एक वेदांतर्गत देवता; | Vedic god of water; |
| | | 2. सौर जगत् का सबसे दूरस्थ ग्रह । | सूर्यमालेतील सर्वात दूरचा ग्रह | Neptune planet. |
| वरेण्य | वि. | 1. जो वरण या चयन किए जाने के योग्य हो; | निवड होण्यास योग्य; | eligible for choice or selection; |
| | | 2. चाहा हुआ, इच्छित; | इष्ट; | desirable, wished for; |
| | | 3. उत्तम, श्रेष्ठ । | उत्कृष्ट, उत्तम | best, excellent. |
| वर्ग | पुं. | 1. स्वजातीय या समान-धर्मियों का समूह, श्रेणी; | वर्ग, समूह, एका जाति-गुण, वर्णादींचा गट; | class, community, species; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए बना हुआ कुछ लोगों का समूह, दल; | दल, पक्ष; | party, faction, group; |
| | | 3. देवनागरी में एक स्थान से उच्चरित होनेवाले स्पर्श व्यंजन वर्णों का समूह; | नागरी लिपीतील 'क' वर्ग ते 'प' वर्ग अखेरच्या वर्णांचा गट; | class of five alphabets in Nagari script; |
| | | 4. (ज्यामिति) वह समकोण चतुर्भुज जिसकी लम्बाई और चौड़ाई बराबर हो; | चौरस कोण, चौकोन; | (Geom.) square; |
| | | 5. समान अंकों का घात (गणित) । | वर्ग (गणित), एका संख्येचा त्याच संख्येशी गुणाकार | self-multiplication of digit (arith.). |
| वर्ग पहेली | स्त्री. | पहेलियां बुझाने के लिए ऐसी वर्गाकार रेखाकृति जिसमें छोटे-छोटे घर बने होते हैं तथा जिनमें कुछ संकेतों के आधार पर वर्ण भरे जाते हैं । | शब्द कोडे | crossword, puzzle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वर्गफल | पुं. | गणित में दो समान राशियो के घात से प्राप्त होनेवाला गुणनफल । | दोन समान राशींचा गुणाकार | square. |
| वर्गमूल | पुं. | वर्गांक की राशि । | दोन समान राशींच्या गुणाकाराची मूळ राशी | square root. |
| वर्गीकरण | पुं. | गुणधर्म, रंगरूप, आकार-प्रकार आदि के आधार पर वस्तुओं आदि के भिन्न-भिन्न वर्ग बनाना । | वर्गीकरण | classification. |
| वर्गीकृत | वि. | अनेक या विभिन्न वर्गों में बंटा या बांटा हुआ । | वर्गीकरण केलेला | classified. |
| वर्गीय | वि. | किसी विशिष्ट वर्ग से संबंध रखनेवाला या उसमें होनेवाला, वर्ग का । | विशिष्ट वर्गाचा | belonging to a class or category. |
| वर्चस्व | पुं. | 1. तेज, प्रताप; | वर्चस्व, दबदबा, प्रतिष्ठा; | glory, dignity; |
| | | 2. प्राबल्य, प्राधान्य, श्रेष्ठता; | प्राबल्य, प्राधान्य; | prominence, greatness; |
| | | 3. कांति, दीप्ति । | कांती, तेज | splendour, lustre. |
| वर्चस्वी | वि. | 1. तेजस्वी, प्रतापी; | तेजस्वी, प्रतापी; | full of glory, dignified; |
| | | 2. कांतिमान्, दीप्तियुक्त । | कांतीमान | bright, lustrous, radiant. |
| वर्जन | पुं. | 1. निषेध, मनाही; | वर्जन, निर्बंध, मनाई; | prohibition, restriction; |
| | | 2. त्याग, छोड़ना । | त्याग | avoidance, desertion, giving up. |
| वर्जित | वि. | 1. निषिद्ध, मना किया हुआ; | वर्जित, मना केलेला, निषिद्ध; | forbidden; |
| | | 2. त्यक्त, छोड़ा हुआ; | टाकलेला; | left, remaining; |
| | | 3. रहित; | रहित; | devoid of, without; |
| | | 4. अग्राहय; | अग्राहय, अस्वीकृत; | excluded, inacceptable; |
| | | 5. (पदार्थ) जिसका आयात-निर्यात या व्यापार राज्य के द्वारा विधिक रूप से निषिद्ध किया या रोका गया हो । | प्रतिबंध लावलेला | prohibited (item of export, etc.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वर्ण | पुं. | 1. रंग; | वर्ण, रंग; | colour; |
| | | 2. रंगने या लिखने के काम आनेवाला रंग; | चित्र काढणे, रंगविणे इ. च्या कामी येणारा रंग; | dye; |
| | | 3. भारतीय हिन्दुओं की वह सामाजिक व्यवस्था जिसके अनुसार गुण, कर्म और स्वभाव के विचार से सारा समाज ब्राहमण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र नामक चार वर्णों में विभक्त है, जाति; | हिंदूच्या समाजव्यवस्थेचे वैशिष्ठ्य म्हणूनबनविलेल्या चार वर्गापैकी प्रत्येक; | caste system of Hindus; |
| | | 4. अक्षर । | अक्षर | letter. |
| वर्णक्रम | पुं. | 1. वर्णमाला के अक्षरों का क्रम; | वर्णानुक्रम; | alphabetical arrangement; |
| | | 2. प्रकाश के वे रंग जो विशिष्ट प्रक्रिया से विश्लेषित किए जाते हैं । | ज्या विशिष्ट प्रक्रियेने प्रकाशरंग अलग अलग केले जातात ती प्रक्रिया | spectrum. |
| वर्णन | पुं. | किसी विशिष्ट अनुभूति, घटना, दृश्य, वस्तु, व्यक्ति आदि के संबंध में होनेवाला विस्तारपूर्ण कथन जो उसका ठीक-ठीक बोध कराने के लिए किया जाता है । | वर्णन, सविस्तर घटना वा दृश्य कथन | description, account. |
| वर्णनात्मक | वि. | (कथन) लेख आदि, जिसमें किसी अनुभव, अनुभूति, दृश्य आदि का वर्णन हो या किया जाए । | वर्णनात्मक, वर्णनस्वरूपाचा | descriptive. |
| वर्णनीय | वि. | जो वर्णन किए जाने के योग्य हो । | वर्णन करण्याजोगा | fit to be described. |
| वर्णभेद | पुं. | 1. ब्राहमण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र – इन चार प्रकार के वर्णों या जातियों के लोगों में माना जानेवाला भेद, जाति भेद; | वर्णभेद, चार वर्णामधील भेद; | caste discrimination among four castes of Hindus; |
| | | 2. काले, गोरे, पीले आदि रंगों के आधार पर विभिन्न | विविधरंगी मानवसमाजा मधील भेद | racialism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | जातियों में किया जानेवाला पक्षपातमूलक भेद । | | |
| वर्णमाला | स्त्री. | किसी लिपि के वर्णों या अक्षरों की यथाक्रम सूची । | वर्णमाला, अक्षरांची सूची | alphabets. |
| वर्णव्यवस्था | स्त्री. | हिन्दू समाज का ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र – इन चार जातियों में धर्म-शास्त्रानुसार विभाजन, वर्ण विभाग । | वर्णव्यवस्था, ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र अशी हिंदू समाज व्यवस्था | caste system, institution of caste. |
| वर्णसंकर | पुं. | दो भिन्न वर्णों या जातियों के स्त्री-पुरुष के सहवास से उत्पन्न व्यक्ति, दोगला । | दोन भिन्न वर्णाच्या स्त्री-पुरुषांच्या संयोगापासून जन्मलेली व्यक्ती | person of mixed origin, from parents of different castes. |
| वर्णाश्रम | पुं. | वर्ण और आश्रम, हिन्दू समाज के (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) चारों वर्ण और (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास) चारों आश्रम । | वर्णाश्रम, चारवर्ण व चार आश्रम | four Hindu castes (viz. Brahman, Kshatriya, Vaisya and Sudra) and the four stages of Hindu society (viz. student, house-holder, mendicant and anchoret.). |
| वर्णिक | वि. | 1. वर्ण संबंधी; | वर्णासंबंधीचा, अक्षरासंबंधीचा; | concerning a letter of the alphabet; |
| | | 2. (छंद) जिसमें वर्णों की गणना या विचार मुख्य हो । | हिंदी व संस्कृत मधील वर्णाचा विचार प्रमुख असणारा | kind of metre in Hindi and Sanskrit. |
| वर्णित | वि. | जिसका वर्णन हो चुका हो, वर्णन के रूप में आया या लाया हुआ । | वर्णित, वर्णिलेला, कथन केलेला | described, related. |
| वर्तनी | स्त्री. | किसी शब्द के वर्ण तथा उनका क्रम, अक्षर-विन्यास, हिज्जे । | शब्दाचीजोडणी, "स्पेलिंग", शुद्धलेखन | spelling (of a word). |
| वर्तमान | वि. | 1. (जीवन या प्राणी) जो इस | वर्तमान, जिवंत, अस्तित्वात | living, being alive; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | समय आस्तित्व या सत्ता में हो; | असणारा; | |
| | | 2. (नियम या विधान) जो लागू हो या चल रहा हो; | चालू, प्रचलित; | current, in force (as a rule or law); |
| | | 3. उपस्थित, प्रस्तुत, विद्यमान । | विद्यमान, हजर | present. |
| | पुं. | व्याकरण में क्रिया के तीन कालों में से एक जिससे यह सूचित होता है कि क्रिया अभी चली है, वर्तमान काल । | वर्तमानकाळ | present tense. |
| वर्तिका | स्त्री. | 1. बत्ती;<br>2. सलाई;<br>3. पेंसिल की तरह का एक उपकरण जो रेखाचित्र बनाने के काम आता है. तथा जिसके एक सिरे पर बाल लगे होते हैं, ब्रुश । | वात;<br>मळी;<br>टोकदार कुंचला | wick (of a lamp):<br>stick;<br>point brush. |
| वर्तुल | वि. | गोल, वृत्ताकार । | गोल | round, circular. |
| वर्तुलाकार | वि. | दे. 'वर्तुल' । | गोल, वर्तुळाकार | see 'वर्तुल'. |
| वर्दी | स्त्री. | किसी विशिष्ट समुदाय या कार्यकर्त्तावर्ग का पहनावा । | गणवेश | uniform or fixed dress. |
| वर्द्धक (वर्धक) | वि. | वृद्धि करनेवाला । | वाढविणारा | increasing. |
| वर्द्धन (वर्धन) | पुं. | 1. वृद्धि करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव;<br>2. वृद्धि, बढ़ती । | वर्धन, वाढविण्याची–अधिक करण्याची–क्रिया;<br>वाढ | act of increasing or growing;<br>increase, growth. |
| वर्द्धमान (वर्धमान) | वि. | 1. बढ़ता हुआ;<br>2. वर्द्धनशील । | वाढता, वरवर जाणारा;<br>अधिक होत जाणारा | growing;<br>increasing. |
| | पुं. | महावीर स्वामी, जैनियों के 24वें तीर्थंकर । | महावीर स्वामींचे नांव, जैनांचे 24 वे तीर्थंकर | Lord Mahavir, the 24th Tirthankar of the Jains. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | पुं. | 1. बारह महीने का समय, साल, संवत्सर, वर्ष; | वर्ष, बारा महिन्यांचा, साल; | year; |
| | | 2. पुराणानुसार किसी द्वीप का कोई प्रधान भाग या विभाग । | पृथ्वीचा पुराणोक्त विभाग | division of the earth or known world (according to Puranas). |
| वर्षक | वि. | 1. वर्षा करनेवाला; | वर्षाव करणारा; | who does or causes rain; |
| | | 2. ऊपर से फेंकने या गिरानेवाला । | वरून खाली एक सारखा मारा करणारा | (one) who throws something from above to below. |
| वर्षगांठ | स्त्री. | वह तिथि या दिन जो किसी के जन्म की तिथि या जन्मदिन के एक वर्ष के बाद पड़ता है, जन्मदिवस, सालगिरह । | जन्मतिथी, वाढदिवस | birth anniversary, birthday. |
| वर्षण | पुं. | 1. बरसना; | वर्षाव; | falling of rain; |
| | | 2. वर्षा । | पाऊस | rain. |
| वर्षफल | पुं. | फलित ज्योतिष में जातक के अनुसार वर्ष भर के ग्रहों के शुभाशुभ फलों का विवरण । | वर्षफल (पंचांगातील) | annual forecast. |
| वर्षा | स्त्री. | 1. आकाश के मेघों से पानी बरसना, वृष्टि; | पाऊस, वृष्टी; | rains; |
| | | 2. किसी चीज का बहुत अधिक मात्रा में ऊपर से आना या गिरना; | जोराचा वर्षाव; | shower or fall of anything in heavy quantity; |
| | | 3. वह ऋतु जिसमें प्राय: पानी बरसता रहता है, वर्षाऋतु, बरसात । | पावसाळा | monsoon. |
| वर्षाऋतु | स्त्री. | वह ऋतु जिसमें प्राय: पानी बरसता रहता है, बरसात का मौसम, बरसात, वर्षाकाल । | पावसाळा, वर्षाऋतू | season of the rains, monsoon. |
| वर्षीय | वि. | 1. वर्ष या साल से संबंध रखनेवाला, वार्षिक; | वर्षाचा, वार्षिक; | yearly, annual; |
| | | 2. गिनती के विचार से वर्षों का, कुछ निश्चित वर्षों की आयु का । | अमुक इतक्या वर्षांचा —वयाचा | so many years old. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वल्कल | पुं. | 1. पेड़ की छाल; 2. पेड़ की छाल से बना हुआ कपड़ा, वल्कल-वस्त्र । | वल्कल, विशिष्ट झाडाची साल; अशा साली पासून बनविलेला कपडा | bark of a tree; garment made of bark. |
| वल्द | पुं. | (किसी का) पुत्र, बेटा । | मुलगा, पुत्र | son (of). |
| वल्दियत | स्त्री. | पिता का नाम । | बापाचे नाव | father's name. |
| वल्लभ | वि. | अत्यन्त प्रिय, प्रियतम, प्यारा । | प्रियतम, प्यारा | beloved, dear. |
| | पुं. | 1. अत्यन्त प्रिय व्यक्ति; 2. स्त्री का पति; 3. मालिक, स्वामी । | प्रियतम व्यक्ती; पती; धनी, मालक | beloved person; husband; master. |
| वश | पुं. | 1. शक्ति, सामर्थ्य; 2. नियंत्रण, प्रभाव, काबू; 3. अधीनता । | शक्ती; नियंत्रण, प्रभाव, काबू; अधीनता | power, capacity; control, mastership; subjection. |
| | वि. | 1. अधीन, काबू में आया हुआ; 2. आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी; 3. जादू-टोने से मुग्ध किया हुआ । | आज्ञाधारक, आज्ञावश; आज्ञाधारक, आज्ञावश; जादूने भारलेला | under the control of, empowered; obedient; subdued by charms. |
| वशवर्ती | वि. | 1. जो किसी के वश में हो, अधीन; 2. आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी । | आधीन असलेला; आज्ञाधारक असलेला | being under the control of; obedient, submissive. |
| वशीकरण | पुं. | 1. जादू-टोने या मंत्र के प्रयोग द्वारा वश में करने की क्रिया, मोहित या मुग्ध करने की क्रिया, वशीभूत करने का एक तांत्रिक प्रयोग; 2. ऐसे साधन जिनसे किसी को वशीभूत किया जा सके या किया जाना हो । | मंत्राने भारून अधीन करून घेण्याची क्रिया; भारून अधीन करून घेण्याचे साधन | overcoming by charms, spell etc.; means of subjugating or fascinating. |
| वशीकृत | वि. | 1. जादू-टोने आदि द्वारा वश में लाया या किया हुआ, मुग्ध, मोहित; | भारून टाकलेला; | bewitched, enchanted; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. वश में किया हुआ, काबू में लाया हुआ । | अधीन करून घेतलेला | brought into subjection, subdued. |
| वशीभूत | वि. | 1. वश में आया या किया हुआ, अधीन; | अधीन झालेला, काबूत आलेला; | subjugated, under the control or authority of; |
| | | 2. मुग्ध, मोहित, जादू-टोने आदि द्वारा वश में लाया हुआ । | भारला गेलेला (मंत्राने इ.) | fascinated, enchanted by charms or spell. |
| वसंत | पुं. | 1. वर्ष की छह ऋतुओं में से एक ऋतु, हेमंत और ग्रीष्म के बीच की ऋतु; | वसंतऋतु; | spring season; |
| | | 2. संगीत के छह मुख्य रागों में से एक जो विशेष रूप से वसंत ऋतु में गाया जाता है । | वसंतराग | name of one of the Ragas sung during the spring season. |
| वसंत पंचमी | स्त्री. | माघ महीने की शुक्ल पंचमी तथा इस दिन मनाया जानेवाला त्यौहार या पर्व । | माघ शुद्ध पंचमी दिवशी साजरा होणारा सण | festival held on the 5th of the light half of the month Magha. |
| वसंती | वि. | 1. वसंत ऋतु संबंधी, वसंत का; | वसंता संबंधी; | of or relating to spring season; |
| | | 2. हलके पीले रंग का । | फिकट पिवळ्या रंगाचा | of yellow colour. |
| वसंतोत्सव | पुं. | 1. होली का उत्सव; | होळीचा उत्सव; | festival of Holi; |
| | | 2. वसंत पंचमी के दिन मनाया जानेवाला उत्सव । | वसंत, पंचमीचा उत्सव | festival celebrated on the full moon day of Phagun. |
| वसन | पुं. | 1. वस्त्र, कपड़ा, पहनने का कपड़ा, परिधान; | वस्त्र,कपडा, कपडे; | cloth, clothes, dress, garment, apparel, attire; |
| | | 2. किसी स्थान पर बसना, निवास । | वस्ती, राहणे | dwelling, residing. |
| वसा | स्त्री. | 1. पीले या सफेद रंग का एक प्रसिद्ध चिकना या तेलाक्त पदार्थ जो पशुओं, | चरबी; | fat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | मछलियों और मनुष्यों के शरीर में पाया जाता है और जिसकी अधिकता होने पर उनमें मोटाई आती है, चरबी; | | |
| | | 2. मज्जा, गूदा । | मज्जा | marrow, pith. |
| वसीयत | स्त्री. | 1. वह लिखित आदेश कि लेखक की अनुपस्थिति में या मृत्यु के उपरांत उसकी संपत्ति का वारिस अमुक व्यक्ति या अमुक संस्था होगी; | मृत्युपत्र; | will; |
| | | 2. उक्त आशय का लिखा हुआ आदेश-पत्र, वसीयतनामा, इच्छापत्र; | वारसा पत्र; | testament; |
| | | 3. उक्त के फलस्वरूप मिला धन, उत्तराधिकार से प्राप्त धन, रिक्थ । | वारसापत्राचे मिळणारे धन | bequest, legacy. |
| वसीयतनामा | पुं. | वह पत्र जिस पर कोई वसीयत लिखी हो, इच्छापत्र । | वारसापत्र, मृत्युपत्र | will. |
| वसुंधरा | स्त्री. | पृथ्वी । | वसुंधरा, पृथ्वी | earth. |
| वसु | पुं. | धन-संपत्ति । | धन, संपत्ती | riches, wealth. |
| वसुधा | स्त्री. | पृथ्वी । | वसुधा, पृथ्वी | earth, world, globe. |
| वसुमती | स्त्री. | पृथ्वी । | धनधान्यवती पृथ्वी | earth. |
| वसूल | वि. | 1. मिला हुआ, प्राप्त; | मिळविलेला, प्राप्त; | got, received; |
| | | 2. (प्राप्य धन या पदार्थ) जो दूसरों से लिया गया हो, उगाहा हुआ । | गोळा केलेला | collected (funds, etc). |
| वसूली | स्त्री. | 1. वसूल करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव, प्राप्य धन की प्राप्ति, उगाही; | वसूली, वसूल-प्राप्त-करण्याची क्रिया; | receipt, realisation, recovery; |
| | | 2. लोगों से धन आदि लेकर इकट्ठा करने की क्रिया या भाव । | गोळा करण्याची-जमविण्याची-क्रिया | collection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वस्तु | स्त्री. | 1. श्रम द्वारा निर्मित चीज; | वस्तू, पदार्थ; | any thing made, material; |
| | | 2. वह जो कुछ अस्तित्व में हो, गोचर पदार्थ । | खरोखर अस्तित्वात असण्याची स्थिती, अस्तित्वात असलेला पदार्थ | really existing thing, object article. |
| वस्तुजगत | पुं. | दृश्यमान जगत्, संसार । | निर्माण झालेले, अस्तित्वात असलेले सर्व पदार्थ | visible or material world. |
| वस्तुतः | क्रि. वि. | वास्तविक रूप या स्थिति में, वास्तव में । | वस्तुतः, खरोखर, वास्तविक म्हणजे | actually, in reality. |
| वस्तुवाद | पुं. | यह दार्शनिक सिद्धांत कि जगत् जिस रूप में हमें दिखाई देता है, उसी रूप में वह वास्तविक और सत्य है | जग जसे दिसते व भासते तेच सत्य असा सिद्धान्त, वास्तववाद | objectivism, realism. |
| वस्तुस्थिति | स्त्री. | किसी चीज या वस्तु की वास्तविक स्थिति । | वस्तुस्थिती, खरी स्थिती | reality. |
| वस्त्र | पुं. | रूई, ऊन, रेशम आदि के तागों से बुना या जमाकर तैयार किया हुआ वह प्रसिद्ध पदार्थ जो पहनने, ओढ़ने आदि के काम आता है, कपड़ा । | वस्त्र, कपडा | cloth, linen, clothes, garment etc. |
| वस्त्रागार | पुं. | 1. वह स्थान जहां सब प्रकार के या बहुत से कपड़े हों; | वस्त्रागार, वस्त्रभंडार; | wardrobe; |
| | | 2. कपड़ों की दूकान । | कपड्यांचे दुकान | clothier's shop. |
| वह | सर्व. | बातचीत में दूर स्थित या परोक्ष व्यक्ति या पदार्थ के संकेत का शब्द । | तो, ती, ते | that, that person, he, she, it. |
| | वि. | वहन करनेवाला, उठाकर या ढोकर ले जानेवाला (समास में) । | (समासात) वाहणारा, अंगावर घेऊन नेणारा | carrier, conveyer. |
| वहन | पुं. | 1. कहीं से ले जाने के लिए कोई चीज उठाना या लादना, भार ढोना, लेजाने की क्रिया; | वहन, उचलून घेऊन जाण्याची-वाहण्याची क्रिया; | carrying, bearing, conveyin~ |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. (दायित्व) निर्वाह करने की क्रिया या भाव । | जबाबदारी पार पाडण्याची क्रिया | performing or discharging (responsibility, duty, etc.). |
| वहम | पुं. | 1. मिथ्या संदेह, झूठा शक; | खोटा संशय, वहीम; | false doubt or notion; |
| | | 2. अन्धविश्वास । | अंधश्रद्धा, खोटी समजूत | superstition. |
| वहमी | वि. | जिसके मन में प्राय: कोई वहम बना रहता हो, शक्की । | खोट्या समजुती बाळगणारा, संशयी, अविश्वास धरणारा | superstitious, suspicious, distrustful. |
| वहां | क्रि. वि. | उस स्थान में, उस जगह । | तेथे | there. |
| वही | सर्व. | उस वस्तु या तृतीय व्यक्ति की ओर निश्चित रूप से संकेत करनेवाला सर्वनाम जिसके संबंध में कुछ कहा जा चुका हो, निश्चित रूप से पूर्वोक्त । | तो-ती-तेच | that very one, the self same, he himself, the same. |
| वांछनीय | वि. | जिसकी वांछा या कामना की गई हो या की जाने को हो । | वांछनीय, इच्छिण्याजोगा | desirable, wished or worthy of desire. |
| वांछा | स्त्री. | इच्छा, अभिलाषा, चाह । | वांछा, इच्छा, अभिलाषा | wish, desire, longing. |
| वांछित | वि. | चाहा हुआ, इच्छित । | इच्छित | wished, desired, longed for. |
| वा | अव्य. | विकल्प या सन्देह का वाचक शब्द, अथवा, या । | वा, अथवा, किंवा | or. |
| वाकई | क्रि. वि. | यथार्थ में, वास्तव में, वस्तुतः । | खरोखर, वास्तविकपणे, वस्तुतः | really, actually, truly. |
| वाक् | स्त्री. | 1. वाणी, आवाज; | वाणी, वाचा; | speech; |
| | | 2. कथन, अभिव्यक्ति; | कथन; | expression, saying; |
| | | 3. बोलने की इन्द्रिय; | बोलण्याचे इंद्रिय, वागींद्रिय; | organ of speech; |
| | | 4. वाग्देवी, सरस्वती । | वाणी देवता, सरस्वती | the goddess of speech, Saraswati. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वाक्पटु | वि. | बातचीत करने में चतुर । | वाक्पटु | eloquent. |
| वाक्पटुता | स्त्री. | बातचीत करने की चतुराई, बातचीत करने का कौशल । | वाक्पटुता, वक्तृत्व | eloquence. |
| वाक्य | पुं. | शब्द या शब्दों का ऐसा समूह जो एक विचार पूरी तरह से व्यक्त करे, जुमला । | वाक्य | sentence. |
| वाक्यरचना | स्त्री. | वाक्य का बनाना, शब्दों या पदों को यथास्थान रखकर वाक्य बनाना, वाक्य गठन । | शब्दांची वा पदांची योग्य त्या ठिकाणी योजना करून केलेली वाक्याची रचना | arrangement of words in a sentence, syntax. |
| वाक्यविन्यास | पुं. | वाक्यों को यथास्थान रखना, वाक्यों का उपयुक्त क्रम । | वाक्यांची यथास्थानी मांडणी | the structure of sentences, the arrangement or order of a sentence, syntax. |
| वाग्जाल | पुं. | ऐसी घुमाव-फिराव की बातें जिनका मूल उद्देश्य दूसरों को धोखा देना या फंसाना होता है । | वाग्जाल, गुंतागुंतीचे बोलणे | equivocation, multiloquence. |
| वाग्दत्ता | स्त्री. | ऐसी कन्या जिसके विवाह की बात पक्की हो चुकी हो । | वाङ्निश्चित, साखरपुडा झालेली (मुलगी) | affianced or betrothed virgin. |
| वाग्मिता | स्त्री. | अच्छे वक्ता होने की अवस्था, गुण या भाव, वक्तृत्व । | वक्तृत्व | eloquence. |
| वाग्विलास | पुं. | शब्द-क्रीड़ा, शब्दाडंबर, वागाडंबर । | वाणी विलास, शब्दावडंबर | play of words, multiloquence. |
| वाग्वैदग्ध्य | पुं. | 1. वाग्विदग्ध होने की अवस्था या भाव, वाक्चातुर्य, वाकपटुता; | वक्तृत्व कौशल्य; | eloquence; |
| | | 2. कथन, लेख, वक्तव्य आदि में होनेवाला चमत्कारपूर्ण तत्व । | विद्वत्ता–पांडित्यपूर्ण भाषण शैली | bombast, graceful or prevaricative writing, statement or speech. |
| वाङ्मय | पुं. | लिपिबद्ध विचारों का समस्त संग्रह या समूह, साहित्य । | वाङमय, साहित्य संग्रह | consisting of words, literature. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वाचक** | वि. | 1. कहने या बोलनेवाला; 2. बताने या बोध करानेवाला; 3. वाचन करके अर्थात् पढ़कर सुनानेवाला । | सांगणारा वा बोलणारा; अमुक दर्शविणारा, -प्रकट करणारा, स्पष्टीकरण करणारा; वाचणारा | speaking; declaratory, telling or explanatory; one who reads out, reader. |
| | पुं. | व्याकरण तथा भाषाविज्ञान में तीन प्रकार के शब्दों या साक्षात् अर्थ का बोधक होता है, वाचक शब्द । | (व्याक.) दर्शविणारी संख्या | (in gram.) denoting number. |
| **वाचनालय** | पुं. | वह सार्वजनिक (या निजी) स्थान जहां बैठकर पठन या अध्ययन किया जाता है । | वाचनालय | reading room. |
| **वाचाल** | वि. | बहुत बोलनेवाला, बातूनी, बक्की, बकवादी । | वाचाळ, वडवड्या | talkative, garrulous. |
| **वाचालता** | स्त्री. | वाचाल होने की अवस्था या भाव, बहुत बोलना, बातूनीपन । | वाचाळपणा, अति बोलण्याची क्रिया वा स्वभाव | talkativeness, loquaciousness, garrulity. |
| **वाचिक** | वि. | 1. वाणी संबंधी; 2. वाणी से निकला हुआ, मुंह से कहा हुआ, मौखिक । | वाणी संबंधीचा; वाचेतून निघालेला | relating to speech; spoken. |
| | पुं. | केवल वाणी द्वारा संपन्न अभिनय । | केवळ बोलण्यातून निष्पन्न होणारा अभिनय | verbal acting. |
| **वाच्यार्थ** | पुं. | वाचक शब्द का अर्थ, अभिधेयार्थ । | शब्दाचा सरळ निघणारा अर्थ | the directly expressed meaning. |
| **वाजिब** | वि. | उचित, संगत, मुनासिब । | उचित, वाजवी, रास्त | reasonable, proper, just, incumbent. |
| **वाटिका** | स्त्री. | बगीचा, छोटा बाग । | बाग | small garden. |
| **वाणिज्य** | पुं. | बहुत बड़े पैमाने पर होनेवाला व्यापार । | व्यापार, व्यापार व्यवहार | commerce, trade. |
| **वाणी** | स्त्री. | 1. मुंह से निकलनेवाली आवाज, वाक्, बोली; | वाचा, बोलणे; | voice, sound; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. वचन, कथन, अभिव्यक्ति; | कथन; | words, speech; |
| | | 3. जिह्वा, जीभ; | जीभ; | tongue; |
| | | 4. वाग्देवी, सरस्वती । | सरस्वती देवी | the goddess of speech, Saraswati. |
| वात | पुं. | 1. वायु, हवा; | वात, वायु, वारा; | air; |
| | | 2. वैद्यक के अनुसार शरीर के अंतर्गत तीन दोषों में से एक । | शरीरातील त्रिधातूंपैकी एक | wind as one of the three humours of body, gout. |
| वातानुकूलन | पुं. | यांत्रिक या वैज्ञानिक प्रक्रिया से व्यवस्था करना कि किसी घिरे हुए स्थान के तापमान पर उसके बाहर के तापमान का प्रभाव न पड़ने पाए अर्थात् उस स्थान के अन्दर की गरमी या सरदी नियंत्रित और नियमित रहे । | खोलीतील वा बंद जागेतील उष्ण वा थंड हवा जशी आहे तशीच राहावी अशी यांत्रिक वा वैज्ञानिक प्रक्रिया | air-conditioning. |
| वातानुकूलित | वि. | जिसका तापमान वातानुकूलन की प्रक्रिया से नियमित और नियंत्रित किया गया हो, जिसका वातानुकूलन किया गया हो । | हवामान आहे तसे राखण्याची वैज्ञानिक प्रक्रिया केलेला | air-conditioned. |
| वातायन | पुं. | बाहर से प्रकाश और हवा अंदर आने के लिए घरों आदि में बनाया जानेवाला झरोखा । | हवा येण्या-जाण्यासाठी केलेली खिडकी किंवा झरोखा | air hole or ventilator. |
| वातावरण | पुं. | 1. वायु की वह राशि जो पृथ्वी, ग्रह आदि पिंडों को चारों ओर से घेरे रहती है, वायुमंडल; | वातावरण, पृथ्वीच्या भोवतालचे वायुमंडल; | atmosphere; |
| | | 2. परिस्थिति, पर्यावरण । | परिस्थिती | environment. |
| वात्सल्य | पुं. | माता-पिता के हृदय में होनेवाला अपने बच्चों के प्रति नैसर्गिक प्रेम, बच्चों के प्रति होनेवाला स्नेह । | वात्सल्य, अपत्याविषयीची ममता, -स्नेह | affection or tenderness towards off springs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वाद | पुं. | 1. किसी बात विशेषतः सैद्धांतिक बात के संबंध में दोनों ओर से कही जानेवाली बातें, तर्क-वितर्क, विवाद, बहस; | वाद, चर्चा, तर्कसंगत संवाद; | discussion, controversy; |
| | | 2. विचार के लिए न्यायालय में उपस्थित किया जाने-वाला अभियोग, मुकदमा; | दावा, मुकद्दमा, अभियोग; | suit, case; |
| | | 3. सिद्धांत, व्यवस्थित मत; | सिद्धांत, तर्कसिद्ध मत; | theory; |
| | | 4. कोई ऐसा तत्व या सिद्धांत जो तत्वज्ञों या विशेषज्ञों द्वारा नियत या निश्चित हुआ हो (प्रत्यय के रूप में प्रयुक्त) । | तत्वज्ञांनी किंवा तज्ज्ञांनी निश्चित केलेला अमुक विषयासंबंधीचा सिद्धान्त | issue. |
| वादक | पुं. | बाजा बजानेवाला । | वादक, वाद्य वाजविणारा, कलावंत | a musician. |
| वादन | पुं. | बाजा बजाना । | वादन | playing upon a musical instrument. |
| वादविवाद | पुं. | 1. दो पक्षों या व्यक्तियों में किसी विषय पर होने-वाला खंडन-मंडन, तर्क-वितर्क, वाद-प्रतिवाद; | वादविवाद; | dispute, contro-versy, argumenta-tion; |
| | | 2. किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए की जानेवाली विचारपूर्ण बातचीत, विचार-विमर्श, विचार-विनिमय; | चर्चा; | discussion; |
| | | 3. केवल औपचारिक रूप से होनेवाली उक्त प्रकार की ऐसी बातचीत जिसमें पारस्परिक मतों या विचारों का खंडन-मंडन होता हो । | वाद | debate. |
| वादी | पुं. | 1. वह जो न्यायालय में किसी के विरुद्ध कोई अभियोग उपस्थित करे, मुद्दई; | वादी; | plaintiff, appellant; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. शिकायत करनेवाला, फरियादी, परिवादी; | फिर्यादी; | complainant; |
| | | 3. संगीत में वह स्वर जो किसी राग में सर्वप्रमुख होता है । | (संगीत) रागातील प्रमुख पणे घेतला जाणारा स्वर | (in music) leading or keynote. |
| | वि. | किसी वाद या सिद्धांत से संबंधित या उसका अनुयायी । | एखाद्या वादाचा पुरस्कर्ता | expounder of a theory. |
| वाद्य. | पुं. | बाजा, बजाया जानेवाला यंत्र । | वाद्य | a musical instrument. |
| वानप्रस्थ | पुं. | भारतीय आर्यों में जीवनयापन के चार शास्त्रविहित आश्रमों या विभागों में से एक जो गृहस्थ आश्रम के बाद और संन्यास से पहले जिसमें मनुष्य गृहस्थी या सांसारिक वैभव का त्याग कर अरण्यवास करता है । | वानप्रस्थ, चार आश्रमापैकी तिसरा आश्रम | third of the four stages (ashrams) of life prescribed by tradition for a caste Hindu – the stage of abandoning worldly things. |
| वानर | पुं. | बन्दर | वानर | a monkey, an ape. |
| वापस | वि. | जो कहीं जाकर लौट आया हो, लौटा हुआ, लौटाया हुआ । | परत आलेला | back again, returned. |
| वापसी | वि. | वापस आने अथवा जाने से संबंधित (टिकट) । | परतीचा | return (as fare or a ticket etc.). |
| | स्त्री. | 1. वापस होने या लौटाने की अवस्था, क्रिया या भाव; | परत येण्याची क्रिया; | return; |
| | | 2. वापस की या लौटाई हुई चीज देने या लेने की क्रिया या भाव । | परत करण्याची क्रिया | returning (of a thing etc.). |
| वाम | वि. | 1. बायां, दाहिना या दक्षिण का विपर्याय; | डावा; | left, not right; |
| | | 2. प्रतिकूल, विरुद्ध; | विरोधी; | opposite, adverse; |
| | | 3. दुष्ट, बुरा । | दुष्ट, वाईट | wicked, vile, bad. |
| वामपंथ | पुं. | आधुनिक राजनीति में उग्र उपायों द्वारा जनजीवन को सुधारने तथा उसमें क्रांति लाने का मार्ग या सिद्धांत । | जहालमतांचा व साधनांचा राजकीय पंथ | leftism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वामपंथी | पुं. | आधुनिक राजनीति में उग्र उपायों द्वारा जनजीवन को सुधारने तथा उसमें क्रांति लाने का पक्षधर या समर्थक, वामपंथ का अनुयायी । | जहाल पंथाचा अनगामी | leftist, follower of leftism. |
| | वि. | वामपंथ से संबंधित, वामपंथ का । | जहाल पंथाची संबंधित, जहाल पंथाचा | relating to leftism, of leftism. |
| वाममार्ग | पुं. | तांत्रिक समाज में एक पद्धति जिसमें मद्य, मांस आदि का सेवन विहित है । | वाममार्ग, मद्य, मांसयुक्त विधीशी संबंधीत, तांत्रिक पंथ | the left hand ritual or doctrine of the tantra or the doctrine of resorting to मांस, मद्य etc. |
| वायवीय | वि. | 1. वायुसंबंधी, हवाई; | वायूशी संबंधित असलेला; | relating to the air or wind, airy; |
| | | 2. अमूर्त, अगोचर; | हवाई; | aerial; |
| | | 3. आकाशी । | वायुमंडळा संबंधीचा | atmospheric. |
| वायु | स्त्री. | देखें 'वात' । | वायु | see 'वात' |
| वायुमंडल | पुं. | वह गोलाकार वाष्पीय आवरण जो हमारी पृथ्वी को चारों ओर से घेरे हुए है, वातावरण । | वायुमंडळ, पृथ्वीसभोवतालचा हवेचा थर | the atmosphere. |
| वायुयान | पुं. | हवा में उड़नेवाला मनुष्य निर्मित यान, हवाई जहाज । | विमान | aeroplane. |
| वायुसेना | स्त्री. | सेना का वह विभाग जो वायुयानों से शत्रु-पक्ष पर गोले आदि फेंकता है, हवाई सेना । | वायुसेना, विमानदळ | air force. |
| वार | पुं. | 1. सप्ताह का दिन; | वार, आठवड्याचा प्रत्येक दिवस; | day (of the week); |
| | | 2. आक्रमण आदि के समय किया जानेवाला आघात, प्रहार । | आघात, प्रहार | assault, attack, blow, strike. |
| वारदात | स्त्री. | घटना । | घटना | incident, occurrence. |
| वारना | स.क्रि. | टोने-टोटके के रूप में किसी | ओवाळणे, ओवाळून टाकणे | to wave (anything) |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | चीज को सिर के चारों ओर घुमाकर निछावर करना । | | round or over (one) as a means of averting (evil, etc.), or as a votive offering. |
| वारांगना | स्त्री. | वेश्या, रंडी, गणिका । | वारांगना, वेश्या | prostitute, harlot. |
| वारा-न्यारा | पुं. | अत्यधिक लाभ की प्राप्ति । | प्रचंड नफा | huge gains, heavy profits. |
| वारि | पुं. | जल, पानी । | पाणी | water. |
| वारिस | पुं. | वह जिसे किसी की विरासत मिले, दायाद, दायाधिकारी, उत्तराधिकारी । | वारस | heir, successor. |
| वारुणी | स्त्री. | शराब, मदिरा । | वारुणी, दारू | wine. |
| वार्ता | स्त्री. | 1. बातचीत; | गप्पागोष्टी; | conversation; |
| | | 2. ऐसा कथन जो किसी को किसी विषय का ज्ञान कराने के लिए हो; | संभाषण; | talk, speech; |
| | | 3. समाचार, खबर । | बातमी, समाचार | news, rumour. |
| वार्तालाप | पुं. | 1. लोगों में आपस में होने-वाली बातचीत, कथोप-कथन, संवाद; | संभाषण; | conversation; |
| | | 2. (समझौते की) बातचीत । | गप्पागोष्टी | talk. |
| वार्द्धक्य (वार्धक्य) | पुं. | वृद्धावस्था, बुढ़ापा । | वार्धक्य, म्हातारपण | old age. |
| वार्षिक | वि. | 1. प्रतिवर्ष होनेवाला, एक वर्ष के बाद होनेवाला; | वार्षिक, दर वर्षाचा; | annual, yearly; |
| | | 2. एक वर्ष तक चलता रहनेवाला । | वर्षभर चालणारा | lasting for one year. |
| वार्षिकी | स्त्री. | 1. प्रति वर्ष दी जानेवाली वृत्ति या अनुदान; | दरवर्षी दिले जाणारे अनुदान किंवा वृत्ती; | annuity; |
| | | 2. प्रतिवर्ष होनेवाला कोई प्रकाशन; | दरवर्षी प्रसिद्ध होणारे पुस्तक वा इतर प्रकाशन; | annual publication; |
| | | 3. किसी मृत व्यक्ति की मरणतिथि पर प्रतिवर्ष | वर्षश्राद्ध | death anniversary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | होनेवाला कोई स्मारक कृत्य, बरसी । | | |
| वालिद | पुं. | पिता, बाप । | बाप | father. |
| वालिदा | स्त्री. | माता, मां । | आई | mother. |
| वाष्प | पुं. | भाप । | वाफ | steam. |
| वासंती | स्त्री. | 1. माधवीलता; | माधवी लता; | a kind of large creeper, Gaertnera rasimosa; |
| | | 2. जूही । | जुई | a species of jasmine, jasminum auriculatum. |
| वास | पुं. | 1. किसी स्थान पर रहना, निवास; | वास, निवास, वसती, राहणे; | dwelling, living, residence; |
| | | 2. घर, मकान; | घर, निवासस्थान; | home, house; |
| | | 3. गंध, बू । | गंध | flavour, smell. |
| वासना | स्त्री. | 1. मन में दबी, बनी या बसी रहने वाली इच्छा, कामना या आकांक्षा; | वासना, इच्छा, कामना; | desire, longing; |
| | | 2. कामेच्छा । | कामेच्छा | lust. |
| वासर | पुं. | दिन, दिवस । | दिवस, दिन | a day. |
| वासी | वि. | रहनेवाला, बसनेवाला । | वासी, रहिवासी | resident, inhabitant. |
| वास्कट | पुं. | पाश्चात्य ढंग की बिना आस्तीन की कुरती या फतुही । | जाकीट, बंडी | waist-coat. |
| वास्तव | वि. | 1. यथार्थ, सत्य; | खरा, यथार्थ, सत्य; | real, true; |
| | | 2. तात्विक । | तत्वयुक्त | substantial. |
| वास्तविक | वि. | 1. जो वास्तव में हो, यथार्थ, सत्य; | वास्तविक, खरा, सत्य, यथार्थ; | actual, real, true, factual; |
| | | 2. तात्विक । | तत्वयुक्त | substantial. |
| वास्ता | पुं. | संबंध, लगाव, सरोकार । | संबंध, लागाबांधा, नाते | relationship, connection, concern. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **वास्तु** | पुं. | ईंट, पत्थर, चूना, लकड़ी आदि से बनाकर तैयार की जानेवाली कोई रचना, संरचना, इमारत । | वास्तु, इमारत | building. |
| **वास्तुकला** | स्त्री. | वास्तु अर्थात् मकान, महल आदि बनाने की कला जिसके अंतर्गत चित्रण और लक्षण दोनों आते हैं, स्थापत्य । | वास्तुशास्त्र, स्थापत्य | architecture. |
| **वास्तुकार** | पुं. | मकान, महल आदि का निर्माण करनेवाला शिल्पी, स्थपति । | रचनाशास्त्रज्ञ, रचनाशिल्पी | architect. |
| **वास्ते** | अव्य. | 1. निमित्त, लिए;<br>2. हेतु, सबब;<br>3. कृते । | -च्या करिता, -साठी;<br>-च्या मुळे;<br>–च्या वतीने | for the sake (of);<br>on account (of);<br>by reason (of);<br>on or in behalf (of). |
| **वाह** | अव्य. | प्रशंसासूचक शब्द, धन्य । | वा:! छान! वाहवा! | well done !, fine !, excellent ! |
| **वाहक** | वि. | ढोनेवाला, ले जानेवाला । | वाहणारा, वाहून नेणारा | carrying, conveying. |
| | पुं. | कुली, सामान आदि ढोनेवाला मजदूर । | हमाल, कुली | porter, carrier. |
| **वाहन** | पुं. | कोई ऐसा साधन जिसपर चढ़कर लोग कहीं आते-जाते हों, सवारी या पशु या अन्य कोई साधन, सवारी । | वाहन | conveyance of any kind, carriage. |
| **वाहिनी** | स्त्री. | 1. सेना, फौज;<br>2. शरीर विज्ञान में नली के आकार के वे सूक्ष्म आधार जो रक्त के कण एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाते हैं । | सेना;<br>शीर, रक्तवाहिनी | an army;<br>vessel (in physiology). |
| **वाहियात** | वि. | 1. (वस्तु) जो निरर्थक या व्यर्थ हो;<br>2. (बात) जो बे-सिर-पैर की, अश्लील या बेहूदा हो; | निरुपयोगी, व्यर्थ असलेली;<br>फाजील, ना शेंडा ना बुडखा अशी (गोष्ट); | useless;<br>nonsense; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. (व्यक्ति) जो निकम्मा या मूर्ख हो । | निकामी, निरुपयोगी | worthless (fellow). |
| वाही | वि. | 1. बेहूदा, बे-सिर-पैर का; | अर्थहीन; | nonsense; |
| | | 2. वहन करनेवाला, ढोनेवाला, ले जानेवाला (समास में); | वाहणारा, घेऊन जाणारा; | carrying, conveying; |
| | | 3. बहानेवाला (समास में); | (समासात) वाहयता लांबवणारा; | causing to flow; |
| | | 4. बहनेवाला (समास में) । | (समासात) वाहणारा | flowing. |
| विकट | वि. | 1. कठिन, मुश्किल; | विकट, अवघड; | difficult; |
| | | 2. दुर्गम; | दुर्गम; | formidable; |
| | | 3. भयंकर, भीषण; | भयानक; | horrible, dreadful; |
| | | 4. बहुत बड़ा, विशाल; | विशाल, प्रचंड, अवाढव्य; | very great, huge; |
| | | 5. भद्दा, भोंडा । | विद्रूप, अभद्र | ugly. |
| विकराल | वि. | भीषण, भयंकर (आकृतिवाला), डरावना । | विक्राळ, अक्राळविक्राळ | dreadful, horrible, frightful. |
| विकर्षण | पुं. | 1. दूसरी ओर या विपरीत दिशा में खींचना, प्रतिकर्षण; | उलट दिशेला खेचणे; | pulling asunder; |
| | | 2. खींचकर अपनी ओर लाना, लौटाना; | ओढून स्वतःकडे आणणे; | dragging; |
| | | 3. अरुचि, घृणा, विमुखता; | नावड, तिटकारा; | dislike, hatred, disinclination; |
| | | 4. हटाना । | काढून टाकणे | removing. |
| विकल | वि. | 1. बेचैन, व्याकुल; | अस्वस्थ, बेचैन, व्याकुल; | restless, uneasy; |
| | | 2. जिसका कोई अंग टूट चुका हो, खंडित । | अपंग, अवयवतुटलेला | maimed. |
| विकलांग | वि. | 1. किसी अंग से हीन; | अवयव तुटलेला, —नष्ट झालेला; | maimed; |
| | | 2. जिसका कोई अंग बेकाम हो । | निकाम अवयवाचा | having a deficient limb. |
| विकल्प | पुं. | 1. वह अवस्था जिसमें सामने आई हुई कई बातों या विषयों में से कोई बात या विषय अपने लिए चुनने की आवश्यकता | विकल्प, हे किंवा ते निवडण्याचा अधिकार; | option; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | होती है, पसंद करने या चुनने का अधिकार; | | |
| | | 2. सामने आए हुए दो या अधिक ऐसे कामों या बातों में से हर एक जिसे आवश्यकता, सुभीते आदि के अनुसार काम में लाया या लिया जा सकता हो; | पर्याय; | alternative; |
| | | 3. अनिश्चय की स्थिति. अनिश्चितता, सन्देह; | संदिग्धता, अनिश्चितता; | uncertainty, ambiguity; |
| | | 4. मन में उत्पन्न होनेवाली तरह-तरह की कल्पनाएं । | शंका-कुशंका, तर्क-वितर्क | false notions. |
| विकसित | वि. | 1. जिसका विकास हुआ हो या किया गया हो; | विकास पावलेला; | developed; |
| | | 2. खिला हुआ । | फुटलेला | budded, blown. |
| विकार | पुं. | 1. दूषण, विकृति, भ्रष्टता; | विकृती, भ्रष्टता; | perversion, defilement; |
| | | 2. किसी चीज के आकार, रूप, गुण, रंग आदि में होनेवाला परिवर्तन जिससे वह खराब हो जाए और ठीक तरह से काम देने योग्य न रह जाए, खराबी, गड़बड़ी; | रूपादीत विकृत परिवर्तन; | disorder, deterioration; |
| | | 3. प्राकृतिक या मूलस्थिति में होनेवाला परिवर्तन, प्रकृति या रूप का बदल जाना, रूपांतरण । | रूपांतर, सर्वांगीण परिवर्तन | transformation. |
| विकारी | वि. | 1. जिसमें कोई परिवर्तन हुआ हो या किया गया हो; | बदल झालेला, परिवर्तन झालेला; | transformed; |
| | | 2. जिसमें कोई विकार या परिवर्तन होता रहता हो या होने को हो; | बदल होणारा; | undergoing a change; |
| | | 3. जिसमें कोई विकार उत्पन्न हुआ हो, विकार से ग्रस्त, विकृत । | विकृत, विकारयुक्त | defiled. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विकास | पुं. | 1. फूलों आदि का खिलना | उमललेली—फलेली अवस्था; | budding, blooming (of flowers); |
| | | 2. किसी चीज का अस्तित्व में आकर या आरंभ होकर फैलते या बढ़ते हुए और उन्नति की अनेक क्रमिक अवस्थाएं पार करते हुए अपनी पूरी बढ़ती तक पहुंचना, बढ़ती, उन्नति, अभिवृद्धि; | वाढ, उन्नती, अभिवृद्धी; | development; |
| | | 3. यह सिद्धांत कि कोई वस्तु अपनी आरंभिक सामान्य अवस्था से अपनी प्रकृति के अनुसार बढ़ती तथा फूलती फलती हुई पूर्ण अवस्था प्राप्त करती है । | विकास, वाढण्याचा—उन्नत होत जाण्याचा क्रम | evolution, growth. |
| विकासवाद | पुं. | यह सिद्धांत कि ईश्वर ने यह सृष्टि (अथवा इसका कोई अंग) इसी या प्रस्तुत रूप में उत्पन्न नहीं की थी, वरन् इसका रूप प्रतिक्षण बदलता और बढ़ता जा रहा है। | विकासवाद | evolutionism. |
| विकिरण | पुं. | 1. आजकल वैज्ञानिक क्षेत्र में किसी केन्द्र से ताप, प्रकाश की किरणों अथवा किसी प्रकार की ऊर्जा का निकल कर इधर-उधर या चारों ओर फैलना; | किरण-प्रसरण; | radiation; |
| | | 2. इधर-उधर फेंकना, या फैलाना, छितराना, बिखेरना; | अस्ताव्यस्त फेकण्याची क्रिया; | throwing about, scattering; |
| | | 3. किसी केन्द्र से शाखाओं आदि के रूप में निकलकर इधर-उधर फैलना या बढ़ना । | एका केंद्रापासून शाखा-उपशाखा फैलावण्याची क्रिया | spreading of branches from a point. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विकीर्ण | वि. | 1. चारों ओर फैलाया या छितराया हुआ, बिखेरा हुआ; | पसरलेला, विखुरलेला; | scattered; |
| | | 2. खुले, बिखरे या उलझे हुए (बाल) । | पिंजारलेले (केस) | dishevelled. |
| विकृत | वि. | 1. दूषित, कलुषित, भ्रष्ट; | विकार-दोष-मुक्त, विघडलेला; | defiled, corrupted; |
| | | 2. जिसका आकार या रूप बिगड़ गया हो, बेडोल, खराब; | विरूप, बेडोल; | deformed, disfigured; |
| | | 3. जिसकी मूल या प्राकृतिक स्थिति में परिवर्तन हो गया हो, रूपांतरित; | रूपांतरित, संपूर्ण परिवर्तित; | transformed; |
| | | 4. (मानसिक रूप से) रुग्ण । | मानसिक दृष्ट्या आजारी | mentally sick. |
| विकृति | स्त्री. | 1. परिवर्तित रूप; | विकृती, बदललेले रूप; | changed form; |
| | | 2. बिगड़ा हुआ रूप; | बिघडलेले रूप; | disfigurement; |
| | | 3. परिवर्तन, रूपांतरण; | परिवर्तन; | modification, transformation; |
| | | 4. खराबी, गड़बड़ी, विकार । | बिघाड | deformation, corruption. |
| विकेंद्रीकरण | पुं. | 1. केन्द्र से हटाकर दूर करना; | विकेंद्रीकरण; | removing away from the centre; |
| | | 2. राजनीतिक क्षेत्र में, शक्ति का या सत्ता का एक केन्द्र या स्थान में निहित न होकर (रखकर) अनेक केन्द्रों या स्थानों में थोड़े-थोड़े अंशों में निहित होना (करना) । | केंद्रीकरणाच्या विरुद्ध क्रिया वा स्थिती, केंद्रापासून दूर जाणे, अनेक केंद्रामध्ये सत्तेची वा शक्तीची वाटणी | decentralisation. |
| विक्रम | पुं. | 1. पौरुष, बल, वीरता, पराक्रम; | विक्रम, पराक्रम, प्रताप, शौर्य; | valour, power, bravery; |
| | | 2. उज्जयिनी के एक प्रसिद्ध प्रतापी राजा जिनके नामपर विक्रम संवत् चलाया गया था, विक्रमादित्य । | उज्जयिनीचा प्रसिद्ध राजा (ज्याच्या नांवाने संवत् सुरू झाला तो) | a celebrated King of Ujjayini, after whom the Vikram era is named so. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विक्रमी | वि. | पराक्रमी, बलशाली । | विक्रमी, पराक्रमी, शूर | valiant, heroic. |
| विक्रय | पुं. | बेचना, दाम लेकर कोई चीज देना । | विक्रय, विक्री | selling, vending, sale. |
| विक्रांत | वि. | जिसमें विशेष विक्रम अर्थात् बल हो, शूर-वीर, पराक्रमी, प्रतापी, तेजस्वी । | विशेष बलशाली, —प्रतापी | valiant, mighty, pre-eminent, heroic. |
| विक्रेता | पुं. | बिक्री करनेवाला, बेचनेवाला । | विक्रेता, विकणारा | one who sells, seller, vendor. |
| विक्लांत | वि. | 1. हतोत्साह;<br>2. श्रांत, थका हुआ । | निराश, निरुत्साही, नाउमेद;<br>थकूनभागून गेलेला | discouraged;<br>tired. |
| विक्षत | वि. | घायल, जख्मी, जिसमें क्षत लगा हो, जिसमें खराश या खरोंच पड़ी हो । | जखमी, इजा झालेला | wounded, hurt, injured. |
| विक्षिप्त | वि. | 1. जिसका मस्तिष्क ठीक तरह से काम न करता हो, पागल, सिड़ी;<br>2. घबराया हुआ, विकल, बेचैन;<br>3. फेंका या छितराया हुआ । | विक्षिप्त, चक्रम, माथे फिरलेला, वेडा;<br>बावरलेला, बुजलेला, अस्वस्थ;<br>फेकला गेलेला, विखुरला गेला | mad, lunatic, crazy;<br>bewildered, perplexed;<br>thrown asunder or scattered. |
| विक्षिप्तता | स्त्री. | 1. पागलपन;<br>2. बेचैनी, विकलता । | वेडेपणा,डोके फिरलेली अवस्था;<br>अस्वस्थता, बेचैनी | lunacy;<br>bewilderment, restlessness. |
| विक्षुब्ध | वि. | 1. उद्विग्न, खिन्न;<br>2. उथल-पुथल युक्त, अस्तव्यस्त, अशांत । | त्रस्त, उद्विग्न, खिन्न;<br>क्षुब्ध, अस्वस्थ | agitated;<br>disturbed, restless. |
| विक्षेप | पुं. | 1. इधर-उधर छितराना या फेंकना;<br>2. (मन की) चंचलता, (मानसिक) अशांति, बेचैनी, विकलता;<br>3. बाधा । | अस्ताव्यस्त फेकण्याची क्रिया;<br>क्षुब्धता, बेचैनी;<br>व्यत्यय, अडथळा | scattering;<br>bewilderment, restlessness (mental), confusion;<br>hindrance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विक्षोभ | पुं. | 1. उद्विग्नता, खिन्नता, विकलता, बेचैनी; | त्रस्तता, उद्विग्नता; | agitation, perturbation; |
| | | 2. उथल-पुथल, अस्त-व्यस्तता, अशांति; | अस्ताव्यस्तता, उलथापालथ; | disorder, disturbance; |
| | | 3. (मानसिक) चंचलता, अस्थिरता, अशांति । | मनाची अशांती, अस्वस्थता, | mental restlessness. |
| विखंडन | पुं. | बहुत छोटे-छोटे, टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित करना, टुकड़े-टुकड़े करना । | तुकडे तुकडे करणे | fragmentation. |
| विखंडित | वि. | 1. जिसका विखंडन हुआ हो या किया गया हो; बहुत छोटे-छोटे खंडों-टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित; | खंड पाडला गेलेला, फार लहान तुकड्यात विभागलेला; | fragmented; |
| | | 2. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ । | तुकडे तुकडे केला गेलेला | divided into pieces. |
| विख्यात | वि. | प्रसिद्ध, मशहूर, विश्रुत । | विख्यात, प्रसिद्ध | famous, well-known. |
| विख्यापन | पुं. | 1. सार्वजनिक रूप से घोषणा करना; | जाहीर घोषणा; | public declaration or pronouncement; |
| | | 2. प्रसिद्ध करना, मशहूर करना । | प्रसिद्धी, जाहीर करण्याची क्रिया | making known or famous. |
| विगणन | पुं. | 1. हिसाब लगाना, लेखा करना; | हिशेब करणे; | calculation; |
| | | 2. ऋण से मुक्त होना । | ऋण मुक्त होणे | paying off a debt. |
| विगत | वि. | 1. बीता हुआ, गत; | गत, गेलेला; | past; |
| | | 2. गत से ठीक पहले का, पिछला; | नुकताच गेलेला; | last; |
| | | 3. जो किसी बात से रहित या हीन हो चुका हो (समास में) । | (समासात) रहित, हीन | destitute or deprived of. |
| विगर्हणा | स्त्री. | निन्दा । | निंदा, निर्भत्सना | censure, reproach. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विगर्हणीय | वि. | निन्दनीय । | निंदनीय, धिक्कारणीय | deserving censure or reproach. |
| विगलन | पुं. | 1. पूरी तरह से गलना या घुलना; | संपूर्णपणे वितळण्याची किंवा विरघळण्याची क्रिया; | dissolution; |
| | | 2. मन का आर्द्र होना, दुखित होना; | हृदय-मन-पाझरण्याची क्रिया; | melting of heart; |
| | | 3. नाश या लोप होना । | लोप पावणे, नष्ट होणे | disappearance. |
| विगलित | वि. | 1. गला हुआ, पिघला हुआ; | विरघळलेला, वितळलेला; | dissolved; |
| | | 2. द्रवित, आर्द्र (मन); | द्रवित, आर्द्र (मन); | melted (heart); |
| | | 3. नष्ट, लुप्त । | लोप पावलेला | disappeared, gone away. |
| विग्रह | पुं. | 1. यौगिक शब्दों या समस्त पदों के किसी एक या प्रत्येक शब्द को अलग करना (व्याकरण); | विग्रह, (व्याक.) सामासिक शब्दांची वा वाक्यांची फोड; | (in gram.) a portion of a compound word, analysis; |
| | | 2. लड़ाई-झगड़ा, वैर-विरोध; | झगडा, संघर्ष; | quarrel, discord; |
| | | 3. युद्ध, समर; | लढाई, युद्ध; | war, battle; |
| | | 4. आकृति, सूरत; | आकृती, रूप; | shape, form; |
| | | 5. देह, शरीर; | देह; | body; |
| | | 6. प्रतिमा, मूर्ति । | प्रतिमा, मूर्ती | statue, idol. |
| विघटन | पुं. | 1. किसी वस्तु के संयोजक अंगों का अलग होना; | विघटन, अलग होण्याची फुटण्याची क्रिया; | breaking up; |
| | | 2. नष्ट होना । | नाश, नष्ट होणे | destruction, ruin. |
| विघटित | वि. | 1. जिसके संयोजक अंग अलग-अलग किए गए हों, तोड़ा-फोड़ा हुआ; | फुटलेला, अलग अलग झालेला; | shattered, broken; |
| | | 2. नष्ट किया हुआ; | नष्ट केलेला; | ruined; |
| | | 3. (संस्था आदि) जिसे भंग कर दिया गया हो । | मोडून टाकलेली (संघटना, संस्था इ.) | dissolved (organisation, etc.) |
| विघातक | वि. | 1. विनाशक, नाशक; | विघातक, विनाशक, घात-नाश करणारा; | destructive, ruinous; |
| | | 2. बाधा पहुंचानेवाला, विघ्नोत्पादक, हानिकर । | हानिकर, नुकसान करणारा, अहितकर, उपद्रवकारी | impeding, interrupting, harmful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विघ्न** | पुं. | **अड़चन, बाधा ।** | विघ्न, संकट, आपत्ती, अडचण, बाधा | obstacle, impediment, disturbance, hindrance, obstruction. |
| **विघ्नकारी** | वि. | **बाधा उपस्थित करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, बाधक ।** | विघ्नकारी, अडचण टाकणारा, बाधक, उपद्रवकारक | causing any obstacle or interruption, impeding, hindering, disturbing. |
| **विलक्षण** | वि. | **1. तीव्र दृष्टिवाला, दूरदर्शी;** | दूरदर्शी, तीव्र दृष्टीचा; | clear sighted, far seeing, circumspect; |
| | | **2. बुद्धिमान्, समझदार;** | शहाणा, बुद्धिमान; | wise, intelligent; |
| | | **3. कुशल, दक्ष ।** | कुशल, हुशार | skilful, clever. |
| **विचरण** | पुं. | **घूमना-फिरना, चलना-फिरना, सैर ।** | हिंडणे-फिरणे | wandering, walk. |
| **विचरना** | अ. क्रि. | **घूमना-फिरना, चलना-फिरना, फिरना ।** | हिंडणे, फिरणे, चालणे | to wander, to walk. |
| **विचल** | वि. | **1. जो बराबर हिलता रहता हो;** | हालता; | moving; |
| | | **2. अस्थिर;** | अस्थिर, चचल; | unfixed, movable; |
| | | **3. अपने मार्ग, स्थान, प्रतिज्ञा आदि से हटा, गिरा या डिगा हुआ ।** | (व्रत-प्रतिज्ञा इ. पासून) चळलेला | unsteady, fickle, fallen. |
| **विचलन** | पुं. | **1. ठीक या सीधा मार्ग छोड़कर इधर-उधर होना, पथ से भ्रष्ट होना;** | मार्गच्युती, च्युती; | deviation; |
| | | **2. अपने कार्य, निश्चय, विचार आदि पर दृढ़ न रहना, अस्थिरता ।** | चांचल्य, निश्चय इ.पासून ढळणे | unsteadiness, fickleness. |
| **विचलित** | वि. | **1. अपनी प्रतिज्ञा, सिद्धांत, स्थान आदि से हटा हुआ;** | च्युत झालेला, ढळलेला; | moved or deviated (from promise, principle or place); |
| | | **2. अस्थिर, चंचल;** | चंचल, अस्थिर; | unsteady, fickle; |
| | | **3. विकल, बेचैन ।** | अस्वस्थ | troubled, disturbed, restless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विचार** | पुं. | 1. मन ही मन तर्क-वितर्क करके कुछ सोचने या समझने की क्रिया या भाव, चिन्तन, मनन; | विचार, चिंतन, मनन; | thinking, deliberation, pondering; |
| | | 2. सोच-समझकर स्थिर की हुई भावना, ख्याल, मत, राय, धारणा; | स्थिर झालेले मन, –दृष्टी वा धारणा; | view, thought, idea; |
| | | 3. कोई प्रश्न सामने आने पर उसके संबंध में कुछ निर्णय करने से पहले उसके सब अंग अच्छी तरह तर्क करते हुए देखना या समझना; | एखाद्या प्रश्नाचा सर्वांगीण समाचार घेण्याची क्रिया; | consideration; |
| | | 4. विवादास्पद विषय के संबंध में कुछ निश्चय करने से पहले किसी न्यायालय या विचारशील व्यक्ति के द्वारा होनेवाली सब अंगों और बातों की जांच-पड़ताल, फैसले के लिए मुकदमे की सुनवाई । | एखाद्या चिंतनशील व्यक्तीकडून होणारे एखाद्या विषयाच्या सर्व अंगांचे परीक्षण, न्यायाधिकरणाच्या निर्णयाकरिता दाव्याची सर्वांगीण मांडणी-सुनावणी | trial. |
| **विचारक** | वि., पुं. | 1. विचार करनेवाला, चिन्तन-मनन करनेवाला; | विचार करणारा, चिंतन करणारा ; | thinker; |
| | | 2. न्यायकर्ता । | न्यायकर्ता | judge. |
| **विचारगोष्ठी** | स्त्री. | विद्वानों या विशेषज्ञों की वह गोष्ठी जो किसी विशिष्ट विषय पर विचार करने के लिए बुलाई गई हो । | परिसंवाद | seminar. |
| **विचारणा** | स्त्री. | 1. विचार करने की क्रिया या भाव; | विचार करण्याची क्रिया; | thinking, deliberation; |
| | | 2. सोची-विचारी हुई बात; | विचार करून झालेले मत; | view, opinion; |
| | | 3. कोई काम करने से पहले यह सोचना कि यह काम करना चाहिए या नहीं अथवा हम से हो सकेगा या नहीं । | साशंकता, अमुक काम आपण केले पाहिजे की नाही किंवा आपल्याकडून होऊ शकेल की नाही अशी मनाची अवस्था | hesitation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विचारणीय** | वि. | 1. जिस पर विचार करना उचित हो या विचार किया जाने को हो, चिंत्य; | विचार करण्याजोगा; | needing consideration or deliberation; |
| | | 2. संदिग्ध । | शंकास्पद | doubtful. |
| **विचारधारा** | स्त्री. | विचारों का प्रवाह, सिद्धांत । | विचार प्रणाली | ideology. |
| **विचारना** | अ. क्रि. | 1. विचार करना, सोचना-समझना, गौर करना; | विचार करणे, चिंतन करणे; | to think, deliberate; |
| | | 2. जानने के लिए किसी से कुछ पूछना । | शोध करणे, चौकशी करणे | to investigate, enquire. |
| **विचारवान** | वि. | सोचने-विचारनेवाला, विचारशील । | विचारवंत | one who thinks or deliberates, thoughtful, considerate. |
| **विचारशील** | वि. | जिसमें किसी विषय पर अच्छी तरह सोचने या विचारने की शक्ति हो । | विचारशील, चिंतनशील, चिंतन करण्याची सवय असलेला, –स्वभाव असलेला, समजूतदार | disposed to deliberation or reflection, considerate, deliberative, reflective, thoughtful. |
| **विचारशीलता** | स्त्री. | विचारशील होने की अवस्था या भाव । | विचारशीलता, चिंतनशीलता, मननशीलता | thoughtfulness, deliberativeness, reflection. |
| **विचाराधीन** | वि. | 1. (बात या विषय) जिस पर अभी विचार हो रहा हो; | विचाराधीन, विचारात असलेला; | under consideration; |
| | | 2. जिसके संबंध में न्यायालय में अभी मुकदमा चल रहा हो, न्यायाधीन । | न्यायालयात गेलेला | sub-judice. |
| **विचित्र** | वि. | 1. अजीब, अनोखा; | विचित्र, वेगळाच, निराळाच; | unusual, strange; |
| | | 2. असाधारण, विलक्षण और नया; | एरवीपेक्षा भलताच; | peculiar, queer; |
| | | 3. मन में कुतूहल उत्पन्न करनेवाला; | चमत्कारपूर्ण, विलक्षण; | curious, wonderful; |
| | | 4. चकित या विस्मित करनेवाला । | आश्चर्यजनक, विस्मयकारक | surprising. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विचित्रता** | स्त्री. | 1. विचित्र होने की अवस्था या भाव, अनोखापन, अजीबपन; | विचित्रता, चमत्कारीकपणा, वेगळेपणा; | unusualness, strangeness, wonderfulness; |
| | | 2. विलक्षणता, असाधारणता । | विलक्षणपणा, विशेषता | peculiarity. |
| **विच्छिन्न** | वि. | 1. जो काट या छेदकर अलग कर दिया गया हो; | विच्छिन्न, तोडला गेलेला, तोडून बाजूला केला गेलेला; | cut off or split; |
| | | 2. जिसका अपने मूल अंग के साथ कोई संबंध न रह गया हो; | छिन्न-भिन्न; | torn asunder; |
| | | 3. अलग, जुदा; | भिन्न, वेगळा, स्वतंत्र; | separate; |
| | | 4. जिसका अंत हो चुका हो या कर दिया गया हो । | नष्ट-नाश-केला गेलेला | ceased, ended. |
| **विच्छेद** | पुं. | 1. काट या छेदकर अलग करने की क्रिया; | विच्छेद, तोडून अलग करण्याची क्रिया; | cutting, splitting; |
| | | 2. खंडित या अलग होना, संबंध न रह जाना, भग्न होना; | भग्नता; | brokenness, break; |
| | | 3. अलगाव, पार्थक्य; | पृथकता, वेगळेपणा; | separation; |
| | | 4. नाश, बरबादी । | नाश | cessation, end. |
| **विछोह** | पुं. | ऐसी अवस्था जिसमें प्रिय के विदेश चले जाने पर उससे संयोग न होता हो, वियोग । | वियोग, विरह | separation. |
| **विजन** | वि. | 1. सुनसान, एकांत; | जनशून्य, एकांताचा; | desolate; |
| | | 2. निर्जन, गैर-आबाद । | निर्जन, बिनवस्तीचा | uninhabited. |
| **विजनता** | स्त्री. | 1. एकांतता; | एकांत अवस्था, एकाकीपणा; | solitude, loneliness; |
| | | 2. निर्जनता । | निर्जनता | absence of inhabitation, wilderness. |
| **विजय** | स्त्री. | 1. शत्रु या प्रतिस्पर्धी को हराने पर होनेवाली जीत; | विजय, जय, जीत; | victory, conquest; |
| | | 2. सफलता, कामयाबी । | यश, सफलता | success. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विजय-पताका | स्त्री. | जीत के समय फहराई जाने-वाली सेना की पताका । | विजय होताच फडकविला जाणारा झेंडा | triumphal flag. |
| विजयश्री | स्त्री. | विजय की अधिष्ठात्री देवी, जिसकी कृपा पर विजय निर्भर मानी जाती है, विजय-लक्ष्मी । | विजयश्री, जयश्री | the goddess of victory. |
| विजया | स्त्री. | भांग, भंग । | भांग | hemp, cannabis sativa. |
| विजया-दशमी | स्त्री. | आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी जो हिन्दुओं का बहुत बड़ा त्योहार मानी जाती है । | विजयादशमी, दसरा | famous Dussehra festival of Hindus which falls on the tenth day of the bright half of Asvina. |
| विजयी | वि. | 1. जीतनेवाला, विजय प्राप्त करनेवाला;<br>2. सफलता प्राप्त करने-वाला । | विजयी, जय प्राप्त करणारा;<br>यशस्वी | conquering, victorious;<br>successful. |
| विजाति | स्त्री. | दूसरी या भिन्न जाति । | भिन्न जात | different caste or tribe or kind. |
| विजातीय | वि. | भिन्न जाति का, पराई जाति का । | विजातीय, भिन्न जातीचा | of different caste or tribe or kind. |
| विजिगीषा | स्त्री. | विजय पाने की इच्छा । | जिंकण्याचीइच्छा | desire to conquer. |
| विजित | वि. | जिस पर विजय पाई गई हो, जिसे जीता गया हो । | जिंकला गेलेला | conquered, defeated. |
| विजेता | पुं. | जीतनेवाला, विजयी । | जिंकणारा, जेता | conqueror, victor. |
| विज्ञ | वि. | किसी विषय का बहुत बड़ा जानकार, विद्वान, विशेषज्ञ । | तज्ञ, विशेषज्ञ, अमुक विषयातील जाणकार | proficient in or conversant with any particular subject, expert. |
| विज्ञप्ति | स्त्री. | किसी अधिकारी या उसके कार्यालय की ओर से निकलने- | विज्ञप्ती, एखाद्या शासकीय अधिकाऱ्याकडून किंवा त्याच्या | notice, communique. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | किसी बात या विषय का स्पष्टीकरण हो । | कचेरीतून निघालेला सुचनायुक्त पत्रक | |
| विज्ञात | वि. | 1. जाना हुआ, समझा हुआ; | जाणलेला, समजलेला, लक्षात आलेला; | known, understood, perceived; |
| | | 2. प्रसिद्ध, मशहूर । | विख्यात, सर्वांना माहीत असलेला | well-known, celebrated, famous. |
| विज्ञान | पुं. | 1. आविष्कृत सत्यों तथा प्राकृतिक नियमों पर आधारित क्रमबद्ध तथा व्यवस्थित ज्ञान; | विज्ञान, शास्त्रज्ञान; | science; |
| | | 2. ज्ञान, जानकारी । | ज्ञान, माहिती | knowledge. |
| विज्ञानी | वि. | ज्ञानी, वैज्ञानिक । | ज्ञानवान, शास्त्रीय ज्ञान असणारा | having knowledge, scientist. |
| विज्ञापक | वि. | दूसरों को जानकरी देनेवाला । | ज्ञान देणारा, माहिती देणारा | one or what makes known. |
| | पुं. | समाचारपत्रों आदि में विज्ञापन छपानेवाला, विज्ञापनदाता । | जाहिरातदार | advertiser. |
| विज्ञापन | पुं. | 1. प्रचार, बिक्री, लोगों की जानकारी आदि के लिए किसी बात या वस्तु के संबंध में पत्रों आदि में प्रकाशित कराई जानेवाली सूचना; | विज्ञापन, जाहिरात; | advertisement; |
| | | 2. प्रचार आदि के उद्देश्य से बांटा जानेवाला सूचना-पत्र, इश्तहार; | जाहिरात पत्रिका; | handbill; |
| | | 3. सब लोगों को कोई बात जतलाने या बतलाने की क्रिया या भाव, जानकारी कराना, सूचित करना । | जाहीर घोषणा | announcement. |
| विज्ञापित | वि. | 1. जिसके संबंध में विज्ञापन प्रकाशित हो चुका हो; | जाहिरात केलेला; | advertised; |
| | | 2. जिसकी सूचना दी जा चुकी हो या जो बतलाया जा चुका हो । | जाहीर केलेला | informed, made known. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विटप | पुं. | पेड़, वृक्ष । | वृक्ष | tree |
| विडंबना | स्त्री. | 1. वह हंसी-मजाक जो किसी को चिढ़ाने या अपमानित करने के लिए किया जाए, क्रूर परिहास; | विडंबना; | mockery, scoff, vexation; |
| | | 2. असंगति । | विसंगतीयुक्त कथन | anomaly. |
| वितंडा | पुं. | 1. छिद्रान्वेषण के विचार से की जानेवाली आपत्ति, आलोचना, विरोध, निरर्थक दलील; | वितंडवाद, निरर्थक वादावादी; | cavil, captious, objection, hypercriticism; |
| | | 2. दूसरे के पक्ष को दबाते हुए अपने मत की स्थापना करना; | आपलेच खरे असा अट्टाहस करण्याचा, प्रयत्न; | assertion of one's own point; |
| | | 3. व्यर्थ की कहा-सुनी, झगड़ा । | निरर्थक बोलाचाली, —झगडा | wrangling. |
| वितंडावाद | पुं. | निरर्थक दलील का सहारा लेना । | निरर्थक युक्तिवाद | dependence upon cavil or hypercriticism. |
| वितरक | पुं. | वितरण करनेवाला, बाँटने-वाला, वह व्यक्ति या संस्था जो किसी उत्पादक संस्था की वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबन्ध करती हो । | वितरक, वाटून देणारा, घाऊक व्यापारी | distributor. |
| वितरण | पुं. | 1. बाँटना; | वितरण, वाटणी; | distribution; |
| | | 2. राशि की अदायगी; | रकमेचा खर्च; | disbursement; |
| | | 3. भुगतान । | नेऊन पोचता करण्याची व्यवस्था | delivery. |
| वितरित | वि. | 1. जिसका वितरण किया गया हो, बाँटा हुआ; | वाटलेला; | distributed; |
| | | 2. जिसकी अदायगी हो गई हो, भुगतान किया हुआ; | सर्व देऊन टाकलेला; | disbursed; |
| | | 3. सुपुर्द किया हुआ, दिया हुआ । | नेऊन पोचता केलेला | delivered. |
| वितर्क | पुं. | 1. किसी के तर्क का खंडन करने के लिए उसके विपरीत उपस्थित किया जानेवाला तर्क; | तर्काचे खंडन करणारा युक्तिवाद; | counter-argument; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. असमंजस की स्थिति, सन्देह । | शंकास्पद अवस्था, संदेहावस्था | state of uncertainty. |
| वितान | पुं. | 1. फैलाव, विस्तार; | विस्तार, फैलाव; | expansion, extension; |
| | | 2. ऊपर से फैलाई जाने वाली चादर, चँदोवा; | चांदवा; | canopy; |
| | | 3. शून्य स्थान, खाली जगह । | शून्य स्थान, पोकळी | vacuum, empty space. |
| वितृष्णा | स्त्री. | विरक्ति, घृणा, अरुचि । | तिटकारा, घृणा, नावड | disinclination, aversion, indifference. |
| वित्त | पुं. | 1. धन, संपत्ति; | वित्त, संपत्ती; | wealth, property; |
| | | 2. राज्य, संस्था आदि के आय-व्यय आदि की मद या विभाग और उसकी व्यवस्था । | अर्थ, राज्याचे वा संस्थेचे जमाखर्चखाते व त्याची व्यवस्था | finance. |
| वित्तीय | वि. | वित्त संबंधी, वित्त का । | आर्थिक, अर्थ विषयक | financial. |
| वित्तीय वर्ष | पुं. | किसी देश की वित्तीय व्यवस्था की दृष्टि से नियत किया हुआ बारह महीनों का समय या वर्ष । | आर्थिक वर्ष | financial year. |
| विदग्ध | वि. | 1. जिसने किसी विषय का अच्छा या पूरा ज्ञान प्राप्त कर लिया हो, पंडित, विद्वान; | विदग्ध, विद्वान; | learned; |
| | | 2. चतुर, निपुण, नागर; | कुशल निपुण; | skilled; |
| | | 3. जला हुआ । | जळलेला | burnt. |
| विदग्धता | स्त्री. | 1. विद्वता, पांडित्य; | विद्वता; | learnedness; |
| | | 2. निपुणता, कुशलता । | कुशलता, नैपुण्य | skill. |
| विदा | स्त्री. | 1. रवाना होना, प्रस्थान; | निघणे, सोडून जाणे, प्रस्थान; | parting; |
| | | 2. कहीं से चलने के लिए मिली हुई अनुमति । | निरोप, निघताना घ्यावयाची वा घेतलेली संमती | permission to leave. |
| विदाई | स्त्री. | 1. विदा होने की क्रिया या भाव, प्रस्थान; | निघण्याची-सोडून जाण्याची-क्रिया; | act of parting, leaving; |
| | | 2. विदा होने के लिए मिली हुई अनुमति; | निघताना घ्यावयाचा किंवा द्यावयाचा निरोप; | permission to part or leave; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. विदा होने के समय मिलनेवाला उपहार या धन; | निघताना मिळालेला आहेर; | gift or money received at the time of parting; |
| | | 4. किसी के विदा होने के समय उसके प्रति शुभ कामना प्रकट करने आदि के लिए लोगों का एकत्र होना । | निरोप देतांना शुभकामना प्रकट करण्याकरिता एकत्र येणे | farewell. |
| विदारक | वि. | विदारण करनेवाला, विदीर्ण करनेवाला, फाड़नेवाला । | विदारक, फाडणारा, त्रिदीर्ण करणारा | tearer. |
| विदारण | पुं. | फाड़ना | फाडण्याची क्रिया | tearing. |
| विदित | वि. | जाना हुआ, अवगत । | माहीत, ठाऊक | known, learnt. |
| विदीर्ण | वि. | 1. जिसे फाड़ा गया हो;<br>2. टूटा या तोड़ा हुआ । | फाटलेला;<br>भग्न झालेला | torn;<br>broken. |
| विदुषी | स्त्री. | विद्वान् स्त्री । | विद्वान स्त्री, विदुषी | wise or learned woman. |
| विदूषक | पुं. | 1. अपने वेष, चेष्टा, बातचीत आदि से अथवा ढोंग रचकर और दूसरों की नकल उतारकर लोगों को हंसानेवाला, मसख़रा; | विदूषक, गमत्या माणूस; | jester, buffoon; |
| | | 2. प्राय: नाटकों में इस प्रकार का एक पात्र जो नायक का अंतरंग मित्र या सखा होता है तथा जिसकी सूरत-शक्ल, हावभाव, बातें आदि सबको हंसाने वाली होती हैं । | संस्कृत नाटकातील नायकाचा जवळचा विश्वासू गमत्या मित्र | (in the drama) the jocose companion and confidential friend of the principal character or hero of the play. |
| विदेश | पुं. | स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश । | परदेश | foreign country, another country. |
| विदेशनीति | स्त्री. | दूसरे देशों की सरकारों से स्थापित किए जानेवाले | परराष्ट्रनीती | foreign policy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | राजनयिक संबंधों से संबंधित नीति, परराष्ट्र नीति । | | |
| विदेशी | वि. | 1. दूसरे देश का; | परदेशी, परदेशाचा; | of another country; |
| | | 2. विदेश में बननेवाला । | परदेशात तयार झालेला | foreign made. |
| | पुं. | विदेश अर्थात् दूसरे देश का निवासी । | परदेशी मनुष्य | foreigner. |
| विदेह | वि. | 1. देहरहित, शरीर से रहित; | देहरहित; | without body, bodiless, incorporeal; |
| | | 2. शारीरिक चिंताओं आदि से रहित; | शारीरिक चिंता नसलेला; | free from bodily anxieties; |
| | | 3. सांसारिक बातों से विरक्त । | सांसारिक गोष्टीपासून अलिप्त-विरक्त | averse to or free from worldly affairs. |
| विद् | वि. | जाननेवाला, ज्ञाता (समास में) । | जाणणारा | knowing, conversant with. |
| विद्ध | वि. | 1. छेदा हुआ, बेधा हुआ; | विद्ध, भोक पाडलेला, छेदलेला; | pierced, penetrated; |
| | | 2. घायल । | जखमी | injured, wounded. |
| विद्यमान | वि. | 1. जो अस्तित्व में हो, वर्तमान; | विद्यमान, अस्तित्व असलेला, अस्तित्वात असलेला; | being in existence, existent; |
| | | 2. उपस्थित, मौजूद । | उपस्थित, हजर | present. |
| विद्यमानता | स्त्री. | 1. अस्तित्व; | अस्तित्व; | existence; |
| | | 2. उपस्थिति । | उपस्थिती, हजेरी | presence. |
| विद्या | स्त्री. | 1. ज्ञान, इल्म; | विद्या, ज्ञान; | knowledge, learning; |
| | | 2. शिक्षा; | शिक्षण; | education; |
| | | 3. किसी तथ्य या विषय का व्यवस्थित ज्ञान, विज्ञान; | विज्ञान; | science; |
| | | 4. चातुर्ययुक्त ज्ञान, कौशल । | कला, कौशल्य | skill. |
| विद्यादान | पुं. | किसी को विद्या देना या सिखाना । | विद्यादान, विद्या शिकविणे | the imparting of knowledge, teaching. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विद्यापीठ | पुं. | 1. शिक्षा का बड़ा और प्रमुख केन्द्र; | विद्यापीठ, मोठे विद्यास्थान; | great centre of education, seat of learning; |
| | | 2. ऐसा विद्यालय जिसमें ऊंचे दरजे की शिक्षा दी जाती हो, महाविद्यालय । | महाविद्यालय | college. |
| विद्याभ्यास | पुं. | विद्याध्ययन, अध्ययन । | विद्याभ्यास, अध्ययन | practice or pursuit of learning. |
| विद्यारंभ | पुं. | बालक को विद्या की पढ़ाई आरम्भ कराने का संस्कार । | (मुलाचा) शिक्षणाचा प्रारंभ | introduction of child to learning. |
| विद्यार्जन | पुं. | विद्या की प्राप्ति, अध्ययन । | विद्यार्जन, विद्या मिळविणे | acquisition of knowledge, pursuit of learning, study. |
| विद्यार्थी | पुं. | 1. विद्या पढ़नेवाला, शिक्षा-संस्था में अध्ययन करने-वाला, छात्र, शिष्य; | विद्यार्थी, विद्याभ्यासी, छात्र; | student, pupil; |
| | | 2. वह व्यक्ति जो सदा कुछ न कुछ और किसी न किसी विषय में जानने-सीखने को लालायित तथा प्रयत्नशील रहता है । | सदा विद्येच्या मागे असणारा, ज्ञानेच्छू | studious, scholar. |
| | वि. | विद्या प्राप्ति का इच्छुक । | शिकण्याविषयी आतुर,-इच्छुक | eager to learn. |
| विद्यालय | पुं. | ऐसी शिक्षण संस्था जिसमें नियमित रूप से विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है । | विद्यालय, शाळा | school. |
| विद्युत | स्त्री. | बिजली । | वीज | lightning, electricity. |
| विद्रुम | पुं. | 1. प्रवाल, मूंगा; | प्रवाळ; | coral; |
| | | 2. वृक्षों का नया पत्ता, कोंपल । | कोंभ, अंकुर | young sprout or shoot. |
| विद्रुप | वि. | विरूप, कुरूप, बदसूरत । | विद्रूप, कुरूप | disfigured, ugly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विद्रोह** | पुं. | राज्य या शासन के प्रति अविश्वास या दुर्भाव उत्पन्न होने पर उसकी आज्ञा, विधान आदि के विरुद्ध किया जानेवाला आचरण और व्यवहार, देश या राज्य में क्रांति के लिए किया जानेवाला उपद्रव । | बंड | rebellion, revolt. |
| **विद्रोही** | वि. | 1. विद्रोह संबंधी; | बंडासंबंधीचा; | relating to rebellion; |
| | | 2. विद्रोह के रूप में होनेवाला । | बंडखोर | rebellious. |
| | पुं. | विद्रोह करनेवाला । | बंडखोर | rebel. |
| **विद्वत्ता** | स्त्री. | पांडित्य । | विद्वत्ता | scholarship, learning. |
| **विद्वान्** | वि., पुं. | जिसने अनेक प्रकार की विद्याएं अच्छी तरह पढ़ी हों, पंडित, ज्ञानी । | विद्वान, पंडित | scholar, learned. |
| **विद्वेष** | पुं. | 1. विशेष रूप से किया जानेवाला द्वेष; | वैर, वैमनस्य; | hostility; |
| | | 2. मनोमालिन्य के कारण मन में रहनेवाला वह द्वेष या बैर जिसके फलस्वरूप किसी को नीचा दिखाने या हानि पहुंचाने का प्रयास किया जाता है; | द्वेष, डंख; | spite; |
| | | 3. शत्रुता, दुश्मनी । | शत्रुत्व | enmity. |
| **विद्वेषी** | वि. | मन में किसी के प्रति विद्वेष रखनेवाला, विद्वेष करनेवाला । | वैर करणारा, द्वेष करणारा | hostile, inimical. |
| | पुं. | शत्रु । | शत्रू | enemy. |
| **विधर्म** | पुं. | 1. किसी की दृष्टि से उसके धर्म से भिन्न धर्म, पराया धर्म; | परधर्म; | different religion; |
| | | 2. धर्मशास्त्र के विरुद्ध मत या सिद्धांत, अपधर्म । | धर्मशास्त्रा विरुद्ध मंत | irreligion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विधर्मी** | वि., पुं. | 1. अपने धर्म के विपरीत आचरण करनेवाला, धर्मभ्रष्ट; | स्वधर्मा विरुद्ध आचार करणारा, धर्मभ्रष्ट; | irreligious; |
| | | 2. जो किसी दूसरे धर्म का अनुयायी हो; | परधर्म स्वीकारलेला; | who follows some different religion; |
| | | 3. अपना धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अंगीकृत करनेवाला, धर्मपरिवर्तन करनेवाला । | धर्मांतर केलेला पुरुष | one who adopts some other religion, convert. |
| **विधवा** | स्त्री. | वह स्त्री जिसका धव अर्थात पति मर गया हो, पतिहीन, बेवा, रांड । | विधवा | widow. |
| **विधवाश्रम** | पुं. | वह स्थान जहां अनाथ विधवाओं को रखकर उनका पालन-पोषण किया जाता हो । | अनाथ विधवाश्रम | place for widows where they are looked after. |
| **विधा** | स्त्री. | 1. ढंग, तरीका, रीति; | त-हा, रीत; | mode, manner, |
| | | 2. शैली; | शैली; | style; |
| | | 3. प्रकार, रूप । | प्रकार, आकार | kind, form. |
| **विधाता** | पुं. | सृष्टि का रचयिता, स्रष्टा, ब्रह्मा । | विधाता, ब्रह्मा | creator, Brahma. |
| | वि. | 1. रचनेवाला, बनानेवाला; | बनविणारा, रचणारा; | maker; |
| | | 2. विधान करनेवाला; | कायदा बनविणारा; | legislator, law maker; |
| | | 3. प्रबंध करनेवाला, व्यवस्था करनेवाला । | व्यवस्थापक, प्रबंधक | arranger. |
| **विधान** | पुं. | 1. राज्य या शासन के द्वारा जारी किया हुआ कोई कानून जिसमें किसी विषय की विधि और निषेध से संबंध रखनेवाली सभी बातें धाराओं के रूप में लिखी रहती हैं, कानून, विधि; | विधान, कायदा, अधिनियम; | law, regulation; |
| | | 2. प्रबंध, व्यवस्था; | प्रबंध, व्यवस्था; | arrangement; |
| | | 3. बनाना, निर्माण, रचना; | बनविण्याची-रचण्याची क्रिया; | making, doing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी चीज या बात का किया जानेवाला उपयोग, प्रयोग या व्यवहार; | वापर, प्रयोग; | use, application; |
| | | 5. ढंग, प्रणाली या रीति; | रीत, तऱ्हा; | manner, mode; |
| | | 6. बतलाई हुई रीति, प्रणाली या ढंग; | घालून दिलेली रीत; | prescribed manner, mode; |
| | | 7. कायदा, नियम । | नियमावली, कायदेकानून | mode, rule. |
| विधान-परिषद् | स्त्री. | राज्य की विधान सभा से भिन्न दूसरी बड़ी विधि-निर्मात्री सभा जिसका चुनाव परोक्ष रीति से होता है । | विधान परिषद | legislative council. |
| विधान-मंडल | पुं. | राज्य के संबंध में विधान बनानेवाले दोनों अंगों का सामूहिक नाम और रूप । | कायदेमंडळ | legislature. |
| विधान-सभा | स्त्री. | किसी देश या राज्य की वह सभा या संस्था, विशेषत: निर्वाचित प्रतिनिधियों की सभा या संस्था जिसे कानून या विधान बनाने का अधिकार होता है । | विधान सभा | legislative assembly. |
| विधानांग | पुं: | देखें – 'विधान-मंडल' । | 'विधान मंडल' पाहा | see 'विधान-मंडल' |
| विधायक | वि. | 1. कार्य का संपादन करनेवाला; | कार्य करणारा, कार्याची पूर्तता करणारा; | performing, disposing; |
| | | 2. निर्माण या रचना करनेवाला; | रचना करणारा, निर्माण करणारा; | doing, making, performing; |
| | | 3. रचनात्मक | विधायक, रचनात्मक; | constructive; |
| | | 4. प्रबंध या व्यवस्था करनेवाला; | व्यवस्था करणारा; | arranging, managing; |
| | | 5. विधान करनेवाला, ढंग या रीति बतलानेवाला, निर्धारण करनेवाला, विहित करनेवाला । | नियम वा कायदा घालून देणारा | establishing a rule or law. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | पुं. | विधान-सभा (या विधान-परिषद्) का सदस्य । | कोणत्याही विधानमंडळाचा सभासद | member of legislative assembly (legislative council.) |
| विधायिका | स्त्री. | विधान निर्मात्री संस्था । | विधान/घटना/वर्नविणारी सभा, घटना समिती | constituent assembly. |
| विधायी | वि. | 1. विधान निर्माण से संबंधित; | विधीशी या नियमाशी संबंधित; | relating to an injunction; |
| | | 2. विहित करनेवाला, विधान करनेवाला । | कार्य करणारा, अमलात आणणारा | performing, accomplishing. |
| विधि | पुं. | सृष्टि का रचयिता, ब्रह्मा। | विधी, ब्रह्मा, सृष्टिकर्ता | the creator, lord Brahma. |
| | स्त्री. | 1. कार्य करने का ढंग, रीति, प्रक्रिया, प्रणाली; | विधी, रीत, प्रणाली, प्रक्रिया; | manner, method, process, law; |
| | | 2. शास्त्रसम्मत व्यवस्था; | कायदा; | law; |
| | | 3. धर्मग्रंथ या शास्त्र द्वारा निश्चित कर्तव्य निर्देश । | धार्मिक आचारप्रचार-विधी | religious act or ceremony, rite, ceremony. |
| विधिक | वि. | 1. विधि-संबंधी; | विधिविषयक, कायद्या संबंधीचा; | pertaining to law; |
| | | 2. विधि के रूप में होनेवाला; | विधीच्या रुपाने लागू होणारा; | applicable in the form of law; |
| | | 3. (कार्य) जिसे करने में कोई कानूनी अड़चन न हो; | विधीला-कायद्याला धरून असणारा, कायद्यात बसणारा; | legal (act); |
| | | 4. जो विधि के अनुसार न्यायसंगत हो । | कायद्याला अनुसरून असलेला, कायदेशीर | legal, in accordance with law. |
| विधि-निषेध | पुं. | कोई काम करने या न करने का शास्त्रीय निर्देश । | विधी आणि निषेध, अमुक करावे आणि अमुक करू नये असा शास्त्रदंडक | do's and don'ts. |
| विधिपूर्वक | क्रि. वि. | नियमानुसार । | नियमानुसार | according to rule, duly. |
| विधिमान्य | वि. | विधि या नियम के अनुसार स्वीकार्य, विधिसम्मत जिसमें सभी औपचारिकताओं का ठीक से पालन किया गया हो । | कायदा संमत | lawful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विधिवत् | क्रि. वि. | 1. विधिपूर्वक, विधितः, नियमानुसार; | विधिवत्, शास्त्रानुसार, कायद्याप्रमाणे; | according to law, in conformity to prescribed rules,in due form; |
| | | 2. जिस प्रकार होना चाहिए उसी प्रकार, यथोचित । | यथोचित, योग्य प्रकारे | duly, methodically. |
| विधु | पुं. | चंद्रमा । | चंद्र | moon. |
| विधुर | पुं. | वह पुरुष जिसकी स्त्री मर चुकी हो, रंडुआ । | पत्नी मृत झालेला पुरुष | widower. |
| विधेय | पुं. | व्याकरण में वह पद या वाक्यांश जिसके द्वारा किसी के संबंध में कुछ विधान किया अर्थात् कहा या बतलाया जाता है । | (व्याक.) वाक्यात कर्त्यासंबंधी सांगणारा बाकीचा वाक्यांश | (gram.) predicate. |
| | वि. | 1. जिसके संबंध में विधान किया जाने को हो, जिसके संबंध में कुछ कहा या बतलाया जाने को हो, जिसके संबंध में निर्धारित किया जाने को हो; | ज्यासंबंधी कायदा व्हावयाचा आहे, ज्यासंबंधी काही मत प्रदर्शित व्हावयाचे किंवा निर्णय व्हावयाचा आहे असा (विषय); | to be legislated; |
| | | 2. जिसको करना हो, जो संपन्न किया जाने को हो । | जे केले पाहिजे असे- कर्तव्य असे (कर्म) | to be done as duty. |
| विधेयक | पुं. | किसी कानून या विधान का वह प्रस्तावित रूप या मसौदा जो विधान निर्मात्री सभा के सामने विचारार्थ उपस्थित किया जाने को हो । | विधेयक, कायद्याचा मसुदा (जो विधान मंडळापुढे ठेवावयाचा तो) | bill. |
| विध्वंस | पुं. | विनाश, नाश, बरबादी । | विध्वंस | devastation, ruin, destruction. |
| विध्वंसक | वि. | विध्वंस या नाश करनेवाला, विनाशक । | विध्वंसक, विनाशक | one who or which spells devastation. |
| | पुं. | एक प्रकार का विनाशक पोत | विध्वंस करणारी बोट | destroyer. |
| विध्वस्त | वि. | नष्ट किया हुआ, बरबाद किया हुआ, विनष्ट । | नष्ट केलेला, बरबाद केलेला-झालेला | ruined, destroyed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विनत | वि. | 1. जिसने किसी के सामने मस्तक या सिर झुका रखा हो, नतमस्तक; | नमलेला, झुकलेला; | bent down, bowed; |
| | | 2. विनीत, नम्र; | नम्र, विनीत; | humble, modest; |
| | | 3. नीचे की ओर प्रवृत्त, रुका हुआ । | खाली वाकलेल | inclined, sunk down, bent, crooked, curved, depressed. |
| विनती | स्त्री. | विनीत भाव से की जानेवाली प्रार्थना, अनुनय-विनय । | विनंती | request, entreaty. |
| विनम्र | वि. | 1. विशेष रूप से नम्र, विनीत; | अतिशय नम्र; | modest, humble; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट । | सौजन्यपूर्ण | courteous, submissive. |
| विनम्रता | स्त्री. | 1. विनम्र होने की अवस्था या भाव; | नम्र असण्याची स्थिती-स्वभाव; | humbleness, meekness; |
| | | 2. सुशीलता, शिष्टता । | सौजन्य, शिष्टता | courtesy, modesty |
| विनय | स्त्री. | 1. आचार, व्यवहार आदि में रहनेवाली नम्रता और सौजन्य; | शिष्ट व्यवहार, नम्र/सौजन्य/युक्त आचार; | polite conduct, gentleman-like bearing, good breeding or manners; |
| | | 2. नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना, विनती । | नम्रतापूर्वक केलेली विनंती | modesty, humility; |
| विनष्ट | वि. | 1. जो पूरी तरह नष्ट हो चुका हो या नष्ट किया जा चुका हो, बरबाद; | संपूर्णपणे उध्वस्त, बरबाद, नष्ट; | utterly lost or ruined, perished; |
| | | 2. बिगड़ा हुआ, विकृत; | विकृत, बिघडलेला; | spoilt, disfigured; |
| | | 3. भ्रष्ट आचरणवाला, पतित । | पतित, भ्रष्ट | fallen, depraved, corrupted. |
| विनाश | पुं. | 1. नाश, ध्वंस; | विनाश सर्वनाश, ध्वंस; | destruction, ruin; |
| | | 2. दुर्दशा; | दुर्दशा; | bad condition; |
| | | 3. हानि, नुकसान; | बरबादी, परांकाष्ठेची हानी; | utter loss, annihilation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. घोर विपत्ति या संकट, अनर्थ; | अनर्थ; | calamity; |
| | | 5. खराबी, विकार । | बिघाड, विकार | breakdown, defect. |
| विनाशक | वि. | 1. नाश करनेवाला, विध्वंसक; | विनाशक, नाश करणारा, | annihilating, destroyer; |
| | | 2. बिगाड़नेवाला, विकृत करनेवाला; | बिघाड करणारा, बिघडवून टाकणारा; | destroying, ruinous; |
| | | 3. (धन आदि) बरबाद करनेवाला । | (पैसा) उधळून टाकणारा, नष्ट करणारा | extravagant.. |
| विनिमय | पुं. | 1. एक वस्तु लेकर उसके बदले में दूसरी वस्तु देना, वस्तुओं की अदला-बदली; | विनियम, वस्तूंची देवघेव; | barter; |
| | | 2. आदान-प्रदान । | देणे-घेणे | exchange. |
| विनियंत्रण | पुं. | शासन द्वारा किसी चीज की बिक्री, मूल्य आदि पर लगाए गए नियंत्रण का हटाया जाना, नियंत्रणरहित करना । | शासनाने नियंत्रण काढण्याची क्रिया किंवा स्थिती | decontrol. |
| विनियम | पुं. | कोई ऐसा विशिष्ट नियम जो किसी नए निश्चय या आदेश के अनुसार बनाया गया हो । | विशिष्ट नियम | regulation. |
| विनियमन | पुं. | 1. विनियम बनाने की क्रिया या भाव; | विशिष्ट नियम करण्याची क्रिया· | to regulate; |
| | | 2. ऐसी व्यवस्था करना जिससे कोई काम या बात ठीक ढंग से और नियमित रूप में होती रहे । | बरोबर सुरळीतपणे काम चालेल अशी व्यवस्था करण्याची क्रिया | to process in a smooth way |
| विनियुक्त | वि. | किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में लगाया हुआ (धन या पूंजी) । | विशेष कामी घातलेला (पैसा) | invested, appropriated. |
| विनियोक्ता | पुं. | किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में धन या पूंजी लगानेवाला । | विशेष कामी पैसा घालणारा धनिक | investor, appropriator. |
| विनियोग | पुं. | 1. व्यापार में पूंजी लगाना; | भांडवल गुंतवणूक; | investment, apportionment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विशिष्ट उद्देश्य, प्रयोजन आदि के निमित्त संपत्ति आदि किसी दूसरे को देना; | पैसा दुसऱ्याकडे काही विशिष्ट उद्दिष्टा करिता वा निमित्ताने सोपविणे-देणे; | distribution, division; |
| | | 3. फलप्राप्ति के उद्देश्य से किसी वस्तु का होनेवाला उपयोग । | वापर | use, application, employment. |
| विनिर्माण | पुं. | शारीरिक श्रम या यंत्रों द्वारा वस्तुओं का बड़े पैमाने पर किया जानेवाला निर्माण या उत्पादन । | मोठ्या प्रमाणावर होणारे उत्पादन | manufacture, manufacturing. |
| विनिर्माता | पुं. | विनिर्माण करनेवाला । | उत्पादक, कारखानदार | manufacturer. |
| विनीत | वि. | 1. जिसमें विनय हो, विनय से युक्त, विनयी, नम्र; | विनीत, नम्र, विनयशील; | modest, humble, meek; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट; | सौजन्ययुक्त, सुशील; | decent, refined; |
| | | 3. नम्रतापूर्वक किया जानेवाला । | नम्रपणे केलेला | plain, simple. |
| विनोद | पुं. | 1. मन-बहलाव, मनोरंजन; | विनोद, करमणूक, मनोविनोद; | amusement; |
| | | 2. हंसी-ठट्ठा । | थट्टा, गंमत | humour, wit. |
| विनोदी | वि. | 1. विनोद-संबंधी; | मन रमविणारा; | amusing; |
| | | 2. विनोदप्रिय, विनोदशील; | थट्टेखोर, विनोदी; | jovial, humourous; |
| | | 3. हंसी-दिल्लगी करनेवाला, हंसोड़ । | हसविणारा, गमत्या | witty, jolly. |
| विन्यस्त | वि. | 1. रखा हुआ, स्थापित; | ठेवलेला; | put or placed down; |
| | | 2. क्रम से सजाकर रखा हुआ; | व्यवस्थितपणे मांडलेला; | marshalled, set in order; |
| | | 3. अच्छी-तरह जोड़ा, बैठाया या लगाया हुआ । | चांगल्यारीतीने जोडलेला/बसविलेला/लावलेला | fixed, arranged. |
| विन्यास | पुं. | 1. कोई चीज कहीं स्थापित करना, जमाकर रखना; | ठेवण्याची क्रिया; | putting down, placing, laying down; |
| | | 2. सजाने-संवारने, ठीक स्थान पर रखने तथा ठीक क्रम से लगाने की क्रिया या भाव । | व्यवस्थित मांडणी, जुळवणी | arrangement, adjustment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विपक्ष | पुं. | 1. विरोधी पक्ष या दल; | विरोधी पक्ष; | opposition party; |
| | | 2. विरोध; | विरोध; | opposition; |
| | | 3. तर्कशास्त्र में ऐसा पक्ष जिसमें साध्य का अभाव हो । | (तर्कशास्त्र) नकारात्मक-अभावात्मक मांडणी, साध्याचा अभाव असलेला युक्तिवाद | (logic) a negative instance. |
| विपक्षी | वि. | जिसका संबंध विपक्ष (विरोधी दल आदि) से हो, विरोधी । | प्रतिपक्षी, विरोधी | connected with the opposite party. |
| | पुं. | 1. शत्रु, दुश्मन; | शत्रू; | enemy; |
| | | 2. वह जो किसी पक्ष के विरोधी पक्ष में हो, दूसरा फरीक, विरोधी पक्ष; | विरोधी पक्ष; | one who belongs to the opposition party; |
| | | 3. प्रतिद्वन्द्वी । | प्रतिस्पर्धी | rival. |
| विपणन | पुं. | बाजार में जाकर माल खरीदने या बेचने की क्रिया या भाव । | बाजार हाट | marketing. |
| विपत्ति | स्त्री. | 1. ऐसी घटना या स्थिति जिसके फलस्वरूप कष्ट, चिंता या हानि अधिक मात्रा में होती हो या होने की संभावना हो, संकट; | विपत्ती, संकट, आपत्ती; | calamity, misfortune, hardship; |
| | | 2. झंझट या बखेड़े का काम या बात, कठिनाई । | अनर्थ, दुर्दशा | misfortune, failure, disaster. |
| विपद् | स्त्री. | विपत्ति, संकट, आफत । | विपत्ती, दुदर्शा | calamity, misfortune, distress. |
| विपन्न | वि. | 1. आर्त, दुखी; | दु:खी, पीडित; | afflicted, distressed; |
| | | 2. धनाभाव के कारण दुखी, दरिद्र; | दरिद्री; | poor; |
| | | 3. विपत्ति में पड़ा हुआ, विपत्तिग्रस्त; | विपद्ग्रस्त, आपत्तीत सापडलेला; | fallen into adversity; |
| | | 4. कठिनाई या झंझट में पड़ा हुआ । | नष्ट, क्षीण | ruined, destroyed, decayed. |
| विपन्नता | स्त्री. | 1. दु:ख, कष्ट, संकट; | विपन्नता, दुर्दशा, पीड़ा; | misfortune, ruin, trouble; |
| | | 2. आर्थिक कष्ट, दरिद्रता । | आर्थिक संकट, दारिद्र; | poverty, economic crisis. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विपरीत | वि. | 1. जैसा होना चाहिए उसका उलटा, उलटे क्रम, स्थिति आदि में होनेवाला; | विपरीत, उलटा; | opposite, reversed, reverse; |
| | | 2. जो अनुकूल या मुआफिक न हो, प्रतिकूल, विरुद्ध; | प्रतिकूल, विरुद्ध; | unfavourable, adverse; |
| | | 3. मेल न खानेवाला, असंगत । | विसंगत, असंगत | disagreeable. |
| विपर्यय | पुं. | 1. ऐसा उलट-फेर या परिवर्तन जिससे किसी क्रम के अंतर्गत कोई कुछ आगे और कोई कुछ पीछे हो जाए, पारस्परिक स्थान परिवर्तन करनेवाला हेरफेर, व्यतिक्रम; | उलटापालट, व्यतिक्रम; | transposition; reversion; |
| | | 2. उलटकर फिर पहले रूप, स्थान आदि में लाना; | पुन: पहिल्या जागी येणे; | illusory knowledge, |
| | | 3. मिथ्या ज्ञान, भ्रम । | मिथ्या ज्ञान, भ्रम | illusion. |
| विपिन | पुं. | वन, जंगल । | विपिन, जंगल | forest, jungle. |
| विपुल | वि. | 1. संख्या या परिमाण में बहुत अधिक; | पुष्कळ; | numerous, large; |
| | | 2. बहुत बड़ा, विशाल । | फार मोठा, विशाल | large, huge. |
| विपुलता | स्त्री. | 1. विपुल होने की अवस्था या भाव, अधिकता; | वैपुल्य, प्राचुर्य, समृद्धी; | state of extensiveness, abundance; |
| | | 2. विशालता । | विशालता | largeness. |
| विप्र | पुं. | ब्राह्मण । | विप्र, ब्राह्मण | Brahmana. |
| विप्रलंभ | पुं. | 1. एक दूसरे से अलग होना, विच्छेद; | वियोग, विरह, | separation ( rhet); |
| | | 2. साहित्य में प्रेमी और प्रेमिका का वियोग या विरह; | शृंगार रसाचा एक प्रकार; | the feeling or sentiment of lovers in separation; |
| | | 3. बात बनाकर या वचन पूरा न करके किसी को धोखा देना, वंचना । | फसवणूक, दिलेले वचन मोडणे | (especially) deceiving by false statement or by not keeping promises. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विप्लव** | पुं. | 1. उथल-पुथल, हलचल; | उलथापालथ, दंगल; | tumult, affray; |
| | | 2. उत्पात, उपद्रव; | उत्पात, उपद्रव; | insurgency, insurrection; |
| | | 3. विद्रोह, बगावत, क्रांति । | बंड, क्रांती | uprising, revolt. |
| **विप्लवी** | वि. | क्रांति करनेवाला । | बंड-क्रांती करणारा | insurgent, revolutionary. |
| **विफल** | वि. | 1. जिसका उद्देश्य सिद्ध न हुआ हो, जिसके प्रयत्न का कोई फल न हुआ हो, असफल; | विफल, असफल, अयशस्वी; | fruitless, unsuccessful; |
| | | 2. जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हुआ हो, अनुत्तीर्ण । | अनुत्तीर्ण, नापास | failed. |
| **विफलता** | स्त्री. | 1. विफल होने की अवस्था या भाव, उद्देश्य की सिद्धि न होना, असफलता; | असफलता, अपयश; | fruitlessness, unprofitableness; |
| | | 2. परीक्षा में उत्तीर्ण न होना, अनुत्तीर्णता; | नापास होणे; | failure; |
| | | 3. निरर्थकता । | निरर्थकपणा | uselessness. |
| **विभक्त** | वि. | 1. जिसके विभाग किए गए हों, विभाजित; | विभक्त, विभाजित, विभाग पाडलेला; | divided; |
| | | 2. अलग किया हुआ । | अलग केलेला | separated. |
| **विभक्ति** | स्त्री. | (व्याकरण) शब्द में लगनेवाला वह प्रत्यय जिससे उस शब्द का कारक, लिंग तथा वचन जाना जाता है । | (व्याक.) कारक प्रत्यय | (gram.) inflection. |
| **विभव** | पुं. | 1. ऐश्वर्य; | वैभव, भरभराट; | prosperity; |
| | | 2. धन-संपत्ति । | संपत्ती | wealth, riches. |
| **विभा** | स्त्री. | 1. प्रभा, कांति; | प्रभा, कांती; | lustre; |
| | | 2. छवि, शोभा । | सौंदर्य, शोभा | beauty, splendour. |
| **विभाग** | पुं. | 1. कोई विशिष्ट कार्य करने के लिए अलग किया हुआ क्षेत्र, कार्यक्षेत्र, महकमा; | विभाग, खाते; | department, division; |
| | | 2. किसी कार्य के लिए निश्चित किया हुआ क्षेत्र या खंड; | प्रदेश-भाग, खंड; | division; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी चीज को टुकड़ों या खंडों में बांटकर अलग किया हुआ अंश या टुकड़ा, भाग, हिस्सा । | तुकडा, भाग, हिस्सा | part, portion or share in general. |
| विभागाध्यक्ष | पुं. | किसी विभाग अर्थात् कार्यक्षेत्र या महकमे का अध्यक्ष. किसी विभाग का सबसे बड़ा अधिकारी । | खातेप्रमुख | head of the department. |
| विभागीय | वि. | किसी विभाग में होने या उससे संबंध रखनेवाला । | खात्याचा, खाते विषयक | departmental. |
| विभाजक | पुं. | 1. विभाजन करनेवाला;<br>2. बांटनेवाला । | विभाग करणारा, विभाजन, करणारा,<br>वाटणारा | one who divides, divider;<br>distributor. |
| विभाजन | पुं. | 1. हिस्से लगाना, विभाग करना;<br>2. संयुक्त संपत्ति आदि को उसके स्वामियों द्वारा आपस में बांटना, बंटवारा । | विभाजन, विभागणी विभाग पाडण्याची क्रिया;<br>वाटणी, आपसांत वाटून घेण्यांची क्रिया | act of dividing into shares;<br>division, partition. |
| विभाजित | वि. | 1. जिसके हिस्से कर दिए गए हों, विभक्त;<br>2. जिसका बंटवारा कर दिया गया हो, बांटा हुआ;<br>3. खंडित । | विभाग पाडलेला;<br>वाटलेला;<br>खंडित | divided;<br>distributed;<br>broken, fragmented. |
| विभाज्य | वि. | जिसका विभाजन हो सके या होने को हो । | विभाग पाडण्याजोगा, विभाग पाडावयाचे आहेत असा | divisible, to be divided. |
| विभाव | पुं. | साहित्य में वह निमित्त या हेतु जो आश्रय में भाव जागृत या उद्दीप्त करता हो । | (साहित्य) भाव उत्पन्न करणारे निमित्त, भावनोद्दीपनाचे कारण | (in rhet.) any condition which produces or develops a particular state of body or mind. |
| विभावरी | स्त्री. | 1. रात्रि, रात; | रात्र; | night; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. तारों से जगमगाती हुई रात । | तारांनी झगमग करणारी रात्र | the starry night. |
| विभाषा | स्त्री. | 1. भाषाविज्ञान में, किसी भाषा की कोई ऐसी बड़ी शाखा जो उसके विशिष्ट विभाग के अंतर्गत हो और जिसके कई स्थानिक भेद, प्रभेद भी हों, उपभाषा, बोली; | स्थानिक बोली, मुख्य भाषेचा एक प्रकार, उपभाषा; | sub-language, dialect; |
| | | 2. विकल्प, चुनाव या पसंद की स्वतंत्रता; | हे किंवा ते अशी निवड, विकल्प; | an option, alternative; |
| | | 3. व्याकरण का वह सिद्वांत जहां अपवाद और विधान दोनों पाए जाएं । | नियम मानावा अथवा न मानावा असा प्रयोग, अपवाद व नियम या संबंधीचा विकल्प असणारी स्थिती | (in Gram.) allowing a rule to be optioned. |
| विभासित | वि. | 1. प्रकाशित; | उजळविलेला; | illuminated; |
| | | 2. चमकता हुआ; | झगमगता; | brightening, dazzling; |
| | | 3. कांतियुक्त । | कांतियुक्त | lustrous. |
| विभिन्न | वि. | अनेक प्रकार का, नानाविध विविध । | नानाविध, भिन्न भिन्न | different, various. |
| विभिन्नता | स्त्री. | अनेकता, विविधता । | विविधता | variety. |
| विभीषण | वि. | अपने भाई-बंधुओं से द्रोह करके शत्रुओं के साथ जा मिलनेवाला, देशद्रोही (ला.) । | (लाक्ष.) फितुर, देशद्रोही (रामायणातील विभीषणाला इंद्रजित इ. राक्षस देशद्रोही मानतात त्यावरून) | a traitor. |
| | पुं. | रावण का एक भाई जो राम का पक्ष लेकर रावण से लड़ा । | रावणाचा धाकटा भाऊ | name of a brother of Ravana. |
| विभीषिका | स्त्री. | 1. भय-प्रदर्शन, डराने की क्रिया या भाव; | दहशत, भय उत्पन्न करणे; | the act of terrifying; |
| | | 2. डराने का साधन; | बुवा, भय उत्पन्न करण्याचे साधन; | means of terrifying; |
| | | 3. त्रास, आतंक, दशहत । | भय, आतंक, त्रास | terror, dread. |
| विभु | वि. | सर्वव्यापक । | सर्वव्यापी | being everywhere, omnipresent. |
| | पुं. | स्वामी, मालिक, प्रभु । | प्रभू, स्वामी | master, a lord. |
| विभूति | स्त्री. | 1. ऐश्वर्य, विभव; | ऐश्वर्य, वैभव; | prosperity, welfare; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. धन-संपत्ति, दौलत; | संपत्ती, धन-दौलत; | wealth, riches; |
| | | 3. अलौकिक शक्ति, दिव्यशक्ति; | अलौकिक शक्ती; | superhuman power; |
| | | 4. चिता, यज्ञ, होम आदि की राख, भस्म । | भस्म | ashes. |
| विभूषण | पुं. | 1. आभूषण, गहना; | आभूषण, अलंकार, साज; | ornament, decoration; |
| | | 2. सौंदर्य । | सौंदर्य | splendour, beauty. |
| विभूषित | वि. | 1. आभूषणों से सजा हुआ, अलंकृत; | आलंकृत, दागिन्यानी मढविलेला; | ornamented; |
| | | 2. अच्छी बातों या गुणों से युक्त; | गुणांनी शोभणारा; | adorned; |
| | | 3. शोभित | सुशोभित, सजविलेला | decorated. |
| विभेद | पुं. | 1. वह तत्व जो दो वस्तुओं में होनेवाली असमता का द्योतक हो, अंतर, भेद, भिन्नता, फरक; | भेद, फरक, भिन्नता; | difference; |
| | | 2. प्रभेद, उपभेद; | पोटभेद; | subdivision; |
| | | 3. विशेष रूप से किया हुआ अलगाव या भेद, भेदभाव । | भेदभाव | distinction. |
| विभेदक | वि. | 1. भेदन करनेवाला, काटने या छेदनेवाला; | भेद करणारा, भिन्न करणारा; | dividing, separating; |
| | | 2. विभेद उत्पन्न करनेवाला, भेदभाव करानेवाला; | भेदभाव करायला लावणारा, फूट पाडणारा; | separator, discriminator; |
| | | 3. अंतर या भेद दिखलाने या बतलानेवाला; | अंतर किंवा भेद दर्शविणारा; | a divider; |
| | | 4. आपस में मतभेद कराने-वाला । | आपसात मतभेद करायला लावणारा | disintegrating. |
| विभोर | वि. | 1. मग्न, लीन; | मग्न, तल्लीन; | engrossed, absorbed; |
| | | 2. मत्त, मस्त । | हर्ष भरित, हर्षोन्मत्त | overjoyed. |
| विभ्रम | पुं. | 1. भ्रम, भ्रांति, मोह; | भ्रम, मोह, भ्रांती; | delusion; |
| | | 2. शक, संदेह; | संशय, संदेह; | doubt; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. निर्मूल-भ्रम, मतिभ्रम; | बुद्धिभ्रंश, दृष्टि विभ्रम; | hallucination; |
| | | 4. गलत-फहमी; | गैरसमज, विपरीत ग्रह; | misunderstanding; |
| | | 5. घबराहट, विकलता; | अस्वस्थता, गोंधळ; | restlessness; |
| | | 6. साहित्य में संयोग श्रृंगार के प्रसंग में स्त्रियों का एक हाव जिसमें वे प्रियतम का आगमन सुनकर अथवा उससे मिलने के लिए जाते समय उतावली और उत्सुकता के कारण कुछ उलटे-पुलटे गहने-कपड़े पहन लेती हैं । | (काव्य) संयोग शृंगाराच्या वेळी प्रियतमाला भेटावयाला जातांना मनाच्या अधीरतेमुळे वस्त्र या अलंकार लेण्यात झालेली धांदलीची अवस्था | perturbation in love. |
| **विभ्रांत** | वि. | 1. भ्रम में पड़ा हुआ, भ्रमित; | भ्रमिष्ट, भ्रम पडलेला; | ·confused; |
| | | 2. घबराया हुआ, विकल; | अस्वस्थ, संभ्रम पडलेला; | restless; |
| | | 3. गलत-फहमी में पड़ा हुआ, भ्रांतिपूर्ण । | विपरीत ग्रहग्रस्त, गैरसमजात अडकलेला | having a misunderstanding, illusory. |
| **विभ्रांति** | स्त्री. | 1. भ्रम, भ्रांति; | भ्रम, भ्रांती; | illusion; |
| | | 2. घबराहट, विकलता; | गोंधळ; | confusion, restlessness; |
| | | 3. गलतफहमी, भूल, गलती । | गैरसमज, प्रमाद, चूक | misunderstanding, mistake, error. |
| **विमर्श** | पुं. | 1. किसी बात या विषय पर कुछ सोचना-समझना, विचार करना, पर्यालोचन; | सूक्ष्म, बारीक चिंतन; | critical study, thorough review; |
| | | 2. परामर्श करना, सलाह लेना; | विचार विनिमय सल्ला मसलत; | consultation; |
| | | 3. सोच-विचारकर तथ्य या वास्तविकता का पता लगाना; | विचार करून तथ्य संशोधन; | consideration; |
| | | 4. जांचना और परखना; | परीक्षण; | examination; |
| | | 5. नाटक में पांच संधियों में से एक अवमर्श संधि । | नाट्यकथानकाच्या ओघात अचानकपणे घडून येणारा बदल | (in drama) critical juncture or crisis. |
| **विमल** | वि. | 1. मलरहित, निर्मल; | विमल, मलरहित, निर्मल; | free from dirt, spotless; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. दूषण या दोष से रहित; | निष्कलंक, निर्दोष: | flawless; |
| | | 3. साफ । | स्वच्छ | clean. |
| विमाता | स्त्री. | सौतेली मां । | सावत्र आई | step-mother. |
| विमान | पुं. | 1. वायुयान, हवाई जहाज; | विमान, वायुयान: | aeroplane; |
| | | 2. आकाशमार्ग से चलनेवाला देवताओं का यान या सवारी; | देवतांचे आकाशयान: | a heavenly car (of gods moving through the skies); |
| | | 3. फूल-मालाओं से सजी हुई महात्मा, वृद्ध आदि के शव की अरथी; | साधु-सत्पुरुषाचे शव ठेवलेली, फुलामाळांनी सजविलेली तिरडी-पालखी: | a bier of a Mahatma, old man etc. decorated with garlands; |
| | | 4. (रामलीला आदि में जलूस में) वह चौकी जिस पर देवताओं की मूर्तियां रखकर वाहक लोग कंधे पर उठाकर चलते हैं । | लोकांनी खांद्यावर घेतलेली देवतेच्या मूर्तीचा पालखी | an open palanquin carried on men's shoulders. |
| विमानन | पुं. | हवाई जहाज चलाने की कला, क्रिया या विद्या । | विमान चालविण्याची विद्या,-कला | the art, process or science of aviation. |
| विमुक्त | वि. | 1. कैद, पाश, बंधन आदि से जो छूट चुका हो या छोड़ दिया गया हो, स्वतंत्र किया हुआ; | वियुक्त, मुक्त केलेला, स्वतंत्र झालेला: | set free, released, liberated (from jail, bonds etc.); |
| | | 2. जिसे छूट दी गई हो, छूटप्राप्त; | सूट दिला गेलेला: | freed from; |
| | | 3. चलाया या छोड़ा हुआ; | रहित: | devoid of; |
| | | 4. बरखास्त, कार्यभार से मुक्त किया हुआ । | पदावून-जबाबदारीतून मुक्त केलेला | discharged. |
| विमुख | वि. | 1. जो किसी से उदासीन या विरक्त हो चुका हो; | च्या बाबतीत उदासीन, विरक्त: | indifferent; |
| | | 2. प्रतिकूल, विरुद्ध; | प्रतिकूल, विरुद्ध: | adverse; |
| | | 3. फलप्राप्ति से वंचित; | फळापासून वंचित: | devoid of; |
| | | 4. जिसने किसी ओर से मुंह फेर या मोड़ लिया हो । | तोंड फिरविलेला | with the face averted or turned. away from. |
| विमुग्ध | वि. | 1. मोहित, आसक्त; | मोहित: | enchanted, spell-bound; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. भ्रम में पड़ा हुआ, भ्रांत । | भ्रांत | misled. |
| विमूढ़ | वि. | 1. बहुत बड़ा मूर्ख या नासमझ; | मूढ, निर्बुद्ध; | foolish, dull of understanding, stupid; |
| | | 2. भ्रम या मोह में पड़ा हुआ; विशेष रूप से मुग्ध, अत्यन्त मोहित । | मोहित झालेला, मोहामुळे काही न सुचणारा | tempted, seduced. |
| विमोचन | पुं. | बंधन आदि खोलकर मुक्त करना, छुड़ाना या छोड़ना । | सुटका, मोकळीक | setting free, release. |
| विमोहित | वि. | मोहित, आसक्त । | मोह पडलेला, आसक्त | charmed, allured. |
| वियुक्त | वि. | 1. जो युक्त या संयुक्त न हो, असंयुक्त; | न जोडलेला, सुटा; | detached, disjoined; |
| | | 2. जो किसी से अलग, जुदा या पृथक हो चुका हो; | वेगळा झालेला, सोडून दिला गेलेला; | separated from, deserted by; |
| | | 3. परित्यक्त; | परित्यक्त; | abandoned, given up; |
| | | 4. वंचित, रहित, हीन; | वंचित, रहित, हीन; | deprived or devoid of; |
| | | 5. वियोगी । | वियोग झालेला (झालेली) | disunited (as husband & wife). |
| वियोग | पुं. | 1. योग न होने की अवस्था या भाव, पार्थक्य, ऐसी अवस्था जिसमें दो प्राणी, विशेषत: प्रेमी एक दूसरे से दूर हों और इस प्रकार उनमें मिलन न होता हो, विप्रलंभ; | वियोग, विच्छेद; | disjunction, separation (especially of lovers); |
| | | 2. उक्त के फलस्वरूप प्रेमियों को होनेवाला कष्ट, विरह । | विरह, वियोग, दुःख | bereavement pangs of separation. |
| वियोगिन | स्त्री. | दे. 'वियोगिनी' । | वियोगिनी | see 'वियोगिनी'. |
| वियोगिनी | स्त्री. | वह नायिका, प्रेमिका या स्त्री जो अपने नायक, प्रेमी या पति के परदेश चले जाने | पती वा प्रियकर दूर गेलेला अशी पत्नी वा प्रियकरीण (प्रिया) | a heroine, beloved or wife whose hero, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | पर उसके विरह में दुखी हो, विरहिणी नायिका । | | lover or husband has gone away and is left alone. |
| **वियोगी** | पु. | अपनी प्रेमिका या पत्नी के वियोग से दुखी नायक । | वियोगी/वियोग झालेला/पती/प्रियकर | one who is separated (from his beloved or wife). |
| **वियोजक** | वि. | वियोजन करनेवाला, पृथक करनेवाला । | वियोग घडवून आणणारी, अलग करणारा | separator, one who separates. |
| **वियोजन** | पु. | 1. पृथक करना, अलग करना, पार्थक्य, पृथक्करण; | अलग-पृथक करण्याची क्रिया; | separation, disjoining; |
| | | 2. संघटक अंगों को अलग करना, विघटन; | विघटन; | disintegration; |
| | | 3. जुदाई, वियोग । | वियोग | separation. |
| **विरक्त** | वि. | 1. सांसारिक प्रपंचों, बंधनों आदि से परे रहनेवाला, उदासीन; | विरक्त, संसारापासून उदासीन; | detached (from the world), indifferent; |
| | | 2. भोग-विलास आदि से बहुत दूर रहनेवाला । | भोग विलासांची नावड असणारा | void of attachment to worldly objects. |
| **विरक्ति** | स्त्री. | 1. विरक्त होने की अवस्था या भाव, उदासीनता, वैराग्य; | विरक्ती, विषयाविषयी उदासीनता, वैराग्य· | indifference; |
| | | 2. मन में अनुराग या चाह न रहने की अवस्था या भाव; | अनासक्ती; | absence of attachment or affection (for), freedom from passion; |
| | | 3. भोगविलास आदि के प्रति होनेवाली अरुचि या उदासीनता । | संसार-व्यवहाराविषयी अरूची | weariness from the world. |
| **विरचित** | वि. | 1. रचा या बनाया हुआ, निर्मित, रचित; | रचलेला, निर्मित; | constructed, made; |
| | | 2. (ग्रंथों आदि के संबंध में) लिखित । | लिहिलेला (ग्रंथ इ.) | (books etc.) written, composed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विरत** | वि. | 1. जिसका मन किसी ओर से हट गया हो, अप्रवृत्त; | रती-प्रेम नसलेला, अमुक विषयात मन नसलेला; | one who has given up; |
| | | 2. जिसने किसी से अपना संबंध तोड़ लिया हो, जो अलग हो गया हो; | न चिकटलेला, अलग झालेला; | detached; |
| | | 3. सांसारिक विषयों से हटा हुआ, विरक्त, वैरागी । | विरक्त | unattached. |
| **विरल** | वि. | 1. जो घना न हो, जिसके बीच-बीच में अवकाश हो, सघन का विपर्याय; | विरळ, दाट-दाटीवाटीचा घट्ट-नसलेला, मध्ये मध्ये अवकाश पडलेला जागा सुटलेला; | not thick, close or compact, separated by interval; |
| | | 2. दुर्लभ; | विरळा, दुर्लभ; | rare, scarcely found; |
| | | 3. जो गाढ़ा न हो, पतला; | पातळ; | dilute, thin; |
| | | 4. अल्प, थोड़ा । | थोडा, अल्प | few, little. |
| **विरह** | पुं. | 1. प्रिय व्यक्तियों का एक दूसरे से अलग होना जो दोनों पक्षों के लिए बहुत कष्टप्रद हो, वियोग; | वियोग; | separation; |
| | | 2. उक्त के फलस्वरूप होनेवाला मानसिक कष्ट या दुःख; | वियोगाचे दुःख; | agony of separation; |
| | | 3. किसी वस्तु से रहित होना, किसी वस्तु के अभाव में होना । | अमुक वस्तूपासून वंचित वा रहित असण्याची अवस्था, अभाव | lacking, wanting. |
| **विरहाग्नि** | स्त्री. | प्रिय के विरह या वियोग के कारण होनेवाला तीव्र मानसिक संताप । | विरहरूपी अग्नी, विरहाचे जाळणारे दुःख | the fire of separation, the agony or disconsolateness of parted lovers. |
| **विरहिणी** | वि. | पति या प्रिय के विरह से संतप्त । | पतीपासून वा प्रियकरापासून विरह पावलेली | (a woman) separated from her husband or lover. |
| | स्त्री. | वह नायिका, स्त्री या प्रेमिका जो अपने नायक पति या प्रेमी के विरह के कारण संतप्त या दुखी हो । | विरह पावलेली स्त्री | a woman separated from her husband or lover. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विरही** | वि. | प्रियतमा के विरह से संतप्त । | प्रियेपासून विरह झालेला | separated from his beloved. |
| | पुं. | वह नायक या प्रेमी जो अपनी नायिका या प्रेमिका के विरह से संतप्त हो । | असा विरहदुःख भोगणारा पुरुष | person who is separated from his beloved or wife. |
| **विराग** | पुं. | 1. मन में राग का होनेवाला अभाव, चाह से रहित होना, अनुराग का विपर्याय; | आसक्ती नसल्याची मनाची अवस्था, अनासक्ती; | absence of desire or passion; |
| | | 2. किसी चीज या बात से मन का हट जाना, उचाट, विरक्ति; | विरक्ती, वैराग्य; | detachment, indifference (to); |
| | | 3. सांसारिक सुख-भोग की चाह न रह जाना, वैराग्य । | भोगांविषयी तिटकारा | detachment from worldly affairs. |
| **विरागी** | वि. | 1. जिसके मन में राग अर्थात् चाह या प्रेम न हो, रागरहित; | विरागी, भावावेग वा कामना रहित; | void of passion or desire; |
| | | 2. दे. 'विरक्त' । | 'विरक्त' पाहा | see 'विरक्त' |
| **विराजना** | अ. क्रि. | 1. शोभित होना, प्रकाशित होना; | शोभणे, प्रकाशणे; | to look splendid, to shine; |
| | | 2. उपस्थित या विद्यमान होना (बड़ों के लिए आदर-सूचक); | (मोठ्या माणसाने) उपस्थित असणे, होणे (आदरार्थी प्रयोग); | to be present (used for elderly persons as a mark of respect), to grace an occasion or place; |
| | | 3. बैठना (बड़ों के लिए आदर-सूचक) । | (मोठ्या वा पूज्य व्यक्तीने) आसनावर बसणे (आदरार्थी प्रयोग) | to be seated. |
| **विराजमान** | वि. | 1. प्रकाशमान, चमकता हुआ, चमक-दमकवाला; | शोभणारा, प्रकाशणारा, दैप्यमान; | shining, brilliant, splendid; |
| | | 2. उपस्थित, विद्यमान (बड़ों के लिए आदरार्थक); | उपस्थित (आदरार्थी प्रयोग); | present; |
| | | 3. बैठा हुआ (बड़ों के लिए आदरार्थक) । | बसलेला (आदरार्थी) | seated. |
| **विराट्** | वि. | बहुत बड़ा या भारी । | महाप्रचंड, अवाढव्य, अति भव्य | colossal, gigantic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विराम | पुं. | 1. क्रिया, गति, चाल आदि में होनेवाला अटकाव, रुकना, रुकाव; | विराम, गती थांबल्याची अवस्था, काम चालू नसल्याची स्थिती; | cessation, discontinuance; |
| | | 2. वाक्य के भीतर या अंत में लगाए जानेवाले रुकने के चिह्न, विराम-चिह्न; | वाक्याच्या अंती व मध्ये थांबण्या करिता योजिलेले चिह्न (अल्पविराम, पूर्ण विराम इ.); | pause in or at the end of the sentence; |
| | | 3. पूरे वाक्य की समाप्ति पर लगाया जानेवाला रुकने का चिह्न, पूर्ण विराम; | पूर्ण विराम; | full stop; |
| | | 4. विश्राम, आराम; | विश्राम, विश्रांती; | rest, repose; |
| | | 5. पड़ाव, ठहराव; | पडाव, मुक्काम; | halt; |
| | | 6. मध्यान्तर, मध्यावकाश, मध्यावधि । | मध्यान्तर, मधली सुट्टी | interval, intermission. |
| विरासत | स्त्री. | 1. वारिस होने की अवस्था या भाव; | वारसा; | heirship; |
| | | 2. वारिस को उत्तराधिकार के रूप में मिलनेवाली संपत्ति, दायभाग, रिक्थ । | वारसाने आलेली मालमत्ता इ | inheritance, legacy. |
| विरुद | पुं. | 1. किसी के गुण, प्रताप आदि का वर्णन, प्रशस्ति; | प्रतापाचे–गुणांचे वर्णन, गौरवगाथा, पोवाडा; | eulogy; |
| | | 2. कीर्ति, यश । | कीर्ती, यश | fame, glory etc. |
| विरुदावली | स्त्री. | 1. विरुदों या पदवियों का संग्रह; | विरुदांचा–गुणवर्णनात्मक पदव्यांची मालिका; | collection of pithets; |
| | | 2. किसी बड़े व्यक्ति के गुणों, पराक्रम आदि का होनेवाला विस्तारपूर्वक वर्णन, प्रशस्ति । | गौरवगाथा, पोवाडा | eulogy; |
| विरुद्ध | वि. | 1. प्रतिकूल, विपरीत; | विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत; | against, opposed, contrary; |
| | | 2. उलटा । | उल्टा | unfavourable, adverse. |
| विरूप | वि. | भद्दे रूपवाला, कुरूप, बदसूरत । | विरूप, कुरूप, रूपहीन | deformed, defaced,ugly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विरेचक** | वि. | (पदार्थ) जो दस्त लानेवाला हो, दस्तावर । | रेच—जलाब करणारा | purgative. |
| **विरेचन** | पुं. | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे दस्त आएं; 2. ऐसा पदार्थ या ओषधि जिसके सेवन से दस्त आते हों, विरेचक पदार्थ । | विरेचन, शौच होण्याची, होईल अशी-क्रिया: रेचक | evacuation of the bowels, purging; purgative. |
| **विरोध** | पुं. | 1. किसी कार्य या प्रयत्न को रोकने या विफल करने के लिए उसके विपरीत होनेवाला प्रयत्न; | विरोध, विरुद्ध असण्याची अवस्था, —जाण्याची क्रिया; | opposition; |
| | | 2. मतों, व्यक्तियों, सिद्धांतों आदि में होनेवाली पारस्परिक विपरीतता; | मते, व्यक्ती, सिद्धांत इ. मधील एक मेकापासून विपरीतता: | contradiction; |
| | | 3. उक्त के फलस्वरूप आपस में होनेवाला ऐसा संघर्ष जिसमें प्राय: वैर या शत्रुता का भाव भी सम्मिलित होता है; | शत्रुत्व: | enmity; |
| | | 4. आपस में होनेवाली अनबन या बिगाड़ । | बेबनाव | discord, rift. |
| **विरोधाभास** | पुं. | साहित्य में एक विरोधमूलक अर्थालंकार जिसमें वस्तुत: विरोध का वर्णन न होने पर भी विरोध का आभास होता है, किसी कथन में केवल आपातत: होनेवाली विरोध की प्रतीति । | (साहित्य) कथनात वा मांडणीत वस्तुत: नसताना विरोधाचा होणारा भास, एक अर्थालंकार | paradox |
| **विरोधी** | वि. | 1. जो किसी के विरुद्ध आचरण करता हो, विरोध करनेवाला; | विरोधी, विरुद्ध असणारा, विरोध करणारा: | opponent, adversary; |
| | | 2. जो इस प्रयास में हो कि अमुक कार्य को प्रचलन में न लाया जाए अथवा प्रचलन से उठा लिया जाए; | वैर करणारा: | hostile; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. उलटा, विपरीत । | उलटा, विपरीत | contradictory. |
| | पुं. | 1. विपक्षी; | विरोधी पक्षाचा माणुस; | one who belongs to the opposition party; |
| | | 2. शत्रु, वैरी । | शत्रू | enemy. |
| विलंब | पुं. | ऐसी स्थिति जिसमें अनुमान, आवश्यकता, औचित्य से अधिक समय लगे, अतिकाल, देर, देरी । | विलंब, उशीर | delay. |
| विलंबित | वि. | 1. जिसमें विलंब लगा हो या देर हुई हो; | विलंब झालेला, लागलेला; | delayed; |
| | | 2. लटकता या झूलता हुआ । | लोंबता | hanging down. |
| | पुं. | संगीत में ऐसी लय जिसमें स्वरों का उच्चारण बहुत मंद गति से होता हो, 'द्रुत' का विपर्याय । | (संगीत) मंद लयीचा | slow tempo (music). |
| विलक्षण | वि. | 1. अपने वर्ग के अन्यों की अपेक्षा जिसके लक्षणों में विशेषता हो, साधारण से भिन्न प्रकार का, असाधारण; | विशेष लक्षण असणारा, असामान्य, असाधारण; | peculiar, strange, unique; |
| | | 2. किसी की तुलना में कुछ अलग और विशिष्ट प्रकार का । | विशिष्ट गुणवत्तेचा | distinct. |
| विलग | वि. | अलग, जुदा, पृथक् । | अलग, पृथक्, वेगळा | separate, detached, apart. |
| विलय | पुं. | 1. किसी छोटे देश या राज्य का अपनी स्वतंत्र सत्ता गंवाकर दूसरे बड़े देश या राज्य में मिल जाना; | विलीनीकरण; | merger; |
| | | 2. सृष्टि का नष्ट होकर अपने मूल-तत्वों में मिल जाना, प्रलय, सृष्टि का ध्वंस या नाश; | प्रलय; | annihilation, destruction; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. एकपदार्थ का किसी रूप से दूसरे पदार्थ में घुलना-मिलना, घुल जाना, विलीन होना । | विरघळून, मिळून-मिसळून जाणे | liquefaction, dissolution. |
| विलयन | पुं. | 1. लय या विलय होने की अवस्था, क्रिया या भाव, विलीन होना; | विरघळून, मिळून-मिसळून जाणे; | the act of dissolving; |
| | | 2. एक वस्तु का अपना अस्तित्व समाप्त कर किसी दूसरी वस्तु में मिलकर समा जाना; | आपले अस्तित्व टाकून दुसऱ्यात विलीन होऊन जाण्याची क्रिया, समावेशन; | absorption; |
| | | 3. किसी छोटे देश या राज्य का किसी बड़े देश या राज्य में होनेवाला विलय । | विलीनीकरण | merger. |
| विलसन | पुं. | 1. प्रमोद, विलास, क्रीड़ा; | भोग विलास, क्रीडा; | sport (luxury); |
| | | 2. शोभित होना; | शोभून दिसण्याची अवस्था; | to look pretty or splendid; |
| | | 3. चमकने की क्रिया या भाव । | चमकणे, चमकत असण्याची स्थिती | gleaming, glittering. |
| विलसित | वि. | 1. क्रीड़ा में मग्न, विनोदी; | क्रीडा प्रिय, रंजनकारी; | sportive; |
| | | 2. व्यक्त; | व्यक्त, प्रकट; | appeared, manifested; |
| | | 3. शोभित; | शोभणारा; | adorned; |
| | | 4. चमकता हुआ । | चमकणारा | glit red. |
| विलाप | पुं. | हार्दिक दु:ख प्रकट करने के लिए बिलख-बिलख कर या विकल होकर रोने की क्रिया । | विलाप, आक्रोश, शोक | lamentation, wailing. |
| विलायत | पुं. | 1. पराया देश, दूसरों का देश, बहुत दूर का विशेषत: समुद्रपार का देश; | विलायत, परका देश; | foreign country; |
| | | 2. भारतीयो की दृष्टि से इंग्लैंड, अमेरिका, यूरोप आदि देश या महादेश । | यूरोप मधील देश, इंग्लंड देश | England, America, Europe as viewed by the Indians. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विलायती | वि. | 1. विलायत का, विलायत में बना हुआ या रहनेवाला, विदेशी; | विलायतेचा, परदेशाचा, युरोपातील; | European, foreign; |
| | | 2. भारतीयों की दृष्टि से इंग्लैंड, यूरोप, अमेरिका आदि का, वहां का बना हुआ या रहनेवाला । | इंग्लंड देशांचा, अमेरिकेचा, युरोपचा | English, European, American as viewed by the Indians. |
| विलास | पु. | 1. अधिक मूल्य की और सुख-सुमीते की वस्तुओं का ऐसा उपभोग या व्यवहार जो केवल मन प्रसन्न रखने के लिए किया जाए; | विलास, सुखोपभोग, सुखचैन; | enjoyment, luxury; |
| | | 2. अनुराग तथा प्रेम में लीन होकर की जानेवाली क्रीड़ा, सुखोपभोग, भोग, विषय-सुख, विषयानंद । | भोग, विषयसुख | amorous play-fulness, wantonness. |
| विलासी | वि. | 1. (व्यक्ति) जो प्राय: ऐसी क्रीड़ाओं में रत रहता हो जिनसे उसे सुख-भोग प्राप्त होता हो; | भोगी, चैनी; | lustful, debauch; |
| | | 2. हंसी-खुशी में समय बितानेवाला; | मौजमजेत जीवन घालविणारा; | sportive; |
| | | 3. आराम-तलब; | आराम-सुख इच्छिणारा; | pleasure seeker; |
| | | 4. कामुक । | कामुक, विषयी | an amorous person, licentious. |
| विलीन | वि. | 1. (पदार्थ) जो किसी दूसरे पदार्थ में गल, घुल या मिल गया हो; | दुसऱ्या पदार्थात मिळून मिसळून गेलेला, विरघळून गेलेला; | dissolved; |
| | | 2. जो अपनी स्वतंत्र सत्ता खोकर दूसरे से मिल गया हो; | दुसऱ्यांत समावून गेलेला; | merged; |
| | | 3. गायब, लुप्त, अदृश्य । | लुप्त, अदृश्य | vanished, disappeared. |
| विलुप्त | वि. | 1. जिसका लोप हो गया हो; | लोप पावलेला; | extinct; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. गायब, अदृश्य; | नाहीसा/अदृश्य/झालेला; | vanished, disappeared; |
| | | 3. नष्ट, बरबाद । | नष्ट झालेला | destroyed, ruined. |
| **विलोकन** | पुं. | 1. देखना;<br>2. विचार करना;<br>3. अध्ययन करना;<br>4. ध्यान देना । | पाहणे, पाहण्याची क्रिया;<br>विचार करण्याची क्रिया;<br>अभ्यास करण्याची क्रिया;<br>लक्ष देण्याची क्रिया | seeing, looking at;<br>considering;<br>studying;<br>paying attention to. |
| **विलोप** | पुं. | 1. लोप;<br>2. नाश । | लोप नाहीसे होणे, दिसेनासे होणे;<br>नाश | disappearance;<br>destruction. |
| **विलोम** | वि. | सामान्य क्रम से न होकर विपरीत क्रम से होनेवाला । | उलट्या क्रमाचा, उलटा-विरुद्ध | reverse order. |
| | पुं. | विपरीतार्थक शब्द, विपर्याय । | विपरीत-विरुद्ध अर्थाचा शब्द, विपर्यास | a word having opposite meaning, antonym. |
| **विल्वपत्र** | पुं. | बेल का पत्ता । | बिल्वपत्र, बेलपान | leaf of the wood-apple tree. |
| **विवक्षा** | स्त्री. | 1. कुछ कहने या बोलने की इच्छा; | बोलण्याची वा सांगण्याची इच्छा; | a desire to say something or to speak; |
| | | 2. शब्द के अर्थ में होनेवाली विशिष्ट छाया जो उसका स्वाभाविक अंग होती है तात्पर्य, निश्चितार्थ, आशय । | शब्दाचा आशय | purport. |
| **विवक्षित** | वि. | 1. जो कहे जाने को हो; | जे सांगायचे-बोलायचे आहे ते; | intended to be said, intended to be spoken; |
| | | 2. (आर्थी छाया) जिसे शब्द व्यक्त कर रहा हो । | अभिप्रेत | implied. |
| **विवर** | पुं. | 1. छिद्र, बिल;<br>2. दरार;<br>3. कंदरा, गुफा; | बीळ;<br>चीर, भेग;<br>गुहा, गुफा; | hole, burrow;<br>slit;<br>cave; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी ठोस चीज के अंदर होनेवाला खोखला स्थान । | पोकळ जागा | cavity. |
| विवरण | पुं. | 1. विस्तृत वर्णन या विवेचन; | विवरण, विस्तृत वर्णन; | description; |
| | | 2. ब्यौरा; | तपशीलवार कथन; | particulars, details; |
| | | 3. ग्रंथ की टीका या व्याख्या । | (ग्रंथावरील) टीका किंवा व्याख्या, भाष्य | commentary. |
| विवरणिका | स्त्री. | 1. वह पत्र या पुस्तिका जिसमें किसी प्रकार का विवरण लिखा हो, विवरणपत्र, प्रतिवेदन; | अहवाल; | report; |
| | | 2. ऐसा सूचीपत्र या पुस्तिका जिसमें सूचित की जाने-वाली वस्तुओं का थोड़ा बहुत विवरण भी हो । | वस्तूंचे विवरण असलेले सूचिपत्र | brochure. |
| विवरणी | स्त्री. | आय-व्यय आदि की स्थिति बतानेवाला वह लेखा जो प्रतिवेदन के रूप में कहीं उपस्थित किया जाने को हो । | आंकडेवार हिशेबी माहिती | return. |
| विवर्ण | वि. | 1. कांतिहीन, फीका, श्रीहत; | वर्णहीन, फिका पडलेला, कांतिहीन (चेहरा); | dimmed, faded; |
| | | 2. रंगहीन; | रंगहीन; | colourless; |
| | | 3. पांडु, पीला, बदरंग । | विटलेला | pallid, discoloured. |
| विवर्त | पुं. | 1. भंवर, जलावर्त; | पाण्यातील भोवरा; | whirlpool; |
| | | 2. भ्रम, धोखा; | भ्रमजाल; | illusion; |
| | | 3. अविद्याजन्य मिथ्या रूप (दर्शन); | मिथ्या-माया रूप (तत्व); | an apparent or illusory form, unreality (philosophy); |
| | | 4. रूपांतर । | रूपांतर, परिवर्तन | alteration, modification. |
| विवर्तन | पुं. | 1. किसी के चारों ओर घूमना, चक्कर लगाना, परिक्रमा; | गोल गोल फिरण्याची क्रिया; | turning round, revolving; |
| | | 2. परिवर्तित अवस्था, परिवर्तन; | परिवर्तन झालेली अवस्था परिवर्तन; | transformation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में से होते हुए या उन्हें पार करते हुए आगे बढ़ना, विकास । | अनेक अवस्थांतून पार पडून प्रगती साधण्याची क्रिया | revolution. |
| विवर्तवाद | पुं. | दार्शनिक क्षेत्र में शंकर वेदान्त का यह सिद्धान्त कि ब्रहम ही सत्य है और यह दृश्य जगत अविद्या के कारण प्रतीत मात्र होने से मिथ्या है । | मायावाद (शांकरमत) | the doctrine of the Shankar Vedant that the visible world is an unreal appearance of Brahma caused by ignorance and that the latter is the only reality. |
| विवर्धन | पुं. | 1. बढ़ाने या वृद्धि करने की क्रिया;<br>2. बढ़ती, वृद्धि । | वाढण्याची/वृद्धि/करण्याची क्रिया;<br>वाढ | the act of increasing or augmenting;<br>growth. |
| विवश | वि. | 1. जो स्वयं अपनी इच्छा के अनुसार नहीं, बल्कि दूसरों की इच्छा से अथवा परिस्थितियों के बंधन में पड़कर काम कर रहा हो, मजबूर, बाध्य;<br>2. जिसका अपने पर वश न हो, बल्कि जो दूसरों के वश में हो, परवश;<br>3. जिसे कोई विशिष्ट काम करने के अतिरिक्त और कोई चारा न हो, लाचार, असहाय । | सक्ती झालेला;<br>असहाय;<br>नाइलाज झालेला; | under compulsion;<br>helpless;<br>compelled. |
| विवशता | स्त्री. | 1. विवश होने की अवस्था या भाव, लाचारी;<br>2. मजबूरी, बाध्यता;<br>3. वह कारण जिसके फलस्वरूप किसी को विवश होना पड़ता हो । | लाचारी;<br>सक्ती;<br>असहायता | absence of will, helplessness;<br>compulsion;<br>the cause of being compelled. |
| विवाचक | पुं. | मध्यस्थ । | लवाद, मध्यस्थ | arbitrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विवाचन** | पुं. | आपसी झगड़ों का पंच या पंचायतों के द्वारा होनेवाला विचार और निर्णय, मध्यस्थनिर्णय, पंचफैसला । | मध्यस्थी, पंचा मार्फत होणारा निवाडा | arbitration. |
| **विवाद** | पुं. | 1. ऐसी बात जिसके संबंध में दो या अनेक विरोधी पक्ष हों और जिसकी सत्यता निर्णय होने को हो; | वाद, भिन्न मत प्रदर्शन; | dispute, discussion; |
| | | 2. जबानी झगड़ा, कहा-सुनी, तकरार; | झगडा, वादंग; | quarrel; |
| | | 3. पारस्परिक मतभेद । | मतभेद-भिन्नता | controversy. |
| **विवादास्पद** | वि. | 1. (विषय) जिसके संबंध में दो या अधिक पक्षों का विवाद चल रहा हो; | विवादास्पद वादात असलेला, वादातून निर्णय होण्याजोगा; | controversial; |
| | | 2. (प्रस्ताव, मत, विचार आदि) जिसके संबंध में तर्क-वितर्क चल सकता हो । | वाद करण्याजोगा, वाद करता येईल असा | debatable. |
| **विवादी** | वि. | विवाद करनेवाला, कहा-सुनी या झगड़ा करनेवाला । | वादंग माजविणारा, झगडा करणारा | disputant. |
| **विवाह** | पुं. | 1. शादी, परिणय, पाणिग्रहण; | विवाह, लग्न; | marriage; |
| | | 2. उक्त के अवसर पर होनेवाला उत्सव या धार्मिक कृत्य । | लग्न सभारंभ | nuptials, marriage celebrations. |
| **विवाह-विच्छेद** | पुं. | वह अवस्था जिसमें पुरुष तथा स्त्री अपना वैवाहिक संबंध तोड़कर एक दूसरे से अलग हो जाते हैं,तलाक । | घटस्फोट, काडीमोड | divorce. |
| **विवाहित** | वि. | जिसका विवाह हो गया हो । | विवाहित, लग्न झालेला | married. |
| **विवाहिता** | स्त्री., वि. | (वह स्त्री) जिसका विवाह हो गया हो, ब्याही हुई (स्त्री) । | लग्न झालेली, विवाहित स्त्री, पत्नी | married woman, wife. |
| **विविध** | वि. | 1. अनेक प्रकार का, भांति-भांति का, नानाविध; | विविध, नाना प्रकारचा; | of various sorts or kinds; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कई विभागों, मदों आदि का मिला-जुला, फुटकर, प्रकीर्ण । | फुटकर | miscellaneous. |
| विवृत | वि. | 1. खुला हुआ; | उघडा असलेला, अनाच्छादित; | open, not closed; |
| | | 2. फैला हुआ, विस्तृत; | विस्तृत पसरलेला; | wide, extensive; |
| | | 3. (वर्ण) जिसका उच्चारण करते समय मुखद्वार पूरा खुलता हो । | ज्याचा उच्चार करताना तोंड मोठ करावे लागते असा (वर्ण) | (gram.) open articulation, approach of the tongue towards the organ of speech but without contact. |
| विवेक | पुं. | 1. अंत:करण की वह शक्ति जिससे मनुष्य यह समझता है कि कौन-सा काम अच्छा है या बुरा अथवा करने योग्य है या नहीं, सत् और असत् का निर्णय करनेवाली बुद्धि; | विवेक, सत्-असत्, योग्य-अयोग्ययात भेद पाहण्याची शक्ती, विवेक शक्ती; | power of discretion; |
| | | 2. सद्‌विचार की योग्यता, सद्‌बुद्धि । | सद्‌बुद्ध | discretion. |
| विवेकी | वि. | 1. भले-बुरे का ज्ञान रखने-वाला, विवेकशील; | विवेकी, बऱ्या–वाईटात भेद करणारा; | discreet; |
| | | 2. बुद्धिमान; | शहाणा, बुद्धिमान; | wise; |
| | | 3. न्यायशील । | न्यायशील, न्यायी | fair, just. |
| विवेचन | पुं. | 1. किसी चीज या बात के सभी पक्षों पर इस दृष्टि से विचार करना कि तथ्य या वास्तविकता का पता चले, आलोचनात्मक अध्ययन, समीक्षा, मूल्यांकन; | विवेचन, समीक्षा, टीकात्मक अध्ययन; | critical study, review, evaluation; |
| | | 2. तर्क-वितर्क; | वादविवाद; | argumentation for and against; |
| | | 3. विचार करना, मीमांसा । | मीमांसा | profound thought. |
| विवेचना | स्त्री. | दे. 'विवेचन' । | विवेचन | see 'विवेचन' । |
| विशद | वि. | 1. विस्तृत, ब्योरेवार (वर्णन, कथन आदि); | विशद, सविस्तर; | elaborate, detailed (description, statement etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्पष्ट; | स्पष्ट; | clear cut; |
| | | 3. स्वच्छ, निर्मल, साफ; | स्वच्छ, शुद्ध; | clean, pure; |
| | | 4. चिंतारहित, शांत, स्थिर । | निश्चिन्त, शांत | free from anxiety, calm, stable. |
| विशारद | वि., पुं. | 1. विशेषज्ञ, निष्णात; 2. पंडित, विद्वान् । | विशारद, निष्णात, उत्तम जाणकार; पंडित, विद्वान् | expert, adept; scholar, learned person. |
| विशाल | वि. | 1. जो आकार-प्रकार, आयतन आदि की दृष्टि से अत्यधिक ऊँचा या विस्तृत हो, बड़ा, विपुल, बृहद्; | विशाल, मोठा, विस्तृत; | large, big; |
| | | 2. भव्य, शानदार । | भव्य | grand, great. |
| विशालता | स्त्री. | विशाल होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, उच्चता, ऊँचाई, विस्तार, विपुलता । | विशालता, विस्तृतता, भव्यता | greatness, largeness, extension. |
| विशिष्ट | वि. | 1. (वस्तु) जिसमें औरों की अपेक्षा कोई बहुत बड़ी विशेषता हो; | विशिष्ट, खास, विशेष गुण असलेला; | special, peculiar; |
| | | 2. (व्यक्ति) जिसे अन्यों की अपेक्षा अधिक आदर, मान आदि प्राप्त हो या दिया जा रहा हो; | पुढे असलेला, प्रमुख, अधिक मान दिला जाणारा, डोळ्यात भरणारा; | prominent; |
| | | 3. किसी विशेष बात, गुण आदि का सूचक या उससे संबद्ध, अभिलक्षक, ठेठ । | विशेष गुणवत्ता असणारा | typical, characteristic. |
| विशिष्टता | स्त्री. | विशिष्ट होने की अवस्था, धर्म या भाव, विशेषता, वैशिष्ट्य । | विशेष गुणवत्ता, ओळखू येण्याजोगी विशेषता | speciality, peculiarity. |
| विशिष्टाद्वैत | पुं. | आचार्य रामानुज का प्रति-पादित किया हुआ दार्शनिक मत जिसके अनुसार यद्यपि जगत् और जीवात्मा दोनों कार्यतः ब्रह्म से भिन्न हैं | विशिष्टाद्वैत | qualified non-duality (philoso-phical doctrine). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | फिर भी वे ब्रह्म से ही उद्भूत हैं और ब्रह्म से उनका उसी प्रकार का संबंध है जैसा कि किरणों का सूर्य से । | | |
| **विशिष्टि** | स्त्री. | निर्दिष्ट विशेष गुण, विशिष्ट विवरण, विनिर्देश । | विशिष्ट कथन, विशिष्ट गुण कथन, खास निर्देश | specification, special statement. |
| **विशुद्ध** | वि. | 1. जो बिलकुल शुद्ध हो, खरा, वास्तविक; | अत्यंत शुद्ध, खरा, अस्सल; | completely cleansed or purified, genuine, real; |
| | | 2. पवित्र; | पवित्र; | pious; |
| | | 3. दोषरहित, निर्दोष, निष्कलंक, निर्मल । | दुर्गुण रहित, निर्दोष, निर्मल | free from vice, faultless without a blemish, pure. |
| विशुद्धि | स्त्री. | 1. विशुद्धता, पवित्रता; | अत्यंत शुद्ध अवस्था, शुद्धता; | complete purity purity; |
| | | 2. निर्दोषिता, निष्कलंकता; | निर्दोषिता , निष्कलंकपणा; | faultlessness; |
| | | 3. खरापन । | अस्सलपणा, खरेपणा | genuineness. |
| विशृंखल | वि. | शृंखलारहित, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त । | असंगत, अस्ताव्यस्त | disorderly. |
| विशेष | वि. | 1. जिसमें औरों की अपेक्षा कोई नई बात हो, विशेषता-युक्त, विशिष्ट; | अधिक काही असलेला; | particular; |
| | | 2. जिसमें औरों की अपेक्षा कुछ अधिकता हो; | विशिष्ट गुणवत्ता असलेला; | special; |
| | | 3. विचित्र, विलक्षण; | विलक्षण; | strange; |
| | | 4. बहुत अधिक । | अधिक | much. |
| विशेषज्ञ | पुं., वि. | किसी विषय का विशेष रूप से ज्ञाता या पंडित । | माहीतगार, जाणकार, तज्ज्ञ | expert. |
| विशेषण | पु. | 1. वह जिसमें किसी प्रकार की विशेषता सूचित हो; | विशेषण, विशेष सूचित करणारा गुण; | attribute, epithet; |
| | | 2. (व्याकरण) ऐसा विकारी शब्द जो किसी संज्ञा की विशेषता बतलाता हो, उसकी स्थिति मर्यादित | (व्याक.) नामाविषयी विशेष सांगणारा विकारी शब्द | (gram.) adjective. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | करता हो अथवा उसे संज्ञाओं से पृथक करता हो । | | |
| विशेषता | स्त्री. | 1. विशेष होने की अवस्था या भाव, वैशिष्ट्य, विशिष्टता; | विशेषता, काही विशेष असण्याची स्थिती; | speciality, singularity; |
| | | 2. किसी वस्तु या व्यक्ति में औरों की अपेक्षा होनेवाली कोई अच्छी बात,गुण । | विशेष गुण | attribute, quality. |
| विशेषांक | पुं. | सामयिक पत्र का वह अंक जो किसी विशिष्ट अवसर पर या किसी विशेष उद्देश्य से और साधारण अंकों की अपेक्षा विशिष्ट रूप में या अलग से प्रकाशित किया जाता है । | विशेषांक | special issue or number (published on special occasion, purpose etc.). |
| विशेष्य | पुं. | वह शब्द या पद जिसकी विशेषता कोई विशेषण या विशेषणपद सूचित करता या कर रहा हो । | (व्याक.) ज्याला विशेषण लावले आहे असा शब्द वा पद | (gram.) the word to be differented or distinguished. |
| विश्रांत | वि. | 1. जिसने विश्राम कर लिया हो; | विश्रांती घेतलेला; | one who has taken rest; |
| | | 2. जो कम हो गया हो या रुक गया हो, शांत; | शमन झालेला, शांत झालेला; | abated, stopped, become calm; |
| | | 3. थका हुआ, क्लांत । | थकून गेलेला | tired, exhausted. |
| विश्रांति | स्त्री. | 1. विश्राम, आराम; | विश्रांती, आराम, विश्राम; | rest, repose; |
| | | 2. थकावट; | थकवा; | tiredness; |
| | | 3. मध्यावकाश, मध्यान्तर, विराम । | मध्यांतर, मधली सुट्टी | interval, intermission, stop. |
| विश्राम | पुं. | 1. थकावट कम करने या मिटानेवाला काम या बात, आराम; | विश्राम, विश्रांती आराम; | relaxation, rest; |
| | | 2. अवकाश, मध्यावकाश, मध्यांतर; | मधली सुट्टी; | interval, intermission; |
| | | 3. चैन, सुख। | शांती, सुख समाधान | tranquility. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विश्रामालय | पुं. | वह स्थान जहां यात्री लोग सवारी के इंतजार में ठहरकर विश्राम करते हों । | विश्रांतिस्थान | retiring room (where travellers rest while taking other train etc,). |
| विश्रुत | वि. | अच्छी-तरह जाना-सुना हुआ, विख्यात, प्रसिद्ध । | विश्रुत, सर्वांना ठाऊक असलेला, प्रख्यात, प्रसिद्ध | well-known, renowned, famous, celebrated. |
| विश्लेषण | पुं. | 1. अलग करना; 2. किसी वस्तु के संयोजक अंगों या द्रव्यों को इस उद्देश्य से अलग-अलग करना कि उनके अनुपात, कर्तव्य, गुण, प्रकृति, पारस्परिक संबंध आदि का पता चले; | विश्लेषण, अलग अलग करण्याची क्रिया; पृथ्थकरणं | separation; disintegration; |
| | | 3. किसी विषय के सब अंगों की इस दृष्टि से छानबीन करना कि उनका तथ्य या वास्तविक स्वरूप सामने आए । | चिकित्सा | analysis. |
| विश्व | पुं. | 1. सृष्टि का वह सारा अंश जो हमें दिखाई देता है, जगत्, दुनिया, लोक, संसार; | विश्व, जग, सृष्टी; | world, visible part of the world. |
| | | 2. समस्त सृष्टि, ब्रह्मांड । | ब्रह्मांड,सर्व चराचर, दृश्य अदृश्य सृष्टी | universe, whole world. |
| विश्वकोश | पुं. | ऐसा विशाल ग्रंथ जिसमें ज्ञान-विज्ञान की समस्त शाखाओं-प्रशाखाओं तथा महत्वपूर्ण बातों का विश्लेषण तथा विवेचन होता है । | विश्वकोश | encyclopeadia. |
| विश्वविद्यालय | -पुं. | वह बहुत बड़ी शैक्षणिक संस्था जिसके अंतर्गत या अधीन सभी प्रकार के विषयों की सर्वोच्च शिक्षा देने वाले बहुतसे महाविद्यालय हों और जिसे | विश्वविद्यालय, विद्यापीठ | university. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | अपने स्नातकों को शिक्षा संबंधी उपाधियां देने का अधिकार हो । | | |
| **विश्वसनीय** | वि. | जिस पर विश्वास किया जा सकता हो या किया जाना चाहिए । | विश्वसनीय, विश्वासपात्र | reliable, credible, to be trusted or to be relied on. |
| **विश्वस्त** | वि. | 1. जिसका विश्वास किया जाए; | विश्वासपात्र; | reliable; |
| | | 2. जिसके मन में विश्वास हो चुका हो, आश्वस्त । | ज्याच्या मनात विश्वास उत्पन्न झाला आहे असा, आश्वस्त | confident. |
| **विश्वास** | पुं. | 1. किसी बात, विषय, सिद्धान्त, व्यक्ति, देवता आदि की सत्यता, प्रामाणिकता आदि से संबंधित धारणा, एतबार, यकीन, आस्था; | विश्वास, श्रद्धा, आस्था; | belief, faith; |
| | | 2. भरोसा; | खर असल्याची मनाची धारणा; | trust; |
| | | 3. आश्वासन । | आश्वासन | assurance. |
| **विश्वासघात** | पुं. | 1. किसी को विश्वास दिलाकर उसके प्रति किया जाने-वाला द्रोह; | विश्वासघात, विश्वासाचा द्रोह; | breach of trust; |
| | | 2. विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा अपने मित्र या स्वामी के हितों के विरुद्ध किया हुआ ऐसा बुरा काम जिससे उसका विश्वास जाता रहे । | दगाबाजी | disloyalty, infidelity. |
| **विश्वासघाती** | वि. | विश्वासघात करनेवाला (व्यक्ति) । | दगाबाज | treacherous, one who betrays. |
| **विश्वासपात्र** | वि. | (व्यक्ति) जिसका विश्वास किया जाता हो या जो विश्वास किए जाने के योग्य हो, विश्वसनीय, विश्वासभाजन । | विश्वासपात्र | reliable, trust-worthy. |
| **विश्वास-प्रस्ताव** | पुं. | लोकतंत्री संस्थाओं में किसी अधिकारी या सदस्य के संबंध | विश्वास दर्शविणारा ठराव | vote of confidence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | में विश्वास व्यक्त करने के लिए उपस्थित किया जानेवाला प्रस्ताव । | | |
| विष | पुं. | 1. कोई ऐसा तत्व या पदार्थ जो थोड़ी मात्रा में भी शरीर के अंदर पहुंचने या बनने पर भीषण रोग या विकार उत्पन्न कर सकता हो और अंत में घातक सिद्ध हो सकता हो, जहर; | विष, जहर; | poison; |
| | | 2. (ला.) किसी काम या बात के लिए नाशक या अहितकारी तत्व या बात । | विषारी घटक (लाक्ष.) | (fig.) destructive or harmful element. |
| विषकन्या | स्त्री. | वह कन्या या स्त्री जिसके शरीर में इस आशय से विष प्रविष्ट किया गया हो कि उसके साथ संभोग करनेवाला मर जाए । | अशी कन्या वा तरुणी की जिच्या अंगात विष भिन्नविले गेले आहे अशाकरिता की तिच्याशी ज्याचा संयोग होईल तो मरण पावेल | poison-bred girl supposed to cause the death of a man who has had intercourse with her. |
| विषण्ण | वि. | 1. उदास, दु:खी; | विषण्ण, उदास, दु:खी; | gloomy; |
| | | 2. जिसमें कुछ करने की इच्छा-शक्ति न रह गई हो, हतोत्साहित । | नाउमेद, निरुत्साही | demoralised, disheartened. |
| विषधर | वि. | विषाक्त, जहरीला । | विषारी | poisonous. |
| | पुं. | सांप । | सर्प | snake. |
| विषम | वि. | 1. जो सम अर्थात् समान या बराबर न हो, असमान; | असम, सम अथवा समान नसलेला; | uneven; |
| | | 2. (संख्या) जो दो से भाग देने पर पूरी न बंटे बल्कि जिसमें एक बाकी बचे, ताक; | दोन या संख्येने भाग न जाणारा; | odd (number), that which can not be equally divided; |
| | | 3. (कार्य, स्थिति या विषय) जो कठिन या विकट हो, मुश्किल; | कठिण, विकट; | hard, difficult; |
| | | 4. भीषण, भयंकर; | धोक्याचा, भय असलेला; | dangerous, fearful; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 5. तीव्र, तेज, उत्कट । | तीव्र | intense. |
| विषमता | स्त्री. | 1. असमानता; | असमक्षा, असमानता; | unevenness, dissimilarity; |
| | | 2. विरोध, वैषम्य; | विरोध; | contrast; |
| | | 3. अंतर, भेद; | भेद, अंतर; | difference; |
| | | 4. (कार्य, स्थिति आदि की ) कठिनता, विकटता; | अवघडपणा, विकटपणा; | hardship, difficulty (while doing some work etc.); |
| | | 5. उत्कटता, तीव्रता, प्रचंडता । | उत्कटता, तीव्रता, प्रचंडता | intensity. |
| विषय | पु. | 1. कोई ऐसी चीज या बात जिसके संबंध में कुछ कहा, किया या सोचा-समझा जाए; | विषय, विचाराची वा बोलण्याची गोष्ट, बाब; | subject; |
| | | 2. कोई ऐसा काम या बात जिससे संबंध रखनेवाली बातों का स्वतंत्ररूप से अध्ययन, मीमांसा या विवेचन होता हो; | ज्यांचे स्वतंत्र रीतीने अध्ययन, मीमांसा अथवा विवेचन केले जाते अशा गोष्टींशी संबंध असणारी बाब अथवा काम; | topic; |
| | | 3. कोई ऐसी आधारिक कल्पना या विचार जिस पर किसी प्रकार की रचना हुई हो, विषय- वस्तु; | जिच्यावर आधारून लेख अथवा कथानक रचले जाते अशी विचारवस्तु; | theme; |
| | | 4. वे बातें या विचार जिनका किसी ग्रंथ, लेख आदि में विवेचन हुआ हो या किया जाने को हो; | मजकूर, आशय (लिखित रचनेत योजिलेला); | matter, content; |
| | | 5. स्त्री के साथ किया जाने-वाला संभोग, मैथुन; | संभोग; | sexual inter-course; |
| | | 6. इंद्रिय सुख; | इंद्रियजन्य सुख; | sensual pleasure, pleasures of sense; |
| | | 7. सांसारिक भोगविलास और उसके साधन की सामग्री । | ऐहिक भोग, त्यांची साधन सामग्री | worldly pleasures and its means. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विषय-वस्तु | स्त्री. | कल्पना, विचार आदि के रूप में रहनेवाला वह मूल तत्व जिसे आधार मानकर कोई कलात्मक या कौशलपूर्ण रचना की गई हो, किसी कृति का आधारिक और मूलविचार-विषय । | असा विषय की ज्यावर एखाद्या लेख वा कथानक रचले जाते, कोणत्याही साहित्यकृतींचा आधारविचार | theme, subject. |
| विषयांतर | पुं. | एक विषय छोड़कर दूसरे विषय पर जाना । | विषयांतर | digression. |
| विषयानु-क्रमणिका | स्त्री. | विषयों के विचार से बनी हुई अनुक्रमणिका, विषय-सूची । | एखाद्या पुस्तकातअसलेला विषयांचा प्रकरणवार अनुक्रम, विषय सूची | subject index. |
| विषयी | वि. | भोगविलास में रत रहने-वाला, कामुक । | कामुक, इंद्रियसुख | sensual and carnal. |
| विषाक्त | वि. | 1. जिसमें विष मिला हो; | विष मिश्रित; | mixed with poison; |
| | | 2. (वातावरण) जो बहुत अधिक दूषित हो । | विषारी | poisonous. |
| विषाणु | पुं. | कुछ विशिष्ट रोगों में शरीर के अंदर उत्पन्न होनेवाला एक विषाक्त तत्व जो दूसरे जीवों के शरीर में किसी प्रकार पहुँचकर वही रोग उत्पन्न कर सकता है । | विषारी जंतु | virus. |
| विषाद | पुं. | 1. मन की वह दु:खद अवस्था जो कोई भारी दुर्घटना होने पर और भविष्य के संबंध में मन में गहरी निराशा या भय उत्पन्न होने पर प्राय: सामूहिक रूप से उत्पन्न होती है; | विषाद, खेद; | gloom; |
| | | 2. अभिलाषा या उद्देश्य पूरा न होने पर उत्साह या वासना का दु:खद रूप से मंद पड़ना, साहित्य में एक प्रकार का संचारी भाव । | निरुत्साह, नाउमेदी | despondency. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विषुवत्-रेखा** | **स्त्री.** | **भूगोल में वह कल्पित रेखा जो पृथ्वी तल के पूरे मानचित्र पर ठीक बीचों-बीच गणना के लिए पूर्व-पश्चिम खींची गई हो ।** | पृथ्वीगोलाच्या मध्यभागवती ची काल्पनिक रेषा; भूमध्य रेषा, विषुववृत्त | equator. |
| **विषूचिका** | **स्त्री.** | **हैजा नामक रोग ।** | कॉलरा, पटकी | cholera. |
| **विषैला** | वि. | **विषयुक्त, जहरीला ।** | विषारी | poisonous, venomous. |
| **विष्ठा** | **स्त्री.** | **गुह, मल, पाखाना ।** | विष्ठा, शौच, मल | faeces, excrement. |
| **विसंगत** | वि. | **जिसके साथ संगति न हो, बेमेल, असंगत ।** | विसंगत, असंबद्ध | irrelevant. |
| **विसंगति** | **स्त्री.** | **असंगति ।** | विसंगती, असंबद्धता | irrelevance. |
| **विसम्मति** | **स्त्री.** | **किसी विषय में दूसरे के मत से सहमत न होने की अवस्था या भाव, असहमति ।** | मतभेद, सहमत नसण्याची अवस्था | dissent. |
| **विसर्ग** | पुं. | 1. **(व्याकरण) एक अक्षर का संकेत (:) जिसका उच्चारण अर्ध 'ह' के समान होता है;** | विसर्ग, दोन उभ्या टिंबांचे चिह्न (:); | (gram.), colon like sign (:); |
| | | 2. **त्याग, छोड़ना ।** | त्याग, विसर्जन | to abandon, to give up. |
| **विसर्जन** | पुं. | 1. **अंत, समाप्ति;** | विसर्जन, शेवट, समाप्ती; | cessation, end; |
| | | 2. **पूजन आदि के उपरांत प्रतिमा का किसी जलाशय में किया जानेवाला प्रवाह;** | देवतेची मूर्ती पाण्यात सोडून केलेली बोळवण; | submerging the image of a deity into holy water (as the concluding rite or worship etc.); |
| | | 3. **कार्य की समाप्ति पर उसके सदस्यों आदि का कार्यस्थल से होनेवाला प्रस्थान;** | सभासदांचे प्रस्थान, –निघून जाणे; | dispersion; |
| | | 4. **परित्याग करना, छोड़ना ।** | त्याग | to abandon, to give up. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विसर्जित | वि. | 1 समाप्त; | परिसमाप्त, संपविलेला; | ended; |
| | | 2. जलाशय में प्रवाहित प्रतिमा आदि); | बोळविलेला; | submerged (the image of a deity in holy water); |
| | | 3. जो प्रस्थान कर गया हो, प्रस्थित; | सोडून गेलेला, निघून गेलेला; | left; |
| | | 4. छोड़ा हुआ, त्यागा हुआ, परित्यक्त । | परित्यक्त, टाकून दिलेला | abandoned, given up. |
| विसर्पी | वि. | 1. (पौधा या बेल) जो धीरे-धीरे आगे बढ़कर जमीन पर फैले या किसी आधार पर चढ़े; | सरपटत जाणारा; | creeping; |
| | | 2. रेंगता हुआ आगे बढ़ने या चलनेवाला; | रांगणारा; | one who proceeds further or walks in crawling manner; |
| | | 3. सांप की तरह लहराते हुए चलनेवाला, लहरिएदार । | नागमोडी चालणारा | wavy, zigzag. |
| विसैन्यीकरण | पुं. | युद्ध के आवश्यकतावश प्रस्तुत किए गए सैनिकों को सैन्य सेवा से पृथक करना, सैन्यविघटन । | सैन्याचे विसर्जन, सैन्याचे विघटन | demilitarisation. |
| विस्तार | पुं. | 1. फैले हुए होने की अवस्था, धर्म या भाव, फैलाव; | विस्तार, पसारा, पसरण्याची किंवा पसरलेली स्थिती; | spread, expansion, extension; |
| | | 2. वह क्षेत्र या सीमा जहां तक कोई चीज फैली हुई हो, फैलाव का क्षेत्र; | फैलाव, प्रसार; | extent; |
| | | 3. विस्तृत विवरण । | खुलासेवार विवरण | elaboration, details. |
| विस्तारवाद | पुं. | यह मत या सिद्धांत कि राज्य को अपने अधिकार क्षेत्र और सीमाओं का निरंतर विस्तार करते रहना चाहिए, भले ही इसमें दूसरे राज्यों या राष्ट्रों का अहित होता हो । | आपले राज्य अधिकाधिक क्षेत्रावर पसरत गेले पाहिजे असे मत | expansionism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| विस्तीर्ण | वि. | 1. जो फैला या फैलाया हुआ हो, विस्तृत किया हुआ;<br>2. लम्बा-चौड़ा, बहुत बड़ा । | विस्तीर्ण, पसरलेला फैलावलेला;<br>खूप लांब रुंद, ऐसपैस; | spread out, expanded;<br>spacious. |
| विस्तृत | वि. | 1. अधिक दूर तक फैला हुआ, विस्तारवाला;<br>2. (कथन या वर्णन) जिसमें सब अंग या बातें विस्तार-पूर्वक बताई गई हों;<br>3. बहुत लंबा या लंबा-चौड़ा । | विस्तीर्ण;<br>विवरणयुक्त, तपशीलवार;<br>विस्तारयुक्त, ऐसपैस | spread, extended;<br>detailed (statement or description);<br>spacious. |
| विस्थापन | पुं. | किसी स्थान पर बसे हुए लोगों को कहीं से बलपूर्वक हटाना और वह जगह उनसे खाली करा लेना । | बसलेल्या लोकांची/रहिवाशांची/त्यांच्या स्थानाहून दुसरीकडे हाकालपट्टी | displacement. |
| विस्थापित | वि. | जिससे उसका निवास स्थान बलपूर्वक छीन लिया गया हो । | अशी हाकालपट्टी केलेला, निर्वासित | displaced. |
| विस्फारण | पुं. | 1. खोलना या फैलाना;<br>2. धनुष चढ़ाना । | उघडण्याची वा पसरविण्याची क्रिया;<br>बाण सोडण्याची क्रिया | to open, to spread;<br>to shoot an arrow |
| विस्फारित | वि. | खोला या फैलाया हुआ । | सताड उघडलेला, पसरून ठेवलेला | opened wide, spread out. |
| विस्फोट | पुं. | 1. अंदर की भरी हुई आग या गरमी का उबल या फूटकर बाहर निकलना;<br>2. एकत्र गैस, बारूद आदि का अग्नि या ताप के कारण जोर का शब्द करके बाहर निकल पड़ना;<br>3. उक्त क्रिया के कारण होनेवाला जोर का शब्द । | स्फोट, एकदम जोराने बाहेर पडणे;<br>आवाज करीत उडणे, बाहेर फुटणे;<br>असे बाहेर फुटताना होणारा आवाज, बार | explosion;<br>cracking (noise).<br>noise of such explosion. |
| विस्फोटक | वि. | (पदार्थ) जो अंदर की गरमी या ताप के कारण चटक कर फूट जाए, (स्थिति) जिसके अनपेक्षित और संकटपूर्ण परिणाम की संभावना हो । | स्फोटक | explosive (substance, situation etc.). |
| विस्मय | पुं. | आश्चर्य, अचंभा । | विस्मय, आश्चर्य | wonder, surprise. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **विस्मयकारी** | वि. | विस्मय उत्पन्न करनेवाला, आश्चर्यजनक । | विस्मयकारी, आश्चर्यकारक | causing astonishment or surprising. |
| **विस्मरण** | पुं. | 1. भूलना, विस्मृति; 2. भुलाना । | विस्मरण, विसरण्याची अवस्था; पूर्ण विस्मृती | forgetting; obliviousness. |
| **विस्मित** | वि. | जिसे विस्मय हुआ हो, आश्चर्यचकित । | चकित | amazed, surprised. |
| **विस्मृत** | वि. | 1. जिसका स्मरण न रहा हो; भूला हुआ; | विसरलेला; | forgotten; |
| | | 2. भुलाया हुआ । | स्मृतीतून गेलेला | passed out of memory or recollection. |
| **विस्मृति** | स्त्री. | भूल जाना, विस्मरण । | विस्मृती, स्मृतिशून्यता | forgetfulness,. oblivion. |
| **विहंग** | पुं. | पक्षी, चिड़िया । | विहंग, पक्षी | bird. |
| **विहार** | पुं. | 1. घूमना, भ्रमण; | विहार, फेरफटका, मजेत फिरणे; | roaming or walking about for pleasure etc; |
| | | 2. बौद्ध आदि श्रमणों के रहने का मठ या आश्रम; | बौद्धांचा आश्रम वा मठ; | monastry, consecration for a sacrifice; |
| | | 3. रतिक्रीड़ा; | संभोग क्रीडा; | sexual enjoyment; |
| | | 4. आमोद-प्रमोद । | क्रीडा, मनोरंजन | recreation, pleasure. |
| **विहित** | वि. | 1. जो विधि के अनुरूप हुआ या किया गया हो, विधि के अनुरूप; | विहित, विधीला धरून असलेला; | according to rules prescribed by law, ordained by law; |
| | | 2. निर्धारित, निश्चित । | निर्धारित, निश्चित | prescribed, fixed. |
| **विहीन** | वि. | रहित, बगैर, बिना । | विहीत, रहित, विना | without. |
| **विह्वल** | वि. | व्याकुल, उद्विग्न, अशांत, घबराया हुआ । | विह्वल, व्याकुल, अस्वस्थ, बेचैन | perturbed, restless, confused. |
| **विह्वलता** | स्त्री. | व्याकुलता, घबराहट । | विह्वलता, व्याकुळता, बेचैनी | perturbation, restlessness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वीक्षण | पुं. | देखने की क्रिया, निरीक्षण । | पाहणे, निरीक्षण | seeing, inspection. |
| वीचि | स्त्री. | लहर, तरंग । | लहर, तरंग | wave, ripple. |
| वीणा | स्त्री. | एक तरह का प्राचीन भारतीय बाजा जो सितार, सरोद आदि का मूल रूप है और सब बाजों में श्रेष्ठ माना जाता है । | वीणा | Indian lute, lyre. |
| वीतराग | वि. | सांसारिक आसक्ति का परित्याग करनेवाला, रागरहित, निस्पृह । | ज्याने आसक्ती सोडून दिली आहे असा, विषयाची गोडी सोडलेला निरासक्त | free from all passion, dispassionate. |
| वीथि | स्त्री. | 1. मार्ग,' रास्ता, सड़क;<br>2. वीर्था । | रस्ता, सडक;<br>गेलरी | way, road;<br>gallery. |
| वीर | वि. | 1. बलवान, बहादुर, शूर;<br>2. साहसी, निर्भय;<br>3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर । | वीर, बहादुर, शूर, प्रतापी;<br>साहसी, निर्भय;<br>उत्कृष्ट | mighty, brave;<br>adventurous, fearless;<br>excellent. |
| | पुं. | 1. योद्धा, सिपाही, सैनिक;<br>2. भाई;<br>3. साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव उत्साह है । | योद्धा, सैनिक;<br>भाऊ;<br>नव रसांपैकी एक—वीररस | warrior, soldier;<br>brother;<br>(in literature) heroism (as one of the nine Rasas). |
| वीरगति | स्त्री. | युद्ध क्षेत्र में मारे जाने पर योद्धाओं को प्राप्त होनेवाली शुभगति, युद्ध करते हुए मृत्यु होना । | वीरगती, योद्धा, शौर्याने लढत मेला असता त्याला मिळणारी उत्तम गती | heroic end, killed while in action. |
| वीरता | स्त्री. | 1. बहादुरी, शूरता;<br>2. साहस, निर्भयता;<br>3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर होने का भाव;<br>4. वीर का कोई वीरतापूर्ण और साहसिक कार्य । | वीरता, शूरता, बहादुरी;<br>निर्भयपणा, साहस;<br>विशेष गुणवत्ता;<br>वीराने केलेले पराक्रमाचे कृत्य | bravery;<br>adventure, fearlessness;<br>excellence;<br>heroic deed. |
| वीरान | वि. | 1. (प्रदेश) जिसमें बस्ती न हो, निर्जन; | उजाड, ओसाड; | desolate, uninhabited; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. (ला.) शोभाविहीन। | शोभाहीन (लाक्ष.) | (fig.) devoid of glamour, grace, ugly. |
| **वीर्य** | पुं. | 1. शरीर की सात धातुओं में से एक जिसके कारण शरीर में बल और कांति आती है, शुक्र; | वीर्य, पुरुषाचे रेत; | semen, virility; |
| | | 2. पराक्रम, वीरता; | पराक्रम, वीरता; | valour, heroism; |
| | | 3. ताकत, बल, शक्ति । | बल, शक्ती | vigour, strength. |
| **वृंद** | पुं. | समूह, समुदाय । | वृंद, मंडळी | multitude, assemblage. |
| वृक्ष | पुं. | मोटे तथा कठोर तनेवाली वनस्पतियों का एक वर्ग, पेड़, दरख्त । | वृक्ष, झाड | tree. |
| **वृत्त** | पुं. | 1. वृत्तांत, हाल, घटना, चरित; | वृत्त, समाचार, बातमी; | report, account, incident, doings; |
| | | 2. छंद; | छंद; | metre; |
| | | 3. वह क्षेत्र जो चारों ओर से किसी ऐसी रेखा से घिरा हो जिसका प्रत्येक बिंदु उस क्षेत्र के मध्य बिंदु से समान अंतर पर हो, परिधि, दायरा, मंडल, गोल घेरा । | परीध | circle, circumference. |
| **वृत्तचित्र** | पुं. | सिनेमा का वह चित्र जिसमें किसी विशिष्ट कार्य या घटना के मुख्य-मुख्य अंग-उपांग या ब्यौरे की और बातें लोगों कीजानकारी के लिए दिखाई जाती हैं । | घटना-चित्र (सिनेमात घडलेल्या गोष्टी संबंधी बातमी देतानापडद्यावर दाखविले जाणारे त्या घटनेचे चित्र) | documentary (film). |
| **वृत्तांत** | पुं. | 1. किसी घटना, वस्तु, विषय, स्थिति आदि की जानकारी कराने के उद्देश्य से उससे संबद्द कही या बतलाई जानेवाली बातें या किया जाने वाला वर्णन। | वृत्तांत, अहवाल, हकीकत, विवरण | report, account. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वृत्ति | स्त्री. | 1. चित्त, मन आदि का कोई व्यापार (जैसे चित्तवृत्ति); | वृत्ती, मनाचा कल, अवस्था; | mental disposition, attitude; |
| | | 2. योग में चित्त की विशिष्ट अवस्थाएं; | योगामध्ये चित्ताची राहणारी अवस्था; | typical condition of mind in Yoga; |
| | | 3. जीवन-निर्वाह के लिए किया जानेवाला कार्य या व्यापार, धंधा, पेशा; | पेशा, धंदा; | work, business, profession; |
| | | 4. जीविका-निर्वाह, भरण-पोषण आदि के लिए मिलनेवाला धन (जैसे छात्रवृत्ति); | चरितार्था पुरते मिळणारे धन; | stipend; |
| | | 5. ग्रंथ, विशेषतः सूत्रग्रंथ की टीका या व्याख्या; | सूत्र ग्रंथावरील टीका वा व्याख्या; | commentary; |
| | | 6. शब्दों की अर्थबोधक शक्तियां, शब्द-शक्ति; | शब्दशक्ती, शब्दाची अर्थबोधक शक्ती; | the force or signification of words; |
| | | 7. प्रकृति, स्वभाव । | स्वभाव | nature. |
| वृत्तिका | स्त्री. | भरण-पोषण के लिए मिलनेवाला धन, वृत्ति, वजीफा । | विशिष्ट काम चालू असताना चरितार्थापुरते मिळणारे धन, वृत्ती | stipend. |
| वृथा | वि. | जिसका कोई उपयोग या प्रयोजन न हो, व्यर्थ, फजूल । | व्यर्थ, फुकट, निरुपयोगी, निरर्थक | to no purpose, in vain, useless. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी आवश्यकता या प्रयोजन के । | व्यर्थ, उगीचच, निरर्थकपणे | unnecessarily, in vain. |
| वृद्ध | वि. | 1. जो अपनी प्रौढ़ावस्था पार कर चुका हो, बुड्ढा, बूढ़ा; | वृद्ध, वयोवृद्ध, म्हातारा; | old. |
| | | 2. गुण, विद्या आदि के विचार से औरों की अपेक्षा बहुत चतुर, विद्वान् या श्रेष्ठ । | ज्ञानी/अनुभवी/वृद्ध | wise, learned. |
| | पुं. | 1. बुड्ढा आदमी, बूढ़ा व्यक्ति; | वृद्ध/म्हातारा माणूस; | old man; |
| | | 2. पंडित, विद्वान्; | विद्वान, पंडित; | scholar, learned man; |
| | | 3. वह जो योग्यता आदि के विचार से औरों की अपेक्षा श्रेष्ठ तथा सम्मानित हो । | वडील माणूस | elder. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वृद्धा | वि. | बुढ़िया। | वृद्ध झालेली | old woman. |
| | स्त्री. | वह स्त्री जो अवस्था में वृद्ध हो गई हो, बुड्ढी स्त्री। | वृद्ध स्त्री, म्हातारी | old woman. |
| वृद्धावस्था | स्त्री. | वृद्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव, बुढ़ापा, वार्धक्य। | म्हातारपण, उतार वय, वार्धक्य | old age, senility. |
| वृद्धि | स्त्री. | 1. वर्धन, विकास; | वृद्धि, वाढ, विकास; | growth, rise; |
| | | 2. गुण, मान, मात्रा, संख्या आदि में होनेवाली अधिकता; | अधिकता; | enhancement, enlargement, addition; |
| | | 3. उन्नति, तरक्की, प्रगति; | प्रगती, उन्नती; | progress; |
| | | 4. वेतन आदि में होनेवाली अधिकता। | बढती | increment. |
| वृश्चिक | पुं. | 1. जहरीले डंकवाला एक प्रकार का जंतु, बिच्छू; | वृश्चिक, विंचू; | scorpion; |
| | | 2. ज्योतिष में बारह राशियों में से आठवीं राशि जिसके तारे बिच्छू का-सा आकार बनाते हैं। | राशींपैकी आठवी रास | eighth sign of the zodiac-scorpio. |
| वृषभ | पुं. | बैल, सांड। | वृषभ, बैल | bull. |
| वृष्टि | स्त्री. | 1. आकाश से जल की वर्षा होने की अवस्था या भाव, जलवर्षा, पानी का बरसना; | वृष्टी, पाऊस; | rain; |
| | | 2. वर्षा की तरह बहुत सी छोटी-छोटी चीजें ऊपर से गिरने की क्रिया या भाव; | वर्षाव; | shower (of anything); |
| | | 3. किसी क्रिया का कुछ समय तक लगातार होना (ला.) | (लाक्ष.) काही काळ एक सारखी सतत होत राहणारी क्रिया | continuance. |
| वे | सर्व. | 'वह' का बहुवचन रूप। | ते, त्या, ती | they, those. |
| वेग | पुं. | 1. मन में होनेवाली प्रबल प्रवृत्ति, मनोवेग; | वेग, आवेग, मनाची उबळ; | impulse, passion; |
| | | 2. गति या चाल की तीव्रता या तेजी; | गती, तीव्र गती; | velocity, speed; |
| | | 3. शीघ्रता, जल्दी; | जलदी, त्वरा; | quickness, haste; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. शरीर की वह आंतरिक वृत्ति या शक्ति जो प्राणियों को मल, मूत्र आदि का त्याग करने में प्रवृत्त करती है । | उत्सर्जन क्रिया | expulsion of the faeces. |
| वेगवती | वि. | जिसका वेग अत्यधिक हो । | खूप वेग असणारी | speedy, swift. |
| वेगवान् | वि. | वेगपूर्वक चलनेवाला, तेज चलनेवाला । | खूप वेग असणारा | swift, speedy. |
| वेणी | स्त्री. | स्त्रियों के बालों की गूंथी हुई चोटी, कवरी । | वेणी, (केसांची) | a braid of hair (of women). |
| वेतन | पुं. | 1. वह धन जो निश्चित रूप से निरंतर काम करते रहने पर बराबर नियत समय पर मिलता रहता है, तनख्वाह, तलब; | वेतन, पगार; | salary, pay; |
| | | 2. पारिश्रमिक, उजरत, मजदूरी । | कामाचा मोबदला, मजुरी | remuneration, wages, labour charges. |
| वेत्ता | पुं. | अच्छा या पूर्णज्ञाता (समास में) । | जाणता, जाणकार, ज्ञाता | one who knows. |
| वेद | पुं. | 1. भारतीय आर्यों के आद्य प्रधान धार्मिक ग्रंथ जो हिन्दुओं में सर्वप्रधान हैं; | वेद, हिंदूचे परम पवित्र धर्मग्रंथ; | the most ancient and sacred scriptures of Hindus; |
| | | 2. ज्ञान; | ज्ञान; | knowledge; |
| | | 3. धार्मिक ज्ञान, तत्वज्ञान । | आध्यात्मिक ज्ञान | sacred knowledge, metaphysical knowledge. |
| वेदना | स्त्री. | बहुत तीव्र मानसिक या शारीरिक कष्ट, तीव्र दुःख,. व्यथा । | वेदना, यातना, क्लेश | torture, pain, agony. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वेदांत | पुं. | भारतीय षड्दर्शनों में से एक दर्शन जो उपनिषदों की शिक्षा और सिद्धांतों पर आश्रित है और जिसमें वेदों का अंतिम या चरम उद्देश्य निरूपित है, उत्तर मीमांसा । | वेदांत, भारतीय षडदर्शानांपैकी (जे वेदोपनिषदांवर आधारित आहे) | one of the six systems of Indian philosophy so called either as teaching the ultimate scope of the Veda or simply as explained in the Upanishadas, which come at the end of the Vedas, the last of the six principal Darshanas or systems of Hindu philosophy. |
| वेदी | स्त्री. | 1. यज्ञ कार्य के लिए साफ करके तैयार की हुई भूमि;<br>2. मांगलिक या शुभ कार्य के लिए तैयार किया हुआ चौकोर स्थान, वेदिका । | वेदी, यज्ञस्थळ;<br>यज्ञाचा अग्नी प्रज्वलित करण्याचे पवित्र स्थान | a place prepared for sacrifice;<br>altar. |
| वेधक | वि. पुं. | 1. वेधन करनेवाला, छेद करनेवाला, छेदनेवाला;<br>2. नुकीली चीज धंसाकर घायल करनेवाला;<br>3. मणियों आदि को वेधकर अपनी जीविका चलानेवाला । | वेध करणारा, खुपसून छेद पाडणारा;<br>टोकदार शस्त्राने जखमी करणारा;<br>मणी गाठण्याचा धंदा करणारा | a piercer;<br>wounder, stabber;<br>a perforator. |
| वेधन | पुं. | 1. छेदने की क्रिया;<br>2. छेदकर घायल करने की क्रिया;<br>3. यंत्रों आदि की सहायता से आकाशस्थ ग्रहों आदि की गति, स्थिति आदि का पता लगाने की क्रिया, प्रेक्षण । | वेधण्याची/छेद पाडण्याची/क्रिया;<br>खुपसून जखम करण्याची क्रिया;<br>दुर्बिणीने ग्रहांचे निरीक्षण | the act of piercing;<br>to make a wound by piercing;<br>observation of planets by telescope. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वेधशाला | स्त्री. | वह प्रयोगशाला जिसमें ग्रह, नक्षत्रों आदि की गति का पर्यवेक्षण किया जाता है । | वेधशाळा | observatory. |
| वेध्य | वि. | जिसका वेध हो सके, होने को हो या किया जाए । | वेध करण्याजोगा, छेद पाडावयाचा ज्याला छिद्र पाडायची आहेत असा | to be pierced or perforated. |
| वेला | स्त्री. | 1. किसी काम या बात का नियमित या निश्चित समय; | ठरलेली वेळ; | limit of time; |
| | | 2. समुद्र का तट; | समुद्राचा किनारा; | coast, sea-shore; |
| | | 3. मर्यादा, सीमा । | मर्यादा | limit. |
| वेश | पुं. | 1. पहनने के कपड़े आदि, पोशाक; | वेष, पोशाख; | dress, costume, uniform; |
| | | 2. कुछ खास तरह के ऐसे कपड़े जिन्हें पहनने पर कोई विशिष्ट रूप प्राप्त होता है, भेष; | विशिष्ट कपडे घालून घेतलेले सोंग; | guise; |
| | | 3. बाह्य रूप । | बाह्य रूप | external appearance. |
| वेश्या | स्त्री. | ऐसी स्त्री जो धन लेकर लोगों के साथ संभोग करने का व्यवसाय करती हो, गणिका, तवायफ । | वेश्या, गणिका | prostitute, harlot, whore. |
| वेश्यालय | पुं. | वेश्या या वेश्याओं के रहने का स्थान । | वेश्या राहतात तीआळी, –घर, कुंटणखाना | brothel. |
| वेश्यावृत्ति | स्त्री. | वेश्या बन कर अर्थात् धन लेकर पर-पुरुषों से संभोग करने का व्यवसाय, वेश्याकर्म । | वेश्येचा धंदा | profession of prostitution |
| वेष्टन | पुं. | 1. कोई चीज किसी दूसरी चीज के चारों ओर लपेटना; | वेष्टन, चारी बाजूंनी गुंडाळण्याचे साधन; | anything that surrounds or wraps; |
| | | 2. इस प्रकार लपेटी जानेवाली चीज; | गुंडाळली गेलेली वस्तु; | a bandage, band; |
| | | 3. पगड़ी । | पागोटे | turban. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वैकल्पिक | वि. | 1. जो विकल्प के रूप में हो; 2. जिसके विषय में विकल्प का उपयोग या प्रयोग किया जाने को हो या किया जा सकता हो, जिसके चुनाव में अपनी इच्छा या पसंद का प्रयोग किया जा सकता हो । | पर्यायी; निवडीच्या स्वरुपात असलेला, ऐच्छिक | alternative; optional. |
| वैकुंठ | पुं. | 1. वह स्वर्गीय लोक जिसमें विष्णु निवास करते हैं; 2. स्वर्ग । | वैकुंठ, विष्णुलोक; स्वर्ग, मृत्युनंतर मिळणारा शुभलोक | heavenly abode of Vishnu; heaven. |
| वैजयंती | स्त्री. | 1. पताका, झंडा; 2. खेल, प्रतियोगिता आदि में मिलनेवाला विजय का सूचक एक उपहार । | झेंडा, पताका; जय मिळवून देणारी माळ | a flag, banner; a kind of garland prognosticating victory. |
| वैज्ञानिक | पुं. | विज्ञान का ज्ञाता, विज्ञानवेत्ता । | वैज्ञानिक, शास्त्रज्ञ | scientist. |
| | वि. | 1. विज्ञानसंबंधी; 2. ठीक रीति या सिलसिले से होनेवाला, व्यवस्थित और क्रमबद्ध । | विज्ञानविषयक; पद्धतशीर | scientific; systematic, methodical. |
| वैतनिक | वि. | 1. वेतन-संबंधी, वेतन का; 2. जिसे किसी पद पर काम करने के फलस्वरूप वेतन मिलता हो । | वेतनासंबंधीचा; वेतनावर काम करणारा | serving for wages; a hired labourer, labourer. |
| वैदग्ध्य | पुं. | 1. विदग्ध या पूर्ण पंडित होने की अवस्था, धर्म या भाव, पांडित्य, विद्वता; 2. कार्यकुशलता, दक्षता, पटुता; 3. कुशाग्रबुद्धि, चालाकी, चतुराई । | वैदग्ध्य, विद्वत्ता; कौशल्य, नैपुण्य; कुशाग्रबुद्धी, हुशारी | dexterity; skill, proficiency; cleverness, shrewdness, wit. |
| वैदिक | वि. | 1. वेदसंबंधी, वेद का; | वैदिक, वेदविषयक; | relating to the Veda, Vedic; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो वेदों में कहा गया हो, वेदोक्त । | वेदोक्त | prescribed in the Veda, knowing the Veda. |
| वैदेशिक | वि. | 1. विदेश से संबंध रखनेवाला; 2. विदेश में होनेवाला । | देशाचा, परदेशाशी संबंध असणारा; परदेशी | belonging to another country; foreign. |
| वैद्य | पुं. | 1. आयुर्वेद का ज्ञाता; | वैद्य, आर्युवेदाचा ज्ञाता; | an expert of Ayurveda; |
| | | 2. आयुर्वेद द्वारा निर्दिष्ट चिकित्सा पद्धति के अनुसार चिकित्सा करनेवाला, आयुर्वेदिक चिकित्सक । | आर्युवेदानुसार चिकित्सा करणारा विद्वान | Ayurvedic physician. |
| वैद्यक | पुं. | भारतीय चिकित्सा शास्त्र, आयुर्वेद । | वैद्यक, भारतीय चिकित्साशास्त्र | the Indian science of Medicine, Ayurveda. |
| वैध | वि. | 1. विधिमान्य, विधिसम्मत, नियमानुसार मान्य; | वैध, विधि अनुसार असलेला; | lawful, legal, in accordance with rule; |
| | | 2. विधि या कानून की दृष्टि से ठीक, विधि के अनुकूल । | विधिमान्य, विधीच्या-कायद्याच्या दृष्टीने योग्य | legitimate, just. |
| वैधव्य | पुं. | विधवा होने की अवस्था या भाव, रंडापा । | वैधव्य | widowhood. |
| वैधानिक | वि. | 1. विधान संबंधी; 2. विधान के अनुकूल, विधान-सम्मत । | वैधानिक, विधान विषयक; विधानानुसार असलेला | constitutional; in accordance to constitution, constitutional. |
| वैभव | पुं. | 1. धन-दौलत, ऐश्वर्य; 2. शान-शौकत, भव्यता । | वैभव, धनसंपत्ती, ऐश्वर्य; महत्ता, रुबाब | wealth, glory; greatness, grandeur, splendour. |
| वैभवशाली | वि. | 1. जिसके पास बहुत अधिक धन-संपत्ति हो, वैभववाला, संपन्न, ऐश्वर्यशाली; | वैभवशाली, संपत्तिमान, श्रीमंत; | wealthy, rich; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. शान से युक्त, भव्य । | रुबाबदार, भव्य | grand, glorious, magnificent. |
| वैमानिक | वि. | विमान संबंधी, विमान का । | विमानासंबंधीचा, विमानाचा | pertaining to an aeroplane,of an aeroplane; |
| | पुं. | हवाई जहाज चलानेवाला, विमानचालक । | वैमानिक, विमान चालक | pilot. |
| वैयक्तिक | वि. | 1. किसी विशिष्ट व्यक्ति या उसके अधिकार, गुण, स्वभाव आदि से संबंधित, व्यक्तिगत; | वैयक्तिक, व्यक्तिगत; | relating to a particular person, his right, quality and nature, personal; |
| | | 2. जो सामूहिक या सार्वजनिक कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत न आता हो बल्कि जिस पर एक ही व्यक्ति का विधिक अधिकार हो, निजी; | अंगत, खासगी; | not pertaining to collective or public field but which is under the legal control of a particular person, private; |
| | | 3. आत्मपरक, व्यक्तिपरक, व्यक्तिनिष्ठ । | स्वताःचा, स्वतः विषयक | personal, pertaining to self, subjective. |
| वैयाकरण | पुं. | 1. वह जिसे व्याकरण शास्त्र का पूर्णज्ञान हो, व्याकरण का ज्ञाता; | वैयाकरणी, व्याकरणाचा जाणकार; | one who has sound knowledge of grammar, grammarian; |
| | | 2. व्याकरण शास्त्र की रचना करनेवाला । | व्याकरणकर्ता | writer of a grammar. |
| | वि. | व्याकरणसंबंधी । | व्याकरण संबंधीचा | pertaining to grammar. |
| वैर | पुं. | शत्रुता का वह उत्कट या तीव्र रूप जो प्रायः आग्रत रहता है और बहुत कुछ स्थायी या स्वाभाविक होता है । | वैर, शत्रुत्व | enmity. |
| वैरागी | पुं. | उदासीन या विरक्त, साधु । | विरक्त पुरुष | religious devotee, Saint. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | वि. | जिसका मन संसार या सांसारिक रागों की ओर से हट गया हो, रागरहित, विरक्त । | वैराग्ययुक्त | one who has subdued his worldly desires, passions, an ascetic. |
| वैराग्य | पुं. | मन की वह वृत्ति जिसके कारण संसार की विषय-वासना तुच्छ प्रतीत होती है और व्यक्ति संसार के झंझट छोड़कर एकांत में रहता और ईश्वर का भजन करता है, विरक्ति । | वैराग्य | freedom from passions or from worldly attach-ments, indifference. |
| वैरी | पुं. | वह जिसके साथ वैर-भाव हो, दुश्मन । | वैरी, शत्रु | enemy, foe, hostile. |
| वैवाहिक | वि. | 1. विवाह-संबंधी, विवाह का; 2. विवाह के फलस्वरूप होनेवाला । | विवाह विषयक; विवाहातून निष्पन्न होणारा | nuptial, matrimonial; relating to marriage. |
| वैशाख | पुं. | भारतीय वर्ष के बारह महीनों में से एक जो चांद्र गणना से दूसरा और सौर गणना के अनुसार पहला महीना होता है । | वैशाख मास | second lunar month in India, Baiṣakh. |
| वैशाखी | स्त्री. | 1. वैशाख मास की पूर्णिमा जो विशाखा नक्षत्र में पड़ती है; 2. सौर मास की संक्रांति के दिन होनेवाला उत्सव । | वैशाखी पूर्णिमा; सौरमासाच्या संक्रांतीला होणारा उत्सव | the day of full moon in the month of Baisakh; an Indian festival. |
| वैश्य | पुं. | हिंदुओं में तीसरे वर्ण का व्यक्ति जिसका मुख्यकर्म व्यापार तथा खेती कहा गया है । | वैश्य | a Vaishya or man of the third (Hindu) caste (whose business was agriculture and trade), a trader. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| वैषम्य | पुं. | दे. विषमता । | वैषम्य, असमानता | unevenness, unequality. |
| वैसा | वि. | किसी के अनुरूप या उसके अनुकरण पर किया जाने या होनेवाला, उस तरह का, उस प्रकृति का, उस प्रकार का । | तसा, त्या प्रकारचा | that like, such like, such as, of that kind. |
| | अव्य. | उस प्रकार, उस प्रकार से । | त्या रीतीने | of that kind. |
| वैसे | क्रि. वि. | उस प्रकार से, उस तरह से । | तसे, त्या रीतीने | in that manner, in the same way. |
| व्यंग | पुं. | 1. विडंबना; 2. कटाक्ष, ताना, कटूक्ति, व्यंग्योक्ति । | व्यंग, विडंबन; उपरोध, उपरोधिक बोल | irony; sarcastic, ironical remarks. |
| व्यंग्य | पुं. | 1. शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा निकलनेवाला अर्थ, व्यंग्यार्थ; | शब्दाची गूढार्थ शक्ती, गूढार्थ; | suggestiveness of the word, suggested meaning or sense; |
| | | 2. किसी को चिढ़ाने, दु:खी करने या नीचा दिखाने के लिए कही जानेवाली ऐसी बातं जो स्पष्ट शब्दो में न होने पर भी अथवा विपरीत रूप की होने पर भी उक्त प्रकार का अभिप्राय प्रकट करती हो, व्यंग, कटाक्ष; ताना; | उपरोधात्मक बोल, कटाक्ष; | sarcasm, ironical remarks; |
| | | 3. विडंबना । | विडंबना | irony, |
| | वि. | शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा व्यक्त, व्यंजित । | व्यंजना-शक्ती | suggested or implied sense. |
| व्यंग्यार्थ | पुं. | शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा प्राप्त अर्थ । | गूढार्थ, गर्भितार्थ | suggested or implied sense. |
| व्यंजक | वि. | व्यंजन अर्थात् व्यक्त करनेवाला, भाव या अर्थ व्यक्त करनेवाला । | व्यक्त करणारा, स्पष्ट करणारा | expressive. |
| | पुं. | ऐसा शब्द जो व्यंजना द्वारा अर्थ प्रकट करता हो । | गढार्थ सूचक शब्द | suggestive word. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| व्यंजन | पुं. | 1. वर्णमाला का कोई ऐसा वर्ण जिसका उच्चारण किसी और वर्ण, विशेषत: स्वर की सहायता के बिना संभव हो; | व्यंजन, स्वरावाचूनचा वर्ण (क्, च् इ.); | consonant; |
| | | 2. सभी प्रकार के पकाए हुए भोजन; | स्वयंपाक; | cooked food; |
| | | 3. व्यक्त या प्रकट करने या होने की क्रिया या भाव, व्यंजना । | व्यक्त/स्पष्ट/करण्याची क्रिया | meaning, suggestion. |
| व्यंजना | स्त्री. | 1. शब्द की तीन प्रकार की शक्तियों या वृत्तियों में से एक जिससे शब्द या शब्द समूह के वाच्यार्थ या लक्ष्यार्थ से भिन्न किसी और ही अर्थ का बोध होता है, व्यंग्यार्थ बोधक शब्द शक्ति; | व्यंजना, वाच्यार्थ वा लक्ष्यार्थ याहून ही भिन्न अशा अर्थाचा बोध करणारी शब्द शक्ती, व्यंगार्थ बोधक शब्दशक्ती; | out of the three powers of word which gives different meanings from literary to implied meaning of a word; |
| | | 2. प्रकट करने की क्रिया, भाव या शक्ति, अभिव्यक्ति, अभिव्यंजना; | अभिव्यक्ती, प्रकटीकरण; | expression; |
| | | 3. व्यंग्यार्थ । | गूढार्थ, व्यंग्यार्थ | suggested meaning. |
| व्यक्त | वि. | 1. जो प्रकट किया या सामने लाया गया हो, दृष्टिगोचर, प्रत्यक्ष; | व्यक्त, प्रकट, प्रत्यक्ष; | manifested, expressed, displayed; |
| | | 2. साफ, स्पष्ट सुनाई पड़नेवाला; | स्पष्ट उच्चारलेला; | articulate; |
| | | 3. व्यंजित, अभिव्यक्त । | अभिव्यक्त | suggested, expressed. |
| व्यक्ति | पुं. | 1. मनुष्य, आदमी; | व्यक्ती, मनुष्य, इसम; | an individual; person. |
| | | 2. मनुष्य या किसी और शरीरधारी का सारा शरीर जिसकी पृथक् सत्ता मानी जाती है और जो किसी समूह या समाज का अंग | समाजाचे एक अंग, व्यष्टी | |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | माना जाता है, समष्टि का विपर्याय, व्यष्टि । | | |
| व्यक्तिक | वि. | किसी एक ही व्यक्ति से संबंध रखनेवाला, दूसरे सभी व्यक्तियों से भिन्न या पृथक । | व्यक्तिगत | individual, personal. |
| व्यक्तिगत | वि. | किसी एक ही व्यक्ति से संबंध रखनेवाला, दूसरे सभी व्यक्तियों से भिन्न या पृथक् । | व्यक्तिगत | individual, personal, subjective. |
| व्यक्तित्व | पुं. | 1. किसी व्यक्ति की निजी विशिष्ट क्षमताएं, गुण, प्रवृत्तियां आदि जो उसके उद्देश्यों, कार्यों, व्यवहारों आदि में प्रकट होती हैं और जिनसे उस व्यक्ति का सामाजिक स्वरूप स्थिर होता है; | व्यक्तित्व, व्यक्ती चे खास गुण, रुप इ. नी प्रकट होणारे विशिष्टत्व; | personality; |
| | | 2. व्यक्ति होने की अवस्था या भाव, वैयक्तिकता । | वैयक्तिकता, खासगीपणा | individuality. |
| व्यक्तिकरण | पुं. | व्यक्त करने की क्रिया या भाव । | व्यक्त-प्रकट करण्याची क्रिया, व्यक्तिस्वरुपात पुढे ठेवणे, व्यक्ती म्हणून रुप देऊन मांडणे | the act of making manifest, clear or distinct, individualisation, personalisation. |
| व्यक्तिवाद | पुं. | 1. वह मत या सिद्धान्त कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने ढंग से चलना और रहना चाहिए, दूसरों के सुख-दुख आदि का ध्यान नहीं रखना चाहिए; | व्यक्तिवाद, आपण म्हणजे सर्वकाही असे मत; | individualism; |
| | | 2. आधुनिक राजनीति में, यह सिद्धांत कि यह सृष्टि व्यक्तियों के कल्याण के लिए ही हुई है, व्यक्तियों की सृष्टि राजा या शासन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए नहीं हुई है; | व्यक्तीने स्वतःच्या सुखाचा विचार करून राहावे, इतरांच्या सुखदुःखाचा विचार करण्याचे काही कारण नाही असे मत; | the doctrine or theory of being self-centred and having no truck with pleasures and pains of others; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. आर्थिक क्षेत्र में, यह सिद्धांत कि सब प्रकार के काम-धंधों में सब लोगों को स्वतंत्र रहना चाहिए, शासन या समाज का उन पर कोई नियंत्रण नहीं रहना चाहिए और उन्हें अपनी इच्छा से मिलकर अपना संगठन स्थापित करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए । | सर्व व्यक्ती स्वतंत्र आहेत, त्यांना आपल्या मताप्रमाणे व्यवहार करण्याचा अधिकार असला पाहिजे, त्यांच्यावर शासनाचे नियंत्रण असता कामा नये, त्यांना आपली स्वतःची संघटना बांधण्याचे स्वातंत्र्य असले पाहिजे असा सिद्धांत | the doctrine according to which all individuals should be free in all their business and free from the control of the government and should have liberty to set up their own organization. |
| व्यग्र | वि. | चिंतित, बेचैन, अधीर विकल । | व्यग्र, चिंतायुक्त, काळजी ने व्यापलेला | perplexed, bewildered, agitated. |
| व्यग्रता | स्त्री. | व्यग्र होने की अवस्था या भाव, बेचैनी, अधीरता, विकलता । | व्यग्रता | perplexedness, perplexity, agitation. |
| व्यजन | पुं. | पंखा । | व्यजन, पंखा | a fan. |
| व्यतिक्रम | पुं. | 1. किसी क्रम में होनेवाली बाधा या रुकावट; | रूढ क्रमात आलेला अडथळा; | infraction; |
| | | 2. क्रमविपर्यय; | प्रस्थापित व्यवस्थेचा भंग; | violation of established order; |
| | | 3. उल्लंघन । | भंग, उल्लंघन | violation. |
| व्यतिरेक | पुं. | 1. दो चीजों की ऐसी तुलना जो उनके परस्पर विरोधी गुणों को आधार बनाकर की गई हो; | भेद, फरक; | contrast; |
| | | 2. अन्तर, भेद । | अंतर, भिन्नता | difference. |
| व्यतीत | वि. | गुजरा या बीता हुआ । | होऊन गेलेला, गेलेला | passed away, gone, past. |
| व्यथा | स्त्री. | उग्र मानसिक या शारीरिक पीड़ा । | व्यथा, वेदना | pain, agony, anguish. |
| व्यथित | वि. | व्यथाग्रस्त । | व्यथित, पीडित, वेदनायुक्त | afflicted, distressed, pained. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **व्यपगत** | वि. | 1. जो बीत गया हो, बीता हुआ; | गेलेला; | gone away; |
| | | 2. जिसकी नियत अवधि समाप्त हो गई हो, गतावधि; | मुदत टळून गेलेला; | fallen away from; |
| | | 3. जो कहीं चला गया हो, जो दूर हो गया हो या हट गया हो; | दूर गेलेला, दिसेनासा झालेला; | disappeared, departed; |
| | | 4. वंचित, रहित । | रहित वंचित | devoid of. |
| **व्यभिचार** | पुं. | 1. स्त्री का पर-पुरुष से या पुरुष का पर-स्त्री से होनेवाला अनुचित संबंध, छिनाला, जारकर्म; | व्यभिचार, स्त्री-पुरुषांचा परस्परांशी अनैतिक संबंध; | fornication, adultery, debauchery; |
| | | 2. न्याय में ऐसा हेतु जिसका साध्य न हो; | (तर्क) वरून खरा वाटणारा पण खरोखर भ्रमित हेतू; | following improper course; |
| | | 3. नियमों का अपवाद; | नियमांना असणारा अपवाद; | exception of rules; |
| | | 4. एक तर्क छोड़कर दूसरे तर्क का सहारा लेना । | एका युक्तिवादाचा आश्रय सोडून दुसऱ्या युक्तिवादाचा आश्रय घेणे | wandering from an argument. |
| **व्यभिचारिणी** | वि., स्त्री. | 1. व्यभिचार करनेवाली (स्त्री), पुंश्चली, कुलटा दुश्चरित्रा; | अनैतिक संबंध करणारी स्त्री; | wanton woman, unchaste wife; |
| | | 2. स्थिर न रहनेवाली (बुद्धि) । | अस्थिर (बुद्धि) | adulteration (of mind). |
| **व्यभिचारी** | वि. | 1. व्यभिचार करनेवाला, अनुचित यौन संबंध रखनेवाला, दुश्चरित्र, कुमार्गगामी; | व्यभिचारी, अनैतिक संबंध ठेवणारा; | a debauchee, an adulterer; |
| | | 2. अस्थिर, अस्थायी । | अस्थिर, चंचल | changeable, unconstant, transgressing. |
| | पुं. | साहित्य में संचारी भाव । | (साहित्य) संचारी भाव | a transitory mental or physical status according to Indian poetics. |
| **व्यय** | पुं. | 1. धन आदि का किसी काम में लगाना, खर्च, आय का विपर्याय; | व्यय, खर्च; | expenditure, cost; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. उपभोग आदि में आने के कारण किसी चीज का होनेवाला क्षय, नाश या लोप; | क्षय, नाश-झीज; | consumption, decay; |
| | | 3. किसी मद विशेष में होने-वाला धन का खर्च (उदा. – डाक व्यय, यात्रा व्यय) । | विशिष्ट खात्यावर होणारा खर्च | outlay. |
| व्यर्थ | वि. | 1. जो उपयोग में न आने को हो, अनुपयोगी; | व्यर्थ, निरोपयोगी; | useless, futile; |
| | | 2. अनावश्यक; | अनावश्यक; | unnecessary; |
| | | 3. जो लाभप्रद न हो, अलाभदायक, निरर्थक; | निरर्थक, लाभ न करून देणारा; | unprofitable, meaningless; |
| | | 4. बेकार, अप्रभावी, जो कारगर न हो, निष्फल । | नाहक, निष्फळ | vain, ineffective. |
| | अव्य. | नाहक, बिना मतलब के, यों ही । | नाहक, निरर्थक, उगीचच | vain, ineffective. |
| व्यवधान | पुं. | 1. बीच में आड़ करनेवाली चीज, ओट, परदा; | पडदा, आड येणारी वस्तु; | hindrance, intervention; |
| | | 2. बाधा; | व्यत्यय, बाधा; | obstruction; |
| | | 3. बीच में पड़नेवाला अवकाश । | मध्ये पडणारा अवकाश | interval. |
| व्यवसाय | पुं. | 1. ऐसा कार्य जिसके द्वारा किसी की जीविका का निर्वाह होता हो, पेशा, वृत्ति; | व्यवसाय, पेशा, धंदा; | profession, practice; |
| | | 2. रोजगार, व्यापार; | व्यापार-व्यवहार; | occupation, business, employ-ment, practice; |
| | | 3. प्रयत्न, प्रयास, उद्योग; | प्रयत्न, प्रयास; | efforts, try; |
| | | 4. कार्य-धन्धा, उद्यम । | कामधंदा | practice, industry. |
| व्यवसायी | वि. | 1. किसी व्यवसाय में लगा हुआ, कोई काम करता हुआ या किसी काम में लगा हुआ; | कामात/व्यवसायात/गुतलेला; | performing, doing, employed; |
| | | 2. पेशेवर, व्यावसायिक; | धंदेवाईक; | professional, practitioner; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. उद्यमी, परिश्रमी, उत्साही; | उद्यमी, प्रयत्नशील; | painstaking, industrious, diligent, laborious; |
| | | 4. किसी पेशे में लगा हुआ । | रोजगारी, धंद्याला लागलेला | employed in any business. |
| | पुं. | व्यापारी, कारबार करनेवाला । | व्यापारी | trader, business man. |
| व्यवस्था | स्त्री. | 1. ठीक अवस्था, अच्छी हालत; | व्यवस्था, चांगली सोय, स्थिती; | state, condition; |
| | | 2. क्रम, ढंग आदि के विचार से उपयुक्त स्थिति में होना, विन्यास; | बरोबर लागलेला क्रम, पद्धती; | order, system; |
| | | 3. प्रबंध, इंतजाम; | प्रबंध, बंदोबस्त; | management, arrangement; |
| | | 4. विधिक और वैधानिक क्षेत्रों में, किसी निम्नस्थ अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध बड़े अधिकारी का दिया हुआ आदेश या किया हुआ निर्णय; | वरिष्ठ अधिकाऱ्याचा निर्णयात्मक आदेश; | ruling; |
| | | 5. नियम, विधि आदि में किसी विशिष्ट उद्देश्य से निकाली जानेवाली गुंजाइश या रास्ता; | नियमात किंवा कायद्यात विशिष्ट उद्देशाने काढली जाणारी सवड-सवलत; | provision; |
| | | 6. निपटारा, निपटान । | (झगड्याची इ.) मिटवणूक | settlement. |
| व्यवस्थापक | पुं. | 1. वह अधिकारी जो संस्था आदि के कार्यों का प्रबंध करता हो, प्रबंधक; | व्यवस्थापक, व्यवस्था करणारा कारभारी; | manager of any institution, manager; |
| | | 2. वह जो यह बतलाता हो कि अमुक विषय में शास्त्रों का क्या मत है, व्यवस्था देनेवाला । | कायदाचा सल्लागार | one who gives a legal opinion. |
| व्यवस्थापन | पुं. | 1. व्यवस्था करने की क्रिया का भाव; | व्यवस्थापन, व्यवस्था घालून देण्याची क्रिया; | imparting an order; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. उपयुक्त क्रम या स्थिति में लाना, विधिपूर्वक रखना; | क्रम-पद्धती घालून देणे; | organising, imparting an order, systematizing; |
| | | 3. किसी विषय में शास्त्रीय व्यवस्था देना या बतलाना । | विशिष्ट विषयासंबंधी शास्त्रीय सल्ला देणे | giving a technical advice on a particular subject. |
| व्यवस्थित | वि. | 1. जिसकी ठीक व्यवस्था की गई हो; | व्यवस्थित, पद्धती लावून दिलेला; | systematic, methodical; |
| | | 2. जो ठीक क्रम या सिलसिले से चल रहा हो । | बरोबर-पदधतशीर लावून दिलेला, नियमाने चाललेला | in order. |
| व्यवहर्ता | पुं. | 1. व्यवहार करनेवाला, पालनकर्ता, प्रयोगकर्ता; | वहीवाटदार; | one who acts or transacts business, a user; |
| | | 2. उपयोग करनेवाला, काम में लानेवाला । | उपयोगकर्ता, वापरणारा | consumer, utilizer. |
| व्यवहार | पुं. | 1. दूसरों से किया जानेवाला बरताव, आचरण; | व्यवहार, वागणूक, वर्तणूक; | behaviour, conduct; |
| | | 2. वस्तु आदि का किया जानेवाला उपयोग, काम में लाना, उपयोग; | उपयोग, वापर; | utilization, consumption; |
| | | 3. कार्यान्वित करना, पालन, प्रयोग; | आचारात आणण्याची क्रिया, प्रयोग; | implementation, compliance, usage; |
| | | 4. रुपए-पैसे, लेन-देन आदि का काम, महाजनी । | पैशाची देवघेव | mercantile, transaction. |
| व्यवहार्य | वि. | 1 जो व्यवहार में आने के योग्य हो, जिसका व्यवहार हो सके, काम में लाने योग्य; | व्यवहार्य, व्यवहारात आणण्याजोगा, वापरण्याजोगा; | to be practised, to be used; |
| | | 2. करने योग्य, साध्य । | आचरणे-व्यवहारात आणणे-शक्य असा | practicable. |
| व्यवहृत | वि. | 1. व्यवहार या प्रयोग में लाया हुआ; | वापरलेला, उपयोग केलेला; | used, employed; |
| | | 2. आचरित, अनुष्ठित; | आचारलेला, व्यवहारात आणलेला; | followed in practice, implemented; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. कार्यान्वित, लागू किया हुआ । | लागू केलेला | implemented, applied. |
| व्यष्टि | स्त्री. | समष्टि का एक स्वतंत्र अंग, व्यक्ति । | समष्टीचा एक घटक, व्यक्ती | an independent part of the community, an individual. |
| व्यसन | पुं. | 1. बुरी आदत, लत; | व्यसन, खोड, वाईट संवय; | addiction, evil habit; |
| | | 2. किसी काम या बात के संबंध में होनेवाली ऐसी तीव्र प्रवृत्ति या रुचि जिसके फलस्वरूप मनुष्य प्राय: उसी काम में लगा रहता हो (उदा. – लिखने-पढ़ने का व्यसन); | गोडी, अत्यंत आवड; | attachment or devotion, hobby (as of reading). |
| | | 3. विपत्ति, आफत, संकट । | सकट | calamity, distress, disaster. |
| व्यसनी | वि. | 1. जिसे किसी बुरे काम की लत पड़ गई हो; | व्यसनी, वाईट संवय लागलेला; | addicted to any vice or evil practice; |
| | | 2. विषयासक्त; | विषयासक्त; | excessively devoted to any thing; |
| | | 3. जिसे किसी विषय का बहुत शौक हो । | एकाद्या कामाविषयी अतिशय आवड असलेला, कामात रंगलेला | fond of, passionate for. |
| व्यस्त | वि. | 1. कार्य आदि में संलग्न, उलझा हुआ; | व्यस्त, निमग्न, गुंतलेला; | engaged, busy; |
| | | 2. जो ठीक क्रम से न हो, अव्यवस्थित; | अव्यवस्थित; | disordered, disarranged; |
| | | 3. समासरहित (व्या.) | समासरहित (शब्द); | uncompounded (as a word); |
| | | 4. पृथक, अलग; | पृथक, अलग; | separated, isolated; |
| | | 5. किसी के अंदर फैला हुआ, व्याप्त । | व्याप्त | scattered, pervading, inherent in. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| व्याकरण | पुं. | वह शास्त्र जिसमें बोलचाल तथा साहित्य में प्रयुक्त होने वाली भाषा का स्वरूप, उसके गठन, उसके अवयवों, उनके प्रकारों और पारस्परिक संबंधों तथा उनके रचना विधान और रूप परिवर्तन का विचार होता है। | व्याकरण | grammar. |
| व्याकरणिक | वि. | व्याकरण संबंधी, व्याकरण का। | व्याकरण विषयक | pertaining to grammar, grammatical. |
| व्याकुल | वि. | 1. उत्सुकता, भय, परेशानी आदि के फलस्वरूप जिसके मन में घबराहट हो, बेचैन, व्यग्र, विकल, अधीर; | त्रस्त, बावरलेला, अस्वस्थ, गोंधळलेला, अधीर; | agitated, perplexed, restless, confused, troubled, confounded, impatient, perturbed; |
| | | 2. जिसे कोई विशेष उत्कंठा या कामना हो, उत्कंठित, उत्सुक; | उत्सुक, उत्कंठित, व्याकुळ, आतुर; | curious, eager, keenly desirous, longing (for); |
| | | 3. कातर। | सचिंत, काळजीने व्याप्त, विमनस्क | distracted. |
| व्याकुलता | स्त्री. | 1. विकलता, घबराहट, व्यग्रता, अधीरता; | अस्वस्थता, बेचैनी, त्रस्तता, अधीरता; | restlessness, agitation, perturbation, impatience; |
| | | 2. कातरता; | सचिंतपणा, विमनस्कता; | distraction; |
| | | 3. उत्कंठा, उत्सुकता। | उत्कंठा, आतुरता | eagerness, curiosity. |
| व्याख्या | स्त्री. | 1. किसी जटिल वाक्य, विषय आदि को अधिक बोधगम्य रूप से समझाना, अर्थ का स्पष्टीकरण; | व्याख्या, स्पष्टीकरण; | explanation, narration; |
| | | 2. प्रतिपादन, विवेचन, सविस्तार वर्णन; | प्रतिपादन, विवेचन, विस्तारपूर्वक: कथन; | exposition, critical appreciation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. टीका, विवृति; | टीका, विवरण; | commentary; |
| | | 4. किसी वाक्य, कथन आदि का अपनी बुद्धि या दृष्टिकोण से लगाया जानेवाला अर्थ, निर्वचन । | भाष्य | interpretation. |
| व्याख्याता | पुं. | 1. व्याख्या करनेवाला, टीकाकार; | व्याख्या/स्पष्टीकरण/करणारा; | commentator, explainer; |
| | | 2. व्याख्यान देनेवाला, भाषण देनेवाला; | व्याख्यान देणारा; | Lecturer; |
| | | 3. निर्वचनकर्ता । | भाष्यकार | interpreter. |
| व्याख्यान | पुं. | 1. भाषण, वक्तृता; | व्याख्यान, भाषण, प्रवचन; | speech, lecture; |
| | | 2. व्याख्या करने की क्रिया या भाव, विवेचन, विस्तारपूर्वक वर्णन । | स्पष्टीकरण, विवरण | explanation, interpretation, narration. |
| व्याघात | पुं. | 1. क्रम, सिलसिले आदि में पड़नेवाली बाधा, रुकावट; | व्यत्ययमय, अडथळा; | interruption, hindrance, obstruction; |
| | | 2. विरोध, असंगति, परस्पर विरोध । | परस्परविरोध, असंगती | contraction, anomaly, inconsistency. |
| व्याघ्र | पुं. | बाघ, शेर । | व्याघ्र, वाघ | a tiger. |
| व्याज | पुं. | 1. मन में कोई बात रखकर ऊपर से कुछ और कहना या करना, बहाना, मिस, छल, हीला; | व्याज, ढोंग, सोंग, मिष; | deception, pretext, pretence, trick, fraud; |
| | | 2. ब्याज, सूद । | दिलेल्या कर्ज रकमेच्या वापराकरिता काढून घेतली जाणारी अधिक रक्कम | interest. |
| व्याज-निंदा | स्त्री. | 1. छल या बहाने से की जानेवाली किसी की निंदा; | उपरोधपूर्ण निंदा; | artful censure, ironical censure; |
| | | 2. साहित्य में एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब किसी एक की निंदा इस प्रकार की जाती है कि उससे किसी दूसरे की निंदा प्रतीत होने लगती है । | वरून स्तुती पण आतून निंदा असा भाषेतील एक अलंकार, उपरोध | a figure of speech resembling the English 'Irony', wherein censure is implied by apparent praise. . |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| व्याज-स्तुति | स्त्री. | 1. ऐसी स्तुति जो व्याज या किसी बहाने से की जाए और ऊपर से देखने में स्तुति न जान पड़े फिर भी उसकी स्तुति ही हो; | काही मिष वापरुन केलेली स्तुती वरुन स्तुती म्हणून वाटणारी पण खरोखर स्तुती असणारा भाषेतील अलंकार; | indirect eulogy, ironical praise or commendation; |
| | | 2. साहित्य में एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब कोई कथन अभिधा शक्ति की दृष्टि से निंदासूचक होता है परन्तु जिसका वाक्यार्थ वस्तुत: स्तुतिपरक होता है । | साहित्यातील एक अलंकार प्रकार | a figure of speech resembling the English 'Irony' wherein praise is implied by apparent censure. |
| व्याध | पुं. | 1. बहेलिया, चिड़ीमार; | व्याध, शिकारी, पारधी; | a hunter, a fowler; |
| | | 2. प्राचीन भारत में शिकार द्वारा जीविका उपार्जित करने वाली एक जाति । | पारधी जात | a caste in ancient India living on hunting. |
| व्याधि | स्त्री. | 1. किसी प्रकार का शारीरिक कष्ट; | व्याधी, शारीरिक दु:ख, दुखणे; | any type of bodily pain; |
| | | 2. रोग, बीमारी । | आजार | disease, illness. |
| व्यापक | वि. | 1. चारों ओर फैला हुआ, समाया हुआ; | व्यापक, सर्वत्रपसरुन राहिलेला; | pervading; |
| | | 2. विस्तृत | विस्तृत, विस्तारलेला; | widespread, extensive; |
| | | 3. जिसके कार्यक्षेत्र में या पेटे में बहुत-सी बातें आती हों, बृहद । | आपल्या पोटात बहुत समाविष्ट करुन घेणारा | comprehensive. |
| व्यापार | पुं. | 1. कार्य, आचरण, प्रयोग आदि के रूप में की जाने वाली कोई बात, किया जानेवाला या किया हुआ कोई काम; | व्यापार, हालचाल; | action, performance; |
| | | 2. क्रियात्मक रूप धारण करने का भाव, काम करना; | कृती; | operation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. वह जो आचरण, व्यवहार, प्रयोग आदि के रूप में किया जाए; | व्यवहार, आचार; | conduct; |
| | | 4. रोजगार । | व्यापार, धंदा, उधीम | trade, business. |
| व्यापारिक | वि. | व्यापार या रोजगार से संबंधित, व्यापार या रोजगार का । | व्यापार वा रोजगार विषयक | pertaining to a trade or business, mercantile. |
| व्यापारी | पुं. | व्यापार या रोजगार करने-वाला व्यक्ति । | व्यापारी | businessman, trader, merchant. |
| व्यापी | वि. | 1. व्याप्त होनेवाला; | व्यापी, व्याप्त करणारा, | all pervading; |
| | | 2. सर्वत्र फैलने वाला या फैला हुआ; | व्यापून असणारा; | spreading, widespread; |
| | | 3. आच्छादक । | व्यापून जाणारा; | comprehensive, covered. |
| व्याप्त | वि. | 1. जो किसी के अंदर पूरी तरह से फैला या समाया हुआ हो; | समावेशक | pervaded; |
| | | 2. जिसमें कुछ फैला या समाया हुआ हो; | व्याप्त व्यापलेला; | permeated, extended, spread through; |
| | | 3. सब ओर से घिरा या ढका हुआ । | पसरुन राहिलेला; | covered, comprehended. |
| व्याप्ति | स्त्री. | 1. किसी वस्तु या स्थान के सब अंगों या भागों में फैले हुए या व्याप्त होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | चहूंबाजूंनी आच्छादित, समावेशित | pervasion; |
| | | 2. साधारणतः सभी अवस्थाओं में व्याप्त होने का भाव; | व्याप्ति, व्यापून टाकल्याची राहिल्याची अवस्था; | generality, universality; |
| | | 3. न्यायशास्त्र में किसी कथन, तत्व, विषय आदि में दूसरे कथन, विषय, तत्व आदि का मिला या फैला हुआ होना (उदा. – अतिव्याप्ति, अव्याप्ति) । | सर्व स्पर्शिता, सार्वत्रिकता; | omnipresence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. स्थिर सहवर्तिता (न्याय-शास्त्र); | सर्वव्यापकता; | invariable concomitance; |
| | | 5. फैलाव, विस्तार । | विस्तार | extension. |
| व्यामोह | पुं. | 1. ऐसी मानसिक अवस्था जिसमें घबराहट के कारण मनुष्य अपना कर्तव्य स्थिर करने में असमर्थ हो, सम्भ्रम, किंकर्तव्यविमूढ़ता; | (न्याय.) साहचर्य नियम (उदा. जेथे अग्नी तेथे धूर); | mental confusion, bewilderment; |
| | | 2. भ्रम, भ्रांति; | भ्रम, भ्रांती; | illusion; |
| | | 3. विशेषरूप से होनेवाला मोह, अज्ञान । | अज्ञान, मोहाने ज्ञान झाकून टाकल्याची स्थिती | foolishness. |
| व्यायाम | पुं. | 1. कोई ऐसी क्रिया या व्यापार जिसमें शरीर अथवा उसके किसी एक या अनेक अंगों को किसी असामान्य स्थिति में अथवा विभिन्न स्थितियों में इस उद्देश्य से लगाया जाता है जिससे शरीर पुष्ट हो तथा रक्त संचार ठीक प्रकार से होता हो, कसरत; | व्यायाम, शारीरिक कसरत; | physical exercise, exercise, gymnastics; |
| | | 2. परिश्रम । | परिश्रम (स्वेच्छने केलेले) | labour. |
| व्यावसायिक | वि. | व्यवसाय से, पेशे से संबंधित । | व्यावसायिक, व्यवसायाशी संबंधित असा | professional, vocational. |
| व्यावहारिक | वि. | 1. (व्यक्ति) जो व्यवहारशील हो, उपयुक्त व्यवहार करनेवाला, व्यवहार-कुशल; | व्यवहारकुशल; | a practical man; |
| | | 2. जिसे व्यवहार में लाया जा सकता हो, प्रायोगिक; | व्यवहारात आणण्याजोगा, प्रायोगिक; | practical, experimental; |
| | | 3. जो व्यवहार में आ सकता हो, उपयोगी | उपयोगी | customary, useful. |
| व्यास | पुं. | 1. किसी वृत्त की वह रेखा जो उसके केन्द्र से होकर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सीधी जाती हो; | व्यास, वर्तुळाच्या परीघावरील एक बिंदू पासून निघून केंद्रबिंदूतून सरळ परीघावरच्या दुसऱ्या बिंदूला जोडणारी रेषा; | diameter; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. फैलाव, प्रसार, विस्तार; | वर्तुळाचा विस्तार; | diffusion, calibre; |
| | | 3. पराशर के पुत्र कृष्ण द्वैपायन जिन्होंने महाभारत की रचना की थी । | व्यास महर्षी | a celebrated ancient Indian sage and savant who wrote Mahabharat. |
| व्युत्पत्ति | स्त्री. | 1. किसी शब्द का वह मूल रूप जिससे निकल या बिगड़ कर उसका प्रस्तुत रूप बना हो; | व्युत्पत्ति, शब्दांचे मूल रूप; | derivation (Spe. of words from roots etc.); |
| | | 2. व्याकरण, कोश आदि में किसी शब्द की मौलिक रचना आदि का विवरण; | शब्दाचा मूळ धातू दर्शविणारे विवरण; | etymology (of words); |
| | | 3. किसी चीज का मूल उद्गम या उत्पत्ति का स्थान; | मूळ; | origin; |
| | | 4. किसी विज्ञान या शास्त्र का अच्छा ज्ञान, बहुज्ञता । | एखाद्या शाखेचे उत्कृष्ट ज्ञान | perfect proficiency, scholarship. |
| व्युत्पन्न | वि. | 1. (शब्द) जो किसी अन्य मूल शब्द से निकलकर या बिगड़कर बना हो, व्युत्पादित; | व्युत्पन्न, मूळ रुपात विकृती होऊन किंवा मूळ रूपातून निघालेला (शब्द); | formed by derivation, originated; |
| | | 2. (शब्द) जिसकी व्युत्पत्ति-ज्ञात हो; | व्युत्पत्ती ज्ञान असलेला; | explained etymologically; |
| | | 3. विद्वान्, पंडित । | पंडित, शास्त्रज्ञ | learned, quite conversant (with), thoroughly proficient (in). |
| व्यूह | पुं. | युद्ध में सुदृढ़ रक्षा पंक्ति बनाने के उद्देश्य से सैनिकों को किसी विशेष क्रम से खड़ा करना । | व्यूह, सैन्य रचना | military array. |
| व्योम | पुं. | आकाश, अंतरिक्ष, आसमान । | व्योम, आकाश | sky, heaven, ether, space; |
| व्रण | -पुं. | 1. किसी प्रकार के प्राकृतिक विकार से होनेवाला घाव, फोड़ा; | व्रण, जखम, फोड; | wound, sore, boil; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. घाव, क्षत । | घाव, क्षत | ulcer, bruise. |
| व्रत | पुं. | 1. धार्मिक या नैतिक पवित्रता के निमित्त किया जाने वाला दृढ़ निश्चय या, संकल्प; | व्रत, धार्मिकवृत्तीने अंगीकारलेला नियम; | a vow, resolve; |
| | | 2. पुण्य-प्राप्ति या धार्मिक अनुष्ठान के लिए किया जानेवाला उपवास । | धार्मिक उपवास | fast. |
| व्रती | वि., पुं. | 1. जिसने किसी प्रकार का व्रत धारण किया हो, व्रत धारण करनेवाला, दृढ़ निश्चय या संकल्प करनेवाला; | व्रती, धार्मिक व्रत घेतलेला; | engaged in observance of the religious obligations or vows; |
| | | 2. उपवास करने वाला । | धार्मिक उपवास करीत असलेला | one who fasts. |
| व्रीड़ा | स्त्री. | लज्जा, शरम । | लज्जा, लाज, शरम, संकोच | shame, modesty, bashfulness. |
| शंका | स्त्री. | 1. संशय, संदेह; | शंका, संशय, संदेह; | doubt, uncertainty; |
| | | 2. भय, आशंका, अंदेशा, खटका; | भय, शंका; | fear, apprehension, dread, alarm; |
| | | 3. शक, शुबहा । | अविश्वास | suspicion, distrust, misgiving. |
| शंकालु | वि. | शंकायुक्त, जिसे शंका हो । | शंकेखोर, अविश्वासी, संशयी | suspicious, distrustful, doubting. |
| शंकित | वि. | 1. शंकायुक्त; | शंकित, शंकायुक्त; | suspicious, suspecting, distrustful, filled with doubt; |
| | | 2. डरा हुआ, भीत । | भयग्रस्त, सचिंत | alarmed, frightened, apprehensive. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शंकु | पुं. | कोई ऐसा घन पदार्थ जिसका नीचे वाला भाग तो गोलाकार हो, मध्य भाग क्रमशः पतला होता गया हो और ऊपरी सिरा बिल्कुल नुकीला हो । | शंकू | cone. |
| शंख | पुं. | 1. समुद्र में पैदा होनेवाले एक जंतु का खोल जो पत्थर की तरह कड़ा और सफेद होता है; | शंख; | the conch-shell, a shell; |
| | | 2. दस लाख करोड़ की संख्या; | शंकू संख्या (10,00,000); | a number equal to 10,00,000 crores or a thousand billion; |
| | | 3. युद्ध का नगाड़ा । | युद्ध निनाद करण्याचे वाद्य | military drum or other musical instrument. |
| शऊर | पुं. | 1. कोई बात या काम करने का ढंग, तरीका, सलीका, तमीज; | शिष्टाचार, सभ्यता; | mannerliness, manners, decency, etiquette; |
| | | 2. समझ, समझदारी, बुद्धि, लियाकत । | समजूतदारपणा, उमज | sense, sensibility, discretion, discernment. |
| शक | पुं. | संदेह, संशय, शुबहा । | संशय, अंदेशा | doubt, suspicion. |
| शकर (शक्कर) | पुं. | चीनी, शर्करा । | साखर | sugar. |
| शकरकंद | पुं. | मोटी मूली की शक्ल का एक कंद जो काफी मीठा होता है और जिसे उबालकर या भूनकर खाते हैं । | रताळे | the sweet potato. |
| शकरपारा | -पुं. | एक तरह का मीठा (या नमकीन) पकवान । | शंकरपाळे | a kind of sweet (or saltish) preparation of fried flour. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शकुन (सगुन) | पुं. | 1. विशिष्ट पशु, पक्षी, व्यक्ति, वस्तु, व्यापार आदि के देखने-सुनने, होने आदि से मिलनेवाली शुभ-अशुभ की पूर्व-सूचना; | शकून; | an omen; |
| | | 2. शुभ अवसर पर गाये जाने-वाले गीत; | उत्सवाच्या प्रसंगी गावयाचे गीत; | a kind of song (sung at festivals); |
| | | 3. पक्षी । | पक्षी | a bird (in general). |
| शक्की | वि. | हर बात को संदेह की दृष्टि से देखनेवाला, शंकाशील, संदेहशील । | शंकेखोर | sceptical, suspicious. |
| शक्ति | स्त्री. | 1. बल, सामर्थ्य; | शक्ती, बळ, सामथ्र्य; | strength, power, force; |
| | | 2. क्षमता, योग्यता; | कतृत्व,योग्यता, क्षमता; | ability, competency, capacity, energy, potency; |
| | | 3. वश; | ताबा, अधिकार; | control; |
| | | 4. प्रभाव; | प्रभाव; | influence, effect; |
| | | 5. साधन; | साधने; | means, resources; |
| | | 6. साधन और शक्ति संपन्न राष्ट्र या राज्य; | सर्वांगांनी बल संपन्न राष्ट्र; | powerful and resourceful nation or country; |
| | | 7. दुर्गा; | शक्ति देवता, दुर्गा; | name of the goddess personifying divine power, the goddess Durga; |
| | | 8. गुण । | गुण | quality. |
| शक्तिमान् | वि. | बलवान्, बलिष्ठ, ताकतवर । | शक्तिमान्, बलसंपन्न, प्रतापी | strong, powerful, mighty, forceful. |
| शक्तिशाली | वि. | शक्तिसंपन्न, बलवान्, शक्तिमान् । | शक्तिमान् | powerful, strong, mighty, forceful. |
| शक्तिहीन | वि. | निर्बल, सामर्थ्यरहित । | शक्तिहीन | powerless, weak, impotent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शक्य** | वि. | **होने योग्य, साध्य, संभव ।** | शक्य | possible, feasible, practicable, capable of being done or effected. |
| **शक्ल** | स्त्री. | **1. रूप, आकृति;** | आकार, बाह्याकृती; | shape, form, figure; |
| | | **2. चेहरा;** | मुद्रा, चेहरा; | appearance, countenance, looks; |
| | | **3. रेखागणित की कोई आकृति ।** | (भूमिती) आकृती | (in Geom.) a diagram, figure. |
| **शठ** | वि. | **1. दुष्ट;** | शठ, कपटी, दुष्ट, वक्रवृत्तीचा; | wicked, crafty, dishonest, cunning, rogue; |
| | | **2. धोखेबाज ।** | फसव्या, लुच्चा, ठग्या | deceitful, fraudulent, cheat, swindler. |
| **शठता** | स्त्री. | **शठ का भाव, कर्म या धर्म, दुष्ट उद्देश्य से किया जानेवाला कोई काम, दुष्टता ।** | दुष्टता, कपटीपणा, लुच्चेगिरी; | wickedness, cunningness, roguery, deceitfulness, knavery, craftiness, perfidiousness. |
| **शत** | वि. | **सौ ।** | शत, शंभर | a hundred. |
| | पुं. | **सौ का सूचक अंक ।** | शंभराचा आंकडा | the number one hundred. |
| **शतक** | पुं. | **1. प्राय: एक ही प्रकार या एक ही व्यक्ति की सौ वस्तुओं, रचनाओं आदि का संग्रह;** | शतक, एकाच जातीच्या वस्तूचा शंभरांचा संग्रह; | a collection of one hundred stanzas, containing a hundred; |
| | | **2. शती, शताब्दी ।** | शंभरी | a century. |
| **शतदल** | पुं. | **कमल (पुष्प) ।** | शंभर (विपुल) पाकळ्यांचे कमळ | a lotus flower. |
| **शतधा** | अव्य. | **सैकड़ों प्रकार से ।** | शतधा, शंभर रीतींनी | in a hundred ways. |
| | वि. | **1. सौ गुना;** | शंभरपटीचा; | hundred-fold; |
| | | **2. सौ तरह का ।** | शंभर प्रकारचा | of hundred kinds. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शतरंज** | स्त्री., पुं. | **एक प्रकार का प्रसिद्ध खेल जो चौंसठ खानों की बिसात पर छत्तीस गोटियों से खेला जाता है ।** | बुद्धिबळांचा खेळ | the game of chess. |
| **शतरंजी** | स्त्री. | **1. शतरंज खेलने की बिसात; 2. रंग-बिरंगे (खानों वाली दरी या चादर) ।** | बुद्धिबळांचा पट; पटाच्या आकृतीची चादर किंवा सतरंजी | chess-board; a bed-cover with chess-board design printed over it. |
| | पुं. | **शतरंज खेलने वाला ।** | बुद्धिबळे खेळणारा गडी | a chess-player. |
| **शतशः** | क्रि. वि. | **सैकड़ों प्रकार से, बहुत प्रकार से ।** | शंभर रीतीनी,-प्रकारांनी | in a hundred ways, variously. |
| **शतांश** | पुं. | **सौवां हिस्सा ।** | शतांश, शंभरावा भाग | a hundredth part. |
| **शताब्दी** | स्त्री. | **1. सौ वर्षों की अवधि, शती, सदी; 2. वह जो सौ वर्षों के उपरांत हो ।** | शताब्दी, शंभर वर्षाचा काळ; शंभरावी, शंभरी | a century, span of hundred years; centenary. |
| **शतायु** | वि. | **सौ वर्षों की आयुवाला ।** | शंभर वर्षे वयाचा | hundred years of age, a centenariaı |
| **शती** | स्त्री. | **1. सौ का संग्रह या समूह; 2. शताब्दी, शती ।** | शंभरांचा गट वा संग्रह; शंभरी | a collection of hundred, containing a hundred; century. |
| **शत्रु** | पुं. | **1. वैरी, दुश्मन, अहित चाहनेवाला; 2. अपकारी ।** | शत्रू, वैरी, दुश्मन; अपकारी मनुष्य | an enemy, adversary, foe; malefactor. |
| **शत्रुता** | स्त्री. | **द्वेषभाव से उत्पन्न वह मनोभावना जिससे किसी को कष्ट या हानि पहुंचाने की प्रवृत्ति होती है, वैर, दुश्मनी ।** | शत्रुत्व | enmity, hostility, animosity. |
| **शनाख्त (शिनाख्त)** | स्त्री. | **ठीक-ठाक और पूरी-पूरी पहचान ।** | (हाच तो अमुक अशी) ओळख | identification. |
| **शनि** | पुं. | **1. नौ ग्रहों में से सातवां ग्रह, शनैश्चर;** | शनी, नवग्रहांपैकी एक; | the planet Saturn; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. शनिवार । | शनिवार | Saturday. |
| शनिवार | पुं. | शुक्रवार के बाद का दिन । | शनिवार | Saturday. |
| शनैः शनैः | क्रि. वि. | 1. धीरे-धीरे, मंदगति से; 2. क्रमशः । | शनैः शनैः, हळू हळू, धीरे धीरे, आस्ते आस्ते; एकामागून एक, क्रमश | slowly, by slow degrees; taking place by degrees, gradually, in order. |
| शपथ | स्त्री. | अंतःकरण, ईश्वर, किसी पूजा या प्रिय वस्तु को साक्षी रखकर किया गया कथन, सौगंध, कसम । | शपथ | an oath, swearing. |
| शपथ-ग्रहण | पुं. | ईश्वर, अंतःकरण, पूज्य या प्रिय वस्तु को साक्षी रखकर कोई कथन करना, कसम खाना, सौगंध खाना । | शपथ ग्रहण | taking an oath, swearing. |
| शपथपत्र | पुं. | ईश्वर या अंतःकरण को साक्षी रखकर लिखा जानेवाला वह पत्र जो न्यायालय में या किसी वरिष्ठ अधिकारी के सामने यह सूचित करने के लिए उपस्थित किया जाता है कि मेरा अमुक कथन या प्रस्थापन बिलकुल ठीक है, हलफनामा । | शपथेवर केलेले विधान, प्रतिज्ञापत्र | an affidavit, a statement on oath. |
| शब्द | पुं. | 1. आकाश में किसी भी प्रकार से उत्पन्न क्षोभ जो वायु-तरंग द्वारा कानों में पहुंचकर सुनाई पड़े, ध्वनि, आवाज; 2. निर्विभक्तिक नाम जो वर्णसमूह द्वारा निर्मित और सार्थक हो; 3. आप्तवचन । | शब्द, ध्वनी, नाद, स्वर; उच्चारलेला शब्द; आप्तवचन | sound, note, noise, the sound of a musical instrument; a word, significant word, terms; verbal authority. |
| शब्दकोश | पुं. | वह ग्रंथ जिसमें शब्दों के सम्यक् वर्ण-विन्यास, अर्थ, प्रयोग, पर्याय आदि हों, अभिधान । | शब्दकोश | a lexicon, dictionary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शब्दचित्र | पु. | चुने हुए शब्दों में किसी घटना या बात का किया जानेवाला सजीव वर्णन । | शब्दचित्र | a word sketch. |
| शब्दभेद | पुं. | व्याकरण में अपने कार्य, स्थिति, संबंध आदि के आधार पर किया गया शब्दों का वह विभाजन जिससे निश्चय होता है कि कोई शब्द संज्ञा है या सर्वनाम, क्रिया या अव्यय इत्यादि । | शब्दांचे प्रकार | part of speech. |
| शब्दवेध | पुं. | किसी ऐसे लक्ष्य पर तीर चलाना जो देखा तो न गया हो परन्तु जिससे या जिसका होता हुआ शब्द सुना गया हो । | केवळ ध्वनीचा नेम धरून मारलेला बाण, गोळी इ. | the act of shooting at or hitting an invisible mark or object, the sound of which is only heard, hitting at the sound. |
| शब्दवेधी | पुं. | वह व्यक्ति जो बिना लक्षित किए ऐसे लक्ष्य का वेधन करता हो जहां से कुछ शब्द हुआ हो । | केवळ ध्वनीचा नेम धरून बाण वा गोळी मारणारी —नेमबाज | hitting an invisible mark or object, the sound of which is only heard. |
| | वि. | शब्द सुनकर लक्ष्य का वेध करनेवाला । | केवळ ध्वनी ने वेध घेऊन मारणारा | a man who can pierce an invisible object the sound of which is only heard. |
| शब्दश: | क्रि. वि. | 1. जैसे शब्द हैं वैसे; | शब्द न् शब्द; | verbatim; |
| | | 2. एक-एक शब्द करके, प्रत्येक शब्द का ठीक-ठीक अनुसरण करते हुए । | एक एक शब्द उच्चारीत | word for word. |
| शब्दाडंबर | पुं. | 1. साधारण बात कहने के लिए बड़े-बड़े शब्दों और जटिल वाक्यों का प्रयोग, शब्दजाल; | शब्दावडंबर, साध्या गोष्टीकरिता मोठ्मोठ्या शब्दांचा उपयोग करण्याची शैली; | bombast, verbosity, high sounding or grandiloquent word, verbiage; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त प्रकार की चमत्कार-रहित उक्ति । | शब्दावडंबर करून केलेले विधान, केवळ शब्दांचा फुलोरा | a bombastic statement (lacking any miracle or charm). |
| शब्दानुशासन | पुं. | व्याकरण । | शब्दशास्त्र, व्याकरण | the science of words i.e. grammar. |
| शब्दार्थ | पुं. | शब्द का अर्थ । | शब्दार्थ | the sense or meaning of a word. |
| शब्दावली | स्त्री. | 1. किसी कथन, रचना या भाषा में प्रयुक्त होनेवाले शब्दों का समूह; | उपयोगात आलेल्या शब्दांची सूची; | vocabulary; |
| | | 2. किसी वाक्य आदि के शब्दों का प्रकार तथा क्रम; | वाक्यात इ. आलेले शब्द व त्यांचा क्रम; | the words used and their order followed in a sentence etc.; |
| | | 3. किसी विषय में प्रयुक्त होनेवाले पारिभाषिक शब्दो की सूची, विशेषत: ऐसी जो अक्षरक्रम से लगी हो और जिसके साथ उसके पर्याय या व्याख्याएं दी गई हों, शब्दसंग्रह । | अमुक विषयाच्या पारिभाषिक शब्दांची वर्णानुक्रमाने सूची | terminology, glossary. |
| शम | पुं. | 1. शांति; | शम, शांति गुण; | quiet, tranquility, calmness; |
| | | 2. अंत:करण और मन का संयम । | अक्षुब्धता, अविकारीपणा | absence or restraint of passions, mental quietness, quietism. |
| शमन | पुं. | 1. शांत करना; | शमन, शांत करण्याची, स्वस्थ करण्याची क्रिया; | appeasing, allaying, soothing, pacification, alleviating; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. बुझाना; | विझविणे, मालवणे; | quenching, extinguishing; |
| | | 3. दबाना, दमन । | दमन | quelling, suppression,. subduing. |
| **शम्मा** | स्त्री. | 1. मोमबत्ती; | मेणबत्ती; | a wax candle; |
| | | 2. दीया, बत्ती । | दिवा | a candle, a lamp. |
| **शयन** | पुं. | 1. निद्रित होने या सोने की क्रिया, सोना; | शयन, झोपण्याची क्रिया, झोप; | sleeping, sleep, lying down; |
| | | 2. शय्या, पलंग; | शय्या, पलंग; | a bed, couch; |
| | | 3. बिस्तर, बिछौना; | बिछाना; | bedding; |
| | | 4. मैथुन, संभोग । | मैथुन | copulation, sexual union. |
| **शयनागार** | पुं. | सोने का स्थान, शयनगृह । | झोपण्याची खोली | a bed chamber, bed-room. |
| **शय्या** | स्त्री. | 1. खाट, पलंग; | पलंग, खाट; | a bed, bedstead, couch; |
| | | 2. बिस्तर, बिछौना । | बिछाना, बिस्तरा | bedding. |
| **शर** | पुं. | तीर, बाण । | शर, बाण | an arrow, a shaft. |
| **शरण** | स्त्री. | 1. आश्रय, पनाह; | शरण, आधार, आश्रय; | refuge, shelter; |
| | | 2. रक्षा का स्थान; | आश्रयस्थान; | a place of refuge, resort, asylum; |
| | | 3. बचाव, संरक्षण । | बचाव, संरक्षण | protection, defence. |
| **शरणागत** | वि. | शरण में आया हुआ । | आसरा मागत आलेला, आश्रयाला आलेला, याचक | (one who has) come for protection or shelter. |
| **शरणार्थी** | पुं. | 1. शरण चाहनेवाला, असहाय; | आश्रय-आधार मागत आलेला याचक; | seeking refuge or shelter; |
| | | 2. विस्थापित, किसी अन्य देश से उजड़कर और भागकर शरण लेने के लिए आया हुआ । | आश्रयासाठी आलेला, निर्वासित | a refugee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शरत् (शरद्) | स्त्री. | आश्विन और कार्तिक महीनों की ऋतु । | शरतऋतु (अश्विन-कार्तिक) | the autumn, autumnal season (comprising the two months Ashwin & Kartik). |
| शरबत | पुं. | पानी तथा चीनी, फल के रस आदि से तैयार किया गया पेय, मधुर पेय या रस । | सरबत | sweet beverage, syrup. |
| शरम | स्त्री. | 1. लज्जा; | लाज, लाजाळूपणा; | shame, bashfulness; |
| | | 2. लिहाज, संकोच; | विनय, संकोच; | modesty, shyness; |
| | | 3. इज्जत, प्रतिष्ठा, लाज । | अब्रू, प्रतिष्ठा | honour. |
| शरमाना | अ. क्रि. | 1. झेंपना, लाज से नम्र होना; | लाजणे, संकोचणे; | to be bashful, to feel abashed, to blush, to feel embarrassed; |
| | | 2. लज्जित होना । | शरमणे, लज्जित होणे, लाज वाटणे | to feel shame, to be ashamed, to feel shy. |
| | स. क्रि. | लज्जित करना । | लाज आणणे, लज्जित करणे | to make (one) ashamed, to put to shame, to abash. |
| शराफत | स्त्री. | सज्जनता, भलमनसी, सज्जनोचित व्यवहार, शिष्टाचार । | सज्जनता, भलेपणा, शिष्टाचार, सौजन्य | nobility, civility, gentlemanliness. |
| शराब | स्त्री. | मद्य, मदिरा । | दारू | wine, liquor. |
| शराबखोरी | स्त्री. | शराब पीने की आदत । | दारूचे व्यसन | addiction to liquor, habitual drinking, drunkenness. |
| शराबी | पुं. | शराब पीने की आदत वाला, मद्यव्यसनी । | दारूबाज, दारुडा | drunkard, boozy. |
| शरारत | स्त्री. | पाजीपन, दुष्टता, दुष्टतापूर्ण कार्य । | दुष्टपणा | wickedness, नम्र mischief, vice, villainy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शरीक | वि. | शामिल, सम्मिलित । | सामील | included. |
| | पुं. | साझीदार, हिस्सेदार । | भागीदार | sharer, participator, partaker, co-partner, co-sharer. |
| शरीफ | पुं. | 1. भलामानस, सज्जन व्यक्ति; | भला माणूस, सद्वृत्त माणूस, थोर माणूस; | gentleman, nobleman, virtuous man; |
| | | 2. कुलीन व्यक्ति । | कुलीन मनुष्य | a man of good family, a high-born. |
| | वि. | 1. भला, नेक; | सभ्य, शिष्ट, भला, सद्वृत्त; | gentlemanly, noble, virtuous; |
| | | 2. कुलीन । | कुलीन, खानदान | of good family, high born. |
| शरीफा | पुं. | एक प्रकार का वृक्ष तथा उसका फल, जिसका छिलका गोल और उभरे हुए छोटे-छोटे खंडों से बना होता है तथा गूदा मीठा तथा सफेद और लंबोतरे काले बीजों में लिपटा रहता है, सीताफल । | सीताफळ (झाड व फळ) | custard apple (tree and fruit). |
| शरीर | पुं. | मनुष्य या पशु आदि के समस्त अंगों की समष्टि देह, तन, जिस्म । | शरीर | body |
| शरीरांत | पुं. | मृत्यु, देहावसान । | शरीराचा अंत, —शेवट, मरण | the end or destruction of the body, death, demise. |
| शर्करा | स्त्री. | शक्कर, चीनी । | साखर | sugar. |
| शर्त | स्त्री. | 1. किसी बात, घटना आदि की सत्यता तथा असत्यता आदि के संबंध में दो पक्षों द्वारा दांव पर लगाया जानेवाला धन बाज़ी; | पैज, होड; | wager, bet; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी काम या बात के लिए आवश्यक रूप से अपेक्षित वस्तु; | शरत, अट; | condition, term; |
| | | 3. उपबंध । | तरतूद, व्यवस्था | provision. |
| शर्तिया | वि. | अचूक, पक्का, निश्चित । | अचूक, निश्चित | sure, unfailing, definite. |
| | अव्य. | शर्त बदकर, निश्चयपूर्वक । | निश्चितपणे, खात्रीने | surely, without fail, definitely, certainly, positively. |
| शर्म (शरम) | स्त्री. | दे. 'शरम' । | 'शरम' पाहा | see 'शरम'. |
| शर्मनाक | पुं. | लज्जाजनक, निर्लज्जतापूर्ण । | लज्जास्पद, लाज आणणारा | shameful, disgraceful. |
| शर्मिंदा | वि. | लज्जित । | लज्जित, शरमिंदा | ashamed, abashed, shamefaced. |
| शर्मीला (शर्मीली) | वि. | लाजभरा, लज्जाशील । | लाजाळू, लाजरा, लज्जाशील | shy, shamefaced, bashful etc. |
| शलगम (शलजम) | पुं. | एक प्रकार का कंद जिसकी जड़ की तरकारी आदि बनाई जाती है तथा पत्ते साग की तरह खाए जाते हैं । | शलगम | a turnip. |
| शलभ | पुं. | 1. पतंग, फतिंगा; | पतंग (उडता किडा); | moth; |
| | | 2. टिड्डी । | टोळ | grass-hopper, locust. |
| शलाका | स्त्री. | 1. धातु, लकड़ी आदि की बनी लंबी सलाई, सलाखा, सीख; | सळई, काडी; | small stick, rod, thin bar (of any-thing); |
| | | 2. आंख में सुरमा लगाने की सलाई; | डोळ्यात सुरमा घालण्याची सळई; | pencil, small stick (used in painting the eyes with collyrium), arrow; |
| | | 3. घाव की गहराई नापने की सलाई; | शल्य क्रियेतील सळई; | a probe or a kind of pointed surgical instrument; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 4. काठ का छोटा टुकड़ा जिसकी सहायता से निर्वाचन में मत लिया जाता है । | निवडणुकीत मत घेण्याचा वेळी वापरला जाणारा लाकडाचा छोटा तुकडा | ballot-stick. |
| शल्य | पुं. | 1. कांटा; | शल्य, काटा; | thorn; |
| | | 2. डाक्टर का चीड़-फाड़ करने का औज़ार; | शल्यकर्मातील एकहत्यार; | surgical instrument; |
| | | 3. वे पदार्थ जिनसे शरीर में भयंकर पीड़ा होती है । | सल (शरीरात बोचणारा); | any extraneous substance lodged in the body and giving it very great pain; |
| | | 4. बाण । | बाण | arrow, shaft, dart. |
| शल्यचिकित्सा | स्त्री. | 1. चीड़फाड़ के द्वारा की जाने-वाली चिकित्सा, शस्त्र-चिकित्सा, शल्य क्रिया; | शरीराची चीरफाड करून केली जाणारी चिकित्सा, निदान; | operation, surgical operation; |
| | | 2. चीड़फाड़ द्वारा की जानेवाली चिकित्सा का विज्ञान, शल्यविज्ञान, शल्यक्रिया-विज्ञान, शल्यशास्त्र । | शल्यतंत्र | surgery. |
| शव | पुं. | लाश, मृतशरीर । | शव, प्रेत | dead body, corpse. |
| शवपरीक्षा | स्त्री. | मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए मृतव्यक्ति के शव की की जानेवाली परीक्षा या जाँच । | मरणोत्तर शव तपासणी | post-mortem, autopsy. |
| शवयात्रा | स्त्री. | 1. शव के साथ चलनेवाला जनसमूह या जलूस आदि; | प्रेतयात्रा, प्रेतामागोमाग जाणारा जनसमुदाय; | funeral procession; |
| | | 2. श्मशान अथवा कब्रिस्तान तक शव को ले जाने की क्रिया । | प्रेत श्मशानात व कबरस्तानात घेऊन जाण्याची क्रिया | taking or carrying the dead body to the cremation or the burial ground. |
| शशि | पुं. | चंद्रमा । | शशी, चंद्र | moon. |
| शस्त्र | पुं. | 1. हाथ में रखकर प्रयोग में लाया जानेवाला हथियार; | शस्त्र, हत्यार; | weapon, arms; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. उपकरण, औजार । | अवजार, उपकरण | instrument, a tool in general. |
| शास्त्रास्त्र | पुं. | शस्त्र और अस्त्र, हाथ में लेकर और फेंककर मारने के हथियार । | शस्त्र व अस्त्र (हाताने मारण्याचे व फेकून मारण्याचे हत्यार) | weapons for striking and throwing, arms and missiles, arms or weapons. |
| शस्त्रीकरण | पुं. | आक्रमण आदि से राष्ट्र की रक्षा के उद्देश्य से सेना तथा निवासियों को शस्त्रों आदि से सज्जित करना । | शस्त्रसज्ज करण्याची क्रिया | armament, (the act or process of) equipping with arms. |
| शस्य | पुं. | 1. फसल; 2. अन्न, धान्य । | उभे पीक; धान्य | crop, harvest; corn or grain in general. |
| शह | स्त्री. | 1. गुप्त रूप से किसी को भड़काने या उकसाने की क्रिया या भाव; | चिथावणी; | instigation, incitement; |
| | | 2. हिमायत, तरफदारी, मदद; | पाठिंबा, सहाय्य; | support, help; |
| | | 3. शतरंज के खेल में कोई मोहरा किसी ऐसे स्थान पर रखना जहां से बादशाह उसकी घात में पड़ता हो । | बुद्धिबळातील शह, प्रतिबंध | check (in chess). |
| शहतीर | पुं. | पाटन के नीचे दी जानेवाली बड़ी कड़ी, धरन । | तुळई | beam, girder. |
| शहतूत | पुं. | एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जो पकने पर काफी मीठा होता है, तूत । | तुती (झाड व फळ) | mulberry (tree and fruit). |
| शहद | पुं. | एक बहुत मीठा, गाढ़ा और स्वादिष्ट तरल पदार्थ जिसे मधुमक्खियां अनेक प्रकार के फूलों के मकरंद से संग्रह करके अपने छत्तों में रखती हैं, मधु । | मध, शहद | honey. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शहनाई | स्त्री. | बांसुरी या अलगोजे की भांति मुँह से फूककर बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा जो प्राय: रोशनचौकी के साथ बजाया जाता है, नफीरी । | सनई | a musical instrument, Indian clarinet (clarionet). |
| शहर | पुं. | नगर । | शहर, नगर | city, town. |
| शहरी | वि. | 1. शहर का, शहर से संबंधित; | शहरी, शहराचा, शहरातील; | of or belonging to city, urban; |
| | | 2. शहर का निवासी; | शहरवासी; | inhabitant of city, city-dweller, citizen; |
| | | 3. शहर निवासियों की तरह का । | शहरातल्यासारखा | similar to a city-dweller or citizen, urban. |
| शहादत | स्त्री. | 1. शहीद होने की अवस्था या भाव, विशेषत: किसी श्रेष्ठ उद्देश्य के लिए लड़ते हुए प्राण देना, बलिदान; | हौतात्म्य; | martyrdom; |
| | | 2. गवाही; | साक्ष; | evidence, testimony, witness; |
| | | 3. प्रमाण । | प्रमाण | proof. |
| शहीद | पुं. | अपने धर्म, सदाचार, कर्तव्यपरायणता या देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण देनेवाला, हुतात्मा । | हुतात्मा | martyr. |
| शांत | वि. | 1. जिसका शमन हो चुका हो, दमित, उग्रता या प्रचंडता रहित; | शांत, शमन झालेला, उग्रता, ताप-नष्ट झालेला; | abated, subsided, suppressed, allayed, pacified; |
| | | 2. समाप्त; | समाप्त; | ceased, stopped; |
| | | 3. चंचलता या आवेग आदि से रहित; | आवेगरहित, क्षोभरहित; | calm, quiet, unperturbed, tranquil; |
| | | 4. चुप, मौन; | स्तब्ध, मौन घेतलेला, चूप; | silent, quiet; |
| | | 5. बुझा हुआ; | मालवलेला, विझवलेला; | quenched, extinguished; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 6. चिंतारहित | निश्चिंत; | carefree; |
| | | 7. निःशब्द, सुनसान । | नीरव | peaceful, pacific, still, undisturbed. |
| | पुं. | साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव निर्वेद है । | शांत रस | tranquility. |
| शांति | स्त्री. | 1. उत्पात, उपद्रव, मारपीट, संघर्ष आदि से रहित स्थिति; | शांति, शांतता, दंगा/आरडा ओरड नसण्याची स्थिती; | peace; |
| | | 2. दिल का आराम, इतमीनान और चैन; | आराम, स्वस्थता; | comfort, rest, ease, repose; |
| | | 3. शमन होने या करने की अवस्था या भाव, निवारण, दमन; | क्षोभ शमन, दुःखशमन; | abatement, subsidence, suppression, allayment, pacification; |
| | | 4. चंचलता, आवेग आदि से रहित स्थिति; | आवेगरहित अवस्था; | calmness, tranquility, quietness, unperturbedness, absence of passion; |
| | | 5. नीरवता, सन्नाटा; | नीरवता, निःशब्दता; | silence, quietude; |
| | | 6. समाप्ति, अंत; | समाप्ती, शेवट; | cessation, stop; |
| | | 7. निश्चिंतता । | निश्चिंतता | carefreeness. |
| शांतिभंग | पुं. | शांति का नाश, उपद्रव का होना, शासन, अनुशासन आदि का न माना जाना, विघ्न उपस्थित करना । | शांतिभंग | breach of peace, eruption of distrubances. |
| शाक | पुं. | 1. वनस्पति, विशेषतः ऐसी वनस्पति जिसकी तरकारी बनाई जाती हो; | भाजी; | vegetable, pot herb, any edible leaf, fruit or root used as a vegetable, greens; |
| | | 2. उक्त की बनी हुई तरकारी साग । | बनविलेली भाजी | cooked vegetable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शाकाहार | पुं. | अनाज, फल, फूल, पत्ते आदि का भोजन (मांसाहार से भिन्न) । | वनस्पती जनित वस्तूंचा आहार, निरामिषहार | vegetarian diet or food. |
| शाकाहारी | पुं., वि. | केवल अन्न, फल, सागभाजी खानेवाला, निरामिषभोजी । | शाकाहारी, निरामिषहारी | vegetarian. |
| शाक्त | वि. | शक्ति अर्थात् दुर्गा से संबंधित । | शक्ती विषयक, शक्ती उपासना विषयक, शाक्तपंथी | relating to Sakti or the female personification of divine energy. |
| | पुं. | तंत्र संप्रदाय में दीक्षित, शक्ति अर्थात् देवी का उपासक । | शक्तीदेवी–उपासक, शाक्त पंथांचा अनुयायी | worshipper of Śakti. |
| शाखा | स्त्री. | 1. पेड़ की टहनी, डाल; | शाखा, फांदी, डहाळी; | branch, off-shoot, bough, twig (of a tree); |
| | | 2. किसी मूल वस्तु का अंश, विभाग, हिस्सा; | विभाग; | lateral extension or subdivision, part, section etc.; |
| | | 3. किसी सिद्धांत, दर्शन या शास्त्र आदि के संप्रदाय, वर्ग या भेद। | संप्रदाय, पंथ, वर्ग | school (of thought etc.), |
| शागिर्द | पुं. | 1. शिष्य, चेला; 2. संबंध के विचार से किसी के द्वारा सिखाया-पढ़ाया गया व्यक्ति । | शिष्य, चेला; अमक्या गुरूचा शिष्य–विद्यार्थी | pupil, disciple; student, apprentice. |
| शाठ्य | पुं. | दे. 'शठता' । | शाठ्य, पाहा 'शठता' | see 'शठता'. |
| शातिर | वि. | चालाक, धूर्त । | लबाड, लुच्चा, द्वाड, ठग्या, दुष्ट | cunning, sly, mischievous, roguish, vicious. |
| | पुं. | शतरंज का अच्छा खिलाड़ी । | बुद्धीबळ खेळण्यात पटाईत खेळाडू | good chess player. |
| शादी | स्त्री. | विवाह । | लग्न | marriage, wedding. |
| शान | स्त्री. | 1. ठाठ-बाट, तड़कभड़क-वाली सजावट; | शान, शोभा, दिमाख; | grandeur, pomp, splendour; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. मर्यादा, प्रतिष्ठा;<br>3. गर्व, गौरव, बड़प्पन;<br>4. विशालता, भव्यता । | प्रतिष्ठा, मान;<br>गौरव, मोठेपणा;<br>विशालता, भव्यता | honour, dignity;<br>pride, glory;<br>grandness, vastness. |
| | पुं. | सान नामक कृत्रिम पत्थर का उपकरण जिससे चाकू आदि की धार तेज की जाती है । | सहाण, साण, धार करण्याचा दगड | whet stone. |
| शानदार | वि. | 1. भड़कीला, तड़कमड़कवाला;<br>2. उच्चकोटि का प्रशंसनीय;<br>3. ऐश्वर्यपूर्ण । | दिमाखदार, थाटामाटाचा;<br>प्रशंसनीय, गौरवयुक्त;<br>भव्य, ऐश्वर्यपूर्ण | pompous, splendid;<br>glorious, praise-worthy;<br>stately, grand, opulence. |
| शानशौकत | स्त्री. | ठाठ-बाट, तड़क-भड़क । | दिमाख व मोठेपणा | embellishment, pomp and show, pomp and dignity, splendour, grandeur. |
| शाप | पुं. | अनिष्ट कामना के उद्देश्य से किया गया कथन, अभिशाप, बद्दुआ । | शाप | curse, imprecation, anathema. |
| शापित | वि. | जिसे शाप दिया गया हो, अभिशप्त । | शापलेला, शाप दिला गेलेला | imprecated, cursed, accursed. |
| शाबाश (शाबास) | अव्य. | एक प्रशंसासूचक शब्द, वाह-वाह, धन्य हो, खुश रहो आदि के लिए प्रयुक्त । | शाबास | well done ! bravo ! excellent ! |
| शाबाशी (शाबासी) | स्त्री. | 'शाबास' कहना, साधुवाद, वाहवाही । | शाबासकी, वाहवा | praise, applause, plaudit. |
| शाब्दिक | वि. | 1. शब्दसंबंधी;<br>2. शब्द पर आश्रित;<br>3. मौखिक । | शाब्दिक, शब्दविषयक, ध्वनिविषयक;<br>शब्दावर आधारित;<br>मौखिक, तोंडी | relating to sounds or words;<br>literal;<br>verbal, oral. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शाम | स्त्री. | सूर्यास्त का समय, सायंकाल, संध्या । | सायंकाळ | evening, dusk. |
| शामत | स्त्री. | 1. विपत्ति, मुसीबत; | विपत्ती; | adversity, calamity; |
| | | 2. दुर्भाग्य, बदकिस्मती । | दुर्दैव | ill luck, misfortune. |
| शामियाना | पुं. | एक प्रकार का तंबू जो बांसों पर रस्सियों की सहायता से टांगा जाता है । | शामियाना | a kind of tent, a pavillion, a canopy. |
| शामिल | वि. | 1. मिला हुआ, सम्मिलित; | सामील, अंतर्भूत; | included; |
| | | 2. संबद्ध; | संबद्ध; | associated; |
| | | 3. संयुक्त । | संयुक्त | united (to), connected (with). |
| शायद | अव्य. | कदाचित्, संभवत: । | कदाचित्, संभवत | it may be, perhaps, possibly, probably. |
| शायर | पुं. | काव्यरचना करनेवाला, कवि । | कवी | a poet. |
| शायरी | स्त्री. | 1. कविता करने की कला, भाव या कार्य, कविकर्म; | कवित्व; | the art or practice of poetry; |
| | | 2. कविता, काव्य । | काव्य, कविता | poetry, poetic compositions. |
| शारदा | स्त्री. | 1. सरस्वती; | शारदा, सरस्वती देवी; | a name of Saraswati; |
| | | 2. भारत की एक प्राचीन लिपि । | एक प्राचीन भारतीय लिपी | an ancient Indian script. |
| शारदीय | वि. | शरद्कालीन, शरदऋतु संबंधी । | शरदकालीन, शरदऋतूविषयक, शरदऋतूविषयक शरदऋतूतील | autumnal, pertaining to autumn. |
| शारीरिक | वि. | 1. शरीर संबंधी; | शारीरिक, शरीरविषयक, शरीराचा; | relating to the body, bodily, corporeal, |
| | | 2. भौतिक । | भौतिक (आत्मिक नव्हे असे) | physical; material. |
| शार्दूल | पुं. | 1. सिंह, केसरी; | शार्दूल, सिंह; | a lion; |
| | | 2. चीता, बाघ । | वाघ | a tiger. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शाल | पुं. | साखू या सखुआ नामक पेड़ । | साल वृक्ष | a tree (very tall and stately), the sal tree. |
| | स्त्री. | ओढ़ने की एक प्रकार की गरम चादर । | शाल (अंगावर पांघरण्याची) | a shawl. |
| शाला | स्त्री. | 1. गृह, घर, मकान; | वसतिस्थान: | house, residence, abode; |
| | | 2. किसी विशिष्ट कार्य के लिए बना हुआ स्थान (समास में) । | विशिष्ट कार्याकरिता असलेले स्थान (समासात) | a place dedicated to or meant for a particular purpose, an apartment, a room, a hall (in comp.). |
| शाली | प्रत्य. | एक प्रत्यय जो संज्ञा शब्दों के अंत में लगकर उसे विशेषण बना देता है और 'युक्त, वाला,सहित' आदि का अर्थ देता है । | शाली ("युक्त" "सहित" या अर्थाचा शब्दाला लागणारा प्रत्यय) | an adjectival suffix used at the end (comp.), endowed with, possessed of, possessing, having. |
| शालीन | वि. | 1. नम्र, विनीत; | शालीन, विनीत, सौम्य स्वभावाचा; | modest, humble, gentle; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट, अच्छे आचरणवाला । | शिष्ट, सुशील, सद्वर्तनी | well-behaved, cultured. |
| शालीनता | स्त्री. | शालीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, नम्रता, शिष्टता । | नम्रता, सौजन्य सभ्यता | modesty, gentleness, humbleness, politeness. |
| शावक | पुं. | किसी पशु या पक्षी का बच्चा । | बच्चा, पिल्लू | young (of an animal). |
| शाश्वत | वि. | जो सदा से चला आ रहा हो और सदा चलता रहने को हो, नित्य, सनातन, सतत, स्थायी । | शाश्वत, चिरंतन | eternal, constant, perpetual, immortal, ever-lasting. |
| शासक | पुं. | शासन करनेवाला व्यक्ति, शासनकर्ता । | शासक | a ruler, administrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शासन** | पुं. | 1. सरकार, हुकूमत; | शासन, सरकार; | government; |
| | | 2. सरकार द्वारा किए जानेवाले नियन्त्रण, संचालन, व्यवस्था आदि से संबंधित कार्य; | राज्य कारभार; | administration, rule; |
| | | 3. नियंत्रण, निदेशन, देखरेख; | नियंत्रण, निर्बंधन; | control, check, restraint; |
| | | 4. आज्ञा, आदेश । | आदेश, आज्ञा | order, command. |
| **शासनिक** | वि. | 1. शासन संबंधी; | शासन विषयक, कारभार विषयक; | pertaining to administration, administrative; |
| | | 2. सरकारी, राजकीय । | शासकीय | governmental, official. |
| **शासित** | वि. | 1. (प्रदेश) जो शासन के अधीन हो; | शासनाखालचा; | ruled, governed, administered; |
| | | 2. नियंत्रण के अधीन (व्यक्ति) । | नियंत्रणाखालचा, देखरेखीखालचा | restrained, controlled. |
| **शास्त्र** | पुं. | 1. आचार, नीति आदि के नियमों का विधान करने-वाला ऐसा धर्मग्रंथ जिसे लोग पवित्र तथा पूज्य मानते हों; | शास्त्र, धर्मग्रंथ; | a religious or sacred treatise, sacred book, scripture, a code of law; |
| | | 2. किसी कला, विषय या विशिष्ट विषय का सांगोपांग वैज्ञानिक विवेचन और विश्लेषण या तत्संबंधी ग्रंथ, विज्ञान; | विज्ञान; | systematic knowledge, science; |
| | | 3. किसी गंभीर विषय पर किसी के द्वारा प्रतिपादित मत या सिद्धांत; | सिद्धांत प्रतिवादन; | philosophy; |
| | | 4. ज्ञान की कोई शाखा । | ज्ञानाची शाखा | any department of knowledge, discipline. |
| **शास्त्रार्थ** | पुं. | 1. शास्त्र का अर्थ; | शास्त्रार्थ, धर्मशास्त्राचा अर्थ; | the meaning or purpose of the sacred precept or scriptures; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. शास्त्रों के ठीक अर्थ तक पहुंचने के लिए होनेवाला तर्कवितर्क या वादविवाद; | धर्मशास्त्राची मीमांसा —वादविवाद; | discussion, contention, debate or discourse on the scriptures (शास्त्र); |
| | | 3. किसी प्रकार का तात्विक वादविवाद । | कोणताही तात्विक वाद विवाद | material or substantial discussion. |
| शास्त्री | पुं. | 1. शास्त्रज्ञ, शास्त्र का जानकार, शास्त्र का पूर्ण अधिकारी विद्वान; | धर्मशास्त्राचा पंडित, —अधिकारी पुरुष; | one who is well versed or skilled in the Sastras, a scholar of authority on the scriptures; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर मिलनेवाली एक प्रकार की उपाधि । | शास्त्राचा पूर्ण अभ्यास झाल्यानंतर मिळणारी उपाधी. | one who has mastered the Sastras, learned, a great Pandit. |
| शास्त्रीय | वि. | 1. शास्त्र संबंधी; | शास्त्रीय, धर्मशास्त्र विषयक; | scriptural; |
| | | 2. शास्त्र सम्मत, शास्त्र में विहित ढंग का; | शास्त्रसंमत, शास्त्रानुसारी; | classical, authorised by or conformable to Sastras; |
| | | 3. वैज्ञानिक; | वैज्ञानिक; | scientific; |
| | | 4. शास्त्रीय ज्ञान से संबंधित, शास्त्रीय ज्ञान पर आधारित । | शास्त्रीय ज्ञानांवर आधारित | academic. |
| शाह | पुं. | 1. राजा, महाराजा, बादशाह; | राजा, महाराजा, बादशाह; | king, monarch; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा । | बुद्धिबळातील वा पत्यातील राजा | the king in chess or cards. |
| शाहजादा | पुं. | बादशाह का लड़का, राजकुमार । | राजकुमार | king's son, prince. |
| शाही | वि. | 1. शाह या बादशाह का, शाह द्वारा बनवाया हुआ; | बादशहाचा, बादशहाकरिता असलेला; | of or built by a king, royal, imperial; |
| | | 2. शाहों का सा, राजसी । | बादशहासारखा, —ला शोभणारा | like a king, prinçely, kingly, royal, majestic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | स्त्री. | शासन, राज्य, राज्यकाल । | सत्ता, शासन | reign, kingdom, rule, period of the rule. |
| शिकंजा | पुं. | 1. चीजों को कसकर दबाने का यंत्र; | दाबण्याचे यंत्र; | clamp, pressing appliance; |
| | | 2. पकड़, दबाव । | पकड, दबाव | clasp, grasp, clutches (fig.). |
| शिकंजी (शिकंजवी) | स्त्री. | मधुरपेय जो जल में नीबू का रस और चीनी मिलाकर तैयार किया जाता है, शिकंजवी । | लिंबाचे सरबत | lemon squash, syrup prepared with fresh lemon. |
| शिकन | स्त्री. | सिकुड़न, सिलवट । | सुरकुती | wrinkle, crease, shrivelling. |
| शिकमी | पुं. | वह काश्तकार जो असल काश्तकार से जमीन लेकर जोते-बोए, उपपट्टाधारी (काश्तकार) । | पोट खंडकरी | subtenant of a holding. |
| | वि. | किराए, लगान आदि के विचार से जो किसी दूसरे के अन्तर्गत हो, उपपट्टे पर लेनेवाला । | पोट खंडाने घेणारा | subtenanted, subleased. |
| शिकस्त | स्त्री. | 1. पराजय, हार, मात, | हार, पराजय; | defeat; |
| | | 2. विफलता । | विफलता, अयशस्विता | failure, unsuccess. |
| शिकायत | स्त्री. | 1. किसी के दोष या अनुचित काम का किसी के समक्ष किया गया कथन, दोषकथन; | फिर्याद, दोष सांगणे; | accusation; |
| | | 2. किसी के अनुचित काम के प्रति होनेवाला असंतोष; | असंतोष; | complaint, grievance; |
| | | 3. उक्त असंतोष को दूर करने के लिए किया गया निवेदन; | तक्रार करणे; | complaining, making complaint |
| | | 4. दोष, त्रुटि, खराबी । | दोष | defect. |
| शिकायती | वि. | 1. शिकायत करनेवाला, फरियादी; | फिर्यादी; | complainant; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें किसी की शिकायत हो । | तक्रार असणारा, मांगितलेला (कागद) | containing a complaint or grievance. |
| **शिकार** | पुं. | 1. क्रीड़ा या आहार के लिए पशु-पक्षियों के मारने या पकड़ने का कार्य, मृगया, आखेट; | शिकार, शिकार करण्याची क्रिया; | hunting, hunt,the chase; |
| | | 2. शिकार में मारा या पकड़ा गया पशु-पक्षी । | शिकारीत मारलेले व सापडलेले सावज | prey, game, victim. |
| **शिकारी** | पुं. | शिकार करनेवाला, व्याध, अहेरी । | शिकारी | a hunter, huntsman. |
| | वि. | 1. शिकारसंबंधी; | शिकारी संबंधीचा; | of or belonging to the chase, relating to hunting; |
| | | 2. जिससे शिकार किया जाता हो या शिकार में सहायक हो । | शिकार करण्याचा | hunting. |
| **शिक्षक** | पुं. | 1. अध्यापक, गुरु; | शिक्षक, गुरु, अध्यापक; | teacher, educator; |
| | | 2. सिखानेवाला । | शिकविणारा, तयार करणारा | instructor, tutor, trainer. |
| **शिक्षण** | पुं. | शिक्षा देने का काम, पढ़ाना, अध्यापन । | शिक्षण, शिकविण्याची क्रिया | teaching, instruction, educating, education. |
| **शिक्षा** | स्त्री. | 1. किसी प्रकार के ज्ञान के सीखने-सिखाने का क्रम, पढ़ाई; | शिक्षण; | learning, study, teaching, instruction; |
| | | 2. उक्त प्रकार से प्राप्त ज्ञान या विद्या; | शिक्षण घेऊन मिळालेली विद्या; | education, knowledge; |
| | | 3. उपदेश, नसीहत, सबक; | उपदेश, पाठ; | teaching, moral, lesson; |
| | | 4. दंड, सजा (ला.); | सजा, शिक्षा; | punishment (fig.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 5. छः वेदांगों में से एक जिसमें वैदिक साहित्य के वर्णों, मात्राओं, स्वरों, आदि के उच्चारण का विवेचन है । | सहा वेदांगांपैकी एक (ज्यात वेदांचा यथायोग्य शब्दोच्चार इ. चे शिक्षण दिले जाते) | one of the six vedangas, the science which teaches the proper pronunciation of words and laws of euphony. |
| **शिक्षार्थी** | पुं. | 1. शिक्षा प्राप्त करने का इच्छुक व्यक्ति; | शिक्षणेच्छू | desirous of getting education; |
| | | 2. शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी । | विद्यार्थी | student, pupil. |
| **शिक्षित** | वि. | 1. जो शिक्षा प्राप्त कर चुका हो, पढ़ा-लिखा; | शिक्षण घेतलेला; | educated; |
| | | 2. सिखाया हुआ । | शिक्षण घेऊन तयार केलेला | taught, instructed, trained. |
| **शिखर** | पुं. | 1. किसी चीज का सबसे ऊपरी भाग, सिरा, चोटी; | शिखर, टोक; | top, peak, point in general; |
| | | 2. पर्वत की चोटी; | पर्वताचा उंच माथा; | top, summit or peak of a mountain; |
| | | 3. मंदिर या मकान के ऊपर का उठा हुआ नुकीला सिरा, कंगूरा । | देवळाच्या वर शंकू आकृतीची बांधत नेऊन टोकदार केलेली रचना | turret, pinnacle. |
| **शिखर सम्मेलन** | पुं. | किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक विषय पर विचार करने के लिए कई राष्ट्रों के सर्वोच्च अधिकारियों या शासकों का सम्मेलन । | शिखर परिषद, राष्ट्रांच्या प्रमुखांची परिषद | summit conference. |
| **शिखा** | स्त्री. | 1. सिर के बीचों-बीच छोड़ा हुआ बालों का गुच्छा जो कटाया नहीं जाता, चोटी, चुटिया, चूड़ा; | शिखा, शेंडी; | a lock of hair left on the crown of the head; |
| | | 2. मोर आदि के सिर की कलंगी; | मोर इ. पक्ष्यांच्या डोक्यावरचा तुरा; | crest or comb of a cock or peacock; |
| | | 3. आग, दीपक आदि की लौ; | ज्वाला; | flame; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. नोक, ऊपर उठा हुआ सिरा । | शिखराचे ऊंच टोक | sharp end, point, peak, pinnacle, end tip, top, summit. |
| शिखी | पुं. | 1. मोर, मयूर; | मोर; | peacock; |
| | | 2. मुर्गा । | कोंबडा | cock. |
| | वि. | शिखायुक्त, चोटीवाला । | शिखा—शेंडी असणारा | crested, having a lock of hair on top of the head. |
| शिथिल | वि. | 1. ढीला, जो कसकर बंधा न हो; | शिथिल, ढिला, सैल; | loosened, loose, slack, lax; |
| | | 2. आलसी, सुस्त; | आळशी, सुस्त, जड; | slow, tardy, languid; |
| | | 3. थका हुआ, निढाल; | थकला भागलेला; | weary, tired; |
| | | 4. जिसे कुछ छूट दी गई हो, जिसका पालन दृढ़तापूर्वक न हो । | काटेकोरपणे—कसून न केलेला | loosely done, not strictly or rigidly performed, relaxed. |
| शिथिलता | स्त्री. | 1. शिथिल होने की अवस्था, धर्म या भाव, ढीलापन; | शिथिलता, ढिलेपण | looseness, slackness, laxity; |
| | | 2. आलस्य, सुस्ती; | आळस, जडता; | slowness, tardiness; |
| | | 3. थकान; | थकवा गेल्यामुळे झालेली मरगळ; | weariness, tiredness; |
| | | 4. छूट, दृढ़तापूर्वक पालन न करना; | सूट, मोकळीक; | relaxation, remission, unrigid or unstrict performance; |
| | | 5. वाक्यरचना संबंधी एक दोष जिसमें अर्थ की दृष्टि से शब्द भलीभांति गठे हुए नहीं होते । | ढिली वाक्यरचना | a kind of flaw in the construction of a sentence, laxity or looseness of words in the construction of a sentence |
| शिर | पुं. | 1. सिर; | शिर, डोक; | head; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कपाल, खोपड़ी; | खोपडी, कवटी; | skull; |
| | | 3. ऊपरी भाग, चोटी; | अगदी वरचे अंग, —भाग; | a peak, summit, top; |
| | | 4. प्रधान, अगुआ; | म्होरक्या, पुढारी; | chief, principal; |
| | | 5. मस्तक, माथा । | माथा | forehead, head, front, forepart. |
| **शिरा** | स्त्री. | खून की छोटी नाड़ी, रक्त-वाहनी छोटी नाड़ी । | शीर, नाडी | vein, blood vessel. |
| **शिरोधार्य** | वि. | 1. आदरपूर्वक स्वीकार किए जाने योग्य, अतिशय माननीय, सादर स्वीकार्य । | शिरोधार्य, अत्यंत आदरपूर्वक मानण्या लायक, मस्तकावर धारण करण्यासारखा | to be greatly honoured, worthy of respect or to be respected, to be honourably accepted. |
| **शिरोमणि** | पुं. | 1. सिर या मस्तक पर धारण करने का रत्न, चूड़ामणि; | शिरोमणी, मस्तकावर धारण करण्याचे रत्न; | jewel worn on the head, a crest jewel; |
| | | 2. श्रेष्ठ पुरुष । | श्रेष्ठ पुरुष | the most outstanding person. |
| | वि. | सर्वश्रेष्ठ । | सर्वश्रेष्ठ, सर्वात उठून दिसण्याजोगा | most outstanding. |
| **शिरोरेखा** | स्त्री. | वर्णों के ऊपर लगाई जानेवाली आड़ीलकीर या रेखा । | शिरोरेखा, अक्षरे लिहिताना त्यांच्या माथ्यावर ओढली जाणारी आडवी रेषा | top line, a horizontal line drawn on the top of the letters. |
| **शिरोरूह** | पुं. | सिर के बाल । | डोक्यावरचे केस | the hair of the head. |
| **शिला** | स्त्री. | 1. पत्थर; | शिला, दगड; | a stone; |
| | | 2. पत्थर का बड़ा खंड, चट्टान; | मोठा खडक; | rock; |
| | | 3. पत्थर की पटिया या पट्टी, सिल । | दगडी पाटा | a flat stone or stone slab (on which condiments are ground.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शिलाजीत** | स्त्री. | सूर्य के ताप से तपी हुई कुछ विशिष्ट प्रकार की चट्टानों से निकला काला रस जो बहुत पौष्टिक माना जाता है, शिलारस । | शिलाजित | storax, rock-exudation. |
| **शिलान्यास** | पुं. | 1. नए भवन की नींव के रूप में पत्थर रखना; | पायाचा दगड घालणे; | laying of the foundation stone; |
| | | 2. नींव रखने का कृत्य या समारोह । | त्यांचा समारंभ | ceremony of laying of the foundation stone. |
| **शिलालेख** | पुं. | पत्थर पर खुदा हुआ लेख । | शिलालेख | (rock) inscription. |
| **शिलीमुख** | पुं. | 1. भ्रमर; | भुंगा; | a bee; |
| | | 2. बाण, तीर । | तीर, बाण | an arrow. |
| **शिल्प** | पुं. | 1. हस्तकला, दस्तकारी; | शिल्प, हस्तकला; | handicraft; |
| | | 2. कारीगरी; | कारागिरी; | skill (in any art), craft, art; |
| | | 3. रचनाविधान, निर्माण; | रचनातंत्र; | technique; |
| | | 4. स्थापत्य, वास्तुकला । | स्थापत्य, वास्तुकला | architecture. |
| **शिल्पकार** | पुं. | 1. शिल्पी, कारीगर; | शिल्पकार, कारागीर; | artisan, craftsman |
| | | 2. मकान बनानेवाला राज । | वास्तु रचनातज्ज्ञ | architect. |
| **शिल्पी** | पुं. | 1. शिल्प संबंधी काम करनेवाला, शिल्पकार, कारीगर; | शिल्पी, कारागीर; | craftsman, artisan; |
| | | 2. राज, मकान बनानेवाला कारीगर । | वास्तु रचनातज्ज्ञ | architect. |
| **शिव** | पुं. | 1. हिन्दुओं के तीन प्रधान देवताओं में से एक, जिनका कार्य सृष्टि का संहार करना है, महादेव, शंकर, महेश; | शिव, शंकर; | name of the third god of the sacred Hindu trinity, who is entrusted with the work of destruction; |
| | | 2. कल्याण, मंगल । | मंगल | the good, well being, welfare. |
| | वि. | शुभ, मांगलिक । | मंगल, मांगलिक, शुभ | auspicious, propitious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शिवाला** | पुं. | ऐसा देवमंदिर जिसमें शिवलिंग, शिवमूर्ति, स्थापित हो, शिवालय शिवमंदिर । | शिवालय | any temple dedicated to Siva. |
| **शिविका** | स्त्री. | पालकी, डोली । | शिविका, पालखी | a palanquin, litter; |
| **शिविर** | पुं. | 1. पड़ाव;<br>2. सैनिक पड़ाव, छावनी;<br>3. खेमा, तंबू । | शिबिर, अल्पकाल निवास;<br>छावणी (सैनिकांची);<br>तंबू, राहुट्या | camp;<br>a military camp;<br>tent. |
| **शिशिर** | पुं. | 1. छह ऋतुओं में से एक जो माघ और फाल्गुन के महीनों में पड़ती है;<br>2. शीतकाल, जाड़ा । | शिशिर ऋतू (माघ फाल्गुन महिन्याचा);<br>हिंवाळा | the cold season about the middle of January to that of March.<br>winter. |
| **शिशु** | पुं. | 1. नवजात से लेकर लगभग आठ वर्ष तक की उम्र का बालक, बच्चा;<br>2. बहुत ही छोटा बच्चा;<br>3. पशुओं, पक्षियों आदि का बच्चा, शावक । | शिशु, बालक;<br>अर्भक;<br>(पशु-पक्ष्यांचे) पिल्लू | a boy under eight years of age, a child, infant;<br>baby;<br>the young of any animal. |
| **शिष्टता** | स्त्री. | 1. शिष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव, सभ्यता, सौजन्य;<br>2. शिष्ट आचरण । | शिष्टता, सभ्यता, सौजन्य;<br>सद्वर्तन | politeness, civility, courteousness, gentleness;<br>good behaviour, decency. |
| **शिष्टमंडल** | पुं. | किसी विशिष्ट कार्य के लिए कहीं भेजा जानेवाला विशिष्ट व्यक्तियों का दल, प्रतिनिधि-मंडल । | शिष्टमंडळ | delegation, deputation. |
| **शिष्टाचार.** | पुं. | 1. शिष्टतापूर्ण आचरण और व्यवहार; | शिष्टाचार, सभ्यतेची वागणूक व व्यवहार; | gentlemanly conduct, proper behaviour, good manners, politeness, civility, courtesy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. निर्धारित नियमों के अनुसार आचरण, औपचारिक आचरण, दिखावटी सभ्य व्यवहार । | रीतपात | formal conduct or manners, formal politeness, etiquette. |
| शिष्य | पुं. | 1. शिक्षक या अध्यापक से शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी; | शिष्य, विद्यार्थी, छात्र; | student, pupil; |
| | | 2. किसी से विद्या आदि सीखनेवाला या उसके आदर्शों का अनुयायी, चेला । | गुरूचा चेला, अनुयायी | disciple, follower. |
| शीघ्र | क्रि. वि. | 1. जल्द, अविलंब, झटपट, तुरंत, फौरन; | शीघ्र, त्वरेन, तत्काल, वेगाने, जल्दीने; | quickly, immediately, urgently speedily, rapidly; |
| | | 2. निकट भविष्य में, जल्दी । | लवकरच, झटकन् | soon, in a short time. |
| शीघ्रगामी | वि. | तेज चलनेवाला, द्रुतगामी । | वेगाने-जलद जाणारा | going or moving quickly, fast (in movement). |
| शीघ्रता | स्त्री. | 1. जल्दी; | शीघ्रता, त्वरा; | soon; |
| | | 2. तेजी, फुर्ती; | चपळता (स्त्री, चापल्य); | quickness, swiftness; |
| | | 3. जल्दबाजी, उतावलापन । | घाई, उतावळेपणा | haste, hastiness, hurry. |
| शीत | वि. | शीतल, ठंडा । | शीत, थंड, गार | cool, cold, chilly; |
| | पुं. | 1. जाड़ा, ठंड, सरदी; | हींव थंडी; | cold, coldness; |
| | | 2. जाड़े का मौसम । | हिंवाळा | cold season, winter. |
| शीतयुद्ध | पुं. | राष्ट्रों के पारस्परिक व्यवहार की ऐसी स्थिति जिसमें प्रत्यक्ष रूप से युद्ध तो नहीं होता, फिर भी प्रत्येक राष्ट्र स्वयं को शक्तिशाली और प्रभावयुक्त | शीतयुद्ध, थंडी लढाई | cold war. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | बनाने के लिए ऐसी चालें चलता है जिनसे दूसरे राष्ट्रों के समक्ष बाधाएं और उलझने खड़ी होती रहती हैं । | | |
| **शीतल** | वि. | 1. शीतगुणयुक्त, ठंडा; | शीतल, थंड, गार; | cool, cold, chilly, frigid; |
| | | 2. आवेशरहित, शांत, सौम्य; | सौम्य, आवेगरहित | not exciting, calm, gentle, composed. |
| **शीतलता** | स्त्री. | 1. शीतल होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव; | शीतलता, थंडपणा, गारठा; | coldness, chilliness; |
| | | 2. आवेश से रहित होने का भाव, शांति । | सौम्यता, आवेगरहितता, शांती | calmness, unexcitedness, composure. |
| **शीतला** | स्त्री. | 1. एक रोग जिसमें शरीर पर दाने या फफोले निकल आते हैं, चेचक; | शीतला, देवीचा–फोडांचा रोग; | small-pox; |
| | | 2. उक्त रोग की अधिष्ठात्री देवी । | फोडांची देवी | goddess presiding over small-pox. |
| **शीतोष्ण** | वि. | 1. ठंडा और गरम; | शीतोष्ण, थंड व उष्ण; | temperate, cold and hot, a mixture of cold and heat; |
| | | 2. कुछ-कुछ ठंडा और कुछ-कुछ गरम । | सौम्य, कोमट | lukewarm. |
| **शीरा** | पुं. | गुड़, चीनी, मिसरी आदि के घोल को उबालकर तैयार की हुई चासनी । | पाक | syrup, molasses. |
| **शीर्ष** | पुं. | 1. सिर; | शीर्ष, मस्तक; | head; |
| | | 2. मस्तक; | कपाळ; | forehead; |
| | | 3. किसी वस्तु का सबसे ऊपरी तथा उन्नत सिरा; | अगदी वरचा भाग शिखर; | upper part, tip, top; |
| | | 4. (ज्यामिति) वह बिंदु जिस पर दो ओर से दो तिरछी रेखाएं आकर मिलती हों; | (भूमिति) त्रिकोणाचे भुज मिळतात तो बिंदू; | (geom.) vertex of a triangle ; |
| | | 5. खाते में किसी मद का नाम । | खातेनांव | head (of account), item. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शीर्षक** | पुं. | निबंध, ग्रन्थ, लेख आदि के ऊपर दिया जानेवाला उनका नाम जिससे उनके विषय का कुछ परिचय मिलता है । | शीर्षक, मथळा | heading, title. |
| **शीर्षबिंदु** | पुं. | आकाश में वह स्थान या उसका सूचक बिंदु जो हमारे सिर के ठीक ऊपर पड़ता है, शिरोबिंदु, ऊर्ध्वबिन्दु । | आकाशात अगदी डोक्यावर येणारा काल्पनिक बिंदु, ऊर्ध्वबिंदु | zenith. |
| **शील** | पुं. | 1. नैतिक आचरण और व्यवहार, शुद्ध और शुभ चरित्र; | शील, चारित्र्य, नैतिक आचरण; | moral conduct, morality, good conduct, virtue, piety; |
| | | 2. विनम्रता, शिष्टता; | शिष्टता, सभ्यता; | modesty, politeness, humbleness, courtesy; |
| | | 3. लज्जा, संकोच; | लाजाळूपणा; | shyness, bashfulness; |
| | | 4. स्वभाव, प्रकृति । | स्वभाव | disposition, nature. |
| **शीलवान्** | वि. | 1. उत्तम शील अर्थात् आचरणवाला, सुशील, नेक चलन; | शीलवान्, चारित्र्यसंपन्न; | possessed of good qualities, of good moral character, of a good or amiable disposition, well-behaved; |
| | | 2. शिष्ट, नम्र; | सभ्य, नम्र; | modest, polite, humble; |
| | | 3. संकोची, लज्जालु । | लाजाळू | shy, bashful. |
| **शीश** | पुं. | सिर । | शिर, डोके | head. |
| **शीशम** | पुं. | एक प्रसिद्ध पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत, मेज, कुर्सी आदि बनाने के काम आती है । | शिसवीचे झाड | Indian rose-wood tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शीशमहल** | पुं. | 1. वह कमरा जिसकी दीवारों में सर्वत्र शीशे जड़े हों; | आरसेमहाल; | apartment the walls of which are inlaid with pieces of glass; |
| | | 2. शीशे का मकान । | काचघर | glass house. |
| **शीशा** | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध कड़ा और भंगुर पदार्थ जो बालू, खारी मिट्टी या रेह को आग में गलाने से बनता है तथा जिससे अनेक प्रकार के पात्र, दर्पण आदि बनते हैं । | काच; | glass; |
| | | 2. दर्पण, आईना । | आरसा | looking glass, mirror. |
| **शीशी** | स्त्री. | कांच की लम्बी कुप्पी, बोतल के आकार का छोटा पात्र । | काचेची कुपी | small bottle, phial. vial. |
| **शुक** | पुं. | तोता, सुग्गा । | शुक, पोपट | parrot. |
| **शुक्ति** | स्त्री. | 1. सीप, सीपी; | शिंपल्यात असणारा जलजंतु; | oyster, peal oyster; |
| | | 2. सीपी का कड़ा खोल । | शिंपला, शिंप | oyster-shell. |
| **शुक्र** | पुं. | 1. एक ग्रह जो कभी-कभी दिन के प्रकाश में भी दिखाई देता है; | शुक्र, शुक्रग्रह; | the planet Venus; |
| | | 2. वीर्य; | रेत, वीर्य; | semen, sperm; |
| | | 3. शुक्रवार; | शुक्रवार; | Friday; |
| | | 4. कृतज्ञता का प्रकाशन, उपकार मानना । | शुक्रिया, आभार | thanks, expression of gratitudes, thanks giving. |
| **शुक्रगुजार** | वि. | आभार माननेवाला, आभार प्रदर्शित करनेवाला । | कृतज्ञा, आभारी, उपकृत | thankful, grateful. |
| **शुक्रवार** | पुं. | बृहस्पतिवार के बाद का और शनिवार के पहले का दिन, सप्ताह का छटा दिन । | शुक्रवार | Friday. |
| **शुक्रिया** | पुं. | कृतज्ञता-प्रकाशन, उपकार मानना, आभार । | कृतज्ञता, उपकृतपणा, आभार | gratitude, thanks giving. |
| | अव्य. | धन्यवाद । | धन्यवाद | thanks.! thank you. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शुक्ल | वि. | 1. श्वेत, सफेद; | शुक्ल, शुभ्र; | white; |
| | | 2. चमकीला । | चकचकीत | bright. |
| | पुं. | चान्द्रमास का शुक्लपक्ष । | शुक्लपक्ष | bright or light half of a lunar month (from new to full moon). |
| शुक्लपक्ष | पुं. | महीने के दो भागों में से वह भाग जिसमें चन्द्रमा की कला प्रतिदिन बढ़ती है और रात उजाली होती जाती है । | शुक्लपक्ष | light half of the month (fortnight of the moon's increase). |
| शुचि | स्त्री. | 1. पवित्रता, शुद्धता; | शुची, पावित्र्य, शुद्धता; | purity, sanctity, holiness; |
| | | 2. स्वच्छता । | स्वच्छता | cleanliness. |
| | वि. | 1. शुद्ध, पवित्र; | शुद्ध, पवित्र; | pure, sacred; |
| | | 2. साफ, स्वच्छ; | स्वच्छ; | clean, clear; |
| | | 3. निर्दोष; | दोषरहित, कलंकरहित; | free from fault, flawless, guiltless; |
| | | 4. ईमानदार, सच्चा । | सच्चा, प्रामाणिक | honest, upright, true, virtuous. |
| शुचिता | स्त्री. | 1. पवित्रता, शुद्धता; | शुचिता, पावित्र्य, शुद्धता; | purity, sanctity, holiness; |
| | | 2. स्वच्छता, सफाई; | स्वच्छता; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. ईमानदारी, सच्चाई; | प्रामाणिकपणा; | honesty, virtuousness, uprightness; |
| | | 4. निर्दोषता । | दोष रहितता, निष्कलंकपणा | faultlessness, flawlessness, guiltlessness. |
| शुतुरमुर्ग | पुं. | मुर्गे की जाति का एक विशालकाय पक्षी जिसकी गर्दन ऊंट की तरह लंबी होती है । | शहामृग | ostrich. |
| शुद्ध | वि. | 1. पवित्र; | शुद्ध, पवित्र; | pure, sacred; |
| | | 2. साफ, स्वच्छ, निर्मल; | स्वच्छ; | clean, clear, purified; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. मिलावटरहित, खालिस, सच्चा, असली; | निर्भेळ; | unadulterated, genuine; |
| | | 4. निर्दोष; | निष्कलंक, | faultless, flawless; |
| | | 5. निष्पाप; | निर्दोष, निष्पाप, निरपराधी; | guiltless; |
| | | 6. जिसमें अशुद्धि, गलती या भूल न हो, त्रुटिरहित, सही, ठीक । | दुरुस्त, दोषरहित, चुका नसलेला | correct, rectified, defectless. |
| | पुं. | संगीत शास्त्र में प्राचीन रागों की संज्ञा । | शुद्ध राग (संगीत) | natural note in Indian Classical music. |
| शुद्धता | स्त्री. | 1. पवित्रता; | शुद्धता, पवित्रता; | purity, holiness; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | स्वच्छता, नितळपणा; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | निर्दोषीपणा, निरपराधीपणा; | faultlessness, flawlessness; guiltlessness; |
| | | 4. मिलावट रहित होने का भाव । | निर्भेळपणा | unadulteratedness, genuineness. |
| शुद्धि | स्त्री. | 1. पवित्रता; | शुद्धी; शुद्धता, पावित्र्य, | purity, holiness, sanctity; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | स्वच्छता, नितळपणा; निष्पापता, निरपराधीपणा, | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | निर्भेळपणा; | faultlessness, flawlessness, guiltlessness; |
| | | 4. संशोधन, ठीक करना; | दुरुस्ती, संशोधन, शुद्धीकरण; | correction, rectification; |
| | | 5. मिलावट रहित होने का भाव; | निर्भेळपणा; | unadulteratedness, genuineness; |
| | | 6. शुद्ध होने या करने की क्रिया, मार्जन । | शुद्ध करण्याची क्रिया | cleaning, clearing. |
| शुद्धिपत्र | पुं. | 1. ग्रंथ आदि के अंत में लगाया जानेवाला वह पत्र, सूची आदि जिसमें उक्त ग्रंथ आदि में हुई अशुद्धियों को ठीक करके लिखा गया हो । | शुद्धीपत्र, पुस्तक छापल्यानंतर केलेल्या दुरुस्त्या; | errata. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. समाचारपत्र आदि में प्रकाशित ऐसी कोई सूचना जिसमें पूर्वप्रकाशित गलत सूचना को ठीक किया गया हो । | वृत्तपत्रात चुकीचे प्रकाशित केलेल्याची दुरुस्ती | corrigendum. |
| शुभ | वि. | मंगलमय, कल्याणकारी । | शुभ, मंगल, कल्याणकारी; | auspicious, lucky, happy, fortunate. |
| | पुं. | कल्याण, मंगल । | शुभ, मांगल्य, कल्याण | auspiciousness, welfare, well-being, good fortune, happiness. |
| शुभचिन्तक | पुं. | किसी की भलाई चाहनेवाला, हितैषी, शुभेच्छु, शुभाकांक्षी । | हितैषी, हितेच्छू | well-wisher, friend. |
| शुभाकांक्षी | पुं., वि. | शुभचिंतक । | शुभेच्छू | well-wishing, well-wisher. |
| शुभागमन | पुं. | मंगलप्रद या सुखद आगमन । | आनंददायक आगमन | welcome, welcome arrival. |
| शुभाशीष | स्त्री. | मंगलकारी आशीर्वाद, शुभाशीर्वाद । | शुभाशीर्वाद | good wishes, benediction, blessing. |
| शुभेच्छु | पुं. | शुभचिंतक, शुभकामना करनेवाला । | शूभेच्छू, हितेच्छू | well-wisher. |
| शुभ्र | वि. | 1. श्वेत, सफेद; | शुभ्र, धवल, पांढरा; | white; |
| | | 2. चमकीला, उज्ज्वल; | उज्ज्वल, चकचकीत; | shining, bright, radiant; |
| | | 3. निर्मल, निष्कलंक । | निर्मल, निष्कलंक | spotless, immaculate. |
| शुभ्रता | स्त्री. | 1. सफेदी; | शुभ्रता, पांढरेपणा, धवलता; | whiteness; |
| | | 2. चमकीलापन, निर्मलता; | चकचकीतपणा; | radiance, brightness; |
| | | 3. निष्कलंकता । | निष्कलंकता | spotlessness, immaculateness. |
| शुरू | पुं. | आरंभ, प्रारंभ । | सुरुवात, प्रारंभ, आरंभ | beginning, commencement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शुल्क** | पुं. | **1. वह धन जो वस्तुओं की उत्पत्ति, उपभोग, आयात, निर्यात आदि करने पर कानूनन कर के रूप में देय हो;** | शुल्क, उत्पादन, उपभोग, आयात-निर्यात इ. वर आकारलेला कर; | duty; |
| | | **2. विशिष्ट सुविधा प्रदान करने पर किसी संस्था को दिया जानेवाला धन;** | फी; | fee; |
| | | **3. चंदा ।** | वर्गणी | subscription. |
| **शुश्रूषा** | स्त्री. | **1. सेवा-टहल;** | शुश्रूषा, सेवा-चाकरी; | service, attendance; |
| | | **2. परिचर्या, रोगी की देखरेख ।** | परिचर्या, रुग्णसेवा | nursing. |
| **शुष्क** | वि. | **1. आर्द्रतारहित;** | शुष्क, सुकलेला, वाळलेला; | dried up, dry, withered; |
| | | **2. जहां वर्षा न हुई हो या न होती हो, सूखा;** | दुष्काळी, सुका; | arid, droughty. |
| | | **3. हृदयहीन, कोमलतारहित;** | रुक्ष, सहृदयताहीन; | unfeeling, emotionless; |
| | | **4. नीरस, दिमाग को थकाने वाला ।** | नीरस | prosaic, uninteresting, tedious. |
| **शुष्कता** | स्त्री. | **1. शुष्क होने की अवस्था या भाव, आर्द्रता से रहित होना;** | शुष्कता, सुकेपणा, सुकलेला; | dryness, witheredness; |
| | | **2. हृदयहीनता, कोमलता से रहित होना;** | हृदयहीनता, रुक्षता; | unfeeling temperament, emotionlessness, hardness; |
| | | **3. नीरसता, उबाऊपन;** | नीरसता; | prosaicness; |
| | | **4. अनावृष्टि, सूखा ।** | अनावृष्टी, सुका दुष्काळ | aridity, draught. |
| **शूल** | पुं. | **1. नुकीला सिरा, नोक;** | बारीक टोक; | point, tip, sharp end; |
| | | **2. अन्न की बाल का सींका या नुकीला भाग, टूँड़;** | धान्याच्या दाण्याचा अग्रभाग, –टोकदार भाग; | awn of barley etc. |
| | | **3. नुकीला रोयां ।** | कडक केस | bristle, sharp hair, stiff hair. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शूकर** | पुं. | सूअर नामक पशु, वाराह । | डुक्कर | hog, bear, pig. |
| **शूद्र** | पुं. | 1. हिन्दुओं की वर्णव्यवस्था में चतुर्थ वर्ण; | शूद्र, वर्ण, व्यवस्थेतील चौथा वर्ण; | fourth or the last of the four principal classes or castes of Hindus; |
| | | 2. उक्त वर्ण का व्यक्ति । | त्या वर्णाचा इसम | member of the above caste. |
| **शून्य** | वि. | 1. रिक्त, खाली; | शून्य, रिक्त, पोकळ; | empty, void, vacant; |
| | | 2. अस्तित्वरहित, असत्; | नाही असा, अस्तित्व रहित; | non-existent; |
| | | 3. निर्जन; | निर्जन; | desolate, deserted (place); |
| | | 4. (समस्त पदों के अंत में) रहित, हीन । | (समासात) रहित | (in comp.) devoid of. |
| | पुं. | 1. खाली स्थान, अवकाश; | पोकळी, रिक्तता; | vacuum, void, blank; |
| | | 2. आकाश; | आकाश; | sky, space, atmosphere; |
| | | 3. एकांत स्थान; | एकांत-निर्जन स्थान; | desolate or deserted place, seclusion; |
| | | 4. गणित में अभावसूचक चिह्न; | शून्याचा आंकडा; | cipher, zero; |
| | | 5. बिन्दु, बिन्दी; | बिंदू; | dot; |
| | | 6. अभाव, अनस्तित्व । | अभाव | non-entity, (absolute) non-existence. |
| **शूर** | वि., पुं. | 1. वीर, बहादुर; | शूर, बहादुर; | brave or valiant man; |
| | | 2. योद्धा, सूरमा; | वीर, योद्धा; | warrior; |
| | | 3. वह जो किसी काम या बात में औरों से बढ़कर हो । | इतरांहून वरचा, श्रेष्ठ | outstanding or eminent person. |
| **शूरता** | स्त्री. | शूर होने की अवस्था या भाव, शौर्य, बहादुरी, वीरता पराक्रम । | शूरता, शौर्य, बहादुरी, पराक्रम | bravery, courage, valour, heroism, gallantry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शूल | पुं. | 1. बरछा, भाला; | शूल, भाला, बरछी; | spear, lance; |
| | | 2. बड़ा, लंबा और नुकीला कांटा; | लांब, टोकदार काटा; | prong, pointed big thorn; |
| | | 3. वात प्रकोप के कारण आंतों में होनेवाली प्रबल पीड़ा; | पोटातील कळ; | sharp pain in the stomach, colic; |
| | | 4. ऐसी शारीरिक पीड़ा जो बरछी की तरह चुभती हुई जान पड़ती है; | कळ, वेदना; | any sharp or acute pain; |
| | | 5. वेदना, व्यथा । | दु:ख, व्यथा | grief, sorrow. |
| शूली | स्त्री. | 1. सूली,' फांसी का तख्ता; | सूळ; | gallows; |
| | | 2. फांसी की सजा, प्राणदण्ड । | फाशी | (death by) hanging, execution. |
| शृंखला | स्त्री. | 1. क्रम, माला; | श्रृंखला, मालिका; | series, succession, range; |
| | | 2. पंक्ति, कतार, श्रेणी; | क्रम, रांग, ओळ; | line, row, queue; |
| | | 3. कोटिक्रम, तारतम्य; | संगती; | order, sequence; |
| | | 4. करधनी | साखळी कमरेची; | chain or belt worn round the waist; |
| | | 5. जंजीर, सिकड़ी; | बेडी; | chain, fetter in general; |
| | | 6. बंधन । | बंधन | bond, tie. |
| शृंग | पुं. | 1. पशुओं की सींग; | शृंग, शिंग; | horn; |
| | | 2. चोटी, शिखर; | (पर्वताचे) शिखर; | top or summit (of a mountain); |
| | | 3. कंगूरा। | इमारतीचा मनोरा | top of a building, turnet; |
| शृंगार | पुं. | 1. साहित्य के नौ रसों में से एक प्रधान रस जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के प्रेमपूर्ण व्यवहारों की चर्चा होती है; | श्रृंगार, नवरसांपैकी एक रस; | sentiment of love or sexual passion, erotic sentiment; |
| | | 2. सौंदर्य की वृद्धि के लिए सौंदर्य प्रसाधनों द्वारा बनाव-सजाव; | साज; | make-up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. सौंदर्य विधायक तत्व । | सजावट | decoration, embellishment, ornament. |
| **श्रृगाल** | पुं. | 1. गीदड़;<br>2. (ला.) डरपोक, कायर । | कोल्हा;<br>(लाक्ष.) भित्रा/भ्याड/माणूस | jackal.<br>(fig.) coward. |
| **शेखचिल्ली** | पुं. | 1. एक कल्पित मूर्ख जिसकी मूर्खता की अनेक कहानियां जनसाधारण में प्रसिद्ध हैं ।<br>2. बड़ी-बड़ी हवाई योजनाएं बनानेवाला व्यक्ति, बढ़-चढ़कर बेसिर-पैर की बातें करनेवाला व्यक्ति । | शेख महंमद गोष्टीतील केवळ मनोराज्य करीत बसणारा माणूस;<br>मोठी मोठी मनोराज्ये रचणारा माणूस | conventional fool who builds castles in the air;<br>typical outwit ever living in a fool's paradise. |
| **शेखी** | स्त्री. | 1. मिथ्याभिमान, डींग;<br>2. झूठीशान, अकड़ । | शेखी, पोकळ बढाई, प्रौढी;<br>मिजास, घमेंड | vanity, boast, brag.<br>ostentatious; display, strut. |
| **शेखीबाज** | वि. | शेखी बघारने या डींग हांकने-वाला, मिथ्याभिमानी । | प्रौढी मिरविणारा, मिजासखोर | boaster, braggart. |
| **शेर** | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध हिंसक पशु, सिंह;<br>2. (ला.) निर्भीक, वीर और साहसी पुरुष;<br>3. गजल के दो चरण । | वाघ अथवा सिंह;<br>(लाक्ष.) निर्भय, शूर पुरुष;<br>दोन चरणांची उर्दू कविता, गजलाचे दोन चरण | lion;<br>(fig.) fearless, courageous and brave man;<br>couplet (in Urdu poetry). |
| **शेरवानी** | स्त्री. | मुसलमानी ढंग का एक प्रकार का अंगा । | शेरवाणी, एक मुसलमानी पद्धतीचा लांब अंगरखा | a typical long light coat. |
| **शेष** | वि. | 1. बचा हुआ, बाकी, अवशिष्ट;<br>2. समाप्त, नष्ट;<br>3. जिसका भुगतान न हुआ हो, बकाया;<br>4. जिसका उल्लेख, कथन आदि अभी होने को हो;<br>5. आवश्यकता से अधिक, फालतू । | शेष, बाकी, उरलेला;<br>समाप्त झालेला;<br>न वापरलेला, न वापरता राहिलेला;<br>राहिलेला, अजून सागण्यात न आलेला;<br>फाजील, अधिक, वाढलेला | remaining, rest, all the other;<br>terminated, destroyed;<br>outstanding;<br>left out or omitted to be said;<br>surplus. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | पुं. | 1. अवशिष्ट अंश; | अवशिष्ट अंश, उरलेला भाग; | remaining portion, rest, residue; |
| | | 2. बड़ी संख्या में से छोटी संख्या घटाने पर बची हुई संख्या; | बाकी; | remainder; |
| | | 3. समाप्ति; | समाप्ती; | end, termination, conclusion; |
| | | 4. अतिरिक्त पदार्थ, फालतू; | फाजील-ज्यादा भाग; | surplus; |
| | | 5. अशोधित राशि, बकाया; | नांवावर निघत असलेला, बाकी; | balance,out-standing amount; |
| | | 6. कथन का छोड़ा हुआ अंश। | उल्लेख न झालेला अंश | anything left out or omitted to be said. |
| **शेषनाग** | पुं. | सर्पराज शेष जो पुराणानुसार पृथ्वी को अपने सिर पर धारण करनेवाले माने गए हैं । | शेषनाग (पुराणोक्त शेष), अनंतनाग | name of the celebrated, mythological thousand headed, serpent who bears the entire world on his heads. |
| **शैक्षिक** | वि. | शिक्षा संबंधी । | शिक्षण विषयक | academic, educational. |
| **शैतान** | पुं. | 1. दुष्ट देवयोनि, ईश्वर के सन्मार्ग का विरोध करने-वाली शक्ति; | सैतान, ईश्वर विरोधी शक्ती दुष्ट शक्ती; | devil, Satan, an evil spirit, evil genius, mischief; |
| | | 2. अत्याचारी या दुष्ट व्यक्ति । | (लाक्ष.) दुष्ट, जुलमी माणूस | tyrant and wicked person. |
| | वि. | 1. नटखट; | खोड्या करणारा, खट्याळ; | naughty; |
| | | 2. दुष्ट । | दुष्ट, खोडसाळ | mischievous, guileful, wicked. |
| **शैतानी** | वि. | शैतान की तरह बहुत दुष्ट । | अत्यंत दुष्ट, क्रूर | devilish, diabolical; |
| | स्त्री. | दुष्टता, शरारत । | दुष्टता, खोडसाळपणा | naughtiness, mischievousness, wickedness, mischief. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शैत्य | पुं. | शीतलता, ठंडक । | शीतलता, थंडी, गारवा | coldness, cold. |
| शैथिल्य | पुं. | दे. शिथिलता । | शैथिल्य, ढिलाई | see 'शिथिलता' । |
| शैल | पुं. | 1. पर्वत, पहाड़;<br>2. चट्टान, शिला । | शैल, पर्वत, डोंगर;<br>खडक | mountain, hill;<br>rock. |
| शैलजा | स्त्री. | पार्वती, दुर्गा । | दुर्गादेवी, पार्वती | epithet of Durga or Parvati. |
| शैली | स्त्री. | 1. ढंग, तरीका, पद्धति; | शैली, पद्धती, रीत, तऱ्हा; | way, manner, method; |
| | | 2. (साहित्य) रचना अथवा अभिव्यक्ति का विशिष्ट ढंग; | (साहित्य) रचनेचा ढंग; | (lit.) style, mode of expression, diction; |
| | | 3. कोई चीज निर्मित या प्रस्तुत करने का कलापूर्ण ढंग । | (बांधणीची इ.) पद्धत, मांडणीचीं पद्धत | style (architectural etc.). |
| शैव | वि. | 1. शिवसंबंधी; | शैव, शिव विषयक, शिवासंबंधीचा; | relating or belonging to the God Siva; |
| | | 2. शैवमतानुयायी । | शैवपंथी | follower of the Siva sect or Saivism. |
| | पुं. | 1. शिव का उपासक या भक्त; | शिवभक्त; | worshipper or devotee of Siva; |
| | | 2. शिव के उपासकों का संप्रदाय । | शैव पंथ | name of one of the three principal Hindu sects, Saivism. |
| शैवाल | पुं. | सेवार । | शेवाळ | alga. |
| शैशव | पुं. | 1. शिशु होने की अवस्था या भाव, बचपन, लड़कपन; | शैशव, बाळपण; | infancy; |
| | | 2. सोलह वर्ष से कम अवस्था । | बालपण, लहानपण (16 वर्षांच्या खालची अवस्था) | childhood (period below sixteen). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शोक** | पुं. | **1. इष्ट वस्तु या आत्मीय जन के वियोग, नाश या मृत्यु के कारण होनेवाली मानसिक व्यथा, घोर दु:ख;** | शोक, आक्रंद; | mourning, lamentation, wailing; |
| | | **2. बहुत अधिक दु:ख, संताप;** | अतिशय दु:ख; | sorrow, grief anguish; |
| | | **3. संवेदना ।** | शोक समाचार | condolence. |
| **शोकसंताप** | पुं. | **शोक से होनेवाली मानसिक जलन, बहुत तीव्र मानसिक क्लेश या पीड़ा ।** | शोकाचे तीव्र दु:ख | grief, distress, woe, sorrow, deep anguish, compunction. |
| **शोकाकुल** | वि. | **शोक से व्याकुल ।** | शोकाकुल, दु:खाने व्याकुल | overcome with sorrow, over-whelmed with grief, greatly distressed. |
| **शोख** | वि. | **1. ढीठ, निर्भय;** | उद्धट; | insolent, bold; |
| | | **2. नटखट, चपल, विनोदी;** | खट्याळ; | playful, sportive, mischievous; |
| | | **3. चटकीला (रंग) ।** | गर्द व चमकदार (रंग) | bright (as colour). |
| **शोखी** | स्त्री. | **1. ढिठाई, निर्भयता;** | उद्धटपणा; | insolence, boldness; |
| | | **2. चपलता, नटखटपन;** | खट्याळपणा; | playfulness, sportiveness, mischief; |
| | | **3. (रंग का) चटकीलापन;** | चमकदारपणा (रंगाचा); | brightness (as of colour); |
| | | **4. नाजनखरा, नखरेबाजी ।** | नखरा; | coquetry. |
| शोच | पुं. | **1. चिंता, फिक्र;** | चिंता, काळजी; | anxiety, concern; |
| | | **2. दु:ख, रंज ।** | दु:ख | sorrow, grief. |
| शोचनीय | वि. | **1. जो चिंता या फिक्र का विषय हो, चिंतनीय;** | चिंता करण्याजोगा; | causing concern or anxiety; |
| | | **2. जिसे देखकर दु:ख या रंज हो ।** | काळजी वाटण्या सारखा | lamentable, deplorable, pitiable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शोणित** | पुं. | **रक्त, खून ।** | रक्त | blood. |
| | वि. | **लाल ।** | लाल | red. |
| **शोथ** | पुं. | **1. सूजन;** | सूज; | swelling; |
| | | **2. शरीर के किसी अंग में सूजन होने का रोग ।** | एखादा अवयव सुजण्याचा रोग | dropsy. |
| **शोध** | पुं. | **1. खोज, अनुसंधान;** | शोध, संशोधन; | research; |
| | | **2. (ऋण) चुकाना, अदा करना;** | कर्जाची फेड; | acquittance, paying off (as of debts); |
| | | **3. शुद्ध या साफ करना, सफाई;** | शुद्धीकरण, शुद्धी; | purification, cleansing; |
| | | **4. कमी, त्रुटि, आदि ठीक या दुरुस्त करना ।** | दुरुस्ती, नीट करण्याची क्रिया | correction, rectification. |
| **शोधक** | वि., पुं. | **1. शुद्ध या साफ करनेवाला;** | शुद्ध/स्वच्छ/करणारा; | purificatory, purifying, cleansing, purgative, purifier; |
| | | **2. त्रुटि शुद्ध करनेवाला;** | दुरुस्ती करणारा, नीट करणारा; | corrective, rectifier, corrector; |
| | | **3. (ऋण) चुकानेवाला;** | कर्ज फेडणारा; | paying off a debt; |
| | | **4. अन्वेषण करनेवाला, खोजी ।** | संशोधन करणारा | researcher. |
| **शोधन** | पुं. | **1. शुद्ध या साफ करने की क्रिया या भाव, निर्दोषीकरण, शुद्धिकरण;** | शोधन, शुद्धीकरण, स्वच्छ करण्याची क्रिया; | purifying, cleansing, refining; |
| | | **2. संशोधन, सही करना;** | दुरुस्ती, नीट करण्याची क्रिया; | correction, rectification, clearing away errors; |
| | | **3. (ऋण) चुकाना, अदा करना ।** | फेडून टाकणे | payment, discharge, acquittance (of debt). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **शोधना** | स. क्रि. | 1. किसी शुभ कार्य के लिए विहित-अविहित मास, तिथि आदि का विचार करना; | चांगला मुहूर्त शोधणे; | to work out an auspicious moment for marriage etc. by astrological calculations; |
| | | 2. शुद्ध करना; | शुद्ध करणे; | to cleanse, to purify; |
| | | 3. दुरुस्त करना । | दुरुस्त करणे | to correct. |
| **शोध प्रबंध** | पुं. | ऐसा प्रबंध-लेख जिसमें किसी विषय के सब अंगों की अच्छी तरह जांच-पड़ताल करके उसके संबंध में कोई मत या विचार स्थिर किया गया हो । | संशोधनाचा प्रबंध | thesis, research work. |
| **शोधित** | वि. | 1. जिसका शोधन हुआ हो, शुद्ध या साफ किया हुआ; | शुद्ध केलेला, स्वच्छ झालेला; | purified, cleansed refined; |
| | | 2. संशोधित; | दुरुस्ती,नीट-केलेला; | corrected, rectified; |
| | | 3. जिसके संबंध में शोध या अन्वेषण हुआ हो; | शोधलेला, शोध झालेला; | researched, discovered; |
| | | 4. परिशोधित, चुकाया हुआ (ऋण) । | फेडलेले (ऋण) | acquitted, paid off, discharged, liquidated (as a debt). |
| **शोभन** | वि. | 1. शोभायुक्त, सुंदर; | शोभणारा, सुंदर; | handsome, beautiful, lovely, graceful; |
| | | 2. शोभावर्धक; | शोभा देणारा; | adorning, beautifying; |
| | | 3. उचित; | उचित, योग्य असा; | befitting, becoming, proper; |
| | | 4. मंगलकारक, शुभ । | मंगलकारक, शुभ | good, auspicious, fortunate. |
| **शोभनीय** | वि. | 1. उचित; | उचित, योग्य, शोभेल असा; | befitting, becoming, proper, suitable; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुंदर । | सुंदर, शोभणारा | handsome, lovely, graceful. |
| शोभा | स्त्री. | 1. (शारीरिक या प्राकृतिक) सौंदर्य, छवि, लावण्य; | शोभा, सौंदर्य, लावण्य; | natural beauty, grace, elegance; |
| | | 2. कांति, चमक; | कांती, चमक; | lustre, brilliance, radiance; |
| | | 3. सौन्दर्यवर्धक तत्व । | सौंदर्य वाढविणारी गोष्ट | beautifying element, embellishment. |
| शोभायमान | वि. | 1. जो देखने में सुंदर लगता हो; | शोभायमान, शोभणारा, सुंदर दिसणारा; | looking beautiful, graceful, lustrous etc.; |
| | | 2. शोभा देता हुआ, शोभा बढ़ाता हुआ; | शोभा वाढविणारा, आपल्या उपस्थितीने शोभा आणणारा; | adding to the beauty of, gracing (the occasion or place) by one's presence; |
| | | 3. विराजमान । | विराजमान | graciously seated. |
| शोभित | वि. | 1. शोभायुक्त, सुंदर; | सुंदर, शोभायुक्त; | beautiful,lovely, graceful; |
| | | 2. सजा हुआ, सज्जित; | सजविलेला, शृंगारुन शोभा आणलेला; | adorned, graced, decorated, embellished; |
| | | 3. विराजमान । | आसन भूषविलेला | graciously seated, gracing (an occasion or place) by one's presence. |
| शोर | पुं. | 1. ऊंची, तीखी और कर्णकटु आवाज, हल्ला, कोलाहल; | आरडाओरडा, हलकल्लोळ; | cry, noise, outcry, exclamation, din, tumult; |
| | | 2. (ला.) किसी चीज की सहसा होनेवाली व्यापक चर्चा, धूम । | लोकांच्या तोंडी असणारी चर्चा | (fig.) burning topic. |
| शोरबा (शोरवा) | पुं. | पकाए हुए तरकारी, दाल, मांस आदि का जूस, रसा । | सार (टामेटो इ. चे) शिजवलेल्या भाजीचा रस | soup, broth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शोरा | पुं. | सफेद रंग का एक प्रकार का क्षार जो मिट्टी से निकलता है । | सोरा (सोडियम नायट्रेट) | soda nitre, sodium-nitrate. |
| शोला | पुं. | आग की लपट, ज्वाला । | आगीची ज्वाला | flame of fire. |
| शोशा | पुं. | 1. किसी बात में निकाली हुई ऐसी अनोखी या नई बात जो उसे किसी दूसरी ओर प्रवृत्त कर सकती हो या उसमें कोई त्रुटि दिखलाती हो; | चमत्कारिक गोष्ट; | queer thing; |
| | | 2. कोई व्यंग्यपूर्ण या झगड़ा खड़ा करनेवाली बात; | झगडा उभी करणारी गोष्ट; | lampoonery; |
| | | 3. आगे निकली हुई नोक । | पुढे असलेले टोक | projecting point. |
| शोषक | वि. | 1. सोखनेवाला, नमी आदि चूसनेवाला; | शोषक, शोषणारा, आर्द्रता इ. शोषून घेणारा; | drying up, sucking up; |
| | | 2. अपने स्वार्थ के लिए नष्ट करनेवाला । | स्वतः न मिसळून-जिरवून टाकणारा दुसऱ्याचे अस्तित्व इ. नष्ट करणारा | absorbing, absorbent. |
| | पुं. | 1. दूसरों का धन हरण करनेवाला तथा उनका पूर्ण और वास्तविक देय भाग न देनेवाला व्यक्ति या व्यक्तिसमूह, शोषण करनेवाला; | दुसऱ्याला नागवून स्वतःची तुंबडी भरणारा, पिळवणूक करणारा माणूस; | exploiter, one who exploits; |
| | | 2. सोखने या चूसनेवाला पदार्थ आदि, अवशोषक, अवशोषी । | शोषून घेणारा पदार्थ (उदा. टीप कागद इ.) | absorber, that which absorbs. |
| शोषण | पुं. | 1. सोखना या सुखाना, चूसना; | शोषण्याची-सुकविण्याची क्रिया; | drying up, sucking up, suction, absorption, soaking, desiccation; |
| | | 2. परोक्ष उपायों से किसी की कमाई या धन धीरे-धीरे अपने हाथ में करना, | लुबाडणूक, नागवणूक | exploitation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | किसी के श्रम या व्यापार आदि से अनुचित लाभ उठाना । | | |
| शोषित | वि. | 1. सोखा, सूखा या सुखाया हुआ; | सुकलेला, सुकविलेला; | dried up, sucked up, absorbed, desiccated; |
| | | 2. (व्यक्ति या वर्ग) जिसका देय भाग उसे पूरा-पूरा न मिलता हो और इस प्रकार जिसकी दुर्बलता या असहाय अवस्था का दूसरे फायदा उठाते हों । | नागविला गेलेला | exploited. |
| शौक | पुं. | 1. प्रबल इच्छा, चाह, लालसा; | लालसा, तीव्र इच्छा, आसुरलेपणा; | desire, yearning, fondness, deep longing; |
| | | 2. प्रवृत्ति, रुचि; | प्रवृत्ती, रुची; | inclination, predilection, liking, interest, fancy; |
| | | 3. चसका, व्यसन; | व्यसन, चटक; | addiction, compelling habituation; |
| | | 4. शौक का काम । | हौस, हौसेचे काम | hobby. |
| शौकिया | वि. | शौक से भरा हुआ, केवल शौक के लिए कोई काम करनेवाला । | शौकीन, हौशी | amateur. |
| | क्रि. वि. | 1. शौक से, शौक के कारण, चाव से, दिलबहलाव के लिए; | हौसेने, शौका खातर; | as a hobby, fondly; |
| | | 2. सामान्य प्रचलन के अनुसार । | सामान्य रीतीप्रमाणे | fashionably. |
| शौकीन | वि. | 1. जिसे किसी काम, चीज या बात का बहुत शौक हो; | शौकीन, हौशी; | fond of fine things, desirous, longing deeply; |
| | | 2. जो सदा सजा-संवरा या बना-ठना रहता हो, छैला; | नटवेबाज, गुलहौशी; | foppish, dandy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों का प्रेमी, फैशनप्रिय । | फॅशनबाज | fashionable. |
| शौकीनी | स्त्री. | 1. शौकीन होने की अवस्था या भाव, चाह, लालसा; | लालसा, तीव्र इच्छा; | fondness; |
| | | 2. सदा बने-ठने रहने की इच्छा, छैलापन; | गुलहौशीपणा, नटवेगिरी; | foppishness, dandyism; |
| | | 3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों की चाह, फैशनप्रियता । | फॅशनबाजी | fashionableness. |
| शौच | पुं. | 1. शुद्धि, पवित्रता, शुचिता; | शौच-शुद्धी, शुचिता, पवित्रता; | purity, cleanness, purification; |
| | | 2. पाखाने जाना, मलत्याग द्वारा शरीर शुद्धि; | मलत्याग; | voiding of excrement, evacuation of bowels; |
| | | 3. मलत्याग के बाद किया जानेवाला गुदा का प्रक्षालन; | मलत्यागानंतरची अवयव शुद्धी; | ablution of the anus after evacuation; |
| | | 4. किसी निकट संबंधी की मृत्यु होने पर लोक व्यवहार के अनुसार निश्चित समय तक क्षौर कर्म आदि कराकर शुद्ध होना । | आप्ताच्या मृत्यनंतर क्षौर-कर्मादि, शुद्धि क्रिया | purification from defilement caused particularly by the death of a relative. |
| शौचालय | पुं. | घरों आदि में वह स्थान जहां लोग मलत्याग करने के लिए जाते हैं और वहां हाथ-मुंह धोने के लिए जल की व्यवस्था रहती है, पाखाना, संडास, शौचघर । | संडास, पायखाना, शौचकूप | latrine, lavatory. |
| शौर्य | पुं. | शूरता, वीरता, पराक्रम, वीरतापूर्ण कृत्य। | शौर्य, पराक्रम, वीरता | heroism, valour, bravery, prowess. |
| श्मशान | पुं. | 1. शव जलाने का स्थान, मसान, मरघट; | स्मशान, मसणवट; | a place where corpses are burnt, burning ground, cremation ground; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कब्रिस्तान; | कब्रस्तान; | cemetery, grave yard; |
| | | 3. बिलकुल उजड़ा हुआ स्थान (ला.) । | (लाक्ष.) जनशून्य प्रदेश, वैराण प्रदेश | a deserted place (fig.). |
| श्मश्रु | पुं. | दाढ़ी और मूंछें । | दाढी-मिशा | the beard and moustache. |
| श्याम | वि. | 1. काला और नीला मिला हुआ (रंग); | श्याम, गडद निळा (रंग); | dark blue; |
| | | 2. हलका काला, सांवला; | सावळा; | slightly dark complexioned; |
| | | 3. काला, कृष्ण । | काळा | dark coloured, black. |
| | पुं. | श्रीकृष्ण का एक नाम जो उनके शरीर के श्याम वर्ण होने के कारण पड़ा था । | श्रीकृष्ण | name of Lord Krishna. |
| श्यामल | वि. | श्यामवर्णवाला, काला, सांवला । | काळा, काळासावळा | black, dark-blue, blackish, dark complexioned. |
| श्रद्धांजलि | स्त्री. | किसी पूज्य या बड़े व्यक्ति के संबंध में श्रद्धा और आदरपूर्वक कही जानेवाली बातें । | श्रद्धांजली | tribute, homage. |
| श्रद्धा | स्त्री. | 1. आदरपूर्ण भावना, पूज्यभाव; | श्रद्धा, आदर, पूज्यभाव; | respect, reverence, veneration; |
| | | 2. आस्था, विश्वास; | विश्वास; | trust, faith, belief, confidence; |
| | | 3. किसी काम या बात की प्रबल इच्छा । | प्रबळ इच्छा | strong or vehement desire. |
| श्रद्धालु | वि. | 1. श्रद्धायुक्त, आदरपूर्ण भावना से युक्त, श्रद्धावान्; | श्रद्धाळू, आदरभावयुक्त, श्रद्धावान; | having veneration or reverence, respectful; |
| | | 2. श्रद्धा अर्थात विश्वास से युक्त, आस्थावान् । | पूर्ण विश्वास ठेवणारा | having faith, faithful, believing, disposed to trust, trustful. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| श्रद्धेय | वि. | 1. श्रद्धाभाजन, पूजनीय, आदरणीय; | श्रद्धेय, आदरणीय, पूज्य; | venerable, reverend; |
| | | 2. विश्वसनीय । | श्रद्धा/विश्वास/पात्र | trustworthy. |
| श्रम | पुं. | 1. शरीर या मन को थकाने या शिथिल करनेवाला काम, परिश्रम, मेहनत; | श्रम, कष्ट, परिश्रम, मेहेनत; | labour; exertion; |
| | | 2. मशक्कत, कठोर मेहनत; | काबाडकष्ट; | toil, hard labour; |
| | | 3. क्लांति, थकावट; | थकवा; | weariness, fatigue, exhaustion; |
| | | 4. प्रयत्न, प्रयास । | प्रयत्न | effort. |
| श्रमजीवी | वि. | शारीरिक तथा बौद्धिक परिश्रम कर जीविका चलाने-वाला । | श्रम करून उपजीविका करणारा | working. |
| | पुं. | मेहनतकश, मजदूर । | कष्टकरी, मजूर | labourer, one who lives by one's sweat. |
| श्रमण | पुं. | बौद्ध संन्यासी, बौद्ध भिक्षु । | श्रमण, बौद्ध यती, भिक्षु | a Buddhist ascetic, a Buddhist monk or mendicant. |
| श्रमदान | पुं. | किसी सामूहिक हित के लिए स्वेच्छा से निःशुल्क श्रम करना । | श्रमदान | voluntary contribution of labour for a public cause. |
| श्रमिक | पुं. | शारीरिक श्रम द्वारा जीविका चलानेवाला, मजदूर । | मजूर, कष्टकरी | a labourer, labour. |
| श्रवण | पुं. | 1. सुनने की क्रिया या भाव, सुनना; | ऐकण्याची क्रिया, ऐकणे; | the act of hearing, audition; |
| | | 2. सुनने की इंद्रिय, कान; | कान, श्रवणेंद्रिय; | the ear, organ of hearing; |
| | | 3. ज्योतिष में सत्ताईस नक्षत्रों में से बाईसवां नक्षत्र जिसमें तीन तारे होते हैं । | सत्तावीस नक्षत्रांपैकी बाविसावे तीन तारे एकत्र असणारे नक्षत्र | name of a lunar unison containing three stars. |
| श्रवणेंद्रिय | स्त्री. | सुनने की इंद्रिय, कान, कर्ण । | श्रवणेंद्रिय, कान | the organ of hearing, the ear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| श्रव्य | वि. | 1. जो सुना जा सके या सुनाई देता हो; | श्रव्य; | perceptible to the ear, audible, which can be heard. |
| श्रव्यकाव्य | पुं. | भारतीय काव्यशास्त्र की दृष्टि से काव्य का वह प्रकार जिसका रंगमंच पर अभिनय नहीं होता प्रत्युत जो सुना और पढ़ा जाता है । | श्रव्यकाव्य, केवळ गाऊन किंवा म्हणून ऐकण्याजोगे काव्य | one of the two main divisions of literature in Indian poetic literature that can be read and heard and is not meant for presentation on the stage. |
| श्रांत | वि. | श्रांतियुक्त, थका हुआ । | थकलेला, थकला भागलेला | wearied, tired, fatigued, exhausted. |
| श्रांति | स्त्री. | थकान । | थकवा, ग्लानी | fatigue, weariness, exhaustion. |
| श्राद्ध | पुं. | 1. सनातनी हिन्दुओं में पितरों या मृत व्यक्तियों को प्रसन्न करने के उद्देश्य से किए जानेवाले पिंडदान, ब्राह्मण भोजन आदि कृत्य जो उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किए जाते हैं; | श्राद्ध, मृत्यूनंतरची श्राद्ध क्रिया; | a funeral rite or ceremony performed in honour of the departed spirits of dead relatives as obsequial oblation, a gift or offering at a sraddha; |
| | | 2. आश्विन मास का कृष्णपक्ष, जिसमें विशिष्ट रूप से उक्त प्रकार के कृत्य करने का विधान है, पितृपक्ष । | आश्विन महिन्यातील पितृतर्पण | the dark fortnight of the month of Ashvin when oblations are offered to the manes for their spiritual gratification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| श्राप (शाप) | पुं. | दे. 'शाप'। | शाप | same as 'शाप'. |
| श्रावक | पुं. | 1. बौद्ध संन्यासी; | श्रावक, बौद्ध संन्यासी; | a Buddhist ascetic or votary; |
| | | 2. जैन संन्यासी; | जैन संन्यासी; | a Jain ascetic; |
| | | 3. जैन मतानुयायी; | जैन धर्माचा अनुयायी; | a follower of Jainism; |
| | | 4. शिष्य, छात्र । | शिष्य | a pupil, disciple. |
| श्रावण | पुं. | चांद्रगणना के अनुसार वह महीना जिसकी पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र होता है तथा जो आषाढ़ और भादों के बीच पड़ता है, सावन । | श्रावण मास | name of a lunar month corres-ponding to July and August. |
| | वि. | 1. श्रवण या कान से संबंधित; | श्रवण विषयक; | relating to the ear; |
| | | 2. श्रवणनक्षत्र से संबंधित, श्रवणनक्षत्र का; | श्रवण नक्षत्र विषयक; | of or belonging to the asterism Sravana; |
| | | 3. श्रवणनक्षत्र में उत्पन्न । | श्रवण नक्षत्रात जन्मलेला | born under the asterism Sravana; |
| श्रावणी | स्त्री. | 1. श्रावणमास की पूर्णिमा; | श्रावणामधील पूर्णिमा; | the day of full moon in Sravana; |
| | | 2. उक्त पूर्णिमा को होनेवाला त्योहार । | या दिवशी केला जाणारा यज्ञोपवीत धारण विधी | name of the annual ceremony performed on this day when the sacred thread is put on anew. |
| श्री | स्त्री. | 1. विष्णु की पत्नी, लक्ष्मी; | श्री, लक्ष्मी, धनदेवता; | the goddess of wealth, Lakshmi, the wife of Vishnu; |
| | | 2. धनदौलत, संपत्ति; | संपत्ति, धन दौलत; | wealth, riches, affluence, prosperity, plenty; |
| | | 3. ऐश्वर्य, वैभव; | ऐश्वर्य, वैभव; | grandeur, glory, magnificence; |
| | | 4. शोभा, सौंदर्य; | शोभा, सौंदर्य; | beauty, grace; |
| | | 5. यश, कीर्ति । | कीर्ती, यश | fame, renown; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | वि. | एक प्रकार का आदरसूचक विशेषण जो पुरुषों के नाम के पहले लगाया जाता है । | पुरुष नामाच्या पूर्वी लावला जाणारा आदरसूचक शब्द | an honorific term prefixed to the names of men, mister, Mr., Sir. |
| श्रीखंड | पुं. | 1. चंदन;<br>2. एक प्रकार का मीठा पकवान । | श्रीखंड, चंदन;<br>एक पक्वान्न | sandal wood;<br>a kind of sweet dish. |
| श्रीमती | स्त्री.<br>वि. | पत्नी ।<br>प्राय: विवाहिता स्त्रियों के नाम के पूर्व जोड़ा जानेवाला आदरसूचक विशेषण । | पत्नी<br>स्त्रीच्या नांवामागे जोडला जाणारा आदरसूचक शब्द | wife.<br>an honorific term prefixed to the name (particularly) of a married woman, Mrs., Madam. |
| श्रीमन् | वि. | 1. पुरुषों के नाम के पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण;<br>2. धनसंपन्न । | श्रीयुत;<br>धनसंपन्न | an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr.,Sir;<br>wealthy, rich, opulent. |
| श्रीयुत | वि. | 1. पुरुषों के नाम से पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण;<br>2. लक्ष्मीवान्, धनसंपन्न । | श्रीयुत, आदरसूचक शब्द (पुरुषनामा मागे लावतात तो);<br>लक्ष्मीवान् | an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr., Sir.<br>wealthy, prosperous. |
| श्रुत | वि. | 1. सुना हुआ;<br>2. ज्ञात;<br>3. प्रसिद्ध । | ऐकलेला;<br>समजलेला, ज्ञात;<br>प्रसिद्ध, सर्वज्ञात | heard, listened;<br>learnt, ascertained, understood;<br>well known, famous, celebrated, renowned. |
| श्रुति | स्त्री. | 1. सुनने की क्रिया या भाव, श्रवण करना, सुनना; | श्रुती, ऐकण्याची क्रिया, श्रवण; | hearing, the act of hearing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कान, कर्णेंद्रिय; | कान, श्रवणेंद्रिय; | the ear, the organ of hearing; |
| | | 3. वेद में वह विशिष्ट प्रकार की ध्वनि जो किसी स्वर का उच्चारण करने में आंशिक रूप से सहायक होती है; | वेद; | the Veda (known by revelation); |
| | | 4. अफवाह, किंवदन्ती, जनश्रुति । | अफवा | rumour, hearsay, current but un-verified statement. |
| श्रुतिलेख | पुं. | वह लेख जो किसी के द्वारा बोले हुए वाक्यों को सुनकर लिखा जाए, श्रुतलेख । | सांगून/ऐकून/लिहिलेला मजकूर —केलेले लेखन | a dictation. |
| **श्रेणी** | स्त्री. | 1. कतार, पंक्ति; | श्रेणी, ओळ, रांग, पंक्ती-मालिका; | line, row, queue; |
| | | 2. क्रम, सिलसिला, श्रृंखला; | क्रम, अनुक्रम; | order, sequence; |
| | | 3. एक ही तरह की ऐसी चीजों या बातों का वर्ग जो कुछ दूर तक एक ही रूप में चलता रहे; | माला, श्रृंखला; | series, succession, range; |
| | | 4. कार्य, योग्यता, आदि के विचार से पदार्थों, व्यक्तियों आदि का वर्ग, विभाग, दरजा; | वर्ग, दर्जा; | category, class, grade, rank; |
| | | 5. ज़ीना, सीढ़ी; | जिना, शिडी; | ladder, stair: |
| | | 6. दल, समूह । | दळ, समूह | group, flock. |
| श्रेणीबद्ध | वि. | 1. पंक्ति के रूप में बंधा हुआ, पंक्तिबद्ध; | रांगेत-ओळीत असलेला; | forming a row, being in line; |
| | | 2. क्रमबद्ध, श्रृंखलाबद्ध; | क्रमबद्ध; | orderly, ordered, being in sequence; |
| | | 3. दलबद्ध; | दलबद्ध; | grouped; |
| | | 4. वर्गीकृत । | वर्गीकृत | classified, graded. |
| श्रेय | पुं. | 1. अच्छाई, उत्तमता; | श्रेय, भलाई; | goodness, merit, worth; |
| | | 2. मंगल, कल्याण; | मंगल, कल्याण; | welfare, good, good fortune, well being; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. यश; | यश, कीर्ती; | fame, renown; |
| | | 4. ऐसा धार्मिक कृत्य जो मोक्ष की प्राप्ति में सहायक हो । | पुण्य कृत्य | righteous deeds, moral, religious merit leading to salvation. |
| श्रेयस्कर | वि. | 1. मंगलकारी, कल्याणकर, शुभ; | श्रेयस्कर, कल्याणकारी, हितकर, शुभ; | promoting happiness, favourable, propitious, auspicious; |
| | | 2. यशस्कर; | यशस्कर; | bringing fame or renown; |
| | | 3. वांछनीय । | इष्ट, वांछनीय | desirable. |
| श्रेष्ठ | वि. | 1. गुण, मान आदि के विचार से बढ़कर, उत्तम, उत्कृष्ट; | श्रेष्ठ, सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम; | best, most excellent, excellent pre-eminent, superior; |
| | | 2. उच्च मानवीय गुणों से सम्पन्न (व्यक्ति) । | थोर, उच्च | great, large-hearted, noble. |
| श्रेष्ठता | स्त्री. | श्रेष्ठ या उत्तम होने की अवस्था या भाव, उत्तमता, अच्छाई । | श्रेष्ठता, श्रेष्ठ असण्याची स्थिती, उत्तमता | betterness, superiority, eminence, excellence. |
| श्रेष्ठी | पुं. | 1. सेठ; | श्रेष्ठी, शेठजी, मोठा व्यापारी; | a wealthy merchant; |
| | | 2. अत्यन्त धनी व्यक्ति; | धनवान पुरुष; | a moneyed man, a very rich person; |
| | | 3. व्यापारियों या बनियों का प्रधान । | व्यापारी संघाचा प्रमुख | the head or chief of a mercantile guild, chief of the merchants. |
| श्रोता | पुं. | 1. सुननेवाला; | श्रोता, ऐकणारा, ऐकत बसलेला-मनुष्य; | a hearer, listener; |
| | | 2. किसी सभा, नाटक-प्रदर्शन आदि के दर्शक, सुनने-वाले या पाठक (बहुवचन में) । | ऐकणारी माणसे | audience (in plural). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **श्लाघनीय** | वि. | **प्रशंसनीय ।** | श्लाघनीय, प्रशंसापत्र, प्रशंसनीय | admirable, praise-worthy, laudable, commendable. |
| **श्लाघा** | स्त्री. | 1. **प्रशंसा;** | श्लाघा, प्रशंसा; | praise, admiration, commendation; |
| | | 2. **चापलूसी ।** | खुशामत | flattery. |
| **श्लिष्ट** | वि. | 1. **किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ;** | जुडलेला, भेटलेला, आलिंगिलेला; | embraced, clasped, joined together, clung, adhered to; |
| | | 2. **सम्मिलित, संयुक्त, संश्लिष्ट;** | संमिलित, संयुक्त; | synthetic, synthesized, mixed; |
| | | 3. **श्लेषयुक्त, दो अर्थो वाला ।** | श्लेषयुक्त | involving a pun, susceptible of a double interpretation, equivocal. |
| **श्लील** | वि. | 1. **जो अश्लील अर्थात भद्दा न हो;** | श्लील, शोभणारा, सभ्य; | which is not obscene; |
| | | 2. **जो शिष्ट समाज में दिखाए या पढ़े जाने योग्य हो, समयोचित, अग्राम्य ।** | शिष्ट संमत, असभ्य नसलेला | not vulgar, decent. |
| **श्लेष** | पुं. | 1. **काव्य में एक अलंकार जिसमें एक शब्द के कई अर्थों द्वारा काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है या किया जाता है;** | श्लेष, एक काव्यालंकार, एका शब्दाच्या अनेक अर्थाची काव्यात निर्माण केली जाणारी चमत्कृती; | pun, paronomasia, agnomination; |
| | | 2. **संयोग, जुड़ना, मिलना;** | संयोग, जुडले जाणे, भेट; | clinging or adhering to, union, junction, contact. |
| | | 3. **आलिंगन ।** | आलिंगन | embrace. |
| **श्लोक** | पुं. | 1. **यश, कीर्ति;** | श्लोक, ख्याती, कीर्ती; | celebrity, fame, renown, name; |
| | | 2. **प्रशंसा;** | प्रशंसा, गौरव; | praise, glory; |
| | | 3. **प्रशंसा का विषय;** | प्रशंसा विषय; | an object of praise; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. संस्कृत के अनुष्टुप छंद का पुराना नाम; | अनुष्टुप छंदातील रचना; | a stanza in Sanskrit poetics; |
| | | 5. आजकल संस्कृत का कोई छंद या पद्य; | संस्कृत मधील कोणती ही छंदोरचना; | a stanza or verse in general (in Sanskrit); |
| | | 6. प्रशस्तात्मक पद्य या स्तोत्र । | स्तोत्र | hymn of praise. |
| श्वसुर | पुं. | किसी के पति या पत्नी का पिता, ससुर । | सासरा | a father-in-law, wife's or husband's father. |
| श्वान | पुं. | कुत्ता । | कुत्रा | a dog. |
| श्वास | पुं. | 1. प्राणियों का नाक से हवा खींचकर अंदर फेफड़ों या हृदय तक पहुंचाना और फिर बाहर निकालना, सांस; | श्वास, श्वसन, नाकातून हवा आत घेण्याची क्रिया; | breathing, breath, respiration; |
| | | 2. दमा नामक रोग । | दमा | asthma. |
| श्वासनली | स्त्री. | सिर, गले और छाती के अंदर की वह नली जिससे प्राणी सांस लेते और निकालते हैं । | श्वासनलिका | trachea, wind pipe, bronchial tube. |
| श्वासोच्छ्वास | पुं. | वेगपूर्वक सांस लेना और बाहर निकालना । | श्वासोच्छ्वास | deep inspiration and expiration, exhalation and inhalation, respiration. |
| श्वेत | वि. | 1. सफेद, धवल, उजला, उज्ज्वल; | श्वेत, पांढरा, शुभ्र; | white; |
| | | 2. निर्मल, स्वच्छ, साफ; | स्वच्छ, निर्मल; | clean; |
| | | 3. निर्दोष; | निर्दोष, निष्कलंक; | flawless, blemishless; |
| | | 4. उज्ज्वलवर्ण का, गोरा । | गोरा | fair complexioned. |
| श्वेतपत्र | पुं. | आधुनिक राजनीति में वह राजकीय विज्ञप्ति जो किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा, वार्ता आदि के संबंध में (प्रायः सफेद कागज पर लिखकर) प्रकाशित की जाती है । | श्वेतपत्र, शासन आपल्याकडून स्पष्टीकरण करण्याकरिता काढते ते | white paper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **श्वेतसार** | पुं. | अनाज, आलू, मटर आदि में पाया जानेवाला एक प्रकार का गंधहीन सफेद खाद्य पदार्थ जिसका उपयोग औषधों और शिल्पीय कार्यों में होता है, चावल में यही माड़ के रूप में निकलता है, मण्ड, मांड़ी । | पिष्टमय सत्व | starch. |
| **षट्** | वि. | पांच और एक, छः । | षट्, सहा | six. |
| | पुं. | छः का सूचक अंक या संख्या । | सहाचा आंकडा | the number six. |
| **षट्कोण** | वि. | छः कोणोंवाला (क्षेत्र), छपहला, षट्कोणीय, षड्भुजाकार । | सहाकोण असलेला | hexagonal. six-angled. |
| | पुं. | ज्यामिति में छह कोणोंवाली आकृति, षड्भुज । | षट्कोण, सहा कोणांची आकृती | a hexagon, any six-angled figure (in geometry). |
| **षट्पद** | पुं. | 1. भ्रमर; | षट्पद, भ्रमर, भुंगा; | a bee, big male black bee; |
| | | 2. छः पदोंवाला छंद । | षट्पदी, सहा पदांचा छंद | a type of verse. |
| | वि. | छः पैरोंवाला । | सहा पायांचा | six footed. |
| **षड्यंत्र** | पुं. | 1. कुछ लोगों द्वारा सामूहिक रूप से कोई अनुचित तथा अपराधपूर्ण काम करने के लिए गुप्त रूप से बनाई गई योजना, साजिश, दुरभिसंधि, कुचक्र, | कट; | underhand plotting, plot, intrigue; |
| | | 2. कोई बड़ा परिवर्तन करने के लिए गुप्त रूप से की जानेवाली कार्यवाही, अभिसंधि । | गुप्त कारस्थान | conspiracy. |
| षष्टि | स्त्री. | साठ की सूचक संख्या । | साठाची संख्या | the number sixty. |
| | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो, साठ । | साठ | sixty. |
| षष्ठ | वि. | छठा । | सहावा | sixth, the sixth. |
| षष्ठी | स्त्री. | 1. चांद्रमास के शुक्ल या कृष्ण पक्ष की छठी तिथि, छठ; | षष्ठी तिथी; | the sixth day of a lunar fortnight. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. बच्चे के जन्म दिन से छठा दिन तथा उस दिन होनेवाला कृत्य, छठी; | जन्म दिवसापासून सहावा दिवस, सटवी; | the sixth day from the day of child-birth, and the celebrations of that day; |
| | | 3. संबंध कारक की विभक्ति (व्याकरण) । | षष्ठी विभक्ती, संबंध कारक | (in gram.) the sixth or genitive case. possessive case. |
| षोडश | वि. | जो गिनती में दस से छः अधिक हो, सोलह । | सोळा | sixteen. |
| | पुं. | सोलह की सूचक संख्या । | सोळाचा आंकडा | the number sixteen. |
| षोडशी | वि. | सोलह वर्षों की (युवती), तरुणी । | सोळा वर्षांची (कन्या) | (a girl) of sixteen years of age, young (girl or woman); |
| | स्त्री. | सोलह वर्षों की युवती स्त्री । | सोळा वर्षांची नुकती वयात आलेली तरुणी | a girl of sixteen years of age, or woman in the period of youth. |
| संकट | पुं. | विपत्ति, मुसीबत । | संकट, आपत्ती | distress, crisis, emergency. |
| संकटापन्न | वि. | कष्ट में पड़ा हुआ, विपद्ग्रस्त । | संकटात सापडलेला, विपदग्रस्त | beset with difficulties, in distress. |
| संकर | वि. | 1. दो या अधिक भिन्न-भिन्न तत्वों या पदार्थों के मेल से बना हुआ; | संकरित, दोन तत्वांच्या वा पदार्थाच्या मिश्रणाने बनविलेला; | hybrid; |
| | | 2. दो अलग-अलग जातियों के जीवों या प्राणीयों के संसर्ग से उत्पन्न । | दोन वेगवेगळ्या जातींच्या मीलनातून बनलेला | cross bred. |
| संकरा | वि. | तंग, कम चौड़ा । | अरुंद, निरुंद, चिंचोळा | narrow, strait. |
| संकलन | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया, संग्रह करना; | संकलन, एकत्रीकरण; | the act of heaping together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. ऐसी साहित्यिक कृति जिसमें अनेक ग्रन्थों या स्थानों से बहुत सी बातें इकट्ठी करके रखी गई हों । | निवडून गोळा केलेल्या साहित्याचा संग्रह | collection, compilation, anthology. |
| संकलित | वि. | 1. एकत्रीकृत; | संकलित, एकत्र केलेला, गोळा केलेला; | amassed, assembled; |
| | | 2. जो संकलन की क्रिया से बना हो । | एकत्र करून/जमा करून/बनलेला | collection, compilation. |
| संकल्प | पुं. | 1. विचार, इरादा; | संकल्प, इच्छा, उद्देश; | intention; |
| | | 2. दृढ़ निश्चय; | दृढ निश्चय; | determination, resolve; |
| | | 3. दान पुण्य या और कोई देवकार्य आरम्भ करने से पूर्व मंत्रोच्चारण करते हुए हाथ में जल लेकर उसका विचार प्रकट करना; | धार्मिकविधी करण्यापूर्वी मंत्रोच्चारपूर्वक हातातून पाणी सोडून केलेला निश्चय; | a solemn vow to perform an observance; |
| | | 4. सभा समिति में किसी विषय में विचारपूर्वक किया हुआ पक्का निश्चय । | ठराव, निश्चय | resolution. |
| संकल्पना | वि. | 1. संकल्प करने की क्रिया या भाव; | संकल्प/निश्चय/करण्याची क्रिया; | making a vow; |
| | | 2. धारणा; | कल्पना, धारणा; | concept; |
| | | 3. इच्छा । | इच्छा | desire. |
| संकल्पित | वि. | 1. जिसका संकल्प किया गया हो; | संकल्पित, ठरविलेला; | determined, resolved upon; |
| | | 2. जिसकी कल्पना की गई हो । | योजलेला | imagined, fancied. |
| संकाय | पुं. | उच्च कोटि के अध्ययन के लिए ज्ञान-विज्ञान आदि का कोई विशिष्ट विभाग या शाखा । | उच्चकोटीच्या अध्ययनाकरिता ज्ञानाची वा विज्ञानाची निर्माण केलेली शाखा-विभागं | faculty. |
| संकीर्ण | वि. | तंग, संकुचित । | संकुचित | narrow, parochial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| संकीर्णता | स्त्री. | संकीर्ण होने की अवस्था या भाव। | संकुचितता | narrowness, parochiality. |
| संकीर्तन | पुं. | सम्यक् वर्णन, देवता के नाम का जाप, गुणगान आदि। | संकीर्तन, देवतेचे गुणगान | glorification (of a deity), singing of hymns or devotional songs. |
| संकुचन | पुं. | सिकुड़ना, संकुचित होना। | संकोचण्याची क्रिया, (कापड इ.) आटण्याची-आक्रसण्याची क्रिया | contraction, shrinking. |
| संकुचित | वि. | 1. सिकुड़ा या सिकोड़ा हुआ; | संकुचित, आक्रसलेला; | contracted, abridged; |
| | | 2. तंग, संकरा। | अरुंद, चिंचोळा, आपल्या स्थानापुरता, स्थानीय वृत्तीचा | narrow, strait, parochial. |
| संकुल | वि. | 1. घना; | दाट, धनदाट, निबिड; | thick, dense, congested; |
| | | 2. भरा हुआ, पूर्ण। | पूर्ण भरलेला | filled (with), full (of). |
| संकुलता | स्त्री. | संकुल होने की अवस्था या भाव। | दाटीवाटी, भाऊगर्दी | congestion, crowd. |
| संकेत | पुं. | 1. अभिप्रायसूचक अंगचेष्टा, इशारा। | संकेत, इषारा, खूण; | a sign, gesture, hint, signal; |
| | | 2. चिह्न, निशान। | चिह्न | sign, mark, token. |
| संकेतित | वि. | 1. जिसके संबंध में संकेत हुआ हो; | संकेत केलेला; | indicated; |
| | | 2. निश्चित। | निश्चित केलेला | agreed upon, fixed by. |
| संकोच | पुं. | 1. सिकुड़ने की क्रिया या भाव; | संकोच, आक्रसण्याची क्रिया; | shrinking up, contraction; |
| | | 2. झिझक, हिचक; | कांकू; | hesitation; |
| | | 3. लज्जा। | लाजाळूपणा, लाज | modesty, shyness. |
| संकोची | वि. | 1. संकुचित होनेवाला, सिकुड़नेवाला; | संकोची, आक्रसणारा; | shrinking, contracting; |
| | | 2. झिझकनेवाला; | कांकू करणारा; | hesitant; |
| | | 3. लज्जालु। | लाजाळू | shy, bashful, modest. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| संक्रमण | पुं. | 1. एक स्थिति या अवस्था से दूसरी में प्रवेश; | संक्रमण, अवस्थांतर; | transition; |
| | | 2. रोग आदि का फैलते हुए एक से दूसरे को होना। | संसर्ग (रोग इ. चा) | infection. |
| संक्रमण काल | पुं. | वह समय जब कोई पहले रूप से बदलकर दूसरे रूप में आ रहा हो। | संक्रमणकाल, अवस्थांतराचा काळ | transitional period. |
| संक्रमित | वि. | 1. किसी के अन्दर पहुंचाया या प्रविष्ट किया हुआ; | संक्रमित, आत घातलेला-पोचविलेला; | conducted, led to; |
| | | 2. परिवर्तित किया या बदला हुआ। | बदल केलेला, परिवर्तित | transferred, changed. |
| संक्रांत | वि. | 1. गमन; | संक्रांत, गेलेला; | passed, gone; |
| | | 2. प्रविष्ट; | प्रविष्ट केलेला, आत घातलेला; | passed through or into, entered into; |
| | | 3. स्थानांतरित। | (एका जागेतून दुसऱ्या जागी) बदललेला | transferred. |
| संक्रांति | स्त्री. | 1. सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना; | संक्रांति, संक्रांत सूर्याचे एका राशीतून दुसऱ्या राशीत गमन; | passage of the sun or a planet from one sign or position in the heaven into another; |
| | | 2. वह दिन जिसमें सूर्य का उक्त प्रकार का संचार होता है। | सूर्याचे मकर राशीत गमन | the above day observed as a festival. |
| संक्रामक | वि. | एक से दूसरे में संक्रमण करनेवाला, छूत आदि से फैलनेवाला (रोग)। | संक्रामक, लागणारा, सांसर्गिक | infectious (disease). |
| संक्षिप्त | वि. | 1. छोटा किया हुआ (पुस्तक आदि का रूप); | संक्षिप्त, लहान केलेला, लहान रुप दिलेला; | short, abridged; |
| | | 2. संक्षेप में कहा या लिखा गया। | थोडक्यात मांडलेला | brief, concise. |
| संक्षिप्ति | स्त्री. | संक्षिप्तीकृत रूप, संक्षिप्त शब्द। | संक्षिप्त रुप | abbreviation. |
| संक्षिप्तीकरण | पुं. | किसी कथा, विषय आदि को संक्षिप्त करना। | संक्षिप्तीकरण, थोडक्यात केलेली मांडणी, सारांश | abridgement, summarization. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| संक्षेप | पुं. | 1. थोड़े में कही बात का रूप; | संक्षेप, सारांश; | an abridgement, summary; |
| | | 2. लेख आदि का काट-छांट कर कम किया हुआ रूप । | लेख इ. ला मजकूर कमी करुन दिलेले लहान रुप | epitome, precis. |
| संखिया | पुं. | एक बहुत तेज विष । | सोमल (विष) | arsenic. |
| संख्या | स्त्री. | 1. गणना, गिनती; | संख्या, गणना; | reckoning, calculation; |
| | | 2. 1, 2, 3 आदि अंक । | अंक, आंकडा | number, figure. |
| संग | पुं. | साथ होने या रखने की अवस्था या भाव, साथ, सोहबत । | संग, संगती, सोबत | association, company, contact. |
| संगठन | पुं. | कार्य विशेष की सिद्धि के लिए निर्मित कोई संस्था । | संगठन, संघटना | organization, set up. |
| संगठित | वि. | कार्य विशेष के लिए परस्पर संबद्ध । | संघटित | organized. |
| संगणन | पुं. | गणना का वह गंभीर और जटिल प्रकार और रूप जिसमें साधारण गणना के सिवा अनुभवों और नियत सिद्धांतों आदि का भी उपयोग होता है । | मोठमोठ्या संख्याचे गुंतागुंतीचे गणन | computation. |
| संगत | स्त्री. | 1. संग रहने या होने का भाव, सोहबत; | संगत, सोबत, साथ; | company; |
| | | 2. गाने वाले के साथ सारंगी तबला आदि बजाना । | संगीतातील साथ | accompaniment (in music). |
| | वि. | 1. मिला हुआ या लगा हुआ; | जुडलेला; | relevant; |
| | | 2. उपयुक्त, मौजूं; | योग्य, उचित; | proper, apt; |
| | | 3. पूर्वापर संबंध के विचार से मेल खानेवाला । | सुसंगत, सुसंबद्ध | logical, compatible. |
| संगति | स्त्री. | 1. मिलन, संपर्क; | भेट, संपर्क; | company, society, association; |
| | | 2. सामंजस्य, उपयुक्तता । | संगती, बरोबर, यथायोग्य-असण्याची स्थिती | fitness, appropriateness. |
| संगतिया (संगती) | पुं. | गाने आदि के साथ साथ बजानेवाला । | साथीदार, साजिंदा | an accompanyist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| संगदिल | वि. | निर्दय, बेरहम । | पाषाणहृदयी | hard-hearted, unfeeling, cruel. |
| संगम | पुं. | 1. दो धाराओं या नदियों के मिलने का स्थान; 2. मिलन, संयोग । | संगम, दोन प्रवाहांचे मीलन; मीलन, भेट, संयोग | confluence (of rivers); union, junction, conjunction. |
| संगमरमर | पुं. | सफेद रंग का एक प्रकार का बहुत चिकना और मूल्यवान प्रसिद्ध पत्थर । | संगमरवरी | marble. |
| संगरोध | पुं. | वह क्रिया या व्यवस्था जिसके अनुसार देश में बाहर से आनेवाले किसी संक्रामक रोग के रोकने के लिए मार्ग में या किसी स्थान पर यात्रियों को कुछ समय के लिए रखा जाता है । | परदेशाहून येणाऱ्या प्रवाशांना काही काळ देशात प्रवेश करून देता बाहेरच किंवा एखाद्या स्थानी प्रतिबंध करून ठेवण्याची क्रिया | quarantine. |
| संगिनी | स्त्री. | 1. साथ रहनेवाली स्त्री, सहचरी; 2. पत्नी, भार्या । | संगतीत राहणारी स्त्री-सहचरी; पत्नी | female companion; wife. |
| संगी | पुं. | जो प्रायः सदा संग रहता हो साथी । | साथी, सोबत देणारा | companion, associate. |
| संगीत | पुं. | ध्वनियों या स्वरों का कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार विशिष्ट लय में होनेवाला प्रस्फुटन । | संगीत | music. |
| संगीतज्ञ | पुं. | संगीत विद्या का ज्ञाता, गायक या वादक । | संगीताचा जाणकार, संगीत तज्ज्ञ गायक, वादक | musician. |
| संगीन | वि. | 1. पत्थर का बना हुआ; 2. सख्त, कठोर, मजबूत; 3. गंभीर । | पाषाणाचा बनविलेला; कठिण, भक्कम, मजबूत; गंभीर | made of stone; hard, firm, solid; grave, serious. |
| | स्त्री. | बंदूक में लगाया जानेवाला छुरी के आकार का लंबा नोकदार हथियार । | संगीन, बंदुकीच्या पुढे लावलेले हत्यार | bayonet. |
| संगूढ़ | वि. | सुरक्षित, छिपाया हुआ । | पूर्णपणे गुप्त-छपविलेला | completely concealed or hidden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| संगृहीत | वि. | संग्रह किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | संग्रह केलेला, रचलेला | collected, compiled. |
| संगोपन | पुं. | अच्छी तरह से छिपा कर रखना । | संगोपन, उत्तम रीतीने केलेली छपवणूक | complete concealment. |
| संगोपनीय | वि. | छिपाकर रखने योग्य । | पूर्णपणे छपविण्याचा, लपवून दृष्टीआड ठेवण्याचा | to be completely hidden, concealed. |
| संग्रह | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया या भाव, संचय; | संग्रह, एकत्रीकरण; | collection; |
| | | 2. इकट्ठी की हुई चीजों का समूह या ढेर । | एकत्र केलेल्या वस्तूंचा साठा | depository, storage. |
| संग्रहण | पुं. | 1. ग्रहण करना, लेना; | ग्रहण करणे, हाती पकडण्याची क्रिया; | taking hold of, seizing; |
| | | 2. संकलन करना, एकत्र करना । | संकलन करण्याची क्रिया | collecting. |
| संग्रहणी | स्त्री. | अतिसार का एक रूप जिसमें खाना बिना पचे ही मल के रूप में निकल जाता है । | संग्रहणी, एक आमांशाचा प्रकार | dysentery. |
| संग्रहणीय | वि. | संग्रह करने योग्य । | संग्रह करण्या जोगा | fit to be collected or preserved or . acquired. |
| संग्रहालय | पुं. | वह स्थान जहां विशेष महत्व की वस्तुओं का संग्रह किया गया हो । | संग्रहालय | museum. |
| संग्रही (संग्रहीता) | पुं. | एकत्र करनेवाला । | संग्रह करणारा, जमविणारा, गोळा करणारा | collector, procurer. |
| संग्राहक | वि. | एकत्र या जमा करनेवाला । | संग्रही, संग्रह करणारा | collector, compiler. |
| संग्राह्य | वि. | जमा करके रखने लायक । | संग्रहणीय | fit to be collected or preserved. |
| संघ | पुं. | 1. समूह, झुंड, दल; | संघ, समूह; | assemblage, multitude, crowd; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए बना हुआ संगठन; | एका ध्येयपूर्तीसाठी एकत्र येऊन स्थापन केलेली संस्था-संघटना; | organization, association. |
| | | 3. प्राचीन भारत में एक प्रकार का लोकतंत्री राज्य जिसकी व्यवस्था जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करते थे; | प्राचीन भारतातील एक लोकतांत्रिक राज्यव्यवस्था जी लोकांचे निवडलेले प्रतिनिधि चालवीत; | federation, union; |
| | | 4. आधुनिक राजनीति में राज्यों, राष्ट्रों आदि के पारस्परिक समझौते से बननेवाला ऐसा संगठन जो कुछ विशिष्ट बातों में एक केन्द्रीय सत्ता का अधिकार एवं अनुशासन मानता हो । | अनेक वा सर्व राज्यांची मिळून बनविलेली एक केंद्रवर्ती संघटना | federation, union. |
| संघटन | पुं. | दे. 'संगठन' । | संघटन | see 'संगठन'. |
| संघटित | वि. | दे. 'संगठित' । | संघटित | see 'संगठित'. |
| संघर्ष | पुं. | 1. दो वस्तुओं का आपस में रगड़ खाना; | संघर्ष, घासणे, घर्षण; | competition, emulation; |
| | | 2. होड़, स्पर्द्धा; | स्पर्धा; | competition, emulation; |
| | | 3. दो विरोधी दलों में एक दूसरे को दबाने के लिए होनेवाला कोई ऐसा प्रयत्न जिसमें दोनों अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं; | अटीतटीचा सामना; | rivalry, contest for superiority; |
| | | 4. कठिनाइयों या प्रबल विरोधी शक्तियों को दबाने के लिए प्राणपण से की जानेवाली चेष्टा । | झगडा | struggle. |
| संचित | वि. | इकट्ठा किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | साठवलेला, गोळा केलेला | accumulated, collected. |
| संजीवनी | स्त्री. | मृत को जीवित करनेवाली एक कल्पित ओषधि । | मृताला सजीव करणारी औषधी किंवा विद्या | a kind of elixir (said to restore the dead to life). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **संजोना** | स. क्रि. | 1. सजाना, सज्जित करना; 2. सामग्री आदि एकत्र करके क्रम से रखना । | सजविणे, साज चढविणे; एकत्र करून नीट लावणे | to decorate, to embellish; to put together, to arrange. |
| संज्ञा | स्त्री. | 1. चेतना शक्ति, होश; 2. वस्तु, व्यक्ति आदि का नाम; 3. व्याकरण में वह विकारी शब्द, जो किसी वास्तविक या कल्पित वस्तु का द्योतक होता है । | संज्ञा, जाणशक्ती, संवेदनशक्ती, भान; वस्तूचे नांव; नाम (व्याक.) | consciousness, sense; name, designation, appellation; (in gram.) a noun substantive. |
| संज्ञाहीन | वि. | चेतनारहित, बेहोश । | बेशुद्ध, बेभान | unconscious. |
| संड़सी | स्त्री. | रसोई में बरता जानेवाला एक तरह का कैंचीनुमा उपकरण जिससे बटलोई आदि चूल्हे पर से उतारे जाते हैं । | सांडशी | pair of pincers or forceps. |
| **संडास** | पुं. | कुएँ की तरह का एक प्रकार का गहरा गड्ढा जिसमें लोग मल त्याग करते हैं । | संडास, पायखाना, शौचकूप | a cesspool, latrine. |
| **संत** | पुं. | साधु, धर्मात्मा, महात्मा । | संत, साधू, महात्मा | a pious or venerable man, a saint. |
| **संतत** | क्रि. वि. | निरन्तर, लगातार। | सतत, अविरत, निरंतर | continuous, uninterrupted. |
| **संतति** | स्त्री. | संतान, बाल-बच्चे । | संतती, मुलेबाळे | offspring, posterity. |
| संतप्त | वि. | 1. बहुत अधिक तपा या जला हुआ; 2. दुखी, पीड़ित । | खूप तापलेला; त्रस्त, पीडित | greatly heated or inflamed, red-hot; tormented, distressed, afflicted. |
| **संतरा** | पुं. | एक प्रकार का बड़ा और मीठा नीबू । | संत्रे | orange. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| संतरी | पुं. | किसी स्थान पर पहरा देनेवाला सिपाही, पहरेदार । | पहारेकरी | sentry. |
| संतान | पुं. | संतति, औलाद । | अपत्य, मूलबाळ | progeny, offspring, issue. |
| संताप | पुं. | 1. अग्नि, धूप आदि का बहुत तीव्र ताप; | प्रचंड उष्णता; | great heat, burning heat; |
| | | 2. कष्ट, पीड़ा; | वेदना, पीडा; | affliction, pain; |
| | | 3. पाप आदि करने पर मन में होनेवाला अनुताप । | पश्चात्ताप, अनुताप | remorse, penitence, repentance. |
| संतुलन | पुं. | 1. तौलते समय दोनों पलड़ों का बराबर होना; | संतुलन, बरोबर जोख, समतोल; | balance, equilibrium; |
| | | 2. वह स्थिति जिसमें सभी अंग बराबर के या यथास्थान हों । | समतोलपणा | equipoise. |
| संतुलित | वि. | 1. जिसका संतुलन हुआ हो; | समतोल; | balanced, equipoised; |
| | | 2. न अधिक, न कम, ठीक । | बरोबर, ना कमी ना अधिक | equal. |
| संतुष्ट | वि. | 1. जिसका संतोष कर दिया गया हो अथवा हो गया हो, तृप्त; | संतुष्ट, तृप्त, हाव नसलेला; | satisfied, gratified, contented; |
| | | 2. जो समझाने-बुझाने से मान गया हो या राजी हो गया हो । | समाधान पावलेला | consoled, comforted. |
| संतुष्टि | पुं. | 1. संतुष्ट होने की क्रिया या भाव, तृप्ति; | संतोष, तृप्ती; | satisfaction, contentment, gratification; |
| | | 2. तृप्ति, प्रसन्नता; | प्रसन्नता; | delight; |
| | | 3. धैर्य । | धीर | patience. |
| संतोषी | वि. | संतुष्ट रहनेवाला, सब्र करनेवाला । | संतुष्ट, संतोष पावलेला, समाधानी | satisfied, contented. |
| संत्रस्त | वि. | बहुत अधिक डरा हुआ । | संत्रस्त, भ्यालेला, भयभीत झालेला | frightened, alarmed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| संदर्भ | पुं. | पुस्तक, लेख आदि में वर्णित प्रसंग, विषय आदि जिसका विचार या उल्लेख हो, प्रसंग । | संदर्भ, उल्लेख आलेला प्रसंग | reference, context. |
| **सन्निवेश** | पुं. | उचित स्थान पर रखना, जमाना । | योग्य स्थानी बसण्याची–ठेवण्याची क्रिया | seating in the proper place, insertion. |
| **सन्निहित** | वि. | 1. पास रखा हुआ, निकटस्थ; 2. रखा, जमाया हुआ । | जवळ ठेवलेला, जवळ–निकट असलेला, लागून असलेला; पक्का बसविलेला | placed near, together, near, contiguous; fixed, placed. |
| **सन्मार्ग** | पुं. | उत्तम या भला मार्ग । | सन्मार्ग | right path, path of virtue. |
| **सपत्नीक** | वि. | पत्नी के साथ । | पत्नीसह आलेला, –असलेला | accompanied by one's wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सपना | पुं. | वह घटना या दृश्य जो सोये होने पर अन्तर्मन में काल्पनिक रूप में भासित होता है, स्वप्न । | स्वप्न | dream. |
| सपरिवार | वि. | परिवार के सदस्यों के साथ । | सहकुटुंब, परिवारासहित असलेला | with family, attended by a retinue. |
| सपाट | वि. | जिसका तल बराबर या सम हो, समतल, जो ऊबड़-खाबड़ न हो । | सपाट, समतल | flat, smooth, even, plain. |
| सपाटा | पुं. | 1. चलने या दौड़ने का वेग; | झपाटा वेगाची कूच; | quick or forced march; |
| | | 2. झपटने की क्रिया या भाव । | उडी/छलांग/टाकण्याची क्रिया: | leap, spring. |
| सपूत | पुं. | अच्छा, कुल का नाम बढ़ाने-वाला पुत्र । | सुपुत्र | dutiful or worthy son. |
| सपेरा | पुं. | सांप पकड़कर पालने तथा लोगों को तमाशा दिखाने-वाला । | गारुडी | snake-charmer. |
| सप्त | वि. | जो गिनती में सात हो । | सात | seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या । | साताचा आकडा | number seven. |
| सप्तक | पुं. | 1. सात वस्तुओं का संग्रह; | सप्तक, सातांचा समूह; | collection or aggregate of seven; |
| | | 2. संगीत के सात स्वरों का समाहार । | संगीत सप्तस्वरांचा समूह | octave. |
| | वि. | 1. सात; | सात; | seven; |
| | | 2. सातवां । | सातवां | seventh. |
| सप्तपदी | स्त्री. | विवाह की एक विधि जिसमें अग्नि की सात बार परिक्रमा की जाती है । | सप्तपदी | seven steps at marriage ceremony. |
| सप्तम | वि. | सातवां । | सातवां | seventh. |
| सप्तमी | स्त्री. | 1. चांद्र मास के किसी पक्ष की सातवीं तिथि; | सप्तमी तिथी; | seventh day of the lunar fortnight; |
| | | 2. व्याकरण में अधिकरण कारक की विभक्ति । | सप्तमी विभक्ती | locative case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सप्तर्षि | पुं. | सात प्राचीन ऋषियों का समूह या मंडल। | सप्तर्षी मंडळ (आकाशातील) | seven principal stars in the constellation of Ursa Major (supposed to represent the seven sages). |
| सप्ताह | पुं. | सात दिन की अवधि, हफ्ता। | सप्ताह, आठवडा | week. |
| सफर | पुं. | शहर से बाहर जाना, यात्रा। | सफर, प्रवास | journey, travel. |
| सफरी | वि. | सफर सम्बन्धी। | सफरी विषयीचा | of or relating to travelling or a journey. |
| सफल | वि. | 1. फलवाला, फलयुक्त; | सफल, फलदायी; | fruitful, bearing or yielding fruit, productive; |
| | | 2. कृतकार्य, कामयाब। | यशस्वी; | accomplished, fulfilled, successful. |
| सफलता | स्त्री. | कामयाबी, सिद्दि। | सिद्धी, यश | success, achievement. |
| सफा | वि. | साफ, स्वच्छ। | साफ, स्वच्छ | white, clean. |
| | पुं. | पृष्ठ। | पृष्ठ | page. |
| सफाई | स्त्री. | 1. स्वच्छता, निर्मलता; | स्वच्छता; | cleanliness, purity; |
| | | 2. स्पष्टीकरण; | स्पष्टीकरण; | clarification; |
| | | 3. आरोपित दोष से रहित होने की अवस्था या भाव, बचाव। | समर्थन, बचाव | defence (in law suit). |
| सफाचट | वि. | बिल्कुल साफ, जिसका कुछ भी अंश या चिह्न बाकी न रहने दिया गया हो। | पूर्णपणे-निःशेष, स्वच्छ | perfectly clean, blank. |
| सफाया | पुं. | समाप्ति, नाश। | पूर्णनाश, सत्यानाश | clean sweep, ruination. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सफेद | वि. | 1. जो रंगीन न हो, श्वेत;<br>2. स्वच्छ तथा उज्ज्वल । | सफेत, शुभ्र, पांढरा;<br>स्वच्छ व चमकदार | white;<br>clean and bright. |
| सफेदा | पुं. | 1. जस्ते का चूर्ण या भस्म जो दवा तथा रंगाई के काम आती है;<br>2. एक प्रकार का बढ़िया आम । | जस्ताचे चूर्ण, जस्तफूल;<br>उत्कृष्ट आंब्याची एक जात | white lead;<br>name of a kind of mango. |
| सफेदी | स्त्री. | 1. सफेद होने की अवस्था या भाव, श्वेतता;<br>2. दीवारों आदि पर होनेवाली चूने के घोल की पुताई । | पांढरेपणा, शुभ्रता;<br>सफेती, चुना | whiteness;<br>whitewash |
| सब | वि. | 1. कुल;<br>2. समस्त, सारा, सम्पूर्ण । | सर्व;<br>सगळा | all;<br>entire, whole, total. |
| सबक | पुं. | 1. अध्ययन के समय उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, पाठ;<br>2. नसीहत, शिक्षा । | घडा;<br>बोध | lesson;<br>moral. |
| सबब | पुं. | कारण, वजह, हेतु । | निमित्त, कारण | cause, reason. |
| सबल | वि. | बलवान्, ताकतवर । | बळवान्, शक्तिवान् | strong, powerful. |
| सबूत | पुं. | वह चीज या बात जिससे कोई और बात साबित होती हो प्रमाण । | पुरावा, प्रमाण | proof, testimony. |
| सब्जी | स्त्री. | 1. सागपात, हरी तरकारी;<br>2. हरियाली, हरापन । | पालेभाजी;<br>हिरवेपणा, हिरवारंग | herbage, vegetables;<br>verdure, greenery, greenness. |
| सब्र | पुं. | वह मानसिक स्थिति जिसमें मनुष्य किसी प्रकार की विपत्ति या विलम्ब का सामना होने पर भी चुपचाप और शांत भाव से सहन करता है, धैर्य, तसल्ली । | धीर, सहनशीलता | patience, self-restraint, endurance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सभा | स्त्री. | 1. परिषद्, समिति, एक स्थान पर बैठे हुए बहुत से भले आदमियों का समूह; | सभा, बैठक विचारार्थ वा श्रवणार्थ एकत्र लोकांचा समूह; | assembly, meeting; |
| | | 2. वह संस्था जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए संघटित हुई हो । | संघ, मंडळी | association, society. |
| सभाकक्ष | पुं. | वह कमरा जहां सभा आयोजित की जाती हो । | सभागृह | assembly hall, chamber. |
| सभापति | पुं. | सभा का अध्यक्ष । | सभापती, अध्यक्ष, सभा संचालक | president, chairman. |
| सभासद | पुं. | जो किसी समुदाय, संस्था आदि का सदस्य हो । | एखाद्या मंडळाचा, सभेचा घटक, सदस्य | member of an assembly or society. |
| सभ्य | वि. | शिष्ट, संस्कृत, विनम्र । | सभ्य, शिष्ट, सुसंस्कृत | refined, civilized; cultured, civil. |
| सभ्यता | स्त्री. | 1. सभ्य होने का भाव; | सभ्यता, शिष्टता; | courtesy, decency, good manners; |
| | | 2. वे सब काम और बातें जो किसी जाति या देश के लोग प्रकृति पर विजय पाने और जीवन निर्वाह में सुगमता लाने के लिए भौतिक साधनों का उपयोग करते हुए आरम्भ से अब तक करते आए हैं । किसी जाति या देश की बाह्य तथा भौतिक उन्नतियों का सामूहिक रूप । | संस्कृती | civilization, culture. |
| सम | वि. | 1. हमवार, जो ऊबड़-खाबड़ न हो; | सम, उंच सखल नसलेला; | plain, smooth, even; |
| | | 2. एक बराबर, तुल्य, समान; | समान, तुल्य, सारखा; | similar, equal; |
| | | 3. (संख्या) जिसे दो से भाग देने पर कुछ न बचे । | दोनाने भाग जाणारा | even (as number). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | पुं. | संगीत में वह स्थान जहां लय के विचार से गति की समाप्ति होती है । | (संगीत) सम, तालाची पहिली मात्रा | first accented beat in a rhythmic cycle. |
| समकक्ष | वि. | जोड़ या बराबरी का, सब बातों में बराबरी करनेवाला । | बरोबरीचा, तोडीचा | equal, equivalent. |
| समकालीन | वि. | जो एक ही समय में हो । | बरोबरीचा, तोडीचा | contemporary, contemporaneous. |
| समकोण | वि., पुं. | जिसमें आमने-सामने के दोनों कोण समान हों । | समोरासमोरचे कोण, समान असणारा | rectangular, a right angle. |
| समक्ष | वि. | जो आंखों के सम्मुख हो, गोचर, उपस्थित । | समक्ष, डोळ्यांसमोरचा | before, visible. |
| | क्रि. वि. | सामने । | डोळ्यांसमोर, समक्ष, प्रत्यक्ष | before the eyes (of), in sight (of). |
| समग्र | वि. | समस्त, समूचा, सारा । | समग्र, सगळा, संबंध, | all, entire, whole. |
| समझ | स्त्री. | वह मानसिक शक्ति जिसमें सब चीजों और बातों के आशय, भलाई-बुराई आदि का परिज्ञान होता है, अक्ल, बुद्धि । | समज, उमज, अक्कल | understanding, grasp, sense. |
| समझदार | वि. | जिसमें अच्छी समझ हो, अक्लमंद । | समज-बुद्धी असणारा | intelligent, sensible. |
| समझदारी | स्त्री. | समझदार होने का गुण । | शहाणपणा, अक्कल, जाण | keenness, understanding, wisdom. |
| समझना | अ. क्रि. | 1. जान लेना, ठीक और पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; | समजणे, जाणणे; | to understand, grasp; |
| | | 2. विचारना । | विचार करणे | to think, consider, suppose. |
| समझाना | स. क्रि. | बोध कराना, जतलाना । | समजावणे, योग्य ते दाखवून देणे | to explain, to advise. |
| समझौता | पुं. | 1. राजीनामा, मेल; | तडजोड, मेळ; | compromise, understanding; |

| हिंदी शब्द | व्या. क्रो. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. आपस में होनेवाला करार या निश्चय । | आपसातील करार, बोली | agreement, pact. |
| समतल | वि. | जो ऊबड़-खाबड़ न हो, हमवार । | समतल, समपातळीचा, सपाट | level, even, plain. |
| समता | स्त्री. | सादृश्य, बराबरी, तुल्यता । | समता, सादृश्य, सारखेपणा, बरोबरी, तुल्यता | similarity, equality, parity. |
| समत्व | पुं. | दे. 'समता' । | समतोलपणा, साम्यावस्था, समत्व | see 'समता'. |
| समदर्शी | वि., पुं. | सबको एकसा देखने-समझने वाला । | समदर्शी, समान दृष्टीने पाहणारा, निःपक्षपाती | looking at both sides impartially, impartial, impartial person. |
| समधियाना | पुं. | पुत्र या पुत्री की ससुराल । | मुलाची सासुरवाडी मुलीचे सासर, व्याहयाचे घर | the home or family of a son's or daughter's father-in-law. |
| समधी | पुं. | पुत्र या पुत्री का ससुर । | सोयरे, मुलाचा सासरा, मुलीचा सासरा, मुला-मुलीचे सासरे हे एकमेकांचे सोयरे (समधी) | son's or daughter's father-in-law (the fathers of a bride and bridegroom are samdhis to each other). |
| समन्वय | पुं. | वह अवस्था जिसमें कथनों या बातों का पारस्परिक विरोध दूर करके उनमें एकरूपता लाई जाती है । | समन्वय, एकमेळ | coordination, harmony. |
| समन्वित | वि. | जिसका समन्वय हुआ हो । | एक मेळ केले गेलेले, संवादी झालेले | coordinated, harmonized. |
| समय | पुं. | 1. दिन-रात के विचार से काल का कोई मान, वक्त; 2. अवसर, मौका । | समय, वेळ, कालमान; संधी | time, hour, period; moment, opportunity, occasion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **समयसारणी** | स्त्री. | वह पुस्तिका जिसमें विभिन्न गाड़ियों आदि के विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचने तथा छूटने के समय का उल्लेख किया जाता है । | वेळापत्रक | time-table. |
| **समयोचित** | वि. | अवसर के उपयुक्त । | कालोचित | opportune, timely. |
| **समयोपरि** | वि. | जो निश्चित समय के अलावा अतिरिक्त समय में किया गया हो या हुआ हो । | ठरलेल्या वेळा व्यतिरिक्त | overtime. |
| **समर** | पुं. | युद्ध, संग्राम । | समर, युद्ध | war, battle. |
| **समर्थ** | वि. | 1. बलवान, सशक्त; 2. योग्य, उपयुक्त । | समर्थ, शक्तिमान, बलसंपन्न; सामर्थ्य/कुवत/असलेला | powerful, strong; capable, competent. |
| **समर्थक** | वि. | समर्थन करनेवाला, पुष्टि करनेवाला, ताईद करनेवाला । | समर्थक, अनुमोदक | supporter. |
| **समर्थता** | स्त्री. | क्षमता, सामर्थ्य, शक्ति । | समर्थता, सामर्थ्य, कुवत शक्ती | capability, competency. |
| **समर्थन** | पुं. | पुष्टि करना, ताईद करना, किसी के मत, विचार आदि के संबंध में यह कहना कि इसमें हमारी भी सहमति है । | समर्थक, पाठिंबा देणे, अनुमोदन, बचाव | support, corroboration. |
| **समर्थनीय** | वि. | जिसका समर्थन किया जा सकता हो या हो सकता हो । | समर्थन करण्याजोगा | worth supporting |
| **समर्थांग** | वि. | कार्य करने के लिए जिसके सब अंग ठीक और क्षमतायुक्त हों । | सर्व अवयव शाबूत असलेला, कार्यक्षम असलेला | able-bodied. |
| **समर्थित** | वि. | जिसका समर्थन किया गया हो । | अनुमोदित | supported. |
| **समर्पण** | पुं. | 1. सौंपना, देना; 2. भेंट करना । | समर्पण, अर्पण, देऊन टाकण्याची क्रिया; स्वतःला वाहून घेण्याची क्रिया | surrender; dedication. |
| **समर्पित** | वि. | दिया हुआ, सौंपा हुआ, भेंट किया हुआ । | अर्पण केलेला, वाहून घेतलेला | surrendered, dedicated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **समवयस्क** | वि. | **समान अवस्था वाला ।** | समवयस्क, एकाच वयाचे दोहोंकडे समान असणारा, | of the same age, equal in age. |
| **समवर्ती** | वि. | **1. जो समान रूप से स्थिर रहता हो;** | जोडी जोडीने राहणारा, चालणारा; | concurrent; |
| | | **2. जो पास ही स्थित हो ।** | निकट राहणारा | contiguous. |
| **समवाय** | पुं. | **1. समूह, झुंड;** | समूह, जमाव; | collection, multitude; |
| | | **2. नियमानुसार गठित वह व्यापारिक संस्था जिसके हिस्सेदारों को अपनी लगाई पूंजी के अनुपात से लाभांश मिलता हो ।** | मंडळी (नियमांनी संघटित झालेली व्यापारी संघटना) | company. |
| **समवेत** | वि. | **एक जगह इकट्ठा किया हुआ, एकत्र ।** | एकत्र केलेला--झालेला | collected, collective. |
| **समवेदना** | स्त्री. | **किसी के दु:ख में दु:खी होने का भाव, सहानुभूति ।** | समदु:ख, सहानुभूती | condolence, sympathy. |
| **समशीतोष्ण** | वि. | **जहां सर्दी-गर्मी की मात्रा बराबर रहे ।** | समशीतोष्ण | moderate, temperate. |
| **समष्टि** | स्त्री. | **सामूहिकता, संपूर्णता ।** | अनेक घटकांची सामुहिकता-एकत्रपणा | collectiveness, totality, aggregate. |
| **समस्त** | वि. | **1. सब, कुल, पूरा;** | समस्त, संपूर्ण, सगळे, एकूण एक; | all, whole, entire, complete; |
| | | **2. जो समास के नियमों के अनुसार मिलकर एक हो गया हो ।** | (व्यक्ती) समासनियमानुसार एक झालेला, संयुक्त | (in Gram.) compounded. |
| **समस्या** | स्त्री. | **1. उलझन वाली ऐसी विचारणीय बात जिसका निराकरण सहज में न हो सकता हो, कठिन या विकट प्रसंग;** | समस्या, प्रश्न, अडचणीचा प्रसंग; | problem; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कविता का अंतिम चरण या अंश जो उसी तुक तथा लय में छंद को पूरा करने के लिए स्पर्धी को दिया जाए । | कवितापूर्ती–स्पर्धेच। शेवटचा चरण जो स्पर्धकांनी त्याच छंदात समर्पकपणे पूर्ण करण्या-करिता सोडलेला असतो | the last portion or line of a metrical composition which is meant for completion in the same metre by a competitor. |
| समस्यापूर्ति | स्त्री. | किसी समस्या को लेकर छंद, कविता आदि को पूरा करना । | असा शेवटचा चरण भरणे | completing a metrical composition posed as a समस्या । |
| समां | पुं. | 1. समय, वक्त; | समय, वेळ; | time, occasion, weather; |
| | | 2. ऋतु, जमाना; | ऋतू, मोसम; | season; |
| | | 3. सुंदर और सुहावना दृश्य । | संुदर दृश्य | scene, landscape, view. |
| समाई | स्त्री. | 1. समाने की क्रिया या भाव; | समाविष्ट करून/सामावून/ घेण्याची कुवत; | capacity; |
| | | 2. सहनशक्ति । | सहनशक्ती | endurance. |
| समागम | पुं. | 1. भेंट, मिलन; | समागम, मीलन, भेट; | encounter, meeting; |
| | | 2. संभोग, मैथुन । | मैथुन | intercourse. |
| समाचार | पुं. | वृत्तांत, खबर, संवाद । | समाचार, वृत्त, वार्ता, बातमी | news, report, message. |
| समाचार-पत्र | पुं. | नियमित समय पर प्रकाशित होनेवाला वह पत्र जिसमें अनेक प्रदेशों, राष्ट्रों आदि से संबंधित समाचार रहते हों, अखबार । | वृत्तपत्र | newspaper. |
| समाज | पुं. | 1. बहुत से लोगों का गिरोह या झुंड; | समाज, माणसांचा परस्पर संबंधांनी बांधलेला एकत्र असणारा समूह; | community, society, congregation; |
| | | 2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित की हुई सभा । | विशिष्ट उद्देशाने स्थापन झालेले मंडळ | club, association. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **समाजवाद** | पुं. | एक आर्थिक तथा राजनीतिक विचार-प्रणाली जिसके अनुसार सत्ता तथा स्वामित्व व्यक्तिगत हाथों में नहीं रहना चाहिए बल्कि सामूहिक रूप से समाज में निहित रहना चाहिए । | समाजवाद | socialism. |
| **समाजवादी** | वि. | 1. समाजवाद सम्बन्धी; | समाजवादी, समाजवादविषयक; | socialistic; |
| | | 2. समाजवाद का अनुयायी या समर्थक । | समाजवादी मताचा | socialist. |
| **समादर** | पुं. | अच्छा और उचित आदर, सम्मान, खातिर । | योग्य आदर, उचित सन्मान | great respect reverence, veneration. |
| **समादृत** | वि. | जिसका अच्छी तरह आदर हुआ हो । | योग्य रीतीने मानसन्मान ठेवलेला | respected, honoured. |
| **समादेश** | पुं. | आज्ञा, आदेश, निदेश । | आज्ञा, हुकूम | command. |
| **समाधान** | पुं. | 1. आपत्ति की निवृत्ति करना, संदेह निवारण करना; 2. वह युक्ति या योजना जिसके द्वारा समस्या हल की जाती हो । | अडचणीचे निवारण करण्याची क्रिया; निवारण करण्याचा उपाय वा मुक्ती | the act of solving a problem; solution. |
| **समाधि** | स्त्री. | 1. ईश्वर के ध्यान में मग्न होना; | समाधी, ध्यानावस्था; | meditation, trance; |
| | | 2. वह स्थान जहां किसी का मृत शरीर या अस्थियां गाड़ी गई हों । | शव किंवा अस्थी पुरलेले स्थान | grave, tomb. |
| **समाधिस्थ** | वि. | जो समाधि लगाए हुए हो । | ध्यानस्थ | absorbed in meditation or contemplation. |
| **समान** | वि. | गुण, मूल्य, महत्व आदि के विचार से किसी के अनुरूप या बराबरी का, बराबर, तुल्य, सदृश । | समान, तुल्य, सारखा, सदृश | equal, equivalent, similar. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| समानता | स्त्री. | तुल्यता, बराबरी, सादृश्य । | समानता, तुल्यता, सादृश्य, सारखेपणा | parity, equality, similarity. |
| समानांतर | वि. | 1. (रेखाएं आदि) जो नित्य समान अंतर पर रहें; | समानांतर; | parallel; |
| | | 2. साथ-साथ चलने, काम करने वाला .। | सामवणे, सामावणे | as above. |
| समाना | अ. क्रि. | 1. अंदर आना, भरना, अटना; | आत राहण; | to be contained (in), to fit (in); |
| | | 2. व्याप्त होना । | व्याप्त होणे | to permeate, to pervade. |
| समानाधिकार | पुं. | बराबर का अधिकार । | समानाधिकार, बरोबरीचे अधिकार असलेला | equal rights. |
| समानार्थक | वि. | समान अर्थ रखनेवाला, पर्यायवाची । | समानार्थक, समान अर्थ असलेला | having the same meaning, synonymous. |
| समापन | पुं. | समाप्त करना, पूरा करना । | समारोप, पूर्ण करणे, शेवट करणे | completion, conclusion. |
| समाप्त | वि. | 1. (कार्य) पूरा किया हुआ; | समाप्त, पूर्ण केलेला, शेवटास नेलेला; | completed, concluded; |
| | | 2. (वस्तु) जिसका भोग, संहार आदि के कारण अस्तित्व नष्ट हो गया हो; | संपलेला, नष्ट झालेला; | exhausted, finished; |
| | | 3. (नौकरी) जिसका कार्यकाल बीत चुका हो । | नोकरीचा काळ पूर्ण झालेला | terminated. |
| समाप्ति | स्त्री. | खतम या पूरा होना'। | समाप्ती, पूर्ण झाल्याची अवस्था | completion, end, termination. |
| समाप्य | वि. | खतम या पूरा करने या होने के लायक । | पुरे करण्याजोगा, —करावयाचा | to be accomplished or concluded or completed. |
| समारंभ | पुं. | आरंभ, शुरूआत । | प्रारंभ | commencement, inauguration. |
| समारोह | पुं. | कोई ऐसा शुभ आयोजन जिसमें चहलपहल तथा धूमधाम हो । | सभारंभ | function, celebration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **समालोचक** | पुं. | **समीक्षक, समालोचना करनेवाला ।** | टीकाकार | critic. |
| **समालोचन** | पुं. | **1. किसी वस्तु, कृति या व्यक्ति आदि के गुण-दोष का सम्यक् विवेचन करना;** | टीका, गुण-दोष विवेचन; | criticism; |
| | | **2. साहित्य में, वह लेख जिसमें किसी कृति के गुण-दोषों के संबंध में किसी ने अपने विचार प्रकट किए हों ।** | गुण-दोषांचा विवेचनात्मक लेख | literary criticism. |
| समालोचना | **स्त्री.** | **दे. 'समालोचन' ।** | टीकात्मक विवेचन | see **'समालोचन'**. |
| समावर्तन | **पुं.** | **1. वापस आना, लौटना, विशेषकर प्राचीन भारत में वह समारोह जिसमें गुरुकुल के स्नातकों को विद्याध्ययन कर लेने के उपरांत विदाई दी जाती थी;** | परत येण्याची क्रिया; | return; |
| | | **2. विश्वविद्यालयों में होने-वाला वह समारोह जिसमें उच्च परीक्षाओं में उत्तीर्ण होनेवाले छात्रों को प्रमाण-पत्र आदि दिए जाते हैं, दीक्षान्त समारोह ।** | विद्यापीठाचे प्रमाणपत्र वितरण समारंभ | convocation. |
| समाविष्ट | **वि.** | **जिसका समावेश कर लिया गया हो, जो मिला लिया गया हो ।** | समाविष्ट, समावेश केलेला, आत घातलेला, प्रविष्ट केलेला | entered, included, incorporated. |
| **समावेश** | **पुं.** | **मिलना, शामिल होना ।** | समावेश, सामील करण्याची-प्रविष्ट करण्याची क्रिया | inclusion, entry, incorporation. |
| **समास** | **पुं.** | **1. योग, मेल;** | समास, योग; | conjunction, combination, union; |
| | | **2. संक्षेप;** | संक्षेप; | contraction, abbreviation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. दो या अधिक पदों को मिलाकर एक पद का रूप देना । | संयुक्तशब्द, जोड शब्द | compound word. |
| **समाहर्ता** | पुं. | वह राज कर्मचारी जिसके जिम्मे किसी जिले से राजकर या प्राप्य धन आदि उगाहने का काम होता है । | कर वसूली–अधिकारी | collector (as of taxes). |
| **समाहार** | पुं. | 1. बहुत-सी वस्तुओं को एक जगह इकट्ठा करना, संग्रह; | एकत्रीकरण, संग्रह; | collection, accumulation; |
| | | 2. ढेर, राशि । | ढीग, रास | heap, pile. |
| **समाहित** | वि. | 1. एक जगह इकट्ठा किया हुआ; | एकत्र केलेला, जमा केलेला; | brought together, assembled; |
| | | 2. केंद्रित; | केंद्रित; | concentrated; |
| | | 3. शांत । | शांत, स्थिरवृत्तीचा | composed, collected, calm (as mind). |
| **समिति** | स्त्री. | 1. विशेष कार्य के लिए गठित कुछ व्यक्तियों की सभा; | समिति, विशिष्ट कार्याकरिता–विचाराकरिता एकत्र झालेला गट, कमिटी; | committee; |
| | | 2. सभा, समाज । | समाज, संस्था | union, association. |
| **समिधा** | स्त्री. | यज्ञ में जलाने की लकड़ी । | यज्ञात आहुती म्हणून टाकण्याची लाकडे किंवा काड्या | wood, fuel, especially sacrificial sticks |
| **समीकरण** | पुं. | 1. समान या बराबर करना; | समीकरण, बरोबर लेखणे, मानणे; | the act of making even or equal, equalizing; |
| | | 2. (गणित में) ज्ञात राशि की सहायता से अज्ञात राशि निकालने की एक क्रिया । | (गणित) ज्ञात राशींच्या साहृयाने अज्ञात राशी काढण्याची कृती | (in Arith.) reducing fractions to a common denominator, equation. |
| **समीक्षक** | पुं. | सम्यक् रूप से देखने या समीक्षा करनेवाला, समालोचक । | टीकाकार | reviewer, critic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **समीक्षा** | स्त्री. | 1. ग्रंथों, लेखों आदि के गुण-दोषों का विवेचन, समालोचन; | टीका (ग्रंथांची वा लेखाची); | review, criticism; |
| | | 2. अच्छी तरह देखने की क्रिया । | सर्वांगीण दर्शन–विचार | looking well at, full consideration. |
| **समीचीन** | वि. | ठीक, उचित, न्याय्य । | योग्य, न्याय्य, उचित | fit, proper, right. |
| **समीप** | वि. | निकट, पास । | समीप, जवळ | near, adjacent, close by, beside. |
| **समीपता** | स्त्री. | निकटता | समीपता, निकटता, जवळपणा, जवळीक | nearness, proximity. |
| **समीपवर्ती** | वि. | जो समीप या पास में स्थित हो । | जवळ असणारा | adjacent, neighbouring. |
| **समीर** | पुं. | वायु, हवा । | समीर, वारा, वायु | wind, air, breeze. |
| **समुंदर** | पुं. | समुद्र । | समुद्र | sea, ocean. |
| **समुचित** | वि. | ठीक, उचित, उपयुक्त । | समुचित, उचित, योग्य, न्याय्य, रास्त | fit, right, proper, appropriate. |
| **समुच्चय** | पुं. | 1. समूह, राशि; | समुच्चय, समूह, ढीग; | collection, accumulation; |
| | | 2. शब्दों या वाक्यों का योग । | (व्याक.) शब्दांची वा वाक्यांची जोड | (in Gram.) conjunction of words. |
| **समुदाय** | पुं. | 1. समूह, राशि; | समुदाय, समूह, जमाव; | number, heap, mass, aggregate; |
| | | 2. समाज, बिरादरी । | समाज | community. |
| **समुद्र** | पुं. | वह विशाल जल राशि जो इस पृथ्वी तल के प्रायः तीन-चौथाई हिस्से में व्याप्त है, सागर । | समुद्र, सागर | sea, ocean. |
| **समुद्री (समुद्रीय)** | वि. | समुद्र का, समुद्र-सम्बन्धी । | समुद्रातील, समुद्रविषयक, सागरी | marine, oceanic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| समुन्नत | वि. | 1. जिसकी यथेष्ट उन्नति हुई हो, खूब बढ़ा-चढ़ा; 2. बहुत ऊंचा । | पुष्कळ विकसित झालेला, भरभराटलेला; उत्पन्न झालेला, चढलेला, उच्च | progressed, developed; elevated, high, lofty. |
| समुन्नति | स्त्री. | 1. समृद्धि; | भरभराट, समृद्धी; | rise, prosperity, progress, development; |
| | | 2. ऊंचाई । | ऊंची, उच्चता | height, loftiness. |
| समूचा | वि. | कुल, पूरा, सब । | समग्र, सगळा, एकूणएक | whole, entire, complete. |
| समूल | वि. | जिसमें मूल या जड़ हो । | मुळासहित असलेला, चांगले मूळ–पाया असलेला | having roots, well founded. |
| | क्रि. वि. | जड़ या मूल से, पूरी तरह । | मुळासकट | completely, utterly. |
| समूह | पुं. | 1. ढेर, राशि; 2. झुंड, समुदाय । | ढीग, रास; जमाव, समुदाय | quantity, heap; group, multitude, assemblage. |
| समृद्ध | वि. | संपन्न, धनवान् । | समृद्ध, भरभराटलेला, श्रीमंत | very prosperous, flourishing, wealthy. |
| समृद्धि | स्त्री. | बहुत अधिक सम्पन्नता, अमीरी । | समृद्धी, वैपुल्य, ऐश्वर्य, भरभराट | prosperity, affluence, richness. |
| समेटना | स. क्रि. | 1. बिखरी हुई वस्तुओं को इकट्ठा करना; 2. शेष कार्य को पूरा करना, समाप्त करना । | एकत्र करणे, गोळा करणे; गुंडाळणे, समाप्त करणे | to collect together, to amass; to wind up. |
| समेत | वि. | किसी के साथ मिला या लगा हुआ, संयुक्त । | संयुक्त, जोडलेला | united together, associated (with). |
| | क्रि. वि. | सहित, साथ । | समवेत, सहित | with, together with, along with. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| समोना | स. क्रि. | 1. समाविष्ट या सम्मिलित करना; 2. इकट्ठा या संगृहीत करना । | समावणे, समाविष्ट करणे, आत घालणे; ज़मा/गोळा/करणे | to include, to incorporate; to collect, to assemble. |
| समोसा | पुं. | सिंघाड़े की शक्ल का एक नमकीन पकवान । | सामोसा | a kind of stuffed piece of a triangular shape. |
| सम्मत | वि. | 1. एक ही राय का, सहमत; 2. पुष्ट, समर्थित, अनुमोदित । | एकमनाचे, सहमत; पाठिंबा मिळा लेला, मान्य केलेला, अनुमोदित | of one mind, of the same opinion; supported by, approved by, acknowledged. |
| सम्मति | स्त्री. | 1. सलाह, राय; 2. सहमति । | संमती, सल्ला, मत; मान्यता, कबूली | advice, opinion; consent, agreement. |
| सम्मन (समन) | पुं. | न्यायालय द्वारा प्रेषित वह पत्र जिसमें किसी को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है । | समन्स, सरकारी बोलावणे | summons. |
| सम्मान | पुं. | इज्जत, आदर, प्रतिष्ठा । | सन्मान, आदर | honour, respect, homage. |
| सम्माननीय | वि. | जिसका सम्मान किया जाना आवश्यक और उचित हो । | मान देण्यास पात्र, आदरणीय | honourable, respectable. |
| सम्मानित | वि. | जिसका सम्मान किया गया हो । | सन्मान केलेला, सत्कार केलेला | honoured, respected. |
| सम्मिलन | पुं. | मिलना, एकत्र होना । | एकत्र, भेट | coming together, union. |
| सम्मिलित | वि. | 1. किसी के साथ मिला या मिलाया हुआ; 2. मिलजुल कर किया हुआ, सामूहिक । | समाविष्ट; मिळून केलेला, सामूहिक | included; collective. |
| सम्मिश्रण | पुं. | 1. मिलाने की क्रिया; 2. मिलावट । | एकत्र मिसळण्याची क्रिया; भेसळ | the act or process of mixing together; adulteration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सम्मिश्रित | वि. | 1. मिलाया हुआ, एक साथ किया हुआ;<br>2. मिलावटी । | एकत्र मिसळलेला, सरमिसळ केलेला;<br>भेसळ केलेला | mixed together, intermixed;<br>adulterated. |
| सम्मुख | वि. | सामने, समक्ष, आगे । | पुढे/समोर/मोहऱ्यास/ असलेला | in front (of), in the presence (of), before. |
| सम्मेलन | पुं. | मनुष्यों का किसी विशेष उद्देश्य से अथवा किसी विषय पर विचार करने के लिए एकत्र होने वाला समाज । | सम्मेलन | gathering, conference. |
| सम्मोह | पुं. | 1. मूर्च्छा, बेहोशी;<br>2. प्रेम, मोह;<br>3. अज्ञान, मूर्खता । | मूर्च्छा, बेशुद्धी;<br>आसक्ती, मोह;<br>अज्ञान | hypnosis;<br>infatuation, fascination;<br>ignorance, folly. |
| सम्मोहक | वि. | 1. बेहोश या संज्ञाहीन करने वाला;<br>2. मुग्ध करनेवाला, वश में करनेवाला । | बेशुद्ध करणारा;<br>मोह पाडणारा, भुरळ घालणारा | hypnotic;<br>hypnotising, fascinating. |
| सम्मोहन | पुं. | 1. मुग्ध करना;<br>2. बहकाना । | मुग्ध करण्याची क्रिया;<br>भूलावणी | fascination, hypnosis;<br>beguilement. |
| सम्यक् | वि. | 1. उचित, उपयुक्त;<br>2. ठीक, सही । | योग्य, उचित;<br>बरोबर, रास्त, यथातथ्य | right, fit, appropriate;<br>correct, accurate. |
| सम्राज्ञी | स्त्री. | सम्राट् की पत्नी । | सम्राज्ञी | empress. |
| सम्राट | पुं. | साम्राज्य का स्वामी । | सम्राट | emperor. |
| सम्हलना | अ. क्रि. | दे. 'संभलना' । | पाहा ''संभलना'' | see 'संभलना'. |
| सयाना | वि. | 1. जो बाल्यावस्था पार कर वयस्क हो चला हो;<br>2. बुद्धिमान, समझदार;<br>3. चालाक, धूर्त । | प्रौढ़, पोक्त;<br>समज/अक्कल असलेला, बुद्धिमान;<br>हुशार, चतुर | grown up, adolescent;<br>sagacious, wise;<br>clever, shrewd, cunning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सर | वि. | 1. हराया हुआ, पराजित; | हारलेला, पराभूत केलेला; | defeated. vanquished; |
| | | 2. (काम) पूरा या समाप्त किया हुआ । | पूर्ण वा समाप्त केलेला | completed, accomplished. |
| | पुं. | 1. बड़ा तालाब; | सरोवर, तलाव; | pond, pool, tank; |
| | | 2. सिर; | शिर, डोके; | head, top; |
| | | 3. चोटी, शीर्षभाग । | शिखर, टोक | pinnacle, tip. |
| सरकंडा | पुं. | सरपत की जाति का एक पौधा जिसमें गाठें होती हैं । | सरंकडा, बोरू | a kind of reed. |
| सरकना | अ. क्रि. | 1. जमीन से सटे हुए आगे बढ़ना, रेंगना; | सरकणे, सरकत जाणे; | to slide, to slip, to crawl; |
| | | 2. धीरे-धीरे तथा थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ना । | हळूहळू पुढे सरणे | to move slowly. |
| सरकार | स्त्री. | किसी देश के सम्राट, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा चुने हुए मंत्रियों का वह दल जो सामूहिक रूप से उस देश का शासन करता है । | सरकार, शासन | administration, government. |
| सरकारी | वि. | सरकार का, राजकीय । | सरकारी | relating to Government,official. |
| सरगम | पुं. | 1. संगीत में षड्ज से निषाद तक के सातों स्वरों का समूह; | (संगीत), सा रे ग म, सप्तक; | the gamut; |
| | | 2. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का उच्चारण; | गाण्यात लागणाऱ्या स्वरांचे उच्चार; | solfa notation; |
| | | 3. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का क्रम, स्वरलिपि । | स्वरलिपी | a syllabic form of musical composition. |
| सरगर्मी | स्त्री. | सक्रियता, क्रियाशीलता । | जोराची क्रियाशीलता, उत्साह | hectic activity. |
| सरणि (सरणी) | स्त्री. | 1. मार्ग, रास्ता; | मार्ग; | channel; |
| | | 2. पंक्ति । | पंक्ती, रांग | row, line. |
| सरनाम | पुं. | प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात । | विख्यात, प्रसिद्ध | well-known, renowned, famous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सरपंच | पुं. | पंचायत का सभापति । | सरपंच | head of the panchayat. |
| सरपट | स्त्री. | घोड़े की बहुत तेज चाल जिसमें वह दोनों पैर साथ-साथ आगे फेंकता है । | दुडकी-भरधाव चाल (घोड्याची) | quick pace. |
| | क्रि. वि. | घोड़े की उक्त चाल की तरह तेज भागते या दौड़ते हुए । | दुडक्या चालीने | galloping. |
| सरपत | पुं. | कुश की जाति का एक तृण । | बोरुच्या जातीचे एक गवत | a kind of reed or reed grass. |
| सरल | वि. | 1. जो टेढ़ा या वक्र न हो, सीधा; | सरळ, वाकडेपणा/वाक/नसलेला; | straight, not crooked; |
| | | 2. जिसके मन में छल-कपट न हो, सीधा और भोला; | साधा सीधा, निष्कपट; | upright, honest, sincere, artless; |
| | | 3. आसान, सहज । | साधा, सोपा | simple, easy. |
| सरलता | स्त्री. | 1. सीधापन, भोलापन; | सरळपणा, निष्कपटपणा; | artlessness, simplicity; |
| | | 2. आसानी, सुगमता । | सहजता | easiness. |
| सरलीकरण | पुं. | जटिल विषय आदि को आसान बना देना । | सोपे करण्याची क्रिया | simplification. |
| सरस | वि. | 1. रसयुक्त, रसीला; | रसमय, रसयुक्त, रसाळ; | juicy, sapid; |
| | | 2. हरा और ताजा; | टवटवीत, प्रफुल्ल, ताजा; | fresh, new, blooming; |
| | | 3. (रचना) जो भावमयी और मोहक हो; | सौंदर्यपूर्ण; | beautiful, elegant; |
| | | 4. रसिक, सहृदय । | रसिक, सहृदय | interesting, humorous. |
| सरसरी | वि. | जमकर या अच्छी तरह नहीं बल्कि यों ही और जल्दी में होनेवाला । | वरवरची, स्थूल, ढोबळ | cursory, hurried; |
| सरसिज | पुं. | कमल । | कमळ | a lotus. |
| सरसों | स्त्री. | एक तेलहन, सर्षप । | मोहरी | mustard seed or plant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सरस्वती** | स्त्री. | **1. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी;** | सरस्वती, विद्या देवता, वाणी देवता; | the goddess of speech and learning; |
| | | **2. विद्या, इल्म;** | विद्या, वक्तृत्व; | speech, eloquence, learning. |
| | | **3. एक प्राचीन नदी ।** | एका नदीचे नाव | the river Saraswati. |
| **सरहज (सलहज)** | स्त्री. | **साले की पत्नी ।** | मेहुण्याची-बायकोच्या भावाची-बायको | wife's brother's wife. |
| **सरहद** | स्त्री. | **किसी देश, भू-भाग या राज्य की सीमा ।** | सरहद, देशाची सीमा | boundary, frontiers, border. |
| **सराफ (सर्राफ)** | पुं. | **1. सोने-चांदी का व्यापारी;** | सराफ, सोन्या-रत्नांचा व्यापार करणारा; | person who deals in gold jewellery; |
| | | 2. वह दुकानदार जो बड़े सिक्कों को कुछ दलाली लेकर छोटे सिक्कों में बदल देता हो। | मोठ्या नाण्याच्या मोडीचा घंदा करणारा व्यापारी | a money changer. |
| **सराफा (सर्राफा)** | पुं. | **1. सराफा का पेशा;** | सोन्या-रत्नांचा वा नाण्यांचा व्यापार; | the profession of jewellery or money changing, business of gold; |
| | | **2. वह बाजार जिसमें सराफों की अनेक दुकानें हों ।** | सोन्या-चांदीचा बाजार, गुजरी | Gold and silver exchange. |
| **सराबोर** | वि. | **अच्छी तरह भीगा हुआ, तरबतर ।** | भिजून चिंब | completely drenched, soaked. |
| **सराय** | स्त्री. | **मुसाफिर खाना ।** | सराई, धर्मशाळा | inn, tavern. |
| **सरासर** | क्रि. वि. | **पूर्णतया, बिल्कुल ।** | पूर्णतः, संपूर्णपणे | wholly, entirely, out and out. |
| **सराहना** | स्त्री. | **तारीफ, प्रशंसा।** | स्तुती-प्रशंसा, | praise, eulogy. |
| | स.क्रि. | **तारीफ करना, प्रशंसा करना** | स्तुती-प्रशंसाकरण | to praise, commend, applaud. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सराहनीय | वि. | प्रशंसा के योग्य, तारीफ के लायक । | प्रशसनीय | praise-worthy, laudable. |
| सरिता | स्त्री. | 1. नदी;<br>2. धारा या प्रवाह। | नदी;<br>प्रवाह | river, stream;<br>flow, current |
| सरिया | पुं. | 1. सरकंडे का छड़;<br>2. लोहे का पतला लंबा छड़ । | बोरु;<br>लोखंडी सळई | a piece of reed;<br>a thin iron rod (used in making bars or fences) like resembling, after the pattern or type (of). |
| सरीखा | वि. | समान, सदृश । | सारखा, सदृश | like, similar, resembling. |
| सरूप | वि. | 1. समान, सदृश;<br>2. साकार, रूपवाला । | सारखा, समान, सदृश;<br>आकार, रुप असणारा | like, similar, resembling;<br>possessing form or appearance (of), having shape. |
| सरूपता | स्त्री. | तुल्यरूपता, सादृश्य । | सादृश्य अमूक रुपासारखे रुप असण्याची अवस्था | identity of form, likeness, resemblance. |
| सरेश (सरेस) | पुं. | एक लसदार पदार्थ जो पशुओं के चमड़े से तैयार किया जाता है और मुख्यतः लकड़ी जोड़ने के काम आता है । | सरस, गुरांच्या खुरापासून तयार केला जाणारा एक चिकट द्रव | glue. |
| सरोकार | पुं. | वास्ता, संबंध । | संबंध, प्रयोजन | concern, business. |
| सरोज | पुं. | कमल । | कमल | lotus. |
| सरोद | पुं. | वीणा की तरह का एक प्रकार का बाजा । | सरोद, एक तंतुवाद्य | a kind of violin. |
| सरोवर | पुं. | तालाब । | सरोवर | large lake or pond. |
| सरौता | पुं. | सुपारी काटने का एक औज़ार । | अडकित्ता | nut cracker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सर्ग | पुं. | 1. किसी ग्रंथ विशेषत: काव्य ग्रंथ का अध्याय या प्रकरण; | सर्ग, काव्याचा अध्याय; | section, chapter, canto (as of a poem); |
| | | 2. प्रकृति, स्वभाव; | स्वभाव; | nature, disposition; |
| | | 3. त्याग । | त्याग | relinquishment, abandonment. |
| सर्जक | पुं. | रचना करनेवाला, स्रष्टा । | स्रष्टा, विधाता | creator. |
| सर्जन | पुं. | 1. उत्पन्न करना या जन्म देना; | सर्जन, उत्पत्ती, निर्मिती; | creating, producing. |
| | | 2. त्याग, छोड़ना । | टाकून देण्याची क्रिया, उत्सर्जन, त्याग | abandoning, quitting. |
| सर्द | वि. | 1. ठंडा; | थंड; | cold, cool; |
| | | 2. फीका, बेमजा; | बेचव; | insipid, tasteless; |
| | | 3. उत्साह रहित । | निर्जीव, निरुत्साही | lifeless. |
| सर्दा | पुं. | खरबूजे का एक भेद जो बढ़िया और अधिक मीठा होता है । | टरबुजाचा एक प्रकार | a kind of melon. |
| सर्दी | स्त्री. | 1. जाड़ा; | थंडी; | cold; |
| | | 2. जाड़े का मौसम; | हिंवाळा; | winter; |
| | | 3. जुकाम या प्रतिश्याय नामक रोग । | पडसे, सर्दी | cold, chill. |
| सर्दी-जुकाम | पुं. | ठंड लगने से छींकें आदि आना, नाक से पानी बहना आदि । | पडसे-खोकला, सर्दीचा आजार | cold and cough. |
| सर्प | पुं. | सरीसृप वर्ग का एक जन्तु, सांप । | सर्प | serpent, snake. |
| सर्व | वि. | आदि से अंत तक, सब, समस्त, सारा । | सर्व | all, whole, entire, complete. |
| सर्वज्ञ | वि. | सब कुछ जाननेवाला । | सर्वज्ञ | all knowing, omniscient. |
| | पुं. | ईश्वर । | ईश्वर | the Supreme Being. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सर्वतः** | अव्य. | चारों ओर, सब तरफ । | सर्वतः | on all sides, everywhere, all round. |
| **सर्वतोमुखी** | वि. | 1. जिसका मुंह चारों ओर हो; | चारी दिशांना तोंड असणारा, तोंड देणारा; | facing in all directions, turned, everywhere; |
| | | 2. जो सभी ओर प्रवृत्त रहता हो; | सर्व विषयात लक्ष घालू शकणारा; | versatile; |
| | | 3. जो सभी तरह के कार्यों में दक्ष हो । | सर्व कार्यात दक्ष-तत्पर | all round (worker). |
| **सर्वत्र** | क्रि. वि. | सब जगह । | सर्वत्र | in all places, everywhere. |
| **सर्वथा** | क्रि. वि. | हर तरह से, पूर्णतः । | सर्वथा, कोणत्याही प्रकारे | in every respect, by all means, completely. |
| **सर्वदा** | क्रि. वि. | हमेशा, सदा । | सदा, सदोदित, सर्वदा | at all times, always. |
| **सर्वनाम** | पुं. | संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाला शब्द । | सर्वनाम | pronoun. |
| **सर्वनाश** | पुं. | पूरा विनाश, तबाही । | सर्वनाश, सत्यानाश | complete ruin, devastation. |
| **सर्वव्यापक** | पुं. | जो सब पदार्थों और सब स्थानों में व्याप्त हो । | सर्वव्यापक, सर्वत्र असणारा | omnipresent, universal. |
| **सर्वव्यापी** | वि. | दे. 'सर्वव्यापक' । | सर्वव्यापक | see 'सर्वव्यापक' । |
| **सर्वश्रेष्ठ** | वि. | सर्वोत्तम, सबसे बढ़कर । | सर्वश्रेष्ठ | best, finest, mos excellent. |
| **सर्वसम्मति** | स्त्री. | सब की सम्मति या राय, मतैक्य । | एकमत, सर्वांची मान्यता | unanimity. |
| **सर्वसाधारण** | -पुं. | साधारण लोग, जनता । | सामान्य लोक, जनता | common man, people at large. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सर्वस्व** | पुं. | सब कुछ, सारी सम्पत्ति । | सर्वस्व | the whole of a person's property or possessions, one's all. |
| **सर्वहारा** | पुं. | समाज का निम्नतम श्रमिक वर्ग । | केवळ श्रमिक, श्रमशक्ती खेरीज दुसरी कसलीही संपत्ती नसणारा मजूर | proletariat. |
| **सर्वांग** | पुं. | सारा शरीर, सब अंग । | सर्व अंग, सारे शरीर | the whole body. |
| **सर्वांगीण** | वि. | 1. सब अंगों में व्याप्त होनेवाला; | सर्व अंगे व्यापणारा; | pervading or thrilling through the whole body; |
| | | 2. जो सभी अंगों से युक्त हो । | सर्व अंगांनी युक्त | permeating all round. |
| **सर्वेक्षक** | पुं. | सर्वेक्षण करनेवाला । | सर्वेक्षण करणारा अधिकारी | surveyor. |
| **सर्वेक्षण** | पुं. | 1. किसी विषय के सही तथ्यों की जानकारी के लिए इस विषय के सब अंगों का किया जानेवाला आधिकारिक निरीक्षण; | सर्वेक्षण, सर्वांगीण पाहणी; | survey; |
| | | 2. ऐसा विवेचन जिसमें किसी विषय के सब अंगों को परखा गया हो । | सर्वांगीण विवेचन | survey. |
| **सर्वेश्वर** | पुं. | 1. सबका स्वामी या मालिक; | सर्वेश्वर, सर्वांचा प्रभू-स्वामी; | the lord of all, master of all; |
| | | 2. ईश्वर; | परमेश्वर; | the Supreme Being; |
| | | 3. चक्रवर्ती राजा । | चक्रवर्ती सम्राट | universal monarch. |
| **सर्वोच्च न्यायालय** | पुं. | किसी देश का वह सबसे बड़ा न्यायालय जिसके अधीन वहां की सारी न्यायपालिका हो और जिसमें वहां के उच्च न्यायालयों के निर्णय आदि के संबंध में अन्तिम रूप से पुनर्विचार किया जा सकता हो । | सर्वोच्च न्यायालय | Supreme Court. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सर्वोत्तम | वि. | सबसे अच्छा, सर्वश्रेष्ठ । | सर्वोत्तम, उत्कृष्ट | best of all, excellent. |
| सर्वोदय | पुं. | सब लोगों के आर्थिक, नैतिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए चलाया गया स्वतंत्र भारत का एक आंदोलन । | सर्वोदय | uplift of all. |
| सर्वोपरि | वि. | जो सबसे ऊपर या बढ़कर हो । | सर्वश्रेष्ठ, सर्वात वरिष्ठ | supreme, above all, ahead of all. |
| | क्रि. वि. | सबसे ऊपर । | सर्वाच्यावर | above all, ahead of all. |
| सलमा | पुं. | कपड़ों पर बेलबूटे बनाने के काम आनेवाला सोने चांदी का तार, बादला । | जर, कलाबूत | a band of embroidery. |
| सलवार | स्त्री. | एक खास तरह की काट का पाजामा । | पायजम्याचा एक प्रकार | a kind of trousers. |
| सलाई | स्त्री. | काठ, धातु आदि की पतली छोटी छड़ । | सळई, धातूची काडी | knitting needle, needle, thin wire. |
| सलाख | स्त्री. | धातु की छड़ । | धातूची काडी, सळई | thin iron rod, bar. |
| सलामत | क्रि वि. | सकुशल । | सुखरुप | safe, sound, well. |
| सलामी | स्त्री. | 1. सलाम करने की रस्म; 2. विशेषत: सैनिकों आदि का एकमात्र किसी बड़े अधिकारी, अभ्यागत आदि का अभिवादन करना; | सलामी, नमस्कार, प्रणाम; शासकीय अतिथीचा तोफा उडवून सन्मान; | act of salutation; salute in honour of a respected guest or officer. |
| | | 3. तोपें आदि दागकर किसी का स्वागत करना । | सैनिकांकडून एखाद्या बड्या अतिथीला वा अधिकाऱ्याला अभिवादन | salute by booming of guns. |
| सलाह | स्त्री. | सम्मति, राय, मशवरा । | सल्ला, मत | advice, counsel, opinion. |
| सलाहकार | पुं. | राय देनेवाला, परामर्शदाता । | सल्लागार | adviser, counsellor. |
| सलिल | पुं. | जल, पानी । | पाणी | water. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सलीका | पुं. | शऊर, तमीज, योग्यता । | शिष्टाचार | manners, etiquette. |
| सलूक | पुं. | किसी के प्रति किया जाने-वाला व्यवहार । | व्यवहार, वागणूक, वागवणूक | behaviour or conduct, treatment. |
| सलोना | वि. | 1. नमक मिला हुआ, नमकीन;<br>2. सुन्दर, लावण्यमय । | खमंग, तिखटामिठाचा<br>सुंदर | salted, tasteful;<br>beautiful, charming. |
| सल्तनत | स्त्री. | राज्य, बादशाहत, हुकूमत । | बादशाही राज्य, साम्राज्य | sultanate, empire, kingdom. |
| सवर्ण | वि. | 1. समान रंग का;<br>2. समान जाति का । | सवर्ण, समान वर्णाचा;<br>समान जातीचा, जमातीचा | of the same colour;<br>of the same caste or tribe. |
| सवा | वि. | पूरा और एक चौथाई । | एक आणि पाव | one and a quarter. |
| सवाई | स्त्री. | ऋण का वह प्रकार जिसमें मूलधन का चतुर्थांश ब्याज के रूप में देना पड़ता है । | कर्ज रकमेच्या पाव हिश्शाचे व्याज असणारे | a kind of loan where one fourth of the principal is to be paid by way of interest. |
| सवाया | वि. | 1. पूरे से एक चौथाई से अधिक, सवा गुना;<br>2. किसी की तुलना में कुछ अधिक या बढ़ा हुआ । | सवापट;<br>सवाई ("अधिक" या अर्थी) | one and a quarter times;<br>more than, ahead of. |
| सवार | पुं. | वह जो किसी सवारी या यान पर आरूढ़ हो । | स्वार, उतारु | rider, horseman, person sitting in/ on a carriage. |
| सवारी | स्त्री. | 1. सवार होने की क्रिया;<br>2. ऐसा साधन जिस पर सवार होकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हों, यान;<br>3. जुलूस; | स्वारी, स्वार होण्याची क्रिया;<br>वाहन;<br>मिरवणूक; | riding;<br>vehicle, conveyance;<br>procession; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. सवार होनेवाला व्यक्ति, मुसाफिर । | उतारु | passenger. |
| सवारी गाड़ी | स्त्री. | यात्रियों को लाने ले जानेवाली रेलगाड़ी । | पेसेंजर गाडी, प्रत्येक स्टेशनावरचे प्रवासी घेऊन जाणारी आगगाडी | passenger train. |
| सवाल | पुं. | 1. गणित का प्रश्न; | गणितातील प्रश्न; | problem (in Arith.); |
| | | 2. याचना, फरियाद; | याचना, तक्रार; | begging, asking; |
| | | 3. पूछना । | पृच्छा | question, querry. |
| सविनय अवज्ञा | स्त्री. | नम्रतापूर्वक किसी राज्याधिकारी की ऐसी आज्ञा को न मानना जो अन्यायमूलक प्रतीत हो और परिणामत: दिए जानेवाले दंड को धीरता-पूर्वक सहन करना । | सविनय कायदेभंग | civil disobedience. |
| सवेरा | पुं. | प्रात:काल, सुबह । | सकाळ | morning. |
| सवेरे | अव्य. | 1. साधारण समय से कुछ पहले; | जरा लौकर; | early, soon; |
| | | 2. प्रात:काल के समय । | पहाटे, सकाळी | in the early morning. |
| सवैया | पुं. | एक प्रकार का छंद । | सवाया, एक छंद | a kind of verse. |
| सशंक | वि. | जिसके मन में कोई शंका हो । | साशंक | suspicious, doubtful. |
| सशस्त्र | वि. | जिसके पास शस्त्र हों, शस्त्रों से लैस । | सशस्त्र | having arms, armed. |
| ससुर | पुं. | विवाहित व्यक्ति के संबंध के विचार से पति या पत्नी का पिता । | श्वसुर, सासरा | father-in-law. |
| ससुराल | स्त्री. | पति या पत्नी के पिता का घर । | सासर किंवा सासुरवाडी | father-in-law's house. |
| सस्ता (स्त्री. सस्ती) | वि. | 1. अल्प मूल्य का; | स्वस्त, अल्प किंमतीचा; | cheap, low-priced; |
| | | 2. घटिया । | कमी दर्जाचा | inferior. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सहकारिता** | स्त्री. | सहकारी या सहायक होने का भाव, मदद, सहायता । | सहकारिता, सहकार्य | cooperation. |
| **सहकारी** | वि. | 1. सहकार सम्बन्धी, सहकार का; | सहकारी, सहकाराचा, सहकार विषयक; | cooperative; |
| | | 2. साथ-साथ करनेवाला । | साथी, सहकार करणारा | associate, colleague. |
| **सहगमन** | पुं. | 1. किसी के साथ जीने की क्रिया; | सहगमन, संगती-सोबत जाणे; | the act of going with, accompanying; |
| | | 2. मृत पति के साथ पत्नी का चिता पर चढ़ना । | सती जाणे | the voluntary burning of a widow on the funeral pyre with her deceased husband. |
| **सहगान** | पुं. | 1. कई व्यक्तियों का साथ मिलकर गाना; | सामुदायिक गायन; | collective singing; |
| | | 2. कई व्यक्तियों द्वारा साथ मिलकर गाया हुआ गाना । | वृंदगान | chorus. |
| **सहचर (स्त्री. सहचरी)** | पुं. | साथी, मित्र । | सहचर, साथीदार (सहचरी) | associate, companion, friend. |
| **सहज** | वि. | 1. जन्मजात, प्राकृतिक; | सहज, उपजत; | innate, inherent; |
| | | 2. आसान । | सोपा | easy, simple, facile. |
| **सहजन (सहिजन)** | पुं. | एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जिसकी लंबी फलियां तरकारी आदि के काम आती हैं । | शेवगा (झाड व शेंग) | a kind of tree. |
| **सहधर्मिणी** | स्त्री. | पत्नी । | सहधर्मचारिणी, पत्नी | wife. |
| **सहन** | पुं. | 1. सहने की क्रिया; | सहन करण्याची क्रिया; | bearing, enduring, patience; |
| | | 2. आंगन, चौक । | आंगण, चौक | court-yard. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | पर्याय मराठी | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सहनशील | वि. | जिसमें अत्याचार, विपत्ति, आदि सहन करने की स्वाभाविक क्षमता या प्रवृत्ति हो, सहिष्णु। | सहनशील, धीराचा | patient, tolerant, for-bearing. |
| सहना | स. क्रि. | 1. सहन करना, झेलना; | सहन करणे; | to bear, to suffer, to endure; |
| | | 2. बर्दाश्त करना, कष्ट उठाना। | खपवून घेणे | to tolerate. |
| सहनीय | वि. | जो सहा जा सके, सहे जाने योग्य। | सह्य, सहन करतायेण्याजोगा | tolerable. |
| सहपाठी | पुं. | साथ पढ़नेवाला। | सहाध्यायी, एकत्र अभ्यास करणारा | class-fellow, class-mate. |
| सहमत | वि. | जिसका मत दूसरे से मिलता हो या जो दूसरे के मत को ठीक मानकर उसकी पुष्टि करता हो। | सहमत, एका मताचा, दुसऱ्याचे मत मान्य असलेला | agreed, consented. |
| सहमति | स्त्री. | सहमत होने की अवस्था या भाव। | संमती, मान्यता | agreement, consent. |
| सहमना | अ. क्रि. | भयभीत होना, डरना। | घाबरणे, घाबरून संकोचणे | to shrink out of fear, to be alarmed. |
| सहयोग | पुं. | 1. साथ मिलकर काम करना; | सहयोग, सहकार; | cooperation, collaboration; |
| | | 2. किसी के काम में सम्मिलित होकर उसका हाथ बटाना। | साहाय्य | assistance. |
| सहयोगी | पुं. | साथ काम करनेवाला। | साथीदार, सहकारी | colleague, coworker, cooperator. |
| सहयोजन | पुं. | 1. साथ मिलाने की क्रिया या भाव; | एकत्र भेटविण्याची किंवा जोडण्याची क्रिया; | uniting or joining together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. आजकल वह नीति जिसके अनुसार किसी समिति के सदस्य ऐसे व्यक्तियों को भी अपने साथ सम्मिलित कर लेते हैं जो मूलतः निर्वाचित नहीं होते फिर भी जिनसे सहायता मिलने की आशा होती है । | समाविष्ट करून घेण्याची क्रिया (सभासद म्हणून) | cooption. |
| सहल | वि. | आसान, सरल । | सोपा, सहज होण्याजोगा | easy, simple. |
| सहलग्न | वि. | साथ लगा या लगाया हुआ । | संलग्न | enclosed, appended. |
| सहलाना | स. क्रि. | धीरे-धीरे मलना या हाथ फेरना । | गोंजारणे, आंजारणे गोंजारणे | to rub gently, to caress. |
| सहवास | पुं. | मैथुन, संभोग । | सहवास, संभोग | sexual union or intercourse. |
| सहसा | क्रि. वि. | अचानक, एकाएक । | एकदम, अचानक, एकाएकी | suddenly, at once. |
| सहस्र | वि. | जो गिनती में दस सौ हों, हजार । | हजार, हजारचा आंकडा | thousand. |
| सहस्राब्दी | स्त्री. | हजार वर्षों का समय । | सहस्र/हजार वर्षाचा काळ | period of a thousand years, millennium. |
| सहानुभूति | स्त्री. | किसी के दुःखादि से दुखित होना, हमदर्दी । | सहानुभूति | sympathy. |
| सहायक | वि., पुं. | सहायता करनेवाला, जो किसी उच्चाधिकारी के अधीन रहकर उसके कामों में सहयोग देता हो । | सहायक, प्रमुख कार्यकर्त्याच्या हाताखाली राहून मदत करणारा | helpful, assistant. |
| सहायता | स्त्री. | सहायक होने की अवस्था या भाव, मदद । | साहाय्य, मदत | help, assistance. |
| सहारना | स.क्रि. | 1. सहन करना, बरदाश्त करना; | सहन करणे, खपवून घेणे; | to bear, endure; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिम्मेवारी लेना, संभालना । | जबाबदारी अंगावर घेणे | to take or shoulder responsibility. |
| सहारा | पुं. | 1. मदद; | साहाय्य, मदत; | help, assistance; |
| | | 2. आश्रय; | आधार, आसरा; | dependence, reliance; |
| | | 3. टेक । | टेकू, आधार | support, prop. |
| सहित | वि. | साथ, समेत । | सहित | with, along with. |
| सहिष्णु | वि. | सहनेवाला, बरदाश्त करनेवाला । | सहनशील | tolerant, forbearing. |
| सहिष्णुता | स्त्री. | सहनशीलता । | सहनशीलता, क्षमाशीलता | tolerance, forbearance. |
| सही | वि. | 1. यथार्थ, वास्तविक; | वास्तविक; | real, factual; |
| | | 2. सच, सत्य; | सत्य; | true; |
| | | 3. जिसमें कोई दोष या भूल न हो, बिल्कुल ठीक । | निर्दोष, बरोबर | faultless, correct. |
| | स्त्री. | 1. हस्ताक्षर, दस्तखत; | सही, हस्ताक्षर; | signature; |
| | | 2. किसी बात की प्रामाणिकता या मान्यता का सूचक कथन । | प्रमाण म्हणून मान्य केल्याची सही | authentication. |
| सही-सलामत | क्रि. वि. | सकुशल, निरापद । | सुरक्षितपणे, सुखरुप | safe and sound, safe and well. |
| सहूलियत | स्त्री. | 1. आसानी, सुगमता; | सुगमता, सहजता; | ease; |
| | | 2. सुभीता । | सोय | convenience. |
| सहृदय | वि. | 1. जो दूसरे के दुःख की अनुभूति करता हो; | सहृदय, सहानुभूतिपूर्ण, दयाळू; | kind, compassionate; |
| | | 2. कोमल गुणों से युक्त हृदयवाला; | मानवतायुक्त; | fine-hearted; |
| | | 3. साहित्य आदि के गुणों की परख रखने और उसकी विशेषताओं से प्रभावित होनेवाला । | रसिक | who appreciates merits of literature etc. |
| सहृदयता | स्त्री. | 1. दयालुता, करुणा; | सहृदयता, दयाळूपणा, ममताळूपणा; | kindness, compassion; |
| | | 2. चित्त की कोमलता; | मानवता, मनाची कोमलता; | fine-heartedness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. रसज्ञता । | रसिकता | appreciation of merits or qualities. |
| सहेजना | स. क्रि. | 1. संभालना; | सांभाळणे, व्यवस्थित ठेवणे, व्यवस्थितपणे चालविणे; | to put in order, to manage, to handle; |
| | | 2. जांचना; | तपासणे; | to examine; |
| | | 3. कोई वस्तु सावधान करके सौंपना । | काळजीपूर्वक सोपविणे | to hand over with care. |
| सहेली | स्त्री. | सखी, साथिन । | सखी, सहचरी, मैत्रीण | a woman's female companion or friend. |
| सहोदर | वि. | सगा, एक माता से उत्पन्न । | सहोदर, एकाच आईच्या पोटी जन्मलेला, सख्खा | co-uterine, born of one mother, real brother. |
| सह्य | वि. | जो सहा जा सके, जो सहन किया जा सके । | सह्य, सहन करण्याजोगा | endurable, tolerable. |
| सांई | पुं. | 1. स्वामी, मालिक;<br>2. पति । | स्वामी, धनी, मालक;<br>पती | master, lord;<br>husband. |
| सांकल | स्त्री. | श्रृंखला, जंजीर । | साखळी, बेडी, जंजीर | chain. |
| सांकेतिक | वि. | 1. संकेत संबंधी;<br>2. संकेत के रूप में होने-वाला । | सांकेतिक, संकेत विषयक;<br>संकेत म्हणून ठरविलेला –असलेला, खूण म्हणून असलेला | symbolic;<br>symbolic, token. |
| सांगोपांग | वि. | सभी अंगों और उपांगों सहित । | अंग-उपांगांसहित असलेला; | complete or perfect in all respects. |
| सांचा | पुं. | वह ढांचा जिसमें कोई गीली चीज भरकर खास शक्ल की चीज ढालते हैं । | साचा | mould. |
| सांझ | स्त्री. | सूर्य डूबने से कुछ पहले तथा कुछ बाद तक का समय शाम । | संध्याकाळ | dusk, twilight, evening. |
| सांठ-गांठ | स्त्री. | आपस में होनेवाला ऐसा सम्बन्ध जिसका कोई गुप्त या गूढ़ उद्देश्य हो । | संगनमत, गुप्त संबंध | intrigue, collusion |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सांड** | पुं. | **वह वृषभ या घोड़ा जो बधिया न कर जोड़ खिलाने के लिए पाला गया हो ।** | साड, वळू | bull or stallion brought up for the purpose of mating. |
| सांत्वना | स्त्री. | शोकाकुल या संतप्त व्यक्ति को शांत करने तथा समझाने बुझाने की क्रिया। | सांत्वना | consolation. |
| **सांध्य** | वि. | **संध्या सम्बन्धी, संध्या का, संध्या के समय होनेवाला ।** | संध्याकाळविषयक, संध्याकाळचा | relating to the twilight or evening, relating to or of evening. |
| **सांप** | पुं. | **पेट के बल रेंगनेवाला एक प्रसिद्ध विषैला कीड़ा ।** | साप, सर्प | snake, serpent. |
| **सांप्रदायिक** | वि. | **संप्रदाय संबंधी, संप्रदाय का, किसी विशेष संप्रदाय से ही संबद्ध रहकर शेष संप्रदायों का विरोध करनेवाला ।** | सांप्रदायिक, संप्रदाया संबंधीचा, संप्रदायाचा, संप्रदायनिष्ठ, जातीय | communal, communalist. |
| **सांप्रदायिकता** | **स्त्री.** | **सांप्रदायिक होने का भाव, केवल अपने संप्रदाय का हित चाहना और दूसरों की उपेक्षा करना ।** | सांप्रदायिकता, जातीयता | communalism. |
| **सांवला** | वि. | **जिसके शरीर का रंग हलका कालापन लिए हुए हो ।** | सावळा, श्यामल, काळासावळा | of a dark or sallow complexion. |
| सांविधिक | वि. | संविधि सम्बन्धी। | संविधानविषयक, राज्य घटनाविषयक | constitutional. |
| सांस | स्त्री. | नाक या मुंह से अंदर खींची और बाहर निकाली जानेवाली हवा। | श्वास | breath, breathing, respiration. |
| सांसत | स्त्री. | 1. बहुत अधिक शारीरिक कष्ट मानना:<br>2. परेशानी। | अत्यंत शारीरिक कष्ट;<br>त्रास, पीडा | physical pain;<br>trouble, distress. |
| सांसा | पुं | 1. श्वास, सांस;<br>2. डर, खटका। | श्वास;<br>भय, आशंका, चिंता | breath;<br>fear, apprehension. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सांसारिक** | वि. | संसार संबंधी, लौकिक ऐहिक । | सांसारिक, संसारा संबंधीचा, लौकक, ऐहिक | belonging to the world, worldly material. |
| **सांस्कृतिक** | वि. | संस्कृति से संबंध रखनेवाला या उसके क्षेत्र में आनेवाला । | सांस्कृतिक, संस्कृतिविषयक संस्कृती संबंधित | cultural. |
| **सा (स्त्री. सी)** | अव्य. | सदृश, समान, जैसा । | सारखा, सदृश | like, as. |
| **साइत** | स्त्री. | 1. पल, क्षण, लमहा; 2. मुहूर्त । | क्षण, पळ; मुहूर्त | moment; omen. |
| **साई** | स्त्री. | दे. 'साई' । | 'साई' पाहा | same as **'साई'** |
| **साईस** | पुं. | घोड़े की देखभाल करनेवाला, नौकर । | मोतद्दार | groom, horse-keeper. |
| **साकार** | वि. | 1. आकारयुक्त, मूर्त; | साकार, आकार असलेला; | possessed of form or shape; |
| | | 2. बात या योजना जिसे क्रियात्मक रूप प्राप्त हुआ हो । | मूर्तिमान्, प्रत्यक्ष अमलात आणलेला | implemented (scheme, etc.). |
| **साकी** | पुं. | शराब पिलानेवाला | दारू पाजणारा | cup-bearer. |
| **साक्षर** | वि. | पढ़ा-लिखा, शिक्षित । | साक्षर झालेला, शिक्षित, लिहिणारा-वाचणारा | literate. |
| **साक्षरता** | स्त्री. | पढ़े-लिखे होने का भाव । | साक्षरता | literacy. |
| **साक्षात** | क्रि. वि. | 1. आंखों के सामने, प्रत्यक्ष; 2. शरीरधारी व्यक्ति के रूप में । | साक्षात्, प्रत्यक्ष, डोळ्यांसमोर; मूर्तिमान | before the eyes, in sight (of); visible in person. |
| **साक्षात्कार** | पुं. | 1. सामने आना या होना, प्रत्यक्ष उपस्थित होना; | समोरासमोर उभे राहणे; | being face to face; |
| | | 2. प्रत्यक्ष रूप में होनेवाली भेंट, मुलाकात । | प्रत्यक्ष रुपात होणारी भेट | interview. |
| **साक्षी** | स्त्री. | गवाही, गवाह का बयान । | साक्ष, साक्षीदाराची –जबानी | evidence. |
| | पुं. | प्रत्यक्षदर्शी, अपनी आंखों से देखनेवाला । | साक्षीदार | eye-witness. |

17—9/CHD/ND/99

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| साक्ष्य | पुं. | आंखों से देखी हुई घटना का कथन, गवाही । | साक्ष | testimony, evidence. |
| साक्ष्यंकन | पुं. | किसी पत्र,हस्ताक्षर आदि के संबंध में साक्षी के रूप में यह लिखवाना कि यह ठीक है, प्रमाणीकरण । | साक्ष नमूद करण्याची क्रिया | attestation. |
| साख | स्त्री. | लेनदेन संबंधी प्रतिष्ठा । | साख, पत | credit. |
| साग | पुं. | कुछ विशिष्ट प्रकार के पौधों की वे पत्तियां जो तरकारी की तरह खाई जाती हैं, शाक, भाजी । | पालेभाजी | vegetable greens. |
| सागर | पुं. | समुद्र । | सागर, समुद्र | ocean, sea. |
| सागूदाना (साबूदाना) | पुं. | सागू के तने के अन्दर का भाग पीसकर बनाया हुआ दाना । | साबूदाणा | sago. |
| सागौन (सागवान) | पुं. | एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत सुन्दर तथा मजबूत होती है । | सागवान | teak tree. |
| साग्रह | वि. | आग्रहपूर्वक । | आग्रह पूर्वक– आग्रहासहित असलेला | with pertinacity persistent. |
| साज | पुं. | 1. गाने के साथ बजाये जानेवाले बाजे;<br>2. घोड़े की सवारी के लिये तैयार करने या सजाने का सामान । | साथीचे वाद्य;<br>घोड्याचा साज (जिन, रिकाबी, लगाम इ.) | musical instruments;<br>harness. |
| साजन | पुं. | 1. पति, स्वामी;<br>2. प्रेमी । | पती;<br>प्रियकर | husband;<br>lover, paramour. |
| साज-सामान | पुं. | सामग्री, उपकरण, असबाब। | सामान सुमान | material, apparatus, luggage. |
| साजिंदा | पुं. | साज बजानेवाला। | बजवय्या, गवयाची वाद्याने साथ करणारे वादक | player of musical instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| साजिश | पुं. | अपराधमय कार्य में गुप्त सहयोग, षड्यंत्र । | गुन्हेगारीच्या कामी केलेला कट, कारस्थान | conspiracy, intrigue. |
| साझा | पुं | 1. हिस्सेदारी; 2. पत्ती । | भागीदारी; पाती, भाग | partnership; share (in a company etc.). |
| साझी | पुं. | शरीक होनेवाला, हिस्सेदार । | भागीदार, हिस्सेदार, पातीदार | partner. |
| साझेदार | पुं. | दे. 'साझी' । | भागीदार | see 'साझी'. |
| साटना | स. क्रि. | 1. मिलाना, जोड़ना; 2. चिपकाना । | जोडणे, एकत्र करणे; चिकटविणे | to combine, to join, to unite; to stick, to paste. |
| साठ | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो । | साठ, साठाचा आंकडा | sixty. |
| साड़ी | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने की धोती । | साडी (स्त्रियांची), | a kind of dress worn by women. |
| साढू | पुं. | सम्बन्ध के विचार से पत्नी की बहन का पति । | साडे | wife's sister's husband. |
| साढ़े | वि. | आधे के साथ । | सात | together with (qa's) half. |
| सात | वि. | जो गिनती में पांच और दो हो । | साताचा आंकडा | seven. |
| सातवां | वि. | क्रम या गिनती में सात के स्थान पर पड़नेवाला. । | सातवा | seventh. |
| सात्विक | वि. | सत्वगुणयुक्त, सत्वगुणप्रधान, सत्वगुणसंबंधी । | सात्विक | endowed with the Sattva guna, pertaining to that quality. |
| साथ | पुं. | वह अवस्था जिसमें दो या अधिक वस्तुएं एक दूसरे के निकट स्थित हों । | साथ, संगत, सोबत | company, accompaniment, with. |
| साथी | पुं. | वह जो साथ रहता हो, मित्र, दोस्त । | साथी, सहकारी, सोबती | companion, comrade, friend. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सादगी | स्त्री. | 1. सरलता, भोलापन, व्यवहार की सिधाई; | सीधेपणा, सरळपणा; | openness; |
| | | 2. खान-पान, रहन-सहन आदि में आडंबर, कृत्रिमता आदि का अभाव । | साधेपणा | simplicity of living, etc. |
| सादर | क्रि. वि. | आदरपूर्वक, इज्जत से । | सादर | with respect, respectfully. |
| सादा | वि. | 1. खालिस, बेमेल; | निवळ, अस्मल, शुद्ध; | pure, unmixed; |
| | | 2. जिसमें किसी तरह की उलझन, पेंच की बात या बनावट न हो; | साधा; | plain; |
| | | 3. जो छलकपट से रहित हो, सीधा, भोला; | सीधा, निष्कपट, सरळ; | simple, guileless; |
| | | 4. जिस पर किसी तरह के बेलबूटे सजावट आदि का काम न हो । | वर वेलबुट्टी किंवा भरतकाम इ. नसलेले (कपडा) | without any painting or ornament etc. |
| सादृश्य | पुं. | समानता, तुल्यता, बराबरी । | सादृश्य, सारखेपणा, समानता | similarity, likeness, equality. |
| साध | स्त्री. | ऐसी अभिलाषा जो बहुत समय से मन में हो और जिसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति उत्कंठित हो । | कामना, तीव्रइच्छा, लालसा | wish, desire. |
| साधक | वि., पुं. | 1. साधना करनेवाला, किसी प्रकार की साधना में लगा हुआ; | साधना करणारा; | accomplisher, practiser, |
| | | 2. सहायता देनेवाला । | साध्य करून देणारा सहायक | helping. |
| साधन | पुं. | 1. किसी कार्य का आरंभ करके उसे सिद्ध या पूरा करना; | सिद्धी, उद्देशपूर्ती; | accomplishment, completion; |
| | | 2. कोई वस्तु तैयार करने का सामान, सामग्री; | सामग्री; | materials; |
| | | 3. कोई कार्य पूरा करने में सहायता देनेवाली वस्तु या वस्तुएं, उपकरण । | उपकरण | means, instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| साधना | स्त्री. | ऐसी आराधना तथा उपासना जो विशेष कष्ट सहन करते हुए बहुत दिनों तक करनी पड़ती हो । | उपासना, तपश्चर्या | penance. |
| साधर्म्य | पुं. | समान धर्म से युक्त होने की अवस्था या भाव, समान-धर्मता, तुल्यधर्मता । | साधर्म्य, गुण समान असण्याची स्थिती | being of the same quality etc. |
| साधारण | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | सामान्य, मामूली; | ordinary; |
| | | 2. जो सब जगह पाया जाता या होता हो, आम; | सर्वसाधारण, सर्वसामान्य, सार्वत्रिक असा; | general, common; |
| | | 3. सहज, सुगम, सरल । | सोपा, सरळ | simple, plain. |
| साधारणत: | क्रि. वि. | आमतौर पर, प्राय: । | सर्वसामान्यपणे, साधारणत: | generally, often. |
| साधु | वि., पुं. | 1. बढ़िया, उत्तम; | साधु, छान, उत्तम; | good, excellent; |
| | | 2. संत, महात्मा, मुनि; | साधू, सन्त, महात्मा; | saint, sage; |
| | | 3. सज्जन, भला आदमी । | सज्जन, भला-माणूस | gentleman. |
| साधुवाद | पुं. | प्रशंसा करना, शाबाशी देना । | प्रशंसा, वाहवा बोलणे | approbation. |
| साध्य | वि. | 1. जो सिद्ध या पूरा किया जा सके; | साधावयाचा असलेला; | to be accomplished or to be attained; |
| | | 2. प्रमाणित करने योग्य; | सिद्ध करावयाचा असा; | to be proved; |
| | | 3. (रोग) जो चिकित्सा के द्वारा दूर किया जा सकता हो । | बरा करण्याजोगा (रोग इ.) | curable. |
| साध्वी | वि. | 1. भली तथा शुद्ध आचरण-वाली; | साधु आचरणाची, सदाचरणी; | good and virtuous (woman). |
| | | 2. पतिपरायण, पतिव्रता । | पतिव्रता | faithful (wife). |
| सान | स्त्री. | पत्थर की वह चक्की जिस पर कैंची आदि की धार तेज की जाती है । | सहाण, धार करण्याचा दगड | whetstone. |
| सानना | स. क्रि. | 1. किसी चूर्ण आदि को तरल पदार्थ में मिलाकर गीला करना, गूंदना; | मळणे (कणीक, पीठ इ.); | to knead, to mash, to wet up (as flour, dough, larth etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी को दोषी या उत्तरदायी ठहराने के उद्देश्य से कोई काम ऐसा करना जिसमें वह औरों को अपराध या दोष में सम्मिलित जान पड़े, शरीक करना । | अडकविणे, गुंतविणे | to implicate. |
| सानन्द | वि. | आनन्दयुक्त, प्रसन्न । | सानंद, आनंदयुक्त | happy, delighted. |
| सानी | वि. | 1. जोड़ का, बराबरी का, तुल्य, समान; | बरोबरीचा, जोडीचा, तुल्य, समान; | match, equal; |
| | | 2. दूसरा । | दुसरा | second. |
| सान्निध्य | पुं. | निकटता, समीपता । | सान्निध्य, जवळ असण्याची स्थिती | nearness, proximity. |
| सापेक्ष | वि. | जो किसी की अपेक्षा रखता हो, जो दूसरे पर अवलंबित हो । | सापेक्ष, तुलनात्मक, (कशाशी तरी संबंध) | relative. |
| साप्ताहिक | वि. | 1. सप्ताह संबंधी; | साप्ताहिक, सप्ताह विषयक, सप्ताहाचा; | relating to a week; |
| | | 2. सात दिनों तक चलनेवाला; | सप्ताहभर चालणारा; | continuing for a week; |
| | | 3. हर सातवें दिन होनेवाला । | दर सातव्या दिवशी होणारा | weekly. |
| साफ | वि. | 1. जिसमें मैल न हो, स्वच्छ, निर्मल; | स्वच्छ, निर्मळ; | clean, clear; |
| | | 2. जिसमें किसी प्रकार का छल कपट न हो; | निष्पाप, निष्कपट; | innocent, sincere; |
| | | 3. जिसमें किसी प्रकार का भ्रम या संदेह न रह गया हो; | स्पष्ट, निःसंदिग्ध; | clear; |
| | | 4. जिसका तल ऊबड़-खाबड़ न हो । | सपाट, समतल | level. |
| साफा | पुं. | सिरपर बांधने की पगड़ी । | साफा, फेटा | turban. |
| साफी | स्त्री. | 1. हाथ में रखने का रुमाल, दस्ती; | हातरुमाल; | handkerchief; |
| | | 2. पोंछने के काम आनेवाले कपड़े का टुकड़ा; | पुसण्याचे, झटकण्याचे फडके; | duster, wiper; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपड़े का टुकड़ा जो छानने के काम आए; | गाळण्याचे फडके; | piece of cloth through which liquids etc. are filtered; |
| | | 4. वह कपड़ा जिसकी सहायता से बरतन चूल्हे पर से उतारा जाता है । | गरम भांडे उचलण्याचे फडके | piece of cloth with which a kettle or a pot is lifted off the fire. |
| **साबित** | वि. | सबूत द्वारा सिद्ध किया हुआ, प्रमाणित । | पुराव्यानिशी प्रमाणित, सिद्ध-केलेला | proved. |
| **साबुत** | वि. | जो सम्पूर्ण इकाई के रूप में हो, समूचा । | अखंड, अभंग, शाबूत, न फुटलेला | complete. |
| **साबुन** | पुं. | सोडा, तेल आदि के योग से बना हुआ एक प्रसिद्ध पदार्थ जिससे शरीर के अंग और कपड़े आदि साफ किए जाते हैं । | साबण | soap. |
| **साबूदाना (सागूदाना)** | पुं. | दे. 'सागूदाना' । | साबूदाणा | see 'सागूदाना'. |
| **साभिप्राय** | वि. | 1. अभिप्राय से युक्त;<br>2. जिसका कोई विशिष्ट प्रयोजन या हेतु हो । | साभिप्राय, विशिष्ट उद्दिष्ट धरलेला;<br>हेतु विशिष्ट | having a distinct aim or purpose;<br>intentional. |
| **सामंजस्य** | पुं. | वह स्थिति जिसमें परस्पर किसी प्रकार की विपरीतता या विषमता न हो, संगति । | सामंजस्य, संगती, मेळ | adjustment, consistency. |
| **सामंत** | पुं. | राजा के अधीन रहनेवाला बड़ा सरदार । | सामत, सरदार, मांडलिक | feudatory prince, chieftain. |
| **सामंतवाद** | पुं. | यह सिद्धान्त कि राजनीतिक और सामाजिक आदि क्षेत्रों में सामंततंत्र ही अधिक उपयोगी सिद्ध होता है । | सरदारशाही, सरंजामशाही | feudalism. |
| **सामंती** | वि. | सामंत से संबंधित, सामंत का । | सामंताचा, सरंजामा चा | feudal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सामग्री | स्त्री. | 1. आवश्यक वस्तुओं का समूह, सामान, माल-असबाब; | सामग्री, सामान; | material, baggage, article; |
| | | 2. किसी उत्पादन आदि के सहायक अंग या तत्व, उपकरण । | उपकरणे | material, implements or apparatus. |
| सामना | पुं. | 1. किसी के समक्ष होने की अवस्था या भाव; | समक्ष-समोर (असण्याची स्थिती); | facing, front. |
| | | 2. भेंट, मुलाकात; | भेट; | meeting; |
| | | 3. भिड़ंत, मुठभेड़ । | सामना, विरोध | confrontation, encounter. |
| सामने | क्रि. वि. | 1. आगे, समक्ष; | च्या पुढे; | in front of; |
| | | 2. मुकाबले में; | विरुद्ध; | opposite; |
| | | 3. जिस ओर मुंह हो सीधे उसी ओर । | समोर, नाका समोर | before. |
| सामयिक | वि. | 1. समयोचित, समय के विचार से उपयुक्त; | कालोचित; | seasonable, timely, opportune; |
| | | 2. ठीक समय पर होनेवाला; | ठरलेल्या वेळेवर होणारा; | punctual; |
| | | 3. वर्तमान समय का । | सांप्रतचा, वर्तमानकाळचा | contemporary. |
| सामरिक | वि. | समर संबंधी, युद्ध का । | समर/युद्ध/विषयक | belonging to war or battle, martial. |
| सामर्थ्य | स्त्री. | 1. कोई कार्य करने की योग्यता और शक्ति; | सामर्थ्य, समर्थता, कुवत; | capability, capacity; |
| | | 2. शब्द की अर्थ शक्ति, शब्द की वह शक्ति जिसमें वह भाव प्रकट करता है । | शब्दशक्ती | force of words. |
| सामाजिक | वि. | समाज से संबंध रखनेवाला । | सामाजिक | social. |
| सामान | पुं. | 1. किसी कार्य के लिए आवश्यक साधनरूप वस्तुएं, सामग्री; | सामान, सामग्री; | material, accessories; |
| | | 2. असबाब । | सामानसुमान | luggage, baggage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | सामान्य, साधारण, मामूली, महत्व किंवा वैशिष्टय नसलेला; | ordinary; |
| | | 2. अनेक से संबंध रखनेवाला या बहुतों में पाया जानेवाला, सार्वजनिक, आम; | सर्वसामान्य; | common; |
| | | 3. जो अपनी साधारण अवस्था, स्थिति आदि में हो, विशेष घटा बढ़ा न हो । | नित्य स्थितीतील, नित्याचा | normal. |
| सामासिक | वि. | 1. समाससंबंधी, समास का; | सामाजिक, सभासासंबंधीचा; | relating to or belonging to a compound; |
| | | 2. लघु या संक्षिप्त किया हुआ । | संक्षिप्त | concised, brief. |
| सामिष | वि. | मांस युक्त (भोजन) । | मांसाचा, मांस असलेला (पदार्थ इ.) | non-vegetarian (food). |
| सामुदायिक | वि. | समुदाय संबंधी, समुदाय का । | सामुदायिक | belonging to or of a community. |
| सामूहिक | वि. | समूह से संबंध रखनेवाला । | सामूहिक, सर्वांचा मिळून, समूहात्मक | collective. |
| साम्य | पुं. | 1. समानता; | साम्य, समानता; | equality, likeness; |
| | | 2. सादृश्य । | सादृश्य, सारखेपणा | similarity. |
| साम्यवाद | पुं. | मार्क्स द्वारा प्रतिपादित एक सिद्धान्त जिसका उद्देश्य ऐसे वर्गहीन समाज की स्थापना है जिसमें संपत्ति पर समाज का समान अधिकार हो और व्यक्ति से शक्तिभर काम लेकर उसकी समस्त आवश्यकताएं पूरी की जाएं । | साम्यवाद | communism. |
| साम्राज्य | पुं. | वे अनेक राष्ट्र या देश जिन पर कोई एक शासनसत्ता राज्य करती हो, सार्वभौम राज्य । | साम्राज्य | empire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| साम्राज्यवाद | पुं. | वह सिद्वान्त जिसमें यह माना जाता है कि किसी देश को अपने अधिकृत क्षेत्रों में वृद्धि करते हुए अपने साम्राज्य का बराबर विस्तार करते रहना चाहिए । | साम्राज्यवाद | imperialism. |
| सायंकाल | पुं. | दिन का अंतिम भाग, शाम, संध्या । | सायं/संध्या/काळ | evening. |
| सायबान | पुं. | कमरे आदि के आगे बनाई जानेवाली टीन आदि की छाजन । | खोलीपुढे सावलीकरिता घातलेले छपरासारखे आच्छादन | sunshade. |
| साया | पुं. | 1. छाया, छांह, परछाई; 2. ऐसा संपर्क या संबंध जो किसी को अपने अधीन रखते हुए उसे अपने गुण, प्रभाव आदि से युक्त करता हो ; | छाया, सावली; प्रभाव (संगतीचा होणारा); | shade, shadow; influence (of company); |
| | | 3. घाघरे की तरह का एक पहनावा जो प्राय: पाश्चात्य देशों की स्त्रियां पहनती हैं । | परकराचा एक पाश्चात्य प्रकार | skirt. |
| सारंग | पुं. | 1. चितकबरा रंग; | चित्रविचित्र रंग; | variegated colour; |
| | | 2. भौंरा, भ्रमर; | भुंगा; | large bee; |
| | | 3. कोयल; | कोकीळ; | cuckoo; |
| | | 4. मृग, हिरन । | हरीण | deer. |
| सारंगी | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध तंत्र-वाद्‌य । | सारंगी, एक तंतुवाद्य | kind of stringed instrument like violin. |
| सार | पुं. | 1. मूल भाग, सत; | सार, सत्व, अर्क; | substance, essence; |
| | | 2. गूदा; | गाभा; | soft or choicest part of a fruit; |
| | | 3. तात्पर्य या निष्कर्ष, सारांश । | सारांश, तात्पर्य | abstract, summary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सारगर्भित | वि. | जिसमें सार या तत्व भरा हो, तत्वपूर्ण । | सारपूर्ण, तत्वयुक्त | substantial, having essence or meaning. |
| सारणी | स्त्री. | आजकल कोई ऐसा कागज या फलक जिसमें बहुत से खाने होते हैं तथा जिनमें किसी विशेष प्रकार के अध्ययन गणना आदि के लिए कुछ अंक, शब्द आदि लिखे होते हैं । | कोष्टक | table of figures. |
| सारथी | पुं. | रथ चलानेवाला, सूत । | सारथी | charioteer. |
| सारस | पुं. | हंस की जाति का एक लंबी टांगोंवाला पक्षी । | सारस पक्षी | crane. |
| सारांश | पुं. | 1. सार, निचोड़; | सारांश, सार, तात्पर्य; | substance, essence; |
| | | 2. तात्पर्य, मतलब; | आशय, मतलब; | meaning; |
| | | 3. परिणाम, नतीजा, उपसंहार । | निष्कर्ष, परिणाम | conclusion. |
| सारा | वि. | 1. जितना हो वह सब, कुल; | सारा, सर्व, एकूण एक; | all, the whole; |
| | | 2. आदि से अंत तक जितना हो वह सब, पूरा, समग्र । | आदीपासून अंतापर्यंत, समग्र | beginning to an end, complete, entire. |
| सारिका | स्त्री. | मैना नामक पक्षी । | सारिका, मैना | a kind of bird, Gracula religiosa. |
| सार्थक | वि. | 1. (शब्द या पद) जिसका कुछ अर्थ हो, अर्थवान्; | अर्थ असलेला, अर्थवाही; | meaningful; |
| | | 2. उपयोगी तथा लाभप्रद । | महत्वयुक्त, उपयुक्त व लाभदायी | significant. |
| सार्थकता | स्त्री. | 1. उपयोगिता; | उपयुक्तता; | utility; |
| | | 2. महत्व । | महत्व | importance. |
| सार्वजनिक | वि. | सबसे संबंध रखनेवाला, समानरूप से सब लोगों के काम आनेवाला । | सार्वजनिक | public, universal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सार्वभौम | वि. | सम्पूर्ण भूमि से संबंध रखनेवाला, सब देशों से संबंध रखनेवाला । | सार्वभौम, सगळ्या भूमीशी, प्रदेशाशी किंवा सर्व देशांशी संबंध असणारा | relating to or consisting of the whole earth or all the countries. |
| साल | पुं. | 1. वर्ष, बारह महीने का काल; | साल, वर्ष; | year; |
| | | 2. एक प्रकार का वृक्ष । | सालवृक्ष | name of a tree. |
| सालगिरह | स्त्री. | वर्षगांठ, जन्मदिन । | जन्म-वाढ-दिवस | anniversary, birthday. |
| सालना | स. क्रि. | कष्ट देना, चुभाना । | दुःख देणे, टोचणे | to cause pain, to pierce or to prick. |
| साला (स्त्री. साली) | पुं. | पत्नी का भाई । | श्यालक, पत्नीचा भाऊ, मेहुणा (पत्नींची बहीण) | wife's brother, brother-in-law. |
| सालाना | वि. | हर साल होनेवाला, वार्षिक | सालिना, वार्षिक | yearly, annual. |
| सावधान | वि. | सचेत, सतर्क, खबरदार । | सावधान, सावध, तत्पर | cautious, alert, diligent. |
| सावधानी | स्त्री. | सतर्कता, होशियारी । | सावधानी-तत्परता, सावधपणा | alertness, diligence. |
| सावन | पुं. | आषाढ़ के बाद और भाद्रपद से पूर्व का महीना । | श्रावणमास | fourth Hindu month. |
| साष्टांग | वि. | आठों अंगों से युक्त । | साष्टांग | with eight parts of the body. |
| सास | स्त्री. | पत्नी या पति की माता । | सासू | mother-in-law. |
| साहचर्य | पुं. | साथ रहना, साथ, संगति । | साहचर्य, संगती | association, company. |
| साहब | पुं. | 1. मालिक, स्वामी; 2. आदरणीय व्यक्तियों के नाम या पेशे के साथ प्रयुक्त किया जानेवाला संबोधन | मालक, स्वामी, धनी; आदरपूर्ण एक संबोधन, महाशय | master, lord; title of courtesy, Mr., Sir. |
| साहस | पुं. | किसी असाधारण कार्य में दृढ़तापूर्वक प्रवृत्त होने की वृत्ति, हिम्मत । | साहस, धाडस, हिंमत | boldness, daring, courage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| साहसिक | वि. | 1. साहससंबंधी, साहस का; | साहसिक, साहसाची, धाडसाचा; | daring, courageous; |
| | | 2. हिम्मतवर, दिलेर, निर्भीक । | धैर्यवान, निडर, निर्भीक | bold. |
| साहसी | वि. | जिसमें साहस हो, हिम्मतवर । | साहसी, धाडसी, हिंमतीचा | bold, courageous. |
| साहाय्य | पुं. | सहायता, मदद । | साहाय्य, मदत | assistance, help. |
| साहित्य | पुं. | 1. गद्यात्मक या पद्यात्मक रचना, लिपिबद्ध विचार, ज्ञान आदि; | साहित्य, साहित्यिक रचना (गद्यात्मक-पद्यात्मक); | literary composition; |
| | | 2. वाङ्‌मय; | वाङ्मय; | literature; |
| | | 3. काव्यशास्त्र । | काव्यशास्त्र | poetics. |
| साहित्यकार | पुं. | साहित्य की रचना करनेवाला । | साहित्यकार, लेखक या कवी | one who composes literature, writer. |
| साहित्यिक | वि. | साहित्य से संबंध रखनेवाला अथवा उसके अनुरूप होनेवाला, साहित्य का ज्ञाता अथवा साहित्य की रचना करना जिसका पेशा हो । | साहित्यिक (रचना, व्यक्ती) | literary (composition and person both). |
| साहु | पुं. | 1. महाजन;<br>2. बनियों का आदरपूर्ण संबोधन । | सावकार;<br>व्यापाऱ्याचे आदरपूर्ण संबोधन | a banker;<br>title of a trader. |
| साहूकार | पुं. | बड़ा व्यापारी, धनाढ्य, महाजन । | सावकार, बडा शेठ | wealthy trader or banker. |
| साहूकारी | स्त्री. | साहूकार का काम, महाजनी । | सावकारी, व्याजबट्टयाचा धंदा | banking business. |
| सिंगार (शृंगार) | पुं. | सजधज, सजावट । | शृंगार (स्त्रियांचा) | decoration of body by women. |
| सिंगारदान | पु. | शृंगार की सामग्री रखने का छोटा संदूक । | शृंगाराच्या साधनांची छोटी पेटी | dressing-case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सिंघाड़ा | पुं. | 1. पानी में पैदा होनेवाला एक तिकोना फल; | शिंगाडा; | the water-chestnut; |
| | | 2. सिंघाड़े के आकार का एक पकवान । | शिंगाड्याच्या आकाराचे एक पक्वान्न | a kind of pastery. |
| सिंचाई | स्त्री. | 1. पानी छिड़कने का काम या भाव, आबपाशी; | पाणी पाटातून पुरविण्याची क्रिया; | irrigation; |
| | | 2. सींचने के काम का पारिश्रमिक । | त्याची मजुरी | wages paid for the work of irrigation. |
| सिंदूर | पुं. | एक प्रकार का लाल चूर्ण जिससे स्त्रियां मांग भरती हैं । | शेंदूर | red lead, vermilion. |
| सिंदूरी | वि. | सिंदूर के रंग का । | शेंदरी | of vermilion colour. |
| सिंह | पुं. | 1. बिल्ली की जाति का एक प्रसिद्ध हिंसक जंतु, शेर; | सिंह; | lion; |
| | | 2. बारह राशियों में से एक । | बारा राशी पैकी एक रास | the sign of Leo of the zodiac. |
| सिंहद्वार | पुं. | प्रासाद आदि का प्रधान द्वार, सदर दरवाजा । | राजवाड्याचे प्रमुखद्वार, महाद्वार | main entrance to a palace. |
| सिंहनाद | पुं. | 1. सिंह का गर्जन; | सिंहनाद, सिंहाची गर्जना; | lion's roar; |
| | | 2. युद्ध आदि के समय गरज कर की जानेवाली ललकार; | युद्धघोष; | war cry, war whoop; |
| | | 3. जोर देकर कोई बात कहना । | जोराने एखादी गोष्ट सांगणे | a confident assertion. |
| सिंहावलोकन | पुं. | संक्षेप में पिछली बातों का दिग्दर्शन या वर्णन, बीती हुई बातों का स्वरूप जानने पर बतलाने के लिए उन पर दृष्टिपात करना । | सिंहावलोकन | retrospection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सिंहासन | पुं. | राजाओं के बैठने या देवमूर्तियों की स्थापना के लिए बना हुआ एक विशेष प्रकार का आसन जो चौकी के आकार का होता है तथा जिसके दोनों ओर शेर के मुंह की आकृति बनी होती है । | सिंहासन | a throne. |
| सिकुड़न | स्त्री. | 1. सिकुड़ने की क्रिया, संकोच, वह स्थिति जिसमें कोई वस्तु पहले की अपेक्षा कम जगह घेरती है; | आखडण्याची क्रिया, आकुंचन; | contraction, shrinking; |
| | | 2. किसी वस्तु के सिकुड़ने के कारण उसके तल या विस्तार में पड़नेवाला बल, शिकन । | सुरकुती | wrinkle, shrink. |
| सिकुड़ना | अ. क्रि. | 1. संकुचित होना, सिमटना; | आखडणे, आक्रसणे, संकोचणे; | to contract, to shrink; |
| | | 2. शिकन पड़ना । | सुरकुती पडणे | to wrinkle. |
| सिकोड़ना | स. क्रि. | संकुचित करना, समेटना । | आखडते घेणे, संकुचित करणे | to contract, to compress, to brace up. |
| सिक्का | पुं. | 1. निर्दिष्ट मूल्य का वह धातुखंड जो किसी राजकीय टकसाल में ढला हो तथा पदार्थों के क्रय-विक्रय में विनिमय के साधन के रूप में काम आता हो; | नाणे; | coin; |
| | | 2. किसी व्यक्ति का ऐसा प्रभाव या प्रभुत्व जिसके आगे सभी लोग दबते हों । | दबदबा, दरारा | influence, awe. |
| सिक्त | वि. | सिंचित, भीगा हुआ, तर । | भिजलेला, ओलाचिंब | soaked, wet, moistured. |
| सिखाना | स. क्रि. | शिक्षा देना, पढ़ाना, बतलाना । | शिकविणे, पाठ देणे | to teach, instruct. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सिझाना | स. क्रि. | 1. आंच पर पकाकर गलाना | शिजविणे; | to boil; |
| | | 2. खाल को विशिष्ट प्रक्रियाओं से पक्का और मुलायम करना । | (कातडे) कमावणे, पक्के करणे | to tan. |
| सिटपिटाना | अ. क्रि. | प्राय: असमंजस में पड़ने के कारण और किसी के प्रश्न का तत्काल ठीक या स्पष्ट उत्तर न दे सकने की दशा में कुछ लज्जित होकर इधर-उधर करने लगना । | गडबडून जाणे | to be confounded, to be stupefied. |
| सिट्टी | स्त्री. | बढ़चढ़ कर बातें करना, वाचालता । | वाचाळपणा | talkativeness. |
| सिड़ | पुं. | झड, सनक, खब्त, धुन, पागलपन का एक हल्का रूप जिसमें व्यक्ति हठपूर्वक कोई काम करता है और समझाने पर भी नहीं मानता । | विक्षिप्तपणा, चक्रमपणा, लहरीपणा | craze, whim, eccentricity. |
| सिड़ी | वि. | झक्की, सनकी । | विक्षिप्त, चक्रम, लहरी | crazy, whimsical, eccentric. |
| सितार | पुं. | एक प्रसिद्ध तंत्रवाद्य या वाद्ययंत्र । | सतार | a kind of guitar. |
| सितारा | पुं. | 1. तारा, नक्षत्र; | तारा; | star; |
| | | 2. भाग्य; | भाग्य; | fortune, fate, destiny; |
| | | 3. सोने-चांदी के पत्तरों के गोलाकार छोटे टुकड़े जो कपड़ों आदि में शोभा के लिए लगाए जाते हैं । | कापडावर शिवलेल्या सोन्या चांदीच्या टिकल्या | starlets of gold or silver sewn on cloth for decoration. |
| सिद्ध | वि. | 1. अच्छी तरह पूरा किया हुआ; | सिद्ध, चांगल्या रीतीने पूर्ण केलेला; | accomplished. |
| | | 2. जिसने किसी काम में पूरी दक्षता प्राप्त की हो; | यशस्वी, नैपुण्य प्राप्त झालेला; | successful; |
| | | 3. जिसने योग की सिद्धियां प्राप्त कर ली हों; | योग साध्य झालेला; | accomplished in Yoga. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. तर्क द्वारा प्रमाणित; | तर्काने योग्य ठरणारा; | validated, substantiated; |
| | | 5. आग पर रखकर उबाला या पकाया हुआ । | अग्नीवर शिजविलेला वा भाजलेला | cooked or dressed on fire. |
| सिद्धसंप्रदाय | पुं. | साधुओं का एक संप्रदाय विशेष । | योगी पंथीयांचा—एक संप्रदाय | a particular sect of mendicants. |
| सिद्धसाहित्य | पुं. | हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल में सिद्ध संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा रचित साहित्य । | सिद्ध संप्रदायी लोकांनी रचलेले प्राचीन हिन्दी साहित्य | early Hindi literature composed by mendicants. |
| सिद्धहस्त | वि. | जिसका हाथ किसी काम में मंजा हो, दक्ष, कार्यकुशल । | सिद्धहस्त, पटाईत, कुशल, निपुण | skilled. |
| सिद्धान्त | पुं. | 1. पूर्व पक्ष के खंडन के बाद सिद्ध मत; | सिद्धान्त, प्रमाणभूत ठरलेलेमान; | established truth; |
| | | 2. निश्चित मत जिसे सत्य के रूप में ग्रहण किया जाए, उसूल; | तत्व; | principle; |
| | | 3. कला, विज्ञान आदि के संबंध में ऐसी कोई मूल बात जो किसी विद्वान द्वारा प्रतिपादित हो और जिसे बहुत-से लोग ठीक मानते हों; | अनुभवांनी वा प्रयोगांती काढलेला निष्कर्ष; | theory; |
| | | 4. कोई ऐसा ग्रंथ जिसमें उक्त प्रकार की बातें या मत निरूपित हों । | अशा निष्कर्षाची चर्चा करणारा प्रबंध | treatise on a system of some science or art. |
| सिद्धि | स्त्री. | 1. किसी कार्य या उद्देश्य का पूरा होना; | कार्यपुर्ती; | accomplishment, fulfilment; |
| | | 2. ऐसी विशिष्ट क्षमता या योग्यता जो प्रयत्न से प्राप्त हुई हो; | एखाद्या विषयाचे पूर्ण ज्ञान वा त्यावरील प्रभुत्व | complete mastery or knowledge of some subject; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. तपस्या, तंत्रिक उपासना द्वारा साधक को प्राप्त हुई विशेष प्रकार की अलौकिक शक्ति । | योगादि साधनांमुळे प्राप्त होणारी अलौकिक चमत्कारपूर्ण-शक्ती | the acquisition of supernatural powers by magical means or through the performance of certain mystical processes. |
| सिधारना | अ. क्रि. | 1. जाना, प्रस्थान करना; | निघणे, बाहेर पडणे; | to set out, to go, to depart; |
| | | 2. परलोकवासी होना, मर जाना । | मरणे, परलोकची वाट धरणे | to die. |
| सिनकना (छिनकना) | स. क्रि. | अन्दर से जोर की वायु निकालते हुए नाक का मल बाहर करना । | शिंकरणे | to blow the nose. |
| सिपाही | पुं. | 1. फौजी आदमी, सैनिक, योद्धा; | शिपाई, सैनिक, जवान; | soldier; |
| | | 2. पुलिस विभाग में साधारण कर्मचारी जो पहरे आदि का काम करता है । | पोलीस | police-man. |
| सिफत | स्त्री. | गुण, विशेषता । | गुण, स्वभाव, विशेषता | a quality, attribute, property. |
| सिफारिश | स्त्री. | किसी का कोई काम कराने के लिए दूसरे से कहना, किसी के गुण, योग्यता आदि का परिचय देने वाली ऐसी बात जो किसी ऐसे दूसरे व्यक्ति से कही जाए जो उस पहले व्यक्ति का कोई उपकार कर सकता हो । | शिफारस | recommendation. |
| सिफारिशी | वि. | 1. सिफारिश संबंधी; | शिफारसी विषयक, शिफारसस्वरुपाचा; | recommendatory; |
| | | 2. जो सिफारिश के द्वारा हुआ हो । | शिफारस होऊन आलेला | of recommendation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सिमटना | अ. क्रि. | 1. दूर तक फैली या बिखरी हुई वस्तु का खिचकर थोड़े विस्तार या स्थान में आना, सिकुड़ना, संकुचित होना; | आवरले जाणे, आखडले जाणे, आक्रसणे; | to be collected; |
| | | 2. काम पूरा या समाप्त होना । | (काम) संपणे, समाप्त होणे | to be wound up. |
| सियार | पुं. | गीदड़, श्रृगाल । | कोल्हा | jackal. |
| सियासत | स्त्री. | राजनीति । | राजनीति, राजकारण | politics. |
| सियासी | वि. | राजनीतिक । | राजकीय | political. |
| सिर | पुं. | 1. मनुष्य तथा अन्य पशुओं का गरदन के ऊपर का भाग, कपाल, खोपड़ी; | शिर, डोक, कवटी; | head, skull; |
| | | 2. किसी वस्तु का ऊपर का हिस्सा । | वरचा माथा, वरचा भाग | top, highest part or point. |
| सिरका | पुं. | धूप में सड़ाकर खमीर उठाया हुआ अंगूर, जामुन, ईख आदि का रस । | शिरका, खंमीर, आसव | vinegar. |
| सिरकी | स्त्री. | 1. सरकंडा, सरहरी; | बोरु; | reed-grass; |
| | | 2. सरकंडे की बनी हुई टट्टी या चटाई । | बोरुची वा त्यासारख्या गवताची बनविलेली चटई | curtain or mat made of this reed. |
| सिरनामा | पुं. | 1. पत्र के आरंभ में पत्र पानेवाले का नाम, उपाधि, अभिवादन आदि; | पत्रारंभीचा मायना; | salutation (in a letter); |
| | | 2. पानेवाले का नाम और पता जो पत्र या लिफाफे के ऊपर लिखा जाता है । | पत्रावरचा पत्ता | address (on a letter). |
| सिरहाना । | पुं. | 1. खाट का वह हिस्सा जिधर सर रहता है; | उशाकडील बाजू; | head (of a bedstead); |
| | | 2. तकिया जिसे सिर के नीचे रखते हैं । | उशी | pillow. |
| सिरा | पुं. | 1. किसी वस्तु का शीर्ष भाग; | वस्तूचे वरचे टोक, वरचा भाग; | top or head of a thing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी लम्बी वस्तु के दोनों छोरों में से हर एक । | लांबट वस्तूच्या दोन शेवटांपैकी एक | each of the two ends of a thing. |
| सिराना | स. क्रि. | 1. ठंडा करना; | थंड करणे; | to make cold, to cool; |
| | | 2. पानी में डुबाना; | बुडविणे; | to sink; |
| | | 3. खत्म करना । | संपविणे | to finish. |
| सिर्फ | वि. | बस, इतना ही या यही और कुछ नहीं । | एकुलता, एकमात्र, निव्वळ एक | only, sheer, mere. |
| सिल | स्त्री. | 1. पत्थर की शिला, चट्टान; | शिळा; | a slab; |
| | | 2. मसाला आदि पीसने की पत्थर की चौकोर पटिया । | पाटा | flat stone or slab on which condiments etc. are ground 'with a muller. |
| सिलना | अ. क्रि. | सिलाई होना, सिया जाना । | शिवले जाणे | to be sewn. |
| सिलबट्टा | पुं. | सिल और लोढ़िया । | पाटा-वरवंटा | slab and muller. |
| सिलवट | स्त्री. | शिकन, सिकुड़न । | सुरकुती | crease, rumple. |
| सिलवाना | स. क्रि. | सीने का काम कराना । | शिवून घेणे, शिवायला लावणे | to cause to be sewn or stitched. |
| सिलसिला | पुं. | 1. एक के बाद एक करके चलता रहनेवाला क्रम; | क्रम, साखळी, मालिका; | succession, chain, series; |
| | | 2. ठीक तरह से लगा हुआ क्रम । | व्यवस्था | arrangement. |
| सिलसिलेवार | क्रि. वि. | क्रम का ध्यान रखते हुए, क्रमिक रूप से । | क्रमानुबद्ध रीतीने, क्रमिक स्वरुपात | in line or series, seriatim. |
| | वि. | सिलसिले या क्रम से लगा हुआ । | क्रमबद्ध, व्यवस्थित लागलेला | systematic. |
| सिलाई | स्त्री. | 1. सीने की क्रिया, ढंग या भाव; | शिलाई, शिवणकाम; | sewing; |
| | | 2. सीने पर दिखाई पड़नेवाले टांके; | शिवण्याचे पडलेले टाके; | seam; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. सीने के बदले में मिलने-वाली मजदूरी । | शिवणाची मजुरी | price paid for sewing. |
| सिलाना | स. क्रि. | दे. 'सिलवाना'। | शिवून घेणे, शिवायला लावणे | see 'सिलवाना'. |
| सिल्ली | स्त्री. | 1. एक विशेष प्रकार के पत्थर का छोटा टुकड़ा जिसपर रगड़ कर नाई उस्तरे को तेज करते हैं; | धारेचा दगड; | whet stone; |
| | | 2. उक्त आकार का सोने या चांदी का खंड । | सोन्या-चांदीची चीप | solid piece of gold or silver. |
| सिवाय | अव्य. | जो है या हो, उसको छोड़कर । | शिवाय, खेरीज | except. |
| सिवार (सेवार, सेवाल) | पुं. | एक जलीय पौधा, शैवाल । | शेवाळे | the aquatic plant **vallisneria octandra**. |
| सिसकना | अ. क्रि. | इस प्रकार धीरे-धीरे रोना कि नाक और मुंह से सी-सी की ध्वनि निकले । | स्फुंदणे | to sob. |
| सिसकारना | अ. क्रि. | मुँह से सीटी की सी आवाज निकालना । | तोंडाने शीळ घालणे, स्स:'' असा आवाज काढणे, सुस्कारणे | to hiss. |
| सिसकारी | स्त्री. | मुंह से निकली हुई सीटी की सी आवाज । | तोंडातून काढलेली शीळ सारखा आवाज, सुस्कारा | hissing sound. |
| सिसकी | स्त्री. | 1. सिसकने की क्रिया या भाव; | स्फुंद, हुंदका; | sobbing, sob; |
| | | 2. सिसकारी । | सुस्कारा | hissing sound. |
| सिहरन | स्त्री. | सिहरने की क्रिया, कंपन । | थरथर, कंपन, हुडहुडी | trembling, shuddering. |
| सिहरना | अ. क्रि. | 1. शीत आदि के कारण कांपना; | काकडणे; | to shiver; |
| | | 2. भयभीत होना, दहल जाना । | भयभीत होणे, थरकाप होणे | to quake or to tremble (with fear). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सींक | स्त्री. | 1. किसी वनस्पति का लंबा पतला डंठल, लंबा तिनका; | गवताची काडी; | shoot of the grass; |
| | | 2. नाक में पहनने का कील या लोंग नाम का गहना । | नाकातील चमकी | an ornament for nose. |
| सींकिया | वि. | सींक-सा पतला । | काडीमारखा बारीक, हाडकळा. | stick-like thin. |
| सींग | पुं. | वे कठोर नुकीले, लंबे अवयव जो खुरवाले पशुओं के सिरपर दोनों ओर निकलते हैं । | शिंग (वाार्जावण्याचे) | a horn. |
| सींचना | स. क्रि. | 1. खेत में पानी देना, पेड़-पौधों को पानी देना, आबपाशी करना; | पाणी, देणे (झाडांना इ.); | to irrigate, to water; |
| | | 2. तर करना, भिगोना। | भिजविणे, ओला करणे | to moisture. |
| सीकर | पुं. | 1. पानी की बूंदे, जलकण; 2. पसीने की बूंदे । | तुषार (पाण्याचा); घामाचा थेंब | drop of water; drop of sweat. |
| सीख | स्त्री. | 1. शिक्षा , तालीम; | शिकवणी (विद्यार्थ्यांची); | instruction, tuition; |
| | | 2. परामर्श, सलाह; 3. लोहे की छड़ । | उपदेश, बोध, सल्ला; लोखंडी गज | advice, counsel; iron rod. |
| सीखचा | पुं. | लोहे की पतली लंबी छड़ जो खिड़कियों आदि में रोक के लिए लगायी जाती है । | (खिडकीत इ. बर्सावनान तो) लोखंडी गज | small iron rod as fixed in windows etc. |
| सीखना | स. क्रि. | किसी विषय या कला का ज्ञान प्राप्त करना, पढ़ना । | शिकणे, विद्या/कला/ज्ञान मिळविणे | to acquire knowledge, to learn. |
| सीझना | अ. क्रि. | 1. आग पर पकना या गलना; | शिजणे, उष्णतेने मऊ होणे; | to boil, to become soft or to sodden (by boiling); |
| | | 2. शारीरिक कष्ट सहना, दु:ख भोगना । | कष्ट भोगणे, झिजणे | to bear physical pains. |
| सीटी | स्त्री. | 1. दोनों होठों को सिकोड़कर बीच से हवा निकालने से पैदा होनेवाली आवाज; | शीळ (तोंडाची); | whistling sound through mouth; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार का छोटा उपकरण या बाजा जिसे मुंह से बजाने से उक्त प्रकार की ध्वनि निकलती है । | ।शटी | whistle. |
| **सीठा** | वि. | बिना रस या स्वाद का, नीरस, फीका । | बेचव | tasteless, insipid. |
| **सीढ़ी** | स्त्री. | ऊंचे स्थान पर पहुँचने के लिए बना हुआ पत्थर, लकड़ी, लोहे आदि के डंडों या पायों का सिलसिला, जीना, निसैनी । | शिडी; जिना | stair-case, ladder. |
| **सीताफल** | पुं. | 1. कुम्हड़ा; | कोहळा; | a kind of vegetable; |
| | | 2. शरीफा । | सीताफळ | the custard apple. |
| **सीत्कार** | पुं. | सी-सी की ध्वनि । | "स्स" असा तोंडाचा आवाज | hissing sound. |
| **सीध** | स्त्री. | 1. ठीक सामने होने की स्थिति; | बरोबर पुढ्यात असण्याची स्थिती; | state of being in front of; |
| | | 2. सीधे होने की अवस्था, गुण या भाव । | सरळपणा | straightness, directness. |
| **सीधा** | वि. | 1. जिसमें टेढ़ापन या घुमाव न हो; | सरळ; | straight; |
| | | 2. जिसमें छल-कपट न हो; | प्रामाणिक, निष्कपट; | honest, fair; |
| | | 3. अनुकूल और लाभदायक; | अनुकूल असणारा; | favourable; |
| | | 4. सरल और सुगम, आसान; | सुगम, सोपा; | simple, easy; |
| | | 5. दाहिना, दक्षिण । | उजवा, दक्षिण | right (hand). |
| **सीधा-सादा** | वि. | भोलाभाला, सरल स्वभाव । | सरळ स्वभावाचा, भोळाभाबडा | simple, artless, etc. |
| **सीधे** | क्रि. वि. | 1. बिना इधर-उधर घूमे य मुड़े हुए; | सरळ, नाकासमोर· | straight; |
| | | 2. बिना कहीं ठहरे या रुके हुए; | थेट; | non-stop; |
| | | 3. नरमी या शिष्ट व्यवहार में । | सभ्यपणे | gentlemanly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सीना | पुं. | छाती, वक्षस्थल । | छांती, ऊर | breast, chest. |
| | स. क्रि. | 1. सूई-धागे आदि की सहायता से कपड़े आदि के टुकड़ों को साथ-साथ जोड़ना; | शिवणे, टाके घालणे; | to stitch; |
| | | 2. सिलाई करना । | शिलाई करणे | to sew. |
| सीनाजोरी | स्त्री. | जबरदस्ती, धींगा-मस्ती । | धिंगामस्ती, बळजोरी | use of violence or force, oppression, harassing. |
| सीपी (सीप) | स्त्री. | घोंघे-शंख आदि की जाति का एक जलचर प्राणी जो किश्तीनुमा दोहरे खोल के भीतर रहता है और तालाब, झील, समुद्र आदि में रहता है । | शिंप, शिंपला | oyster-shell. |
| सीमांकन | पुं. | अधिकार-क्षेत्र आदि की सीमा निर्धारित या निश्चित करना । | सीमा-हद्द-मर्यादा बांधण्याची क्रिया | limitation. |
| सीमांत | पुं. | 1. वह स्थान जहां किसी सीमा का अंत होता है, सरहद; | सरहद्द; | boundary-line, border, frontier-line; |
| | | 2. सीमावर्ती प्रदेश । | सीमेवरचा प्रदेश | border area. |
| सीमा | स्त्री. | 1. हद, सरहद; | सीमा, हद्द; | boundary, frontier; |
| | | 2. वह अंतिम स्थान जहां तक कोई बात हो सकती हो या होनी उचित हो, नियम या मर्यादा की हद । | मर्यादा | limit, extremity. |
| सीमाबद्ध | वि. | जिसकी सीमा निश्चित कर दी गई हो । | सीमांनी बांधलेला, निश्चित सीमा झालेला | bounded, limited |
| सीमाशुल्क | पुं. | वह कर जो किसी राज्य की सीमा पर कुछ विशिष्ट पदार्थों के आयात-निर्यात के समय लिया जाता है । | जकात, आयातीचा कर | customs duty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सीर | स्त्री. | 1. वह जमीन जिसकी उपज कई हिस्सेदारों में बंटती हो; | अनेक वाटेकऱ्यात विभागेली त्या जमीनीची उपज; | land the produce of which is divided amongst many partners; |
| | | 2. हिस्सेदारी, साझेदारी । | वाटा ठेवणे, भागीदारी | partnership. |
| सील (सीलन) | स्त्री. | जमीन की नमी । | जमिनीतील ओलावा | dampness, moisture (of land). |
| सीला | वि. | नम, जिसमें सील हो । | ओला, दमट | wet, damp, moist. |
| सीवन | स्त्री. | सीने के कारण पड़े हुए टांके, सिलाई के जोड़ । | शिवण | sewing, stitching, seam. |
| सीसा | पुं. | मटमैले रंग की एक मूल धातु जो अपेक्षाकृत बहुत भारी होती है । | शिसे | lead, black lead. |
| सुंघनी | स्त्री. | तम्बाकू के पत्ते का बारीक चूर्ण जिसे लोग सूंघते हैं, नास । | तपकीर | snuff prepared of tobacco leaves. |
| सुंघाना | स. क्रि. | किसी की नाक के पास कोई वस्तु इस उद्देश्य से लगाना कि वह उसकी गंध ग्रहण करे । | हुंगायला लावणे | to cause to smell, to make one smell. |
| सुंदर | वि. | जो आंखों को अच्छा लगे, खूबसूरत । | सुंदर, मनोहर, आकर्षक, रमणीय, देखणा, रुपवान | handsome, beautiful, charming, lovely. |
| सुंदरता | स्त्री. | सौंदर्य, खूबसूरती । | सौंदर्य | beauty, handsomeness. |
| सुंदरी | वि., स्त्री. | सुन्दर रूपवाली स्त्री, रूपवती, अच्छी सूरत शक्लवाली । | रुपवती स्त्री | a beautiful woman, a beauty. |
| सुंबी | स्त्री. | लोहा काटने की छेनी । | छन्नी | chisel. |
| सुआ | पुं. | 1. बड़ी सूई;<br>2. तोता, शुक । | मोठी सुई, दाभण;<br>पोपट | big needle;<br>parrot. |
| सुई (सूई) | स्त्री. | 1. लोहे का बारीक नोकदार तार जिसके सिरे पर के छेद में तागा डालकर कपड़ा सीते हैं; | सुई; | needle; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विशेष परिमाण, अंक, दिशा आदि का सूचक,सूए के आकार का छिद्ररहित कांटा; | घड्याळातला काटा; | hand (of a watch); |
| | | 3. चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जिसकी सहायता से तरल दवा शरीर की रगों में पहुंचाई जाती है । | पिचकारीची सुई | syringe. |
| सुकड़ना | अ. क्रि. | सिमटना, फैलाव का घटना । | आक्रसणे, आखडणे | to contract, to shrink. |
| सुकर | वि. | सरल, आसान, जो सहज में किया जा सके । | सुकर, सोपा, सहज करता येण्याजोगा | simple, easy. |
| सुकुमार | वि. | बहुत नाजुक, कोमल अंगोंवाला । | सुकुमार, कोवळा | very soft or tender. |
| सुकृत | वि. | जो अच्छे ढंग से किया गया हो । | चांगल्या रीतीने केलेला | well-done. |
| | पुं. | पुण्य, सत्कर्म । | सुकृत, पुण्य, सत्कर्म | good deed. |
| सुख | पुं. | वह अनुभूति जो तन, मन को भाए, चैन, आराम । | सुख, आनंद, आराम | pleasure, joy, comfort, solace, relief. |
| सुखद | वि. | सुख देनेवाला, आरामदेह । | सुखद, सुखदायी, आरामशीर | pleasant, comfortable. |
| सुखदायक | वि. | दे. 'सुखद' । | सुखदायक, सुखद | see 'सुखद' |
| सुखशान्ति | स्त्री. | सुख-चैन । | सुखसमाधान | happiness and. comfort. |
| सुखान्त | वि. | जिसका अंत, परिणाम सुखमय हो । | सुखांत | ending in happiness. |
| सुखाना | स. क्रि. | तरी, गीलापन दूर करना, गीली वस्तु को खुश्क करना । | सुकविणे, वाळविणे | to dry, to dry up. |
| सुखी | वि. | जिसे सुख की अनुभूति हो रही हो, जिसे सुख प्राप्त हो । | सुखी, आनंदी | pleased, happy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सुगंध | स्त्री. | अच्छी गंध, खुशबू, प्रिय महक । | सुगंध | good or pleasant smell, perfume, fragrance. |
| सुगंधि | स्त्री. | दे. 'सुगंध' । | सुगंध | same as 'सुगंध' |
| सुगंधित | वि. | सुगंध से युक्त, खुशबूदार । | सुगंधित, सुवासिक | perfumed, sweet smelling, fragrant. |
| सुगम | वि. | 1. सहज में आने या पाने योग्य; | जाण्याला/पोचण्याला/सोपा, सहज; | easy of access or approach; |
| | | 2. आसान, सरल । | सोपा | easy. |
| सुघटित | वि. | जिसका गठन सुन्दर हो, सुडौल । | सुडौल, सुरेख बांध्याचा | well-constituted, well-built. |
| सुघड़ | वि. | 1. जिसकी बनावट सुन्दर हो, सुडौल; | घडण चांगली असलेला; | well-formed, well-made; |
| | | 2. कुशल, निपुण, होशियार । | कुशल, निपुण | skilled, efficient. |
| सुघड़ाई | स्त्री. | 1. सुघड़पन, सुन्दरता; | डौलदारपणा, सौष्ठव; | state of being well-formed, prettiness, beauty; |
| | | 2. कुशलता, निपुणता । | नैपुण्य, कुशलता | skilfulness. |
| सुचारू | वि. | अति सुन्दर, मनोहर, बहुत खूबसूरत । | अतिशय मनोहर, -सुंदर | very lovely or beautiful. |
| सुजान | वि. | 1. समझदार, चतुर; | सुजाण, समजूतदार, हुशार; | intelligent, clever; |
| | | 2. कुशल, निपुण, प्रवीण; | पटाईत, कुशल, निपुण; | skilful, accomplished; |
| | | 3. सज्जन । | सज्जन | gentleman. |
| सुझाना | स. क्रि. | 1. किसी के ध्यान में कोई नई बात लाना, नई तरकीब बताना; | पाहायला लावणे, लक्षात आणून देणे; | to cause to perceive; |
| | | 2. सुझाव के रूप में किसी के सामने कोई नई बात रखना । | सुचविणे | to suggest, to propose. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सुझाव | पुं. | वह नई बात जो किसी को सुझाई गई हो या जिसकी ओर ध्यान आकृष्ट किया गया हो । | सुझाव, सूचका, प्रस्ताव | suggestion, proposal. |
| सुड़कना | स. क्रि. | 1. किसी तरल पदार्थ को नाक की राह से सांस के साथ भीतर खींचना; | नाकातून द्रव पदार्थ ओढून पोटात घेणे; | to drink through nose; |
| | | 2. पी जाना, उदरस्थ करना । | गटकणे, पिऊन टाकणे | to gulp. |
| सुडौल | वि. | सुन्दर डीलडौल या आकारवाला । | सुडौल, डौलदार, सुरेख बांध्याचा, रेखीव | well-formed, well-shaped. |
| सुत | पुं. | पुत्र, आत्मज, बेटा । | सुत, मुलगा, पुत्र | son. |
| सुतली | स्त्री. | रुई, सन या पटसन के रेशों को बटकर बनाई हुई डोरी, रस्सी । | सुतळी | thin rope. |
| सुता | स्त्री. | पुत्री, बेटी । | सुता, पुत्री, कन्या, मुलगी | daughter. |
| सुतारी | स्त्री. | 1. जूता सीने का सूआ; 2. बढ़ईगिरी । | पायताण शिवण्याची सुई; सुतारी | bodkin, awl; carpentry. |
| सुथना | पुं. | पाजामा । | पायजमा | loose pyjama. |
| सुथनी | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने का एक प्रकार का ढीला पाजामा । | स्त्रियांचा ढिला पायजमा | same as 'सुथनी' (esp. applied to those worn by women). |
| सुथरा | वि. | स्वच्छ, निर्मल, साफ । | साफ, स्वच्छ, नीटनेटका | tidy, clean, neat. |
| सुदर्शन | वि. | जो देखने में अच्छा और भला लगे, सुन्दर । | सुदर्शन, दिसायला आकर्षक | good-looking, beautiful, handsome, pleasing. |
| सुदी | स्त्री. | चान्द्रमास का शुक्ल पक्ष । | शुद्ध (पक्ष) | light half of the lunar month. |
| सुदूर | वि. | बहुत दूर, अति दूर । | अतिदूरचा, दूरवरचा | very distant or remote. |
| सुदृढ़ | वि. | खूब मजबूत । | सुदृढ़, मजबूत, भक्कम | very firm or strong. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सुध (सुधि) | स्त्री. | 1. होश, सचेतनता; | शुद्ध (द्धी), चेतना, भान; | consciousness, senses; |
| | | 2. स्मृति, याद । | स्मरण, सुध; | memory, remembrance. |
| सुध-बुध | स्त्री. | 1. होश हवास, चेत; | सुध-बुध, शुद्धी, भान; | consciousness, sense; |
| | | 2. याद । | स्मरण | memory. |
| सुधरना | अ. क्रि. | 1. त्रुटि, दोष आदि का दूर होना, बिगड़े हुए का बनना; | सुधरणे, दुरुस्त होणे, बिघाड नाहीसा होणे; | to be rectified, be corrected, to be set right, to be mended, to be repaired; |
| | | 2. अच्छे आचरणों की ओर प्रवृत्त होना । | सत्प्रवृत्त होणे | to be reformed, to be improved. |
| सुधांशु | पुं. | 1. चन्द्रमा; | सुधांशु, चन्द्र; | the moon; |
| | | 2. कपूर । | कापूर | camphor. |
| सुधा | स्त्री. | 1. अमृत, पीयूष; | सुधा, अमृत; | nectar; |
| | | 2. चूना, सफेदी । | चुना, सफेती | white-wash. |
| सुधार | पुं. | 1. दोष दूर करने या होने का भाव; | सुधार, सुधारणा, दुरुस्ती; | reform, improvement, repair; |
| | | 2. वह काट-छांट या संशोधन जो किसी रचना को अच्छा रूप देने के लिए किया जाता है । | काटछाट, संशोधन | modification, amendment. |
| सुधारक | पुं. | 1. सुधार करनेवाला, दोषों को दूर करनेवाला; | सुधारक, दुरुस्त करणारा; | one who corrects or amends, repairer; |
| | | 2. धार्मिक या सामाजिक सुधार के लिए प्रयत्न करनेवाला । | समाजसुधारक | reformer. |
| सुधारना | स. क्रि. | दोष या त्रुटि दूर करना, दुरुस्त करना । | सुधारणे, सुधारणा करणे, दुरुस्ती करणे | to reform, to improve, to mend, to repair. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सुनना | स. क्रि. | 1. श्रवणेन्द्रिय से शब्द ग्रहण करना, कानों से आवाज मालूम करना; | ऐकणे, श्रवण करणे; | to hear, to listen; |
| | | 2. ध्यान देना; | लक्ष देणे; | to heed, attend to; |
| | | 3. बुरा-भला सहना, फटकारा जाना । | ऐकून घेणे, भलेबुरे सहन करणे | to bear abuse, to be abused. |
| सुनवाई | स्त्री. | 1. सुनने की क्रिया या भाव; | ऐकण्याची क्रिया; | the act of hearing; |
| | | 2. मुकदमे या फरियाद का सुना जाना । | ऐकणे, श्रवण | hearing. |
| सुनसान | वि. | निर्जन, जनशून्य, वीरान । | ओसाड, निर्जन, वैराण | lonely, deserted, desolate. |
| सुनहरा (सुनहला) | वि. | 1. सोने के रंग का; | सोनेरी, सोनेरी रंगाचा; | gold-coloured; |
| | | 2. सोने का बना हुआ । | सोन्याचा बनविलेला | of gold, golden. |
| सुनाना | स. क्रि. | 1. दूसरों को सुनने में प्रवृत्त करना; | ऐकविणे, ऐकायाला लावणे; | to cause to hear; |
| | | 2. किसी के सामने या किसी को संबोधित करके कुछ कहना; | उद्देशून बोलणे,-सांगणे; | to relate, to recite, to pronounce; |
| | | 3. खरीखोटी कहना, फटकारना । | खरडपट्टी काढणे, निर्भत्सना करणे | to rebuke, to chide. |
| सुनार | पुं. | सोने-चांदी के आभूषण बनानेवाला, स्वर्णकार । | सोनार | goldsmith. |
| सुन्न | वि. | संवेदनरहित, स्पंदन-हीन । | निर्जीव, बधिर | benumbed, etherised. |
| सुपथ्य | पुं. | ऐसा आहार या भोजन जो रोगी के लिए हितकर हो, अच्छा पथ्य । | पथ्यकर, पथ्याचा | salubrious diet. |
| सुपात्र | पुं. | कोई अधिकारी तथा योग्य व्यक्ति । | पात्र/लायक/अधिकारी व्यक्ती | a very fit or worthy person, a deserving person. |
| सुपारी | स्त्री. | 1. नारियल की जाति का एक पेड़; | सुपारीचे झाड, पोफळ; | Areca catechu; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त वृक्ष का फल जो छोटी कड़ी गोलियों के रूप में होता है तथा यों ही अथवा पान के साथ खाया जाता है; | सुपारी; | arecanut, betal-nut. |
| | | 3. शिश्न का अग्रभाग । | पुरुषजननेंद्रियाचा अग्रभाग, मणी | glans of penis. |
| **सुपुत्र** | पुं. | अच्छा सुशील और योग्य पुत्र । | चांगला मुलगा | a good or excellent son. |
| **सुपुर्द** | वि. | किसी को सौंपा हुआ, हवाले किया हुआ । | सुपूर्द, सोपविलेला, स्वाधीन केलेला | entrusted, committed, charged (with). |
| **सुपुर्दगी** | स्त्री. | सौंपने की क्रिया या भाव । | सोपविण्याची-स्वाधीन करण्याची क्रिया | charge, care, delivery. |
| **सुप्त** | वि. | 1. निद्रित, सोया हुआ; | सुप्त, निद्रिस्त, झोपलेला; | sleeping, asleep; |
| | | 2. मुंदा हुआ, संकुचित; | मिटलेला, झाकलेला; | closed (as a flower); |
| | | 3. जो अन्दर वर्तमान होते हुए भी कुछ कारणों से दबा हुआ हो और सक्रिय न हो । | सक्रिय नसलेला, दबून राहिलेला | latent, dormant. |
| **सुप्रसिद्ध** | वि. | बहुत मशहूर । | सुप्रसिद्ध | well-known. |
| **सुबह** | स्त्री. | सवेरा, भोर, प्रातःकाल । | प्रातः काळ, सकाळ | dawn, day-break, morning. |
| **सुबुद्धि** | वि. | अच्छी बुद्धिवाला, बुद्धिमान् । | सुबुद्ध, चांगला जाणता, समजदार | of good understanding, intelligent, wise. |
| | स्त्री. | अच्छी और उत्तम बुद्धि । | चांगली बुद्धी, समजूतदारपणा | good understanding, wisdom |
| **सुबोध** | वि. | (विषय) जो सहज में समझ में आ जाए, सरल और बोधगम्य । | सुबोध, सहज समजण्याजोगा | intelligible, easy. |
| | पुं. | अच्छा बोध या ज्ञान । | चांगला बोध | good knowledge or intelligence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सुभग | वि. | 1. सुन्दर;<br>2. भाग्यवान् । | संुदर, मनोहर, रमणीय;<br>भाग्यवान | beautiful, lovely, charming;<br>possessing good fortune. |
| सुभाषित | पुं. | सुन्दर रूप में कथित उक्ति, सूक्ति । | सुभाषित, सूक्ती | a maxim, quotable saying. |
| सुभिक्ष | पुं. | वह काल जब देश में अन्न की बहुतायत हो । | उत्तम पीक आलेली स्थिती, समृद्धी | period of abundant food. |
| सुभीता | पुं. | 1. आसानी;<br>2. आराम । | सोय, सवलत;<br>आराम | convenience;<br>comfort, ease. |
| सुमन | पुं. | पुष्प, फूल । | सुमन, फूल | flower. |
| सुमरनी | स्त्री. | जाप करने की छोटी माला । | जपमाळ, स्मरणी | a small rosary. |
| सुयश | पुं. | अच्छा यश, कीर्ति । | सुयश, प्रख्याती, कीर्ती | good repute, fame,renown. |
| सुयोग | पुं. | बढ़िया मौका, अनुकूल अवसर । | सुयोग, चांगला योगायोग, चांगली संधी | a favourable juncture, good opportunity. |
| सुरंग | स्त्री. | 1. जमीन खोदकर उसके नीचे बनाया हुआ रास्ता;<br>2. जमीन या समुद्र में रखा जानेवाला बारूद का एक प्रकार का गोला जिसका स्पर्श होने पर विस्फोट होता है और व्यक्ति या जहाज नष्ट हो जाता है । | बोगदा;<br>सुरुंग | a tunnel;<br>a mine. |
| सुर (स्वर) | पुं. | गले, बाजे आदि से निकलने वाला स्वर । | सूर, स्वर | tone, tune, note (in music). |
| सुरक्षा | स्त्री. | सम्यक्, समुचित रक्षा । | संरक्षण, सर्व बाजूनी बचाव | security. |
| सुरक्षित | वि. | भलीभांति, अच्छी तरह रक्षित । | सुरक्षित | well-protected, carefully gaurded. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सुरत | पुं. | रतिक्रीड़ा, संभोग, मैथुन । | रतिक्रीडा, संभोग | sexual union or intercourse, coition. |
| सुरभि | स्त्री. | 1. सुगंध, खुशबू; | सुगंध, सुवास; | fragrance, perfume; |
| | | 2. कामधेनु । | कामधेनू | a fabulous cow (the cow of plenty). |
| सुरभित | स्त्री. | सुगंधित, सुवासित । | सुगंधीत, सुवासिक केलेला | perfumed, scented. |
| सुरमा | पुं. | एक खनिज पदार्थ जिसका बारीक चूर्ण आंखों में अंजन की तरह लगाया जाता है । | सुरमा, डोळ्यात घालण्याचे एक औषधी काजळ | antimony collyrium (of antimony or lead ore), antimony. |
| सुरमादानी | स्त्री. | सुरमा रखने की डिबिया । | सुरमा ठेवण्याची डबी | a box or receptacle for surma, collyrium receptacle. |
| सुरम्य | वि. | अति रमणीय, मनोहर । | सुरम्य, रमणीय, आकर्षक | charming, attractive, beautiful. |
| सुरा | स्त्री. | मदिरा, शराब । | दारू, मदिरा | liquor, wine. |
| सुराग | पुं. | किसी गुप्त अपराध या रहस्य का वह सूत्र जिससे उसका ठीक पता चल सके | पत्ता, माग, सुगावर | trace, clue. |
| सुराही | स्त्री. | जल आदि रखने का एक प्रसिद्ध मिट्टी का पात्र जिसका नीचे का भाग लोटे की तरह गोल और ऊपर का भाग लम्बे चोंगे या नल की तरह होता है । | सुरई | long-necked waterpot, flagon. |
| सुरीला | वि. | मधुर स्वरवाला । | सुरेल, नादमधुर | melodious, sweet. |
| सुरुचि | स्त्री. | अच्छी और परिष्कृत रुचि । | चांगली/सुसंस्कृत रुची | refined taste, good taste. |
| सुर्ख | वि. | रक्तवर्ण, लाल । | लाल, तांबड्या रंगाचा | red, ruddy. |

19—9/CHD/ND/99

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सुर्खी (सुरखी)** | स्त्री. | 1. लाली, ललाई; | लाली; | redness; |
| | | 2. लेखों आदि का शीर्षक; | मथळा, शीर्षक; | headline; |
| | | 3. ईंटों का चूरा जो ईंटों की जुड़ाई और फर्श बनाने के काम आता है; | विटांचा चुरा; | brick-dust; |
| | | 4. होठों पर लगाई जानेवाली लाली। | ओठ रंगविण्याचा लाल रंग | lipstick. |
| **सुलक्षणा** | स्त्री. | अच्छे लक्षणोंवाली स्त्री। | चांगल्या लक्षणाची/सुलक्षणी स्त्री | lady having auspicious characteristics. |
| **सुलगना** | अ. क्रि. | इस प्रकार जलना कि उसमें से लपट न निकले बल्कि धुंआ निकले। | धुमसणे, पेट घेणे | to smoulder, to begin to burn. |
| **सुलगाना** | स. क्रि. | 1. ऐसा प्रयास करना जिससे कोई वस्तु सुलगने लगे; | पेटविणे; | to kindle, to ignite, to burn; |
| | | 2. भड़काना, झगड़ा उकसाना। | भडकविणे, चिथावणे | to incite, to rouse. |
| **सुलझना** | अ. क्रि. | किसी समस्या अथवा उलझी हुई डोर आदि की पेचीदगी का दूर होना। | सुटणे, पेच, पीळ-दूर होणे | to be disentangled, to be solved. |
| **सुलझाना** | स. क्रि. | किसी समस्या अथवा उलझी हुई डोर आदि की पेचीदगी को दूर करना। | सोडविणे, पेच/पीळ दूर करणे | to solve, to set right, to disentangle. |
| **सुलफा** | पुं. | 1. चरस; | चरस; | intoxicating drug; |
| | | 2. तम्बाकू की चिलम भरने का वह प्रकार जिसमें मिट्टी के तवे का प्रयोग नहीं होता है। | चिलमीवर खापरी न ठेवता तंबाकू भरणे | tobacco smoked in an earthen pipe without placing a tile in the pipe. |
| **सुलभ** | वि. | जो आसानी से मिल जाए, जिसे प्राप्त करने में विशेष कठिनाई न हो। | सुलभ, सहज मिळण्याजोगा | easily available, handy. |
| **सुलह** | स्त्री. | 1. दो राष्ट्रों में युद्ध के बाद होनेवाला मेल, संधि; | तह, संधी; | truce, treaty; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. लड़ाई या झगड़े के बाद किया जानेवाला समझौता । | तडजोड | reconciliation, compromise. |
| सुलहनामा | पुं. | वह कागज जिसमें सुलह की शर्तें लिखी गई हों, राजीनामा, संधिपत्र । | तहनामा | treaty of peace, deed of compromise. |
| सुलाना | स. क्रि. | किसी को सोने में प्रवृत्त करना । | झोपविणे | to cause to sleep, to lull. |
| सुलेख | पुं. | अच्छा या उत्तम लेख, सुन्दर लेख । | चांगला लेख | good handwriting. |
| सुवर्ण | पुं. | सोना नामक धातु, स्वर्ण । | सुवर्ण, सोन | gold. |
| सुवास | स्त्री. | अच्छी महक, खुशबू, सुगंध । | सुवास, सुगंध | sweet smell, fragrance. |
| सुवासित | वि. | सुवासयुक्त, सुगंधित । | सुवास दिलेला, सुवासित केलेला, सुगंधपणा | well-scented or perfumed. |
| सुविचारित | वि. | अच्छी तरह सोचा-समझा हुआ । | चांगल्या रीतीने विचार केलेला | well-considered. |
| सुविधा | स्त्री. | दे. 'सुभीता' । | सुखसोय | see 'सुभीता'. |
| सुशील | वि. | जिसका शील (प्रवृत्ति तथा स्वभाव अच्छा हो, सज्जन तथा सदाचारी । | सुशील, सुस्वभावी | good natured, good tempered. |
| सुश्री | स्त्री. | आजकल स्त्रियों के नाम के पूर्व आदरसूचनार्थ लगाया जानेवाला शब्द, सुंदर, अच्छी श्री से युक्त । | स्त्रीच्या मागे आदरार्थी लावले जाणारे विशेषण | an honorific word prefixed to the name of a woman. |
| सुषमा | स्त्री. | परम शोभा, अति सुन्दरता । | परमशोभा, पराकाष्ठेचे सौंदर्य | exquisite beauty, splendour. |
| सुषुप्त | वि. | 1. गहरी नींद में सोया हुआ; 2. (गुण या तत्व) जो निष्क्रिय अवस्था में किसी वस्तु में स्थित हो । | गाढ झोपलेला; सुप्त | fast asleep; dormant. |
| सुषुप्तावस्था | स्त्री. | प्रगाढ़ नींद की अवस्था । | सुषुप्तावस्था, गाढ निद्रावस्था | state of deep sleep. |

| हिंदी शब्द | व्या. को | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सुषुप्ति | स्त्री. | 1. गहरी नींद; | सुषुप्ती, गाढ निद्रा; | deep or profound sleep; |
| | | 2. वेदान्त के अनुसार जीवन की अज्ञानावस्था । | जीवाची गाढ अज्ञानावस्था | spiritual ignorance. |
| सुसंगति | स्त्री. | अच्छा संग-साथ, सत्संग । | सुसंगती | good company, association or companionship of the good. |
| सुसंस्कृत | वि. | 1. सुन्दर संस्कारों से युक्त; | सुसंकृत, चांगल्या संस्कारांनी युक्त; | well-cultured; |
| | | 2. भलीभांति संस्कार किया हुआ । | संभ्य शिष्ट-वळणाचा | refined. |
| सुसज्जित | वि. | भलीभांति सजा या सजाया हुआ । | चांगली सज्जता असलेला | well-equipped. |
| सुस्त | वि. | 1. जिसकी तीव्रता या प्रबलता कम हो गई हो, जिसकी गति या वेग मंद हो गया हो; | सुस्त, आळशी; | slow; |
| | | 2. जिसे कोई काम करने पर कोई बात समझने में उचित से अधिक समय लगता हो; | जड, बुद्धिजड; | dull, lazy, slack, idle; |
| | | 3. उदास, उत्साहरहित । | निरुत्साही, निष्क्रिय | depressed, spiritless. |
| सुस्ताना | अ. क्रि. | थकावट दूर करना, थोड़ी देर के लिए आराम करना । | जरा हातपाय लांब करणे, शरीर ढिले सोडणे, आरामघेणे | to take repose, to relax, to rest. |
| सुस्ती | स्त्री. | सुस्त होने की अवस्था या भाव । | सुस्ती | dullness, indolence, idleness, laziness slowness. |
| सुस्वादु | वि. | बहुत जायकेदार, अत्यन्त स्वादयुक्त । | स्वादिष्ट, रुचिकर | delicious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सुहाग** | पुं. | 1. विवाहिता स्त्री की वह स्थिति जिसमें उसका पति जीवित हो, सौभाग्य; | सौभाग्य; | the happy state of a wife when her husband is alive, good fortune; |
| | | 2. विवाह के समय कन्यापक्ष में गाये जानेवाले मांगलिक गीत । | विवाह प्रसंगी गायिले जाणरे गाणे | a kind of marriage song. |
| **सुहागा** | पुं. | एक क्षार द्रव्य जो सोना गलाने और दवा के काम आता है । | टाकणखार | borax. |
| **सुहागिन (सुहागिनी)** | स्त्री. | वह स्त्री जिसका पति जीवित हो, सधवा । | सौभाग्यवती | a woman whose husband is alive. |
| **सुहाना** | अ. क्रि. | 1. भला लगना, पसन्द आना भाना; | आवडणे, रूचणे, बरेवाटणे; | to be pleasing, to be agreeable, to appeal; |
| | | 2. शोभित होना । | सुरेख दिसणे, शोभून दिसणे | to look charming. |
| **सुहावना (सुहाना)** | वि. | सुन्दर, भला लगनेवाला । | शोभिवंत, सुंदर | pleasant, beautiful, charming. |
| **सुहृद** | पुं. | मित्र । | सूहृदय, मित्र | friend. |
| **सूंघना** | स. क्रि. | 1. नाक से गंध ग्रहण करना, बास लेना; | नाकात ओढणे, हुंगणे; | to sniff, to smell; |
| | | 2. बहुत कम खाना । | अन्नाचा-खाद्यांचा केवळ वास घेणे, फार न खाणे | to eat very little. |
| **सूंड** | स्त्री. | हाथी की स्तंभाकार नाक जो नीचे लटकती रहती है । | सोंड | elephant's trunk. |
| **सूअर** | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध जन्तु जो मुख्यत: दो प्रकार का होता है – (1) पालतू (2) जंगली । पालतू छोटा और डरपोक होता है तथा जंगली शक्तिशाली और हिंसक ; | डुक्कर (गावठी व रानटी); | boar, pig; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार की गाली । | शिवीचा एक प्रकार | a word of abuse – swine. |
| सूक्ति | स्त्री. | अच्छे और सुन्दर ढंग में कही हुई कोई बात, अच्छी उक्ति । | सूक्ती, सुभाषित | maxim, epigram. |
| सूक्ष्म | वि. | 1. जो जल्दी सबकी समझ में न आ सके; | सूक्ष्म, चट्कन् लक्षात न येण्यामारखा; | subtle, minute; |
| | | 2. बहुत बारीक, पतला, अणुरूप; | अत्यंत बारीक, रेणुरुप; | fine, thin, atomic; |
| | | 3. बारीक बातों को देखने-समझने में समर्थ (दृष्टि, बुद्धि) । | तीक्ष्ण, कुशाग्र (बुद्धी) | sharp. |
| सूक्ष्मदर्शक | पुं. | खुर्दबीन, अण्वीक्षण यंत्र । | सूक्ष्मदर्शकयंत्र | microscope. |
| सूक्ष्मदर्शी | वि. | बारीक बातें सोचने समझने-वाला, बहुत बुद्धिमान् । | सूक्ष्म-बारकाईने अवलोकन करणारा पाहणारा, सूक्ष्म दृष्टी असलेला | keen observer. keen-eyed. |
| सूखना | अ. क्रि. | 1. आर्द्रता या तरी का नष्ट हो जाना; | सुकणे, वाळणे; | to dry up, to evaporate; |
| | | 2. दुबला होना, क्षीण होना; | क्षीण होणे, रोडका होणे; | to become emaciated, to get lean and thin; |
| | | 3. वनस्पति आदि का मुरझाना । | कोमेजणे, वाळून जाणे | to wither. |
| सूखा | वि. | 1. शुष्क, रसहीन; | कोरडा, सुका, रसहीन; | dry, sapless; |
| | | 2. जिसमें सरसता, भावुकता आदि कोमल गुणों का अभाव हो । | भावना शून्य | not given to emotion. |
| | पुं. | पानी न बरसने की दशा या समय, ऊनावृष्टि । | सुका/कोरडा/दुष्काळ | drought. |
| सूचक | पुं. | सूचित करने या बतानेवाला व्यक्ति । | सूचक, सूचना देणारी व्यक्ती | indicator. |
| | वि. | बोधक, ज्ञापक । | जाण करून देणारा, बोधक | indicative. |
| सूचना | स्त्री. | कुछ बताने या जताने के लिए कही या लिखी गई बात, इत्तिला । | सूचना | information, intimation, notice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सूचि (सूचिका) | स्त्री. | 1. छेद करने का कोई आला; | सुई, दाभण; | needle or any sharp pointed instrument; |
| | | 2. ग्रन्थ के विषयों की तालिका । | सूची, यादी | index, table of contents (of a book). |
| सूची | स्त्री. | 1. कपड़ा आदि सीने की सुई; | सुई; | needle; |
| | | 2. किसी प्रकार की वस्तुओं, नामों, बातों आदि का क्रमबद्ध लेखा या विवरण । | सूची, यादी | list. |
| सूचीपत्र | पुं. | वह पुस्तक या पत्र जिसमें पुस्तकों या किसी वस्तु की नामावली, विषय और दाम आदि दिए गए हों । | सूचीपत्र | catalogue. |
| सूजन | स्त्री. | सूजने का भाव या स्थिति, वरम, शोथ | सुजण्याची क्रिया, सूज | swelling, inflammation. |
| सूजना | अ. क्रि. | रोग, चोट, वात आदि के कारण शरीर के किसी अंग का अधिक फूल या फैल जाना। | सुजणे | to swell, to be or become inflamed. |
| सूजी | स्त्री. | गेहूं का रवेदार आटा जो हलवा आदि बनाने के काम आता है । | सोजी—रवा (गव्हाचा) | semola, semolina. |
| सूझ | स्त्री. | 1. मन में उत्पन्न होनेवाली कोई ऐसी नई बात जो अनोखी और असाधारण हो, उद्भावना, उपज; | प्रतिभा, कल्पना; | idea, concept, imagination; |
| | | 2. दृष्टि या नज़र । | दृष्टी | sight, vision, perception. |
| सूझना | अ. क्रि. | 1. दिमाग या ध्यान में आना; | सुचणे, अकस्मात मनात येणे: | to occur to one's mind; |
| | | 2. दृष्टि में आना, दिखाई देना । | दृष्टोपयतीस येणे, दिसणे | to be or become visible, to appear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सूझबूझ | स्त्री. | सोचने-समझने की शक्ति । | अक्कल, बुद्धी, समंज | intelligence, understanding, imaginadon. |
| सूत | पुं. | 1. तंतु, धागा, डोरा; | सूत, धागा, दोरा; | thread, string, yarn; |
| | | 2. लकड़ी या पत्थर पर निशान डालने की डोरी; | खुणेची रेषा पाडण्याची दोरी; | a thread to mark on stone or wood; |
| | | 3. एक प्रकार का नाप; | एक माप (तसूचा वा भाग); | a measure of length; |
| | | 4. रथ हांकने वाला, सारथि; | सारथी; | a charioteer; |
| | | 5. चारण, भाट । | चारण, भाट | bard. |
| सूतक | पुं. | 1. जन्म; | जनन; | birth. |
| | | 2. घर में संतान उत्पन्न होने पर परिवारवालों को लगनेवाला अशौच । | जननाचे अशौच, सोयर | impurity caused by child-birth. |
| सूतिका | स्त्री. | वह स्त्री या मादा जिसने हाल ही में बच्चा जना हो, सद्य:प्रसूता । | बाळंतीण | a woman or female who has recently given birth to a child. |
| सूती | वि. | सूत का बना हुआ । | सुती, सुताचा/कापसाच्या सुताचा बनलेला | made of cotton thread. |
| सूत्र | पुं. | 1. पतला और महीन डोरा या तागा; | सूत्र, सूत,दोरा; | thread, string; |
| | | 2. यज्ञोपवीत, जनेऊ; | जानवे, यज्ञसूत्र; | sacred thread; |
| | | 3. बहुत थोड़े शब्दों में कहा हुआ कोई ऐसा कथन या पद जिसमें गूढ अर्थ भरा हो; | अत्यंत थोडक्या शब्दात सांगितलेला नियम; | precept, axiom; |
| | | 4. संकेत, पता, सुराग; | सुगावा, धागा; | clue; |
| | | 5. वह सांकेतिक पद या शब्द जिसमें कोई वस्तु बनाने या कार्य करने के मूल सिद्धान्त,प्रक्रिया आदि का संक्षिप्त विधान निहित हो । | मूळ सिद्धांत वा प्रक्रिया ग्रथित केले विधान | formula. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सूत्रधार | पु. | नाट्यशाला का व्यवस्थापक या प्रधान नट । | सूत्रधार | stage-manager or the principal actor in a dramatic performance. |
| सूत्रपात | पुं. | किसी नए तथा बड़े कार्य का होनेवाला आरम्भ, शुरुआत । | सूत्रपात, प्रारंभ, शुभारंभ | beginning, commencement. |
| सूद | पुं. | ऋण के रूप में दिए गए धन के बदले में दिया या लिया जानेवाला वह धन जो मूलधन के अतिरिक्त होता है, ब्याज । | व्याज | interest. |
| सूदखोर | पुं. | ब्याज लेनेवाला,, ब्याज से जीविका चलानेवाला । | भरमसाट व्याज खाणारा, सावकार | usurer. |
| सूददरसूद | पुं. | उधार दिए हुए धन के ब्याज पर भी जोड़ा जानेवाला ब्याज । | चक्रव्याढ व्याज | compound interest, |
| सूना | वि. | जनहीन, निर्जन । | शून्य, जनशून्य, निर्जन | lonely, desolate. |
| सूप | पुं. | अनाज फटकने के लिए सींक आदि का बना पात्र, छाज । | सूप (पाखडण्याचे) | winnowing basket. |
| सूफियाना (सोफियाना) | वि. | सूफियों की तरह का सादा परन्तु सुन्दर । | सूफी पंथाच्या अनुयायासारखा, साधा | like a sufi, simple, plain. |
| सूफी | वि. | 1. संत; | साधुवृत्तीचा; | saintly; |
| | | 2. पवित्र । | पवित्र | pious. |
| | पुं. | 1. मुसलमानों का एक रहस्यवादी सम्प्रदाय; | मुसलमानांचा एक संप्रदाय; | a Muslim sect; |
| | | 2. उक्त सम्प्रदाय का अनुयायी । | त्या संप्रदायचा अनुयायी | follower of Sufi sect. |
| सूबा | पुं. | किसी देश का कोई विशिष्ट खंड या भाग, प्रांत, प्रदेश । | प्रांत | province. |
| सूबेदार | पुं. | 1. किसी सूबे या प्रांत का प्रधान अधिकारी; | सुभेदार, प्रांताधिकारी; | the chief or Governor of a province |
| | | 2. फौज का एक छोटा अफसर । | एक छोट्या दर्जाचा लष्करी अधिकारी | a military rank and the junior commissioned officer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सूम | पुं. | कंजूस, कृपण । | कृपण, कंजूष माणूस | miser, niggard. |
| सूरज | पुं. | सूर्य, रवि । | सूर्य | the sun. |
| सूरजमुखी | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसमें पीले रंग का बहुत बड़ा फूल लगता है, इस पौधे का फूल जो प्रात: से संध्या तक प्राय: सूर्य की ओर ही मुंह किए रहता है । | सूर्यफूल (शैव या फूल) | sunflower, its plant and flower. |
| सूरत | स्त्री. | 1. आकृति, शकल; | आकृती, रुप; | figure, shape, face, form; |
| | | 2. अवस्था, दशा; | अवस्था, दशा: | state, condition; |
| | | 3. किसी जटिल समस्या के निराकरण के लिए सोचा हुआ उपाय या युक्ति । | उपाय, मुक्ती | idea, manner, way out. |
| सूरमा | पुं. | योद्धा, वीर, बहादुर । | योद्धा, वीर, बहादुर | warrior, brave, valiant. |
| सूराख | पुं. | छेद, छिद्र । | भोक, छिद्र | hole, opening, orifice. |
| सूर्य | पुं. | सौर मंडल का प्रधान पिंड या तारा जिसकी प्रदक्षिणा पृथ्वी और मंडल के अन्य ग्रह करते हैं तथा जो पृथ्वी को प्रकाश और उष्णता देता है, आदित्य, रवि । | सूर्य | the sun. |
| सूर्यग्रहण | पुं. | चन्द्रमा की छाया पड़ने से सूर्यबिम्ब का छिप जाना । | सूर्यग्रहण | solar eclipse. |
| सूर्यास्त | पुं. | 1. सूर्य का अस्त होना; | सूर्यास्त; | sun-set; |
| | | 2. सूर्य के अस्त होने का समय । | सूर्यास्ताचा काळ | time of sun-set. |
| सूर्योदय | पुं. | 1. सूर्य का उदित होना या निकलना; | सूर्योदय; | sunrise; |
| | | 2. सूर्य के उदित होने का समय, प्रात:काल । | सूर्योदयाचा काळ | time of sunrise, morning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| शूली | स्त्री. | प्राण-दंड की एक प्राचीन प्रणाली जिसमें दंडित मनुष्य एक नुकीले लोहे के डंडे पर बैठा दिया जाता था और उसके सिर पर मुंगरे से आघात किया जाता था जिससे उसका सारा शरीर ऊपर से नीचे तक पिस जाता था और वह मर जाता था । | सूळ | gallows, gibbet. |
| सृष्टि | स्त्री. | 1. यह सारा विश्व तथा इसके सभी प्राणी तथा पदार्थ; | सृष्टी, जग, विश्व; | world; universe; |
| | | 2. निर्माण, रचना । | निर्मिती, रचना | creation. |
| सेंक | पुं. | 1. सेंकने की क्रिया या भाव; | शेकण्याची क्रिया; | act of fomenting, baking; |
| | | 2. ताप, गरमी । | आंच, शेक | heat, warmth. |
| सेंकना | स. क्रि. | 1. आग पर पकाना; | विस्तवावर (भाजणे-शेकणे); | to toast, parch; |
| | | 2. गरम करना; | उन/गरम करणे; | to warm, heat; |
| | | 3. शरीर को गरमी या धूप देना । | शरीराला उष्णता देणे (गरम कपडा वाफ किंवा ऊन्ह हयाने) | to foment. |
| सेंत-मेंत | क्रि. वि. | मुफ्त में, बिना काम दिए । | संभाळून, जपून-ठेवणे; | free of cost, gratis, free of charge. |
| सेंतना | स. क्रि. | 1. सँभालकर रखना; | जमा-गोळा-करणे; | to preserve carefully, to take care of; |
| | | 2. एकत्र करना, बटोरना । | मोफत, फुकट, विनामूल्य | to collect, accumulate. |
| सेंध | स्त्री. | चोर द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर वह किसी कमरे आदि में घुसता है । | चोराने भिंतीला पाडलेला भोकसा. | hole in a wall made by the burglars for house-breaking. |
| सेंधा | पुं. | सिंधु नदी के पास में निकलने वाला एक खनिज नमक । | सेंधव, शेंदेलोण | rock-salt. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सेंहुड़ | पुं. | थूहर । | एक प्रकारचा निवडुंग, शेर | a kind of cactus. |
| से | प्रत्य. | करण और अपादान कारक का चिह्न । | पासून, हून (पंचमी विभक्ती), ने (तृतीया विभक्ती) | from, out of, with. |
| सेक | पुं. | पानी से सींचने की क्रिया या भाव, सिंचाई, आर्द्र करना । | पाणी देणे, शिंपणे (झाडांना) | sprinkling, watering (trees). |
| सेचन | पुं. | सिंचाई, छिड़काव । | पाणी देण्याची क्रिया | sprinkling, watering, irrigation. |
| सेज | स्त्री. | बिछौना, विशेषतः सुन्दर और कोमल बिछौना । | शेज, शय्या | bed, couch. |
| सेठ | पुं. | बहुत धनवान या सम्पन्न व्यक्ति । | सावकार, गब्बर व्यापारी | moneyed man, wealthy merchant. |
| सेतु | पुं. | नदी आदि पार करने के लिए बनाया हुआ रास्ता, पुल । | सेतू, पुल | bridge in general. |
| सेना | स्त्री. | रण-शिक्षा प्राप्त सशस्त्र व्यक्तियों का दल, फौज । | सेना, फौज, सैन्य, लष्कर | army, military, body of troops. |
| सेनानी | पुं. | सेनापति, सिपहसालार । | सेनापति, लष्कर प्रमुख | commander of the army. |
| सेनापति | पुं. | सेना का नायक, फौज का अफसर । | सेनापती | military chief, commander. |
| सेम | स्त्री. | एक प्रकार की फली जिसकी तरकारी खाई जाती है । | घेवडा | bean. |
| सेमल | पुं. | एक बहुत बड़ा पेड़ जिसके फल में से एक प्रकार की रूई निकलती है, उक्त वृक्ष के फल की रूई । | शेवरीचे झाड, शेवरी | silk-cotton tree and its flower. |
| सेर | पुं. | एक मान या तोल जो सोलह छटाक या अस्सी तोले की होती है । | शेर (माप किंवा तोल), | seer, a measure or weight equivalent to sixteen chhataks or a little over two lbs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सेवई (सेंवई) | स्त्री. | मैदे के सुखाए हुए बहुत पतले सेव या लच्छे जो घी में तलकर या दूध में पकाकर खाये जाते हैं । | शेवया | vermicelli. |
| सेला | पुं. | 1. रेशमी चादर या साफा (वर आदि का); | शेला; | a kind of silken sheet of cloth o turban; |
| | | 2. भुंजिया चावल । | तांदुळाचा एक प्रकार | a kind of rice. |
| सेव | पुं. | तेल से बननेवाला सूत या डोरी जैसा पकवान जो नमकीन या मीठा होता है । | शेव | a kind of sweet or saltish like preparation of gram flour. |
| सेवक | पुं. | 1. सेवा या खिदमत करनेवाला, नौकर; | सेवक, नौकर, दिमतगार; | servant, attendant; |
| | | 2. भक्त, आराधक । | उपासक, भक्त | worshipper, devotee. |
| सेवन | पुं. | 1. नियमित रूप से किया जानेवाला प्रयोग या व्यवहार; | नियमित उपयोग; | regular use; |
| | | 2. उपभोग । | उपभोग | consumption. |
| सेवनीय | वि. | जिसका सेवन करना आवश्यक या उचित हो । | उपयोग-उपभोग करण्याजोगा, सेवन-उपयोग करणे-आवश्यक असा | worth-taking, worth-using. |
| सेवा | स्त्री. | 1. परिचर्या, खिदमत; | सेवा, परिचर्या; | service, attendance; |
| | | 2. पूजा, आराधना; | पूजा, आराधना; | worship, homage; |
| | | 3. सार्वजनिक अथवा राजकीय कार्यों का कोई विशेष विभाग जिसके जिम्मे कोई विशेष प्रकार का काम हो । | सार्वजनिक, उपयोगाचा विशिष्ट विभाग ज्याच्याकडे विशिष्ट काम (वाहतुक इ.) सोपविलेले असते | service in general. |
| सेवा-टहल | स्त्री. | खिदमत, शुश्रूषा, परिचर्या । | सेवा-शुश्रूषा, परिचर्या | service, servitude. |
| सेवावृत्ति | स्त्री. | सेवा द्वारा प्राप्त जीविका, नौकरी । | सेवावृत्ती | service. |
| सेविका | स्त्री. | दासी, परिचारिका, नौकरानी । | सेवा करणारी स्त्री | female servant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सेवित | वि. | 1. जिसकी सेवा या टहल की गई हो; | सेवा केलेला; | served, attended, waited on; |
| | | 2. जिसका उपयोग या व्यवहार किया गया हो । | उपयोगी वा व्यवहारात आणलेला | enjoyed, used. |
| सेव्य | वि. | 1. सेवा करने योग्य; | सेवा करण्यालायक, सेवा करणे जरूर असणे; | to be served, fit or deserving; |
| | | 2. आराध्य, पूज्य; | उपास्य, आराध्य; | worthy of being worshipped; |
| | | 3. व्यवहार में लाने योग्य । | उपयोगात-व्यवहारात आणण्याजोगा | consumable. |
| सेहत | स्त्री. | स्वास्थ्य, तन्दुरुस्ती, आरोग्य । | स्वास्थ्य, आरोग्य | health, soundness of body. |
| सेहरा | पुं. | 1. विवाह के समय वर के पहनने का फूलों आदि का बना मुकुट, मोर; | मुंडावळ्या; | head-dress worn at the time of marriage; |
| | | 2. वह गाना जो सेहरा बांधने के समय गाया जाता है । | मुंडावळ्या बांधतांना गातत ते गीत | eulogy composed for such occasion. |
| सेंतालीस | वि. | जो गिनती में चालीस से सात अधिक हो । | सत्तेचाळीस | forty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 47 । | त्या संख्येचा अंक | the number forty-seven. |
| सैंतीस | वि. | जो गिनती में तीस से सात अधिक हो; | सदतीस | thirty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है 37 । | सदतीसचा आंकडा | the number thirty-seven. |
| सैंया | पुं. | पति । | पती | husband. |
| सैंकड़ा | पुं. | सौ का समूह या समष्टि । | शेकडा | collection of one hundred. |
| सैंकड़े | क्रि. वि. | प्रति सौ के हिसाब से,प्रतिशत, फी सदी । | दर शेकडा | per cent, per hundred. |
| सैंकड़ों | वि. | 1. कई सौ; | शेकडो; | hundreds; |
| | | 2. बहुत अधिक । | असंख्य | numerous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **सैद्धांतिक** | वि. | 1. सिद्धान्त संबंधी; | सैद्धान्तिक, अमुक सिद्धान्ता संबंधीचा; | theoretical, pertaining to some theory or doctrine; |
| | | 2. सिद्धान्तों के अनुसार चलनेवाला । | सिद्धान्ताचा-मताचा पुरस्कर्ता | one who abides by established doctrine. |
| **सैनिक** | पुं. | फौज का सिपाही, फौजी । | सैनिक | soldier. |
| | वि. | सेना-संबंधी, सेना का । | सेने संबंधीचा | relating to an army, martial, military. |
| **सैन्य** | वि. | सेना संबंधी । | सेने संबंधीचा, लष्करी | military, pertaining to army. |
| | पुं. | 1. सेना; | सैन्य, लष्कर; | body of troops, army; |
| | | 2. सैनिक । | सैनिक, लष्करी शिपाई | soldier. |
| **सैर** | स्त्री. | मन बहलाने के लिए घूमना-फिरना, भ्रमण । | सहल, फेरफटका | excursion, outing. |
| **सैर-सपाटा** | पुं. | सैर करने के लिए घूमना-फिरना । | फेरफटका | same as 'सैर' |
| **सैलानी** | पुं. | सैर करने का शौकीन, घुमक्कड़ । | भटक्या, भटकण्याची आवड असणारा | tourist, wanderer. |
| **सोटा** | पुं. | लाठी, डंडा । | सोटा | staff, club, cudgel. |
| **सोंठ** | स्त्री. | सुखाया हुआ अदरक । | सुंठ | dry ginger. |
| **सोंधा** | वि. | 1. सुगंधित, सुवासित, खुशबूदार; | सुगंधी; | aromatic, sweet smelling; |
| | | 2. मिट्टी के नए बरतन या सूखी जमीन पर पानी पड़ने या बेसन आदि भूनने से निकलनेवाली सुगन्ध से युक्त । | नव्यामातीच्या भांड्यात पाणी घातले असता येणाऱ्या सुंगधाने युक्त | having the smell of a new earthen vessel when first wetted, smelling like that of parched pulse or fried grain, flour etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सोआ | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियों का साग बनाया जाता है । | शेपु | grave olens. |
| सोखना | स. क्रि. | किसी वस्तु के जल या तरल पदार्थ को अपने में खींच लेना । | शोषणे, शोषून घेणे | to soak up, to absorb. |
| सोख्ता | पुं. | स्याही सोखनेवाला एक प्रकार का मोटा खुरदुरा कागज । | टीप कागद | blotting paper. |
| सोच | पुं. | 1. सोचने की क्रिया या भाव; | चिंतन, मनन; | musing, brooding; |
| | | 2. चिंता, फिक्र; | चिंता, काळजी; | anxiety, concern; |
| | | 3. पछतावा, पश्चाताप । | शोक, अनुताप | regret, repentence. |
| सोचना | स. क्रि. | 1. किसी विषय पर मन में विचार करना; | विचार-चिंतन-करणे; | to think over, to ponder on, to consider; |
| | | 2. कल्पना करना, अनुमान करना । | कल्पना–अनुमान करणे | to imagine, to conceive. |
| | अ. क्रि. | चिंता या फिक्र में पड़ना । | काळजीत पडणे, चिंता करणे | to worry. |
| सोच-विचार | पुं. | 1. किसी विषय का विवेचन, गौर; | मनन, चिंतन; | pondering, consideration; |
| | | 2. हिचकिचाहट । | कां कूं, अनिश्चित मनः स्थिती | hesitation. |
| सोडा | पुं. | एक प्रकार का क्षार जो सज्जी को रासायनिक क्रिया से साफ करके बनाते हैं । | सोडा | soda. |
| सोता | पुं. | जल की बराबर बहनेवाली या निकलनेवाली छोटी धारा, चश्मा । | स्त्रोत, प्रवाह, झरा | spring, brook, rivulet. |
| सोदर | पुं. | सगा भाई । | सख्खा भाऊ | uterine brother, own brother. |
| सोना | पुं. | एक प्रसिद्ध बहुमूल्य पीली धातु, स्वर्ण । | सोने | gold. |
| | अ. क्रि. | 1. निद्राग्रस्त होना, नींद लेना; | झोपणे, (अंथरुणात) पडणे; | to sleep, to lie down; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक ही स्थिति में रहने के कारण किसी अंग का कुछ समय के लिए सुन्न हो जाना । | बधिर होणे | to be numbed. |
| **सोपान** | पुं. | सीढ़ी, जीना । | जिना | staircase, ladder. |
| **सोमवार** | पुं. | सात वारों में से एक वार जो चन्द्रमा का दिन माना जाता है । | सोमवार | monday. |
| **सोलह** | वि. | जो गिनती में दस से छह अधिक हो । | सोळा | sixteen. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 16 । | त्या संख्येचा अंक | number sixteen. |
| **सौंदर्य** | पुं. | सुन्दरता, खूबसूरती । | सौंदर्य | beauty, loveliness, gracefulness, elegance. |
| **सौंपना** | स. क्रि. | (कोई वस्तु आदि) किसी के जिम्मे या सुपुर्द करना, किसी के अधिकार में देना । | सोपविणे, स्वाधीन करणे, सुपुर्दकरणे | to delegate, to hand over, to entrust. |
| **सौंफ** | स्त्री. | सोए जैसा एक पौधा जिसका फल दवा और मसाले के काम आता है । | शोपा, सौंफ, शेपवा | aniseed, fennel. |
| **सौ** | वि. | जो गिनती में पचास का दूना हो, नब्बे और दस । | शंभर | one hundred. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 100 । | त्या संख्येचा अंक | number hundred. |
| **सौख्य** | पुं. | सुख, आराम । | सौख्य, सुख | happiness, comfort. |
| **सौगंध** | स्त्री. | शपथ, कसम । | शपथ | oath, swearing. |
| **सौगात** | स्त्री. | भेंट, उपहार, तोहफा । | अहेर, भेट | present, gift. |
| **सौजन्य** | पुं. | भलमनसी, सज्जनता । | सौजन्य, सुजनता, सज्जनता | goodness, courtesy. |

20—9/CHD/ND/99

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| सौत | स्त्री. | पति की दूसरी पत्नी, सप्तनी । | सवत | co-wife. |
| सौतिया डाह | स्त्री. | दो सौतों में होनेवाली ईर्ष्या, द्वेष आदि । | सवतीमत्सर | rivalry or jealousy between two or more wives. |
| सौतेला (स्त्री. सौतेली) | वि. | 1. सौत संबंधी, जिसका संबंध सौत से हो । | सवतीचा, सवतीशी संबंधित असलेला; | of or belonging to a co-wife; |
| | | 2. सौत से उत्पन्न । | सावत्र | born of a co-wife. |
| सौदा | पुं. | 1. क्रय-विक्रय की वस्तु या माल; | विक्री चा माल; | goods; |
| | | 2. खरीदने-बेचने की बातचीत या व्यवहार । | सौदा, देवघेव, खरेदी विक्री | transaction, bargain. |
| सौदागर | पुं. | व्यापारी, तिजारत करनेवाला । | सौदागर, व्यापारी | trader, merchant. |
| सौदामिनी | स्त्री. | बिजली, विद्युत । | सौदामिनी, वीज | lightning. |
| सौध | पु. | प्रासाद, महल । | प्रासाद, महाल | palace. |
| सौभाग्य | पु. | 1. अच्छा भाग्य, अच्छी किस्मत; | सौभाग्य, उत्तम भाग्य; | good fortune or luck; |
| | | 2. समृद्धि; | समृद्धी, भरभराट; | prosperity; |
| | | 3. सुहाग । | सुवासिनीपणा | the auspicious state of wifehood. |
| सौभाग्यचिह्न | पुं. | सुहाग का चिह्न (जैसे सिंदूर आदि) । | सौभाग्यचिन्ह (कुंकू, कंकण इ.) | any sign of the blessed state of wifehood. |
| सौभाग्यवती | स्त्री. | सुहागिन, सधवा, जिसका पति जीवित हो । | सौभाग्यवती, सुवासिनी | married woman whose husband is alive. |
| सौभाग्यवान | वि. | खुशकिस्मत, खुशनसीब । | सद्भाग्याचा, भाग्यवान् | possessing good fortune, fortunate. |
| सौम्य | वि. | 1. कोमल, नम्र और शांत प्रकृतिवाला; | सौम्य, शांत स्वभावाचा, नरम; | mild, placid; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुन्दर, मनोहर । | नाजुक, मनोहर | gentle, lovely, charming, pleasing. |
| सौम्यता | स्त्री. | 1. सुशीलता; | सौम्यता, शांतवृत्ती, सुजनता; | gentleness, placidity; |
| | | 2. सुन्दरता । | सौंदर्य | beauty. |
| सौर | वि. | सूर्य संबंधी, सूर्य का । | सूर्या संबंधीचा, सूर्याचा | belonging or relating to the sun, solar. |
| सौरभ | पुं. | सुगंध, खुशबू, महक । | सौरभ, सुगंध, सुवास, घमघमाट | fragrance, odour, aroma. |
| सौरी | स्त्री. | वह कोठरी जहां स्त्री बच्चा प्रसव करती है, सूतिकागार जच्चाखाना । | बाळंतघर, प्रसवगृह | lying-in-chamber, confinement room, labour room. |
| सौष्ठव | पुं. | सौन्दर्य । | सौष्ठव, डौलदारपणा, बांधेसूदपणा | beauty, elegance, charm. |
| सौहार्द | पुं. | प्रेम-भाव, मैत्री, मित्रता, दोस्ती । | सौहार्द, मैत्री, स्नेह | good-heartedness, affection, friendliness, friendship. |
| स्कंध | पुं. | 1. कंधा; | स्कंध, खांदा; | shoulder; |
| | | 2. पेड़ का तना; | झाडाचाबुंधा; | trunk or stem of a tree; |
| | | 3. ग्रंथ का वह विभाग जिसमें कोई विषय पूरा हो, अध्याय; | अध्याय, प्रकरण, विभाग; | chapter, section, division; |
| | | 4. सेना का कोई अंग या भाग । | सैन्याची एक तुकडी | division or detachment of an army. |
| स्कूल | पुं. | 1. मदरसा, पाठशाला, विद्यालय; | शाळा, विद्यालय; | institution for educating children or giving instruction, school; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी ज्ञान या विज्ञान की कोई विशिष्ट शाखा और उसके अनुयायियों का वर्ग । | तत्वज्ञानाची वा विज्ञानांची विचार-शाखा किंवा अंतप्रणाली | branch or system, followers of a thought or school. |
| स्कूली | वि. | 1. स्कूल संबंधी, स्कूल का; | शाळाविषयक; | of or pertaining to a school; |
| | | 2. स्कूल जानेवाला । | शाळेला जाणारा, विद्यालयीन | school-going. |
| स्खलन | पुं. | 1. नीचे गिरना, फिसल जाना, पतन; | स्खलन, गळण्याची क्रिया, खाली पडण्याची क्रिया; | falling down, slipping; |
| | | 2. मार्ग से विचलित होना, नैतिक पतन; | नैतिक च्युती; | deviating from the right course, moral lapse; |
| | | 3. काम में गलती या भूल करना; | प्रमाद, चूक; | blundering, error, mistake; |
| | | 4. (वीर्य का) क्षरण, स्राव; | स्त्राव, उत्सर्जन; | discharge, emission; |
| | | 5. बोलने में हकलाना । | बोलण्यातील अडखळणे | stammering, blundering in speech or pronunciation, faltering. |
| स्खलित | वि. | 1. अपने स्थान से गिरा हुआ पतित, फिसला हुआ; | खाली पडलेला, गळून पडलेला, हातातून निसटलेला; | fallen, dropped down, slipped; |
| | | 2. सही मार्ग से विचलित, च्युत; | नीतिच्युत; | deviated from the right course, morally lapsed; |
| | | 3. जिससे भूल हुई हो, गलती करनेवाला; | चूक केलेला; | erring, blundering; |
| | | 4. टपका हुआ, क्षरित; | स्त्राव झालेला, गळलेला; | discharged, dropped; |
| | | 5. हकलाता हुआ । | तोतरा, अडखळत बोलणारा | stammering, faltering. |
| स्टूल | पुं. | एक प्रकार की ऊंची छोटी चौकी । | स्टूल | stool. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्टेशन | पुं. | 1. वह स्थान जहां रेलगाड़ियां मोटरें आदि यात्रियों को चढ़ाने या उतारने के लिए ठहरती हों; | स्टेशन; | station (of railways etc.); |
| | | 2. किसी विशेष कार्य के लिए नियत स्थान या केन्द्र । | नियतस्थान | appointed place, centre, station (for conducting any special work). |
| स्तंभ | पुं. | 1. खंभा; | स्तंभ, खांब; | pillar, post; |
| | | 2. पेड़ का तना; | झाडाचे खोड; | stem, trunk (of a tree); |
| | | 3. समाचारपत्र-के पृष्ठों, सारणियों आदि में खड़े बल का विभाग; | वर्तमानपत्राच्या पृष्ठाच्या उभ्या पाडलेल्या भागांपैकी प्रत्येक; | vertical division of page for figures etc. or to reduce length of lines especially in newspapers, tables etc.; |
| | | 4. समाचार पत्रों में उक्त प्रकार के विभागों का वह वर्ग जिसमें किसी विशेष विषय का प्रतिपादन या निरूपण होता है; | वृत्तपत्रात विशेष विषया करिता राखून ठेवलेली जागा; | part of a newspaper devoted to special subject, column (of writing in newspaper); |
| | | 5. जड़ता । | निष्क्रिय अवस्था, क्रिया थांबलेली अवस्था | stupefaction. |
| स्तंभक | वि. | स्तंभन करने या रोकनेवाला, रोधक । | स्तंभन-थांबवून धरण्याची क्रिया-करणारा, रोधक | stopping, arresting, restraining. |
| स्तंभन | पुं. | 1. रोकने की क्रिया या भाव, रुकावट, अवरोध; | स्तंभन, अडवणूक, प्रतिबंध थांबवून धरणे; | stopping, obstructing, hindering, arresting, restraining; |
| | | 2. वीर्य आदि को स्खलित होने से रोकना; | वीर्य-थांबवून धरण्याची स्थिती; | stopping the flow of semen, retention; |
| | | 3. जड़ या निश्चेष्ट करना जड़ीकरण । | निष्क्रियता-जडता-आणणे बधिर-करणे | paralysing, benumbing, stupefying. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | तमिऴ पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्तंभित | वि. | 1. जो जड़ या अचल कर दिया गया हो या हो गया हो, जड़ीभूत, निश्चल; | वधीर-जड-केला गेलेला; | benumbed, paralysed, motionless; |
| | | 2. हक्का-बक्का, विस्मित । | थक्क, विस्मयचकित | flabbergasted, amazed. |
| स्तन | पुं. | 1. स्त्रियों की छाती जिसमें से दूध निकलता है, कुच; | स्तन; | breast of a woman, mammary glands; |
| | | 2. मादा पशुओं का थन । | थान | udder. |
| स्तब्ध | वि. | 1. जड़ीभूत, निश्चेष्ट; | स्तब्ध, सुन्न, निःस्तब्ध; | motionless, numb, paralysed; |
| | | 2. हक्का-बक्का । | चकित, थक्क | wonderstruck. |
| स्तर | पुं. | 1. एक दूसरी के ऊपर पड़ी या लगी हुई तह, परत; | स्तर, घडी | fold; |
| | | 2. ऊपर का वह सपाट भाग जो कुछ दूर तक समान रूप से चला गया हो और वैसे दूसरे भागों से अलग या स्वतंत्र हो, तल; | पातळी; | level; |
| | | 3. भूमि आदि का एक प्रकार का विभाग जो भिन्न-भिन्न कालों में बनी हुई उसकी तहों के आधार पर किया गया हो; | थर; | strata, stratum; |
| | | 4. श्रेणी, कोटि, दरजा । | श्रेणी, कोटी, दर्जा | standard, grade. |
| स्तवन | पुं. | 1. स्तुति करने की क्रिया या भाव; | स्तवन, स्तुती, प्रशंसा; | praising, praise, eulogy; |
| | | 2. स्तुति । | गुणगान | a hymn, song of praise, panegyric. |
| स्तुति | स्त्री. | 1. आदर-भाव से किसी के गुणों का कथन करना; | स्तुती, गुणकथन गुणप्रशंसा; | praise, eulogy, commendation, laudation; |
| | | 2. वह पद या रचना जिसमें किसी देवता आदि के गुण का बखान हो; | गुणगान; | a hymn of praise, panegyric; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | तमिळ् पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. चापलूसी, चाटुकारी, बड़ाई, खुशामद । | खुशामत, खोटी प्रशंसा | adulation, flattery empty or false praise. |
| स्तुत्य | वि. | स्तुति या प्रशंसा का अधिकारी या पात्र, प्रशंसनीय । | स्तुत्य, प्रशंसनीय | laudable, commendable, praiseworthy, admirable. |
| स्तूप | पुं. | 1. मिट्टी, पत्थर आदि का ऊंचा ढूह; | माती-दगडांचा ऊंच ढिगारा; | a heap, pile, mound (of earth etc); |
| | | 2. वह ढूह या टीला जो भगवान बुद्ध या किसी बौद्ध महात्मा की अस्थि, दांत, केश आदि स्मृति-चिहनों को सुरक्षित रखने के लिए उनके ऊपर बनाया गया हो; | बौद्धस्मारक; | a Buddhistic monument, or kind of Top erected for keeping sacred relics, as those of Buddha); |
| | | 3. ऊंचा ढेर । | ऊंच ढीग, -रास | a large or tall heap or pile. |
| स्तोत्र | पुं. | 1. स्तव, स्तुति; | स्तोत्र, स्तुतीपर श्लोक रचना; | a hymn of praise, panegyric; |
| | | 2. वह रचना, विशेषत: पद्यबद्ध रचना जिसमें किसी देवता आदि की स्तुति हो । | देवता गुणगान | a panegyrical composition or work especially in verses. |
| स्त्री | स्त्री. | 1. मनुष्य जाति की वयस्क मादा, पुरुष का विपर्याय; | स्त्री; | a woman; |
| | | 2. पत्नी, जोरू; | पत्नी; | a wife; |
| | | 3. मादा जन्तु, नर या पुरुष का विपर्याय । | मादी | a female of any animal. |
| स्त्रीलिंग | पुं. | हिन्दी व्याकरण में दो लिंगों में से एक जो स्त्री जाति का अथवा किसी शब्द के अल्पार्थक रूप का वाचक होता है । | स्त्रीलिंग | feminine gender. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्त्रैण | वि. | 1. स्त्री या पत्नी के वश में रहनेवाला; | स्त्रैण, स्त्री लंपट; | henpecked, devoted to women; |
| | | 2 सदा स्त्रियों की मंडली में रहने की प्रवृत्ति रखनेवाला; | सदा बायकात वावरण्याची प्रवृत्ती असलेला, बायकी; | effeminate, being among women; |
| | | 3. स्त्रियों का सा, स्त्रियों की तरह का । | स्त्रीसंबंधीचा, स्त्रीविषयक | suited or belonging to woman, feminine, womanish, womanly. |
| स्थगन | पुं. | 1. सभा की बैठक, बात की सुनवाई अथवा कोई चलता हुआ काम कुछ समय के लिए रोक रखना; | तहकुबी; | adjournment; |
| | | 2. विचार आदि के लिए कुछ समय तक रोकना । | कालावधीवर टाकणे | postponement, suspension. |
| स्थगन प्रस्ताव | पुं. | वह प्रस्ताव जो विधानसभा, संसद आदि में यह कहकर उपस्थित किया जाता है कि और काम छोड़कर पहले इसी पर विचार होना चाहिए । | तहकुबी-सूचना | adjournment motion. |
| स्थगित | वि. | 1. ठहराया या रोका गया; | मध्येच थांबविलेला; | stopped, interrupted, postponed; |
| | | 2. जो कुछ समय के लिए रोक दिया गया हो मुलतवी । | स्थगित, तहकूब केलेला | adjourned. |
| स्थपति | पुं. | वास्तुशास्त्र का ज्ञाता या पंडित, वास्तुविद्, वास्तुशिल्पी । | स्थापत्य विशारद | architect. |
| स्थल | पुं. | 1. भूमि, जमीन; | स्थल, भूमी, जमीन; | ground, land, soil (in general); |
| | | 2. जल से रहित भूमि, खुश्की; | कोरडी जमीन; | firm or dry ground, dry land; |
| | | 3. स्थान, जगह; | स्थान, ठिकाण; | place, spot; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. कोई ऐसी जगह जहां कोई विशेष बात, रचना आदि हो या होने को हो; | विशिष्ट प्रसंगाचे वा घटनेचे स्थान; | site, location; |
| | | 5. भूमि का खंड या विभाग, भूभाग; | भूविभाग, क्षेत्र; | field, tract, venue; |
| | | 6. विषय, प्रकरण, प्रसंग, मज़मून । | विषय, प्रसंग, मजकूर (पुस्तकातील प्रकरण) | a topic, case, subject, the point under discussion, a part (as of a book). |
| स्थलचर | वि., पुं. | स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला, नभचर और जलचर से भिन्न । | भूचर, जमिनीवर चालणारा (नभचर व जलचर याहून भिन्न) | living on land, non-aquatic, terrestrial. |
| स्थलसेना | स्त्री. | स्थल या जमीन पर लड़नेवाली फौज, पैदल सिपाही और घुड़सवार आदि, वायु सेना और जलसेना से भिन्न । | जमिनीवर राहून लढणारी फौज (वायुसेना व जलसेना याहून वेगळी) | land forces, army. |
| स्थली | स्त्री. | 1. ऐसा मैदान जिसमें सुन्दर प्राकृतिक दृश्य हो; | सुंदर दृश्य असणाणारी नैसर्गिक भूप्रदेश; | a natural spot of ground, site, scene; |
| | | 2. जल शून्य भू-भाग, खुश्क जमीन, भूमि; | कोरडी (जलविरहित जमीन); | dry ground, firm land; |
| | | 3. जगह, स्थान । | स्थान, ठिकाण | place, spot, space. |
| स्थान | पुं. | 1. खुला हुआ भूमिभाग, जमीन, मैदान; | मोकळी जागा; | open land, ground, field; |
| | | 2. निश्चित और परिमित स्थितिवाला वह भू-भाग जिसमें कोई बस्ती, प्राकृतिक रचना या कोई विशेष बात हो, जगह, स्थल; | विशेष वस्ती किंवा नैसर्गिक घडण किंवा अशी कोणतीही गोष्ट असलेली जागा; | place, site, spot, location, locality; |
| | | 3. रहने की जगह; | निवासस्थान; | abode, house, dwelling place, residence; |
| | | 4. पद, ओहदा; | पद, हुद्दा, श्रेणी; | post, office, rank; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | तमिऴ पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 5. बैठने का वह विशिष्ट स्थान जो निर्वाचित अथवा प्रतिनिधित्व करनेवाले लोगों के लिए होता है; | लोक प्रतिनिधींची बसण्याची जागा; | place of sitting, seat; |
| | | 6. मुंह के अन्दर का वह अंग या स्थल जहां से किसी वर्ण का उच्चारण हो; | शब्दोच्चारणाचे स्थान; | a place or organ of utterance of any letter; |
| | | 7. अभिनय में अभिनेता का कार्य या चरित्र; | अभिनेत्याचा भाग; | character or part of an actor; |
| | | 8. अवकाश, (जगह की) गुंजाइश । | | space, room, accommodation. |
| स्थानांतर | पुं. | 1. एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया या भाव, बदली; | स्थानांतर, स्थानांचा बदल; | transfer; |
| | | 2. प्रकृत या प्रस्तुत से भिन्न कोई और स्थान, दूसरा स्थान । | दुसरेस्थान, वेगळे ठिकाण | another place, different place. |
| स्थानांतरण | पुं. | किसी वस्तु या व्यक्ति को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंचाना या भेजना, बदली । | बदली, बदल-बदली-करणे | transfer, transferrence. |
| स्थानांतरित | वि. | जो अपने पहले स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया गया हो । | स्थानांतरित, दुसऱ्या जागी नेलेला–ठेवलेला | transferred, removed from one place to another. |
| स्थानापन्न | वि. | 1. जिसने किसी दूसरे का स्थान ग्रहण किया हो, एवजी; | स्थापन्न, बदली आलेला; | substituted in place of another, a substitute; |
| | | 2. शासनिक क्षेत्र में किसी अधिकारी की अस्वस्थता, अनुपस्थिति या अविद्यमानता में उसके स्थान पर अस्थायी रूप से काम करने वाला । | शासन क्षेत्रात एखाद्या अधिकाऱ्याच्या बदली म्हणून काम करणारा | acting, officiating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्थानिक | वि. | किसी स्थान विशेष में ही होनेवाला, जिसका क्षेत्र किसी स्थान विशेष तक ही सीमित हो, स्थानीय । | स्थानिक, स्थानीय, त्या विशिष्ट स्थानांचा | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थानीकरण | पुं. | इधर-उधर या दूर तक फैले हुए कामों, व्यापारों आदि को नियंत्रित करके एक केंद्र या स्थान में आबद्ध या सीमित करना । | पसरलेले काम, व्यापार इ. आवरून एकाच स्थानी केन्द्रित करण्याची क्रिया वा स्थिति | ocalisation. |
| स्थानीय | वि. | उस स्थान या नगर का जिसके संबंध में कोई उल्लेख हो, स्थान विशेष का, मुकामी, स्थानिक । | विशिष्ट स्थानाशी संबाधत | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थापक | पुं. | 1. स्थापन या स्थापना करनेवाला, बनानेवाला, प्रवर्तक, संस्थापक; | स्थापक, संस्थापक, स्थापना करणारा; | founder, establisher; |
| | | 2. खड़ा करनेवाला, स्थिर करनेवाला; | उभे करणारा, प्रस्थापित करणारा; | fixer, erector; |
| | | 3. भारतीय नाट्यशास्त्र में वह नट जो पूर्वरंग में सूत्रधार के मंगलाचरण करके चले जाने पर रंगमंच पर आकर नाटक की कथावस्तु और उसके काव्यार्थ की स्थापना करता अर्थात् सूचना देता है । | (नाटक) रंगमंचाच्या एक सूत्रधार | (in drama) a kind of stage director. |
| स्थापत्य | पुं. | 1. स्थपति का अर्थात् मकान आदि बनाने का कार्य, वास्तुकला, राजगीरी, मेमारी; | स्थापत्य, बांधणी इ. चे काम, वास्तुकला; | architecture; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. भवन बनाने की विद्या, वास्तुविज्ञान । | वास्तुशास्त्र, –विद्या | science of architecture. |
| स्थापत्य-कला | स्त्री. | वास्तुकला । | वास्तुकला, बांधणीच्या कामाची कला | architecture. |
| स्थापन | पुं. | 1. उठाना या खड़ा करना; | स्थापन, उभारणी, रचना; | erection; |
| | | 2. दृढ़तापूर्वक जमाना, रखना या बैठाना; | मजबूतपणा स्थिर करणे, पक्केबसविणे; | placing, fixing, installing up; |
| | | 3. कोई नई संस्था या व्यापारिक कारोबार खड़ा करना; | नवी-संस्था, व्यापार इ. सुरु करण्याची क्रिया; | establishing, establishment, setting up; |
| | | 4. कोई मत या विचार युक्तिपूर्वक लोगों के सामने रखना, प्रतिपादन । | मत वा विचार मांडणे | propounding, founding, enunciating. |
| स्थापना | स्त्री. | 1. स्थापित करने की क्रिया या भाव, स्थापन, दृढ़तापूर्वक जमाना, खड़ा करना या व्यवस्थित रूप देना; | स्थापना, स्थापन करण्याची क्रिया; | placing, fixing, erecting, establishing, setting up, installing; |
| | | 2. तर्क, प्रमाण, युक्ति आदि के द्वारा अपना पक्ष या मत ठीक सिद्ध करते हुए दूसरों के सामने रखना, प्रतिपादन, निरूपण; | मत वा विचार सिद्ध करून निश्चित स्वरूपात मांडण्याची क्रिया, मत प्रतिपादन; | propounding, enunciation, exposition; |
| | | 3. स्थापित किया गया एकक, संस्था या संगठन; | स्थापलेली संस्था वा संघटना | establishment; |
| | | 4. भारतीय नाट्यशास्त्र में नाटक के पूर्वरंग में सूत्रधार के द्वारा मंगलाचरण हो चुकने के बाद स्थापक नामक नट के द्वारा इस बात का सूचित किया जाना कि नाटक की कथावस्तु और उसका काव्यार्थ क्या है । | भारतीय नाट्य शास्त्रानुसार मंगलाचरण झाल्यानंतर पूर्वरंगात स्थापक नांवाच्या एका सूत्रधाराच्या तोंडून नाटकाची कथावस्तु वदविण्याची क्रिया | prologue of the drama. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित | वि. | 1. जिसकी स्थापना की गई हो, कायम किया हुआ; | स्थापन केलेला; | founded, instituted, established; |
| | | 2. प्रतिपादित, प्रस्तुत किया हुआ, प्रवर्तित; | प्रतिपादन केलेला, मांडणी केलेला; | propounded, enunciated; |
| | | 3. खड़ा किया हुआ; | उभारलेला; | set up, raised, erected; |
| | | 4. स्थिर किया हुआ, किसी स्थान पर जमाया हुआ । | स्थिर केलेला | placed, fixed, located, deposited, installed. |
| स्थायित्व | पुं. | 1. स्थायी होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, सदा स्थित या बने रहने का भाव; | स्थायित्व, स्थिरपणा; | permanency; |
| | | 2. टिकाऊपन । | टिकाऊपणा | stability, durability. |
| स्थायिवत् | वि. | स्थायी के समान । | स्थायी-कायम असल्या सारखाच | quasi-permanent, as good as permanent. |
| स्थायी | वि. | 1. सदा स्थित रहनेवाला, हमेशा बना रहने वाला; | स्थायी, सदा राहणारा, टिकून राहणारा; | permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक चलने-वाला, टिकाऊ; | टिकाऊ, कायम राहणारा; | stable, durable, lasting; |
| | | 3. स्थिर, अटल, नियत । | स्थिर, न बदलणारा न फिरणारा, निश्चित | steady, firm, regular, invariable. |
| स्थायीकरण | पुं. | 1. किसी वस्तु, कार्य या बात को स्थायी रूप देना; | स्थायी-चिरंतन-करण्याची क्रिया; | prepetuation; |
| | | 2. किसी पद पर अस्थायी रूप से या परीक्षण के रूप में काम करनेवाले व्यक्ति को उस पद पर स्थायी रूप से नियत करना, पुष्टीकरण । | कायम-पक्के-करण्याची क्रिया | confirmation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्थावर | वि. | 1. एक ही जगह स्थिर रहनेवाला, अपनी जगह से न हटनेवाला; | न हलणारा, स्थिर, पक्का; | fixed to one spot, stable, stationary, not moving; |
| | | 2. अचल (उदा. अचल संपत्ति) । | अचल | not mobile, immovable (as property). |
| स्थित | वि. | 1. किसी स्थान पर खड़ा, ठहरा या बना हुआ; | (कोण्यात्याही स्थानी) असलेला, उभा राहिलेला; | stood, remained, stayed, situated; |
| | | 2. बसा हुआ; | वसलेला; | staying, resting, living, being, existing, situated, happened, occurred; |
| | | 3. दृढ़, पक्का; | दृढ, पक्का, मजबूत; | steady, firm, determined, resolved; |
| | | 4. प्रतिष्ठित या प्रस्थापित किया हुआ; | प्रतिष्ठित किंवा प्रस्थापित केलेला; | established; |
| | | 5. बैठा हुआ; | जडलेला, बैठा; | sitting, set; |
| | | 6. अचल; | अचल; | stable, immovable, stationary; |
| | | 7. उपस्थित, मौजूद । | उपस्थित, विद्यमान | present. |
| स्थिति | स्त्री. | 1. स्थित होने की क्रिया, दशा या भाव, रहना या होना, अवस्थान; | स्थिती, अमुक असण्याचा भाव वा अवस्था; | situation, location, site; |
| | | 2. एक ही स्थान पर या एक ही रूप में बना रहना, टिकाव, ठहराव; | एकाच ठिकाणी वा स्वरुपात टिकून राहणे; | stopping, standing still, continuance in one state; |
| | | 3. दशा, हालत, अवस्था; | दशा, परिस्थिती, अवस्था; | state, condition, natural state, nature, habit; |
| | | 4. पद, मर्यादा आदि के विचार से समाज में किसी को प्राप्त होनेवाला स्थान; | दर्जा, प्रतिष्ठा, स्थान; | rank, dignity, position; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 5. किसी व्यक्ति, संस्था आदि की वह विधि, दशा या मर्यादा जो उसे अपने क्षेत्र में कुछ निश्चित सीमा में प्राप्त होती है और जो इसके पद, सम्मान आदि की सूचक होती है; | (व्यक्तीची) सामाजिक स्थिती; | status; |
| | | 6. वे बातें जो कोई पक्ष अपने वक्तव्य, अभियोग, आरोप आदि के संबंध में कहता या उपस्थित करता है; | स्वतःची बाजु; | case; |
| | | 7. अस्तित्व; | अस्तित्व; | existence; |
| | | 8. किसी कार्य आदि की प्रगति की अवस्था, चरण, मंजिल । | टप्पा, अवस्था | stage, phase. |
| स्थिर | वि. | 1. सदा एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहनेवाला, अचल, निश्चल; | स्थिर, अचल, निश्चल; | constant, steady, firm, permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक या सदा ज्यों का त्यों रहनेवाला, स्थायी; | कायम, स्थायी; | stable, enduring, lasting, permanent; |
| | | 3. इस प्रकार निश्चित किया हुआ जिसमें जल्दी या सहज में कोई परिवर्तन या हेरफेर न हो सके; | प्रस्थापित, पक्का; | established, fixed; |
| | | 4. जो किसी स्थान पर पहुंच कर स्थायी रूप से रुक या ठहर गया हो, एक ही जगह पर बहुत दिनों तक टिका रहनेवाला; | अमुक स्थानावर पोचल्यानंतर कायम पणे राहिलेला, एकाच जागी टिकून राहिलेला; | stationary, not moving, immovable, still; |
| | | 5. धीर, शांत; | शांत, धीरगंभीर, आवेगरहित; | quiescent, calm, pacific; |
| | | 6. एक ही स्थान पर पड़ा, बैठा या लगाया हुआ । | एकाच जागी घट्ट बसलेला, पक्का झालेला | placed, fixed, located. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्थिरता | स्त्री. | 1 स्थिर रहने या होने की अवस्था, गुण या भाव, एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहना, निश्चलता, स्थैर्य; | स्थिरता, स्थिर असण्याची अवस्था, स्थिती; | constancy, steadiness, firmness; |
| | | 2. स्थायित्व; | स्थायीपणा, कायमपणा; | stability, permanence; |
| | | 3. धीरता; | धीरगंभीरता, शांती; | quiescence, poise, calmness; |
| | | 4. दृढ़ता, मजबूती । | दृढनिश्चय, निश्चयीपणा | fixity, firmness. |
| स्थूल | वि. | 1. भारी और मोटे अंगोंवाला, मोटा; | स्थूल, जाडा, लठ्ठ; | fat, corpulent, stout, bulky, massive; |
| | | 2. तुरन्त या बिना परिश्रम के समझ में आनेवाला; | ढोबळ, ढळढळीत; | plain, which has no subtlety; |
| | | 3. जिसमें छोटे और बारीक अंगों का विचार न हो, मोटे तौर पर अनुमान किया हुआ; | अंदाजी स्वरुपाचा, वरवर पाहून अंदाजलेला; | rough; |
| | | 4. अभी जिसमें से लागत, व्यय आदि न निकाला गया हो, कुल, सकल, समग्र; | ठोकळ; | gross; |
| | | 5. अपरिष्कृत, मोटा । | जाड, धोबड | coarse, thick. |
| स्थूलकाय | वि. | भारी भरकम शरीरवाला । | लठ्ठ शरीराचा, लठ्ठंभारती | fat, corpulent, bulky. |
| स्थूलता | स्त्री. | 1. स्थूल होने की अवस्था, गुण या भाव, स्थूलत्व, सूक्ष्मता से रहित होना; | ढोबळपणा, ढळढळीतपणा; | the state of being easily understood, ordinary, unsubtle-ness; |
| | | 2. मोटाई, मोटापा; | जाड-लठ्ठपणा; | fatness, corpulence, stoutness; |
| | | 3. भारीपन; | जाडपणा; | bulkiness, largeness; |
| | | 4. (कपड़े आदि का) मोटापन, गाढ़ापन । | जाडे-भरडेपणा | coarseness, thickness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्नात | वि. | जिसने स्नान किया हो, नहाया हुआ । | स्नान केलेला, आंधोळकरून स्वच्छ शुद्ध झालेला | bathed, washed, purified by ablution. |
| स्नातक | पुं. | 1. वह जिसने किसी विश्व-विद्यालय की कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो; | पदवीधारी (विद्यापीठाचा); | graduate, bachelor; |
| | | 2. वह जिसने विद्या का अध्ययन और ब्रहमचर्य व्रत समाप्त कर लिया हो । | विद्याध्ययन व त्याच बरोबर ब्रम्हचर्य काळ ज्याने पूर्ण केला आहे असा | one who has completed his studies and Brahmacharya period. |
| स्नातकोत्तर | वि. | स्नातक हो जाने के बाद का अध्ययन या परीक्षा । | पदव्योत्तर (परीक्षा वा अध्ययन) | post-graduate. |
| स्नान | पुं. | 1. स्वच्छ या शीतल करने के लिए सारा शरीर जल से धोना या जलराशि में प्रवेश कर नहाना; | स्नान, आंघोळ; | bathing, washing, ablution, to take a dip in water; |
| | | 2. किसी वस्तु या व्यक्ति का धूप, वायु आदि के सामने इस प्रकार रखना या बैठना, लेटना अथवा होना कि सारे शरीर या पूरे पदार्थ पर उसका प्रभाव पड़े । | सूर्यप्रकाशात ठेवून शुद्ध करणे | to place or bask in sun. |
| स्नानागार | पुं. | स्नान-गृह, गुसलखाना । | स्नानगृह, नहाणी, न्हाणीघर | bath–room. |
| स्नायविक | वि. | स्नायु-संबंधी, स्नायु का, स्नायवीय । | स्नायुविषयक स्नायुसंबंधीचा, नाडीविषयक | pertaining to nerves, nervous, ligamentary. |
| स्नायु | पुं. | रग, नाड़ी, नस, तंत्रिका । | स्नायू, नाडी, नस | nerve, sinew, tendon, muscle, ligament. |
| स्नायुमंडल | पुं. | तंत्रिका-तंत्र । | मज्जातंतु-व्यवस्था | nervous system. |
| स्निग्ध | वि. | 1. जिसमें स्नेह या तेल रहता हो या लगा हो, चिकनाहट युक्त; | तेलयुक्त, तेलकट, बुळबुळीत; | oily, unctuous, greasy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो खुरदरा न हो, चिकना, मसृण; | गुळगुळीत, ओशट, मऊ; | smooth, not rough, glossy; |
| | | 3. जिसमें स्नेह या प्रेम हो । | प्रेमळ, ममताळू, स्नेहयुक्त | loving, affectionate, friendly, attached, tender. |
| स्नेह | पुं. | 1. प्रेमियों, हमजोलियों, बच्चों आदि के प्रति होनेवाला प्रेमभाव; | स्नेह, ममता, प्रीती, मैत्रीभाव; | affection, love, kindness, tenderness; |
| | | 2. चिकना पदार्थ, चिकनाहटवाली चीज़; | बुळबुळीत पदार्थ, तेलकट पदार्थ; | grease, fat, any unctuous substance, lubricant; |
| | | 3. तेल; | तेल; | oil; |
| | | 4. चिकनाहट, चिकनापन, लसीलापन । | तेलकटपणा, बुळबुळीतपणा | oiliness, viscidity, unctuousness, lubricity. |
| स्नेहक | पुं. | तेल या वह चिकना पदार्थ जो यंत्रों के कल-पुर्जों आदि में उन्हें सरलता से चलाने के लिए डाला जाता है । | वंगण | a lubricant, lubrication oil. |
| | वि. | 1. चिकना करनेवाला; | बुळबुळीत-गुळगुळीत करणारा; | lubricating; |
| | | 2. स्नेही, प्रेमी । | प्रेमी, स्नेहकरणारा | kind, affectionate. |
| स्नेहपात्र | वि. | जिसके प्रति स्नेह हो, स्नेह-भाजन, प्यारा व्यक्ति, प्रेम पात्र । | स्नेहपात्र, प्रिय | object of love, beloved. |
| स्नेही | वि. | स्नेह करनेवाला, प्रेमयुक्त । | स्नेहयुक्त, ममताळू, सहृदय | affecuonate, tender, loving. |
| | पुं. | 1. प्रेमी; | प्रेमी, प्रियकर; | lover; |
| | | 2. मित्र । | स्नेही, मित्र | friend. |
| स्पंद | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना, कंपन; | स्पंद, कंपन; | vibration, tremor, quiver; |
| | | 2. स्पंदन की क्रिया में होनेवाला हल्का आघात या फड़क, प्रस्फुरण; | प्रस्फुरण, नाडीचे संचलन; | pulse, throb; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. गति । | गती | motion, movement. |
| स्पंदन | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना; | स्पंदन, थरथरण्याची क्रिया वा अवस्था; | vibration, tremor, quivering, trembling; |
| | | 2. जीवों के शरीर में रक्त के प्रवाह या संचार के कारण कुछ रुक-रुक कर होनेवाली वह गति जो हृदय के बार-बार फूलने और संकुचित होने से आघात या खटक के रूप में उत्पन्न होती है, धड़कन, फड़क, प्रस्फुरण; | नाडीचा ठोका; | beat, pulsation; |
| | | 3. गति । | गती | movement, motion. |
| स्पंदित | वि. | 1. जिसमें स्पंदन उत्पन्न हुआ हो या किया गया हो, हिलता या कांपता हुआ; | स्पंद-कंप-पावलेला, थरथर झालेला; | vibrated, quivered, trembled; |
| | | 2. धड़कता हुआ (हृदय), फड़कता हुआ, प्रस्फुरित । | धडकणारे (हृदय), ठोके पडणारी (नाडी) | throbbed, pulsated. |
| स्पर्द्धा (स्पर्धा) | स्त्री. | 1. प्रतियोगिता आदि में किसी से होनेवाली होड़; | स्पर्धा, चढाओढ: | rivalry, competition; |
| | | 2. किसी में कोई अच्छी बात देखकर सद्भावपूर्वक उसके समान होने की कामना; | तुल्य होण्याची इच्छा; | emulation; |
| | | 3. ईर्षा, डाह । | मत्सर, ईर्षा | jealousy, envy. |
| स्पर्श | पुं. | 1. त्वचा का वह गुण जिससे छूने, दबने आदि का अनुभव होता है; | स्पर्श, त्वचागुण; | the quality of tangibility, touch, feel; |
| | | 2. एक वस्तु के तल का दूसरी वस्तु के तल से सटना या छूना, संपर्क, संस्पर्श । | संपर्क, संबंध | contact. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्पष्ट | वि. | 1. जिसे देखने, समझने, सुनने आदि में नाम की भी कोई कठिनता या बाधा न हो, बिलकुल साफ; | स्पष्ट, उघड, समजण्याजोगा; | distinct, clear, apparent, evident, obvious, manifest, intelligible, easy, plain; |
| | | 2. (बात या व्यवहार) जिसमें किसी तरह का छल-कपट या धोखा न हो, निष्कपट, सत्यतापूर्ण । | सरळ, प्रामाणिक, सच्चा | straightforward, honest, real. |
| स्पष्टता | स्त्री. | 1. स्पष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव; | स्पष्टता, उघडपणा, सहज समजण्याजोगी स्थिती; | distinctness, clearness, plainness, obviousness, clarity; |
| | | 2. निष्कपटता । | सरळपणा, सच्चेपणा | straight-forwardness. |
| स्पष्टवादिता | स्त्री. | स्पष्टवादी होने की अवस्था, गुण या भाव । | स्पष्टवक्तेपणा | quality of being outspoken, out-spokenness, plain, speaking, straight-forwardness. |
| स्पष्टवादी | वि. | साफ-साफ कहनेवाला, स्पष्ट वक्ता, स्पष्टभाषी । | स्पष्टवक्ता, उघड बोलणारा, निष्कपटपणे बोलणारा | outspoken, straightforward, plain-spoken. |
| स्पष्टीकरण | पुं. | 1. किसी अपने किए हुए कार्य के विषय में आपत्ति होने पर यह बतलाना कि किन कारणों से यह काम इस रूप में किया गया है; | स्पष्टीकरण, स्पष्ट उघड करून सांगणे; | explanation; |
| | | 2. कोई बात इस प्रकार स्पष्ट या साफ करना कि उसके संबंध में कोई भ्रम न हो; | समजावून सांगणे; | making clear or intelligible, elucidation; |
| | | 3. जो बात स्पष्ट होने से रह गई हो उसे इस प्रकार स्पष्ट करना कि औरों का भ्रम दूर हो जाए । | भ्रम-गैरसमजूत दूर करणे | clarification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्पृहणीय | वि. | जिसके लिए स्पृहा अर्थात् अभिलाषा या कामना की जा सके, वांछनीय । | स्पृहणीय, वांछनीय, इष्ट | to be desired or longed for, desirable. |
| स्पृहा | स्त्री. | किसी अच्छे काम, चीज या बात की प्राप्ति अथवा सिद्धि के लिए मन में होनेवाली अभिलाषा, इच्छा या कामना । | इच्छा, कामना | desire, eagerness, ardent wish, longing. |
| स्फटिक | पुं. | एक प्रकार का सफेद बहुमूल्य पारदर्शी पत्थर या रत्न जिसका व्यवहार मालाएं, मूर्तियाँ आदि बनाने में होता है, बिल्लोर । | स्फटिक | a crystal, quartz, pebble. |
| स्फीत | वि. | 1. फूला या उभरा हुआ; | फुललेला, फुगुन आलेला; | inflated, puffed up, swelled up; |
| | | 2. बढ़ा हुआ, वर्धित । | वाढलेला | grown, increased, enlarged. |
| स्फीति | स्त्री. | 1. स्फीत होने की अवस्था, गुण या भाव, स्फीतता, फुलाव; | फुलण्याची-फुगण्याची-अवस्था; | puff, swelling, inflation; |
| | | 2. (मुद्रा का) बढ़ जाना, (मुद्रा का) प्राचुर्य या वृद्धि । | (चलनाची) वाढ, (नाणे) वृद्धी | inflation (of money). |
| स्फुट | वि. | 1. खुला या खिला हुआ, विकसित; | स्फुट, उघडलेला, उमललेला, विकसित; | opened, blown, expanded; |
| | | 2. स्पष्ट, व्यक्त; | स्पष्ट-उघड; | clear, plain, distinct, manifest, apparent. |
| | | 3. अनिश्चित प्रकारों या वर्गों का,फुटकर । | फुटकर | miscellaneous. |
| स्फुटित | वि. | 1. विकसित, खुला हुआ; | विकसित, उमललेला, फुलेलेला; | budded, blown, expanded; |
| | | 2. मुंह से कहकर या और किसी प्रकार स्पष्ट रूप से प्रकट या व्यक्त हुआ । | उघड वा प्रकट झालेला | made clear, manifest, shown. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्फुरण | पुं. | 1. किसी पदार्थ का जरा-जरा कांपना, लहराना या हिलना; | स्फुरण, कंपन, थरथरणे; | throbbing, quivering, trembling (in general); |
| | | 2. अंग का फड़कना, जो शुभाशुभ का सूचक होता है; | अवयवाचा कंप वा उडणे (शुभाशुभ-द्योतक); | throbbing or quivering of certain parts of the body (indicating good or bad luck); |
| | | 3. स्फूर्ति; | स्फूर्ती, प्रेरणा; | agility, quickness; |
| | | 4. मन या मस्तिष्क में किसी भाव का सहसा उत्पन्न होना । | मनात एकदम उडणे | flashing on the mind. |
| स्फुरित | वि. | 1. स्फुरणयुक्त, कांपता, लहराता या हिलता हुआ; | कंपित, थरकाप झालेला, थरथर कापणारा थरथर हालणारा; | trembling, throbbing, quivering, shaking (in general); |
| | | 2. (अंग) जिसमें फड़कन होता हो; | कंप पावणारा, उडत असलेला (अवयव); | thrilled, throbbed, throbbing (of eyes etc.); |
| | | 3. (बात) जो मन में सहसा उत्पन्न हुई हो । | मनात एकदम चमकून गेलेला | flashed on the mind (as an imagination). |
| स्फुलिंग | पुं. | वह जलता हुआ चमकीला कण जो जलती हुई या जोर से रगड़ी जानेवाली चीजों में से निकलकर उड़ता हुआ दिखाई देता है, चिनगारी । | स्फुलिंग, ठिणगी | a spark (of fire). |
| स्फूर्ति | स्त्री. | 1. तेजी, फुरती; | स्फूर्ती, चापल्य चुणचुणीतपणा; | agility, smartness, quickness; |
| | | 2. धीरे-धीरे हिलना, फड़कना, स्फुरण; | स्फुरण; | throbbing, shaking, vibration; |
| | | 3. किसी काम या बात के लिए मन में होनेवाला किसी विचार का आकस्मिक आविर्भाव । | प्रेरणा | flashing on the mind. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्फोट | पुं. | 1. अन्दर से भर जाने के कारण किसी वस्तु के ऊपरा आवरण का फटना और उसके भीतर की वस्तुओं का वेगपूर्वक बाहर निकलना, फूटना, फूटकर निकलना; | स्फोट, फटन बाहेर पडण्याची क्रिया: | breaking forth, splitting open, busting, eruption; |
| | | 2. फटना, विस्फोट; | मोठा आवाज, धडाका; | explosion; |
| | | 3. शरीर पर होनेवाला फोड़ा; | फोड; | boil; |
| | | 4. नित्य शब्द । | अनवरत ध्वनी | eternal sound. |
| स्फोटक | वि. | स्फोट उत्पन्न करनेवाला, फट पड़नेवाला, विस्फोटक । | स्फोटक, स्फोट करणारा | explosive. |
| | पुं. | फोड़ा । | फोड | a boil. |
| स्मरण | पुं. | किसी ऐसी देखी-सुनी या बीती हुई बात का फिर से याद आना या ध्यान होना जो बीच में भूल गई हो या ध्यान में न रह गई हो, कोई बात फिर से याद आने की क्रिया या भाव, स्मृति, याद । | स्मरण, आठवण, स्मृती | remembering, remembrance, recollection, memory. |
| स्मरणपत्र | पुं. | कोई बात स्मरण कराने के लिए लिखा जानेवाला पत्र । | स्मरणपत्र | reminder. |
| स्मरण शक्ति | स्त्री. | याद रखने की शक्ति, याददाश्त । | स्मरणशक्ती | memory. |
| स्मरणीय | वि. | (घटना या बात) जो स्मरण रखी जाने के योग्य हो, याद रखने लायक । | स्मरणीय, आठवण ठेवण्याजोगा, स्मरण ठेवण्यालायक | to be borne in mind, fit to be remembered, memorable. |
| स्मारक | वि. | स्मरण करानेवाला । | स्मारक करून देणारा, | reminding. |
| | पुं. | वह पदार्थ, रचना या कार्य जो किसी की स्मृति बनाए रखने के लिए हो, यादगार, स्मरणचिह्न । | स्मारक | memorial, monument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्मारिका | स्त्री. | किसा महत्वपूर्ण घटना, समारोह या स्थान से संबंधित कोई विचारात्मक विशेषत: सचित्र पुस्तिका । | एखाद्या समारंभाच्या निमित्ताने काढली जाणारी (विशेषत:) सचित्र पुस्तिका | souvenir. |
| स्मित | पुं. | मन्द हास्य, धीमी हंसी । | स्मित, मंदहास्य | a smile, gentle laugh. |
| | वि. | 1. हंसता हुआ; 2. विकसित, खिला हुआ । | स्मित करणारा, मंदमंद हसणारा; फुललेला | smiling; expanded, blown, blossomed. |
| स्मिति | स्त्री. | मन्द हास्य, मुस्कराहट । | स्मित | a smile, smiling, gentle laugh. |
| स्मृत | वि. | स्मरण किया हुआ, स्मृति में आया हुआ । | स्मृत, स्मरण, झालेला-केला गेलेला | remembered, recollected. |
| स्मृति | स्त्री. | 1. स्मरण शक्ति; 2. बीती हुई बातों का वह ज्ञान जो स्मरणशक्ति के द्वारा फिर से एकत्र या प्राप्त होता है, याद, अनुस्मरण; 3. धर्म, आचार, व्यवहार आदि से संबंधित हिन्दू-धर्म शास्त्र जिनकी रचना ऋषियों और मुनियों ने वेदों का स्मरण या चिन्तन करके की थी । | स्मृती, स्मरण शक्ती; आठवण, स्मरण; हिंदुधर्मशास्त्र, धर्मानुसार आचार व्यवहार सांगणारा विधिग्रंथ | memory; remembrance, recollection; books of traditional code of Hindu Law. |
| स्यापा | पुं. | किसी की मृत्यु पर शोक के कारण होनेवाला रोना-पीटना, मातम । | मृताबद्दल स्त्रियांनी विलाप करण्याची चाल | mourning, bewailing on a (relative's) death. |
| स्याह | वि. | काला । | काळा | black, dark. |
| स्याही | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध रंगीन तरल अथवा कुछ गाढ़ा पदार्थ जो लिखने या कपड़े, कागज आदि छापने के काम में आता है, रोशनाई; | शाई; | ink; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्याह अर्थात् काले होने की अवस्था; गुण या भाव, कालापन । | काळेपणा | blackness, darkness. |
| स्याही-सोख | पुं. | स्याही सोखनेवाला कागज, सोख्ता । | टीपकागद | blotting-paper. |
| स्रवण | पुं. | 1. बहने की क्रिया या भाव; | स्त्रवण्याची-गळण्याची-झिरपण्याची क्रिया; | flowing, trickling, oozing; |
| | | 2. गर्भ का समय से पहले गिरना, स्राव, गर्भपात । | गर्भस्राव | premature abortion, miscarriage. |
| स्रष्टा | वि. | सृष्टि या रचना करनेवाला, रचयिता, निर्माता । | सृजन-उत्पत्ती-करणारा | maker, creator. |
| | पुं. | ब्रह्मा, सृष्टि का रचयिता । | विधाता | the creator of the universe, an epithet of Brahma. |
| स्राव | पुं. | 1. बहना, चूना; | स्राव, झरणे, झिरपणे गळणे, स्रवणेची क्रिया; | flow or course of water, flowing, oozing, dropping, stream, current; |
| | | 2. गर्भपात, गर्भस्राव; | गर्भपात, गर्भस्राव; | miscarriage, premature abortion; |
| | | 3. जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों के भीतरी अंगों से निकलनेवाला वह तरल पदार्थ या रस जो विशेष उद्देश्य सिद्ध करता है । | पाझर | secretion. |
| स्रोत | पुं. | 1. पानी का बहाव, धारा; | स्रोत, प्रवाह; | stream, current, flow or course of water; |
| | | 2. पानी का सोता, झरना; | झरा; | source of water, spring; |
| | | 3. आधार या साधन, जिससे कोई वस्तु बराबर निकलती या आती रहे । | उगम | source, resource. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्व | वि. | 1. अपना, निज का (समास में); | स्व; | one's own, personal, self (in comp.); |
| | | 2. अपने आपसे होनेवाला, स्वतः, स्वयं (समास में) । | स्वयं | of one's own accord, auto (in comp.). |
| | पुं. | अहं । | अहम्, मीपणा | ego. |
| स्वकीय | वि. | अपना, निजी । | स्वकीय, आपला | one's own, belonging to one's own, personal. |
| स्वगत | वि. | 1. अपने में ग्रहण किया हुआ, अपना, स्वकीय; | स्वगत, स्वतःचा, आपला; | belonging to own self, own, personal; |
| | | 2. मन में आया हुआ । | आपल्या मनाशी चाललेला | passing in one's own mind. |
| | पुं. | मन ही मन या अपने आप से किया जानेवाला कथन, स्वगत कथन । | स्वगत, मनातल्या मनात चाललेले बोलणे | speaking to oneself, aside, soliloquy. |
| स्वचालित | वि. | जिसके अन्दर ऐसे कल-पुरजे लगे हों कि एक पुरजा चलाने से ही वह आपसे आप चलने या कोई काम करने लगे, अपने आप चलनेवाला । | स्वयंचलित, आपल्या आपण चालणारा | automatic. |
| स्वच्छंद | वि. | 1. इच्छा, मौज या रुचि के अनुसार अथवा सनक में आकर काम करनेवाला; | स्वच्छंदी, स्वेच्छानुसार वागणारा; | capricious, self-willed; |
| | | 2. किसी प्रकार का अंकुश, नियंत्रण या मर्यादा ध्यान में न रखते हुए मनमाने ढंग से आचरण करने-वाला । | स्वैर, अनियंत्रित | unrestrained, arbitrary |
| स्वच्छंदता | स्त्री. | स्वच्छन्द होने की अवस्था, गुण या भाव, मनमानापन, निरंकुशता । | स्वच्छंदीपणा, स्वैरता | arbitrariness, absence of restraint. |
| स्वच्छ | वि. | 1. निर्मल, साफ, मैल या गंदगी से रहित; | स्वच्छ, निर्मळ, नितळ; | clean, neat, clear; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. पवित्र, शुद्ध; | शुद्ध; | pure; |
| | | 3. निष्कपट; | सच्चा, प्रामाणिक, उघड्या मनाचा; | straight-forward, honest, frank; |
| | | 4. स्पष्ट, साफ, सुवाच्य (उदा. स्वच्छ प्रति) । | स्पष्ट, सुवाच्य | fair, readable. |
| स्वच्छता | स्त्री. | 1. स्वच्छ होने की अवस्था, गुण या भाव, निर्मलता; | स्वच्छताः निर्मळपणा, नितळपणा; | cleanliness, neatness, clearness; |
| | | 2. सफाई विशेषत: शरीर और आसपास की वस्तुओं, स्थानों आदि की ऐसी सफाई जो स्वास्थ्य रक्षा की दृष्टि से आवश्यक हो; | शरीराची व आसपासची आरोग्य रक्षक स्थिती; | sanitation; |
| | | 3. पवित्रता, शुद्धता; | पवित्रता, शुद्धता; | purity; |
| | | 4. निष्कपटता । | निष्कपटता, निष्कपटपण। | frankness, sincerity, straight-forwardness. |
| स्वजन | पुं. | 1. सगे-संबंधी, रिश्ते-नाते के लोग, बन्धु-बांधव; | स्वजन, सगेसोयरे, बांधव; | kinsman, relative, kith and kin; |
| | | 2. आत्मीय जन, अपने परिवार के लोग । | आप्त, नातलग, कुटुंबीय | one's own people or kindred, one's household. |
| स्वतंत्र | वि. | 1. जिसका तंत्र या शासन अपना हो, जो किसी के तंत्र या शासन में न हो; | स्वतंत्र, स्वतःचे शासन, तंत्र मानणारा अनुसरणारा, दुसऱ्याच्या तंत्रात न राहणारा, न वागणारा; | independent; |
| | | 2. किसी प्रकार के नियंत्रण, दबाव या बंधन से रहित; | मुक्त, अनिर्बंध, अनियंत्रित; | free, unrestrained, uncontrolled; |
| | | 3. (काम या बात) जिसमें किसी दूसरे का अवलंब, आधार या आश्रय न लिया गया हो; | स्वावलंबी; | self-dependent; |
| | | 4. अलग, पृथक्, जुदा । | विभक्त, अलग, वेगळा असलेला | separate. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्वतंत्रता | स्त्री. | 1. स्वतंत्र रहने या होने की अवस्था या भाव, आज़ादी; | स्वतंत्रता, स्वतंत्र असण्याची स्थिती; | independence; |
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें बिना किसी बाहरी दबाव, नियंत्रण या बंधन के स्वयं अपनी इच्छा से सोच-समझकर सब काम करने का अधिकार होता है; | स्वातंत्र्य, अनिर्बंधता; | freedom, latitude; |
| | | 3. वह अवस्था जिसमें बिना किसी प्रकार की राजकीय या शासनिक बाधा या रोक-टोक के सभी उचित और संगत काम या व्यवहार करने का अधिकार होता है, स्वातंत्र्य, आज़ादी । | निसर्गद हक उपभोगण्याचे स्वातंत्र्य | liberty. |
| स्वत: | क्रि. वि. | अपने आप, आप से आप, आप ही, स्वयं । | स्वत, आपण होऊन, स्वेच्छेचा | of one's own self, of one's own accord, voluntarily, spontaneously. |
| स्वत्व | पुं. | 1. स्व का भाव, अहं । | स्वत्व, अहं, अस्मिता; | ego; |
| | | 2. अधिकार, हक; | अधिकार, मालकी; | right, one's due, ownership; |
| | | 3. वह स्थिति जिसमें किसी वस्तु या विषय के हानि-लाभ से किसी व्यक्ति का विशेष रूप से संबंध हो, हित । | हित | interest. |
| स्वदेश | पुं. | अपना देश, मातृभूमि, वतन | स्वदेश | one's own country, native country, mother–land, homeland. |
| स्वदेशी | वि. | 1. अपने देश से संबंधित; | स्वदेशी, स्वदेशाशी संबंध असलेला; | belonging to one's own country; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. अपने देश में होने या बननेवाला । | स्वदेशात तयार झालेला—बनलेला | made or produced in one's own country, indigenous. |
| स्वप्न | पुं. | 1. सोए रहने की दशा में मानसिक दृष्टि के सामने आनेवाली घटनाएं, चित्र और विचार जो अवास्तविक होते हैं, सपना, ख्वाब; | स्वप्न, झोपेत दृश्यमान—भासमान होते ते; | dream; |
| | | 2. मन ही मन की जानेवाली बड़ी-बड़ी कल्पनाएं और बांधे जानेवाले मनसूबे । | मनोराज्य | conscious indulgence of fancy, reverie, castle in the air. |
| स्वप्नदोष | पुं. | निद्रावस्था में श्रृंगारिक स्वप्न देखने पर वीर्यपात जो एक प्रकार का रोग है । | स्वप्नदोष | emission, pollution nocturna. |
| स्वप्नावस्था | स्त्री. | वह अवस्था जिसमें स्वप्न दिखाई देता है । | स्वप्नावस्था, पाहात असल्या सारखी स्थिती | a state of dreaming. |
| स्वभाव | पुं. | 1. जीव-जन्तुओं और प्राणियों का वह मानसिक रूप या स्थिति जो उनकी समस्त जाति में जन्मजात होती है और प्राय: एक ही तरह से काम करती हुई दिखाई देती है, प्रकृति; | स्वभाव, निसर्गधर्म, प्रकृती; | nature, character; |
| | | 2. मनुष्य के मन का वह पक्ष जो बहुत कुछ जन्मजात तथा प्राकृतिक होता है और जो उसके आचार-व्यवहार आदि का मुख्य रूप से प्रवर्तक होता है और उसके जीवन में प्राय: अथवा सदा देखने में आता है, मिजाज; | प्रवृत्ती, मनाचा धर्म; | disposition, temperament; |
| | | 3. आदत, बान; | सवंय | habit; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी पदार्थ का वह क्रियात्मक गुण या विशेषता जो उसमें प्राकृतिक रूप से सदा वर्तमान रहती है, खासियत । | उपजत असलेले वैशिष्टय | essential or inherent property. |
| स्वभावतः | क्रि. वि. | स्वभाव के फलस्वरूप, स्वाभाविक अर्थात् प्रकृतिज़न्य रूप से । | स्वभावतः स्वाभाविकपणे, साहजिकपणे | from natural disposition, by nature, naturally, by one's self. |
| स्वयं | वि. | 1. (सर्वनाम) जिसके द्वारा वक्ता अपने व्यक्तित्व पर जोर देते हुए कोई बात कहता है; | आपोआप-स्वप्रेरणेने-होणारा; | oneself, in one's own person; |
| | | 2. अपने आप करने या होनेवाला (समास में) । | आपोआप, स्वप्रेरणेने-होणारा | spontaneous, without external cause, auto. |
| | क्रि. वि. | 1. अपनी इच्छा से, बिना किसी जोर या दबाव के; | स्वेच्छेने, स्वप्रेरणेने; | of ones' own accord, by oneself; |
| | | 2. व्यक्तिगत रूप से; | व्यक्तिगत स्वरुपात; | personally; |
| | | 3. बिना किसी प्रयत्न के । | आपोआप | automatically. |
| | पुं. | खुद (व्यक्ति) । | स्वतः, आपण | one's own self. |
| स्वयंभू | वि. | 1. आप से आप उत्पन्न होनेवाला; | स्वयंभू, स्वतःच उत्पन्न होणारा; | self-born, self-existent, self-begotten; |
| | | 2. (बिना किसी शिक्षा, अधिकार, योग्यता आदि के) आप से आप बन जानेवाला (उदा. स्वयंभू नेता) । | स्वतःच बनलेला | self-styled. |
| स्वयंवर | पुं. | 1. स्वयं वरण करना, स्वयं चुनना; | स्वयंवर, स्वतः निवड करणे; | self-choice, self-selection; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कन्या द्वारा उपस्थित व्यक्तियों में से अपने लिए वर का स्वयं वरण करने की रीति या विधान ; | कन्या उपस्थित तरुणातून स्वतःला हवा असलेल्याची पती म्हणून निवड करते तो विधी; | ancient custom wherein a bride chose her husband of her own accord, self-selection by a bride of her husband from amongst a galaxy of suiters, choice–marriage; |
| | | 3. प्राचीनकाल में वह उत्सव या समारोह जिसमें कन्या उपस्थित व्यक्तियों में से अपने लिए वर का स्वयं वरण करती थी । | तसा समारंभ | the ceremony or celebrations of choosing a husband by the bride. |
| स्वयंशिक्षक | पुं. | ऐसी पुस्तक जिससे शिक्षक के अभाव में भी उसकी पूरी बातें सीखी जा सकें, शिक्षक या अध्यापक का काम करनेवाली पुस्तक । | स्वयंशिक्षक, ज्याच्या साहाय्याने स्वतःलाच शिकता येते असे पुस्तक | self–instructor, self–taught. |
| स्वयंसिद्ध | वि. | (बात या तत्व) जो किसी तर्क या प्रमाण के बिना आप ही ठीक और सिद्ध हो, जिसे सिद्ध करनेके लिए प्रमाणों की अपेक्षा न हो । | स्वयंसिद्ध, अगदी उघड, आपोआप सिद्ध होणारा | self–evident, axiomatic. |
| स्वयंसिद्धि | स्त्री. | वह सर्वमान्य सिद्धान्त या तत्व जिसे सिद्ध या प्रमाणित करने की आवश्यकता न हो । | अगदी उघड, प्रमाणांची आवश्यकता नसणारे सत्य, सिद्धांत | self–evident truth, axiom. |
| स्वयंसेवक | पुं. | 1. वह व्यक्ति जो किसी सेवा-कार्य में अपनी इच्छा से लगता हो; | स्वयंसेवक, आपण होऊन सेवा करणारा-करण्यास सज्ज असलेला पुरुष; | one who makes voluntary offer of one's services, volunteer; |
| | | 2. किसी ऐसे संगठन का सदस्य जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों की सेवा करना हो । | आपण होऊन-कोणीही न सोपविता -सेवा करणाऱ्या संस्थेचा सदस्य | member of a voluntary organisation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **स्वयंसेवी** | वि. | स्वेच्छा से दूसरों की सेवा करनेवाला (संगठन), स्वैच्छिक (संगठन या संस्था) । | स्वेच्छेने सेवा करणारा | voluntary. |
| | पुं. | स्वयंसेवक । | स्वयंसेवक | volunteer. |
| **स्वयमेव** | क्रि. वि. | 1. अपने आप, आप ही आप, खुद ही, स्वयं ही; | स्वयंमेव, आपल्या आपण, स्वेच्छया; | by one-self, of one's own accord; |
| | | 2. व्यक्तिरूप से । | स्वतः | in person, personally. |
| **स्वर** | पुं. | 1. व्याकरण में, वह वर्णात्मक ध्वनि या शब्द जिसका उच्चारण बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता के और आप से आप होता है; | स्वर, (व्याक.)कोणत्याही इतर वर्णाचा आधार न घेता उच्चारला जाणारा ध्वनी; | vowel; |
| | | 2. कोमलता, तीव्रता, उतार-चढ़ाव आदि से युक्त वह शब्द जो प्राणियों के गले या एक वस्तु पर दूसरी वस्तु का आघात होने से निकलता है, आवाज; | आवाज; | sound, noise; |
| | | 3. स्वर तंत्रियों के ढीले पड़ने और तनने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होनेवाली कंठध्वनि, सुर; | सूर, गळ्यातून निघणारा आवाज; | voice; |
| | | 4. संगीत में उक्त प्रकार के वे सात निश्चित शब्द या ध्वनियां जिनका स्वरूप तन्मयता, तीव्रता, आदि विशिष्ट प्रकार से स्थिर है; | संगीतातील सप्त स्वर; | a note of musical scale or gamut, a tone, tune; |
| | | 5. श्वास । | नाकपुड्यातून खूं करून ओढला जाणारा श्वास | air breathed through the nostrils. |
| **स्वरबद्ध** | वि. | स्वरों में बांधा हुआ (संगीत) | स्वरबद्ध, सुरात बांधलेले (संगीत) | composed in musical measure, moulded in a rhythm, rhythmic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्वरभंग | पुं. | 1. उच्चारण में होनेवाली बाधा य अस्पष्टता; | उच्चारणातील अडखळणे; | interruption in or indistinctness of utterance; |
| | | 2. आवाज या गला बैठना, जो एक रोग माना गया है । | घोगरा आवाज | hoarseness or cracking of voice, soreness of throat. |
| स्वराज्य | पुं. | वह अवस्था जिसमें शासन सत्ता विदेशी शासकों के हाथ से निकलकर देशवासियों के हाथ में आ चुकी होती है, स्वशासन, स्वतंत्रता । | स्वराज्य | independence, autonomy, home-rule, self–government. |
| स्वरूप | पुं. | 1. आकृति, शक्ल, आकार-प्रकार; | स्वरुप आकार-प्रकार; | shape, form; |
| | | 2. चेहरा, रूप; | चेहरा, रूप; | countenance, appearance; |
| | | 3. किसी चीज का बंधा हुआ क्रम, ढंग या पद्धति; | आकृतिबंध, ढंग; | system, order, plan; |
| | | 4. प्रकृति, स्वभाव, विशेषता लक्षण, गुण । | स्वभाव, प्रकृती विशेषतः, लक्षण | nature, character. |
| स्वर्गंगा | स्त्री. | आकाशगंगा, मंदाकिनी । | आकाशगंगा | the celestial Ganges, the galaxy or milky way. |
| स्वर्ग | पुं | 1. हिन्दुओं के अनुसार ऊपर के सात लोकों में से तीसरा लोक जिसका विस्तार सूर्यलोक से ध्रुवलोक तक है और जहां पुण्यकर्म करनेवाले देहत्याग के अनंतर जाकर दु:ख-क्लेशरहित सुख का भोग करते हैं, देवलोक; | स्वर्ग, देवलोक; | heaven, abode of gods, paradise; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कोई ऐसा स्थान जहां सभी प्रकार के सुख प्राप्त हों, और नाम का भी कोई कष्ट या चिन्ता न हो । | दुःख-कष्ट विमुक्त असे निव्वळ सुखाचे स्थान | a place full of bliss and happiness, a place absolutely free from sorrows and sufferings, paradise. |
| स्वर्गवास | पुं. | 1. स्वर्ग में निवास करना, स्वर्ग में रहना; | स्वर्गवास, स्वर्गलोकी निवास; | residence in heaven; |
| | | 2. मर कर स्वर्ग जाना, मरना, मृत्यु । | मरण | death. |
| स्वर्गवासी | वि. | 1. स्वर्ग में रहनेवाला; | स्वर्गनिवासी; | dwelling in heaven; |
| | | 2. जो मर कर स्वर्ग जा चुका हो, मृत, स्वर्गीय । | मृत | dead, late. |
| स्वर्गीय | वि. | 1. स्वर्ग-संबंधी, स्वर्ग का, स्वर्ग में रहने या होनेवाला; | स्वर्गीय, स्वर्गासंबधीचा स्वर्गाचा स्वर्गातल्यासारखा; | belonging or relating to heaven, divine; |
| | | 2. जो मरकर स्वर्ग चला गया हो, मृत (मृत व्यक्ति के लिए आदरसूचक); | मृत, कैलासवासी; | late, dead; |
| | | 3. जिसमें लौकिक पवित्रता या सौंदर्य की पराकाष्ठा हो । | अलौकिक, असामान्य, दैवी | super–natural, extra–worldly, extra–ordinary, divine (beauty etc.). |
| स्वर्ण | पुं. | सुवर्ण या सोना नामक बहुमूल्य धातु । | सुवर्ण, सोने | gold. |
| स्वर्णकार | पुं. | एक जाति जो सोने-चांदी के आभूषण आदि बनाती है, सुनार । | स्वर्णकार, सोनार | goldsmith. |
| स्वर्ण-जयंती | स्त्री. | किसी व्यक्ति, संस्था आदि के जन्म या किसी महत्वपूर्ण कार्य के आरंभ होने के बाद 50 वर्ष पूरे हो जाने पर मनायी जानेवाली जयंती । | सुवर्णजयंती | golden jubilee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्वर्णिम | वि. | सोने का, सुनहला । | सोनेरी, सोन्याचा | golden. |
| स्वल्प | वि. | बहुत ही अल्प या कम, बहुत थोड़ा । | स्वल्प, फार थोडा | very small or little, minute, very few, short. |
| स्वस्तिक | पुं. | एक प्रकार का मंगल चिह्न ( 卐 ) जो शुभ अवसरों पर दीवारों आदि पर अंकित किया जाता है, साथिया । | स्वस्तिक ( 卐 चिह्न) | a kind of benedictory or auspicious mark (卐). |
| स्वस्ति-वाचन | पुं. | मंगलकार्यों के आरंभ में किया जानेवाला एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमें कलश स्थापन, गणेशपूजन और मंगलसूचक मंत्रों का पाठ किया जाता है । | मंगलकार्याच्या प्रारंभी केला जाणारा एक विधी | a religious rite preparatory to a sacrifice or any religious or solemn observance. |
| स्वस्थ | वि. | 1. रोग, विकार आदि से रहित, तन्दुरुस्त; | निरोगी, तंदुरुस्त, निरामय; | healthy, hale; |
| | | 2. जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि न हो; | निर्दोष; | free from defect, sound; |
| | | 3. सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य का रक्षक (उदा. स्वस्थ साहित्य); | सत्वपोषक; | conducive to social and mental health, refined, good; |
| | | 4. मोटा-ताजा, हट्टा-कट्टा, तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट । | धट्टाकट्टा, तगडा | robust. |
| स्वस्थता | स्त्री. | स्वस्थ होने की अवस्था या भाव, तन्दुरुस्ती । | आरोग्य, निरामयता | health, healthiness. |
| स्वांग | पुं. | 1. कृत्रिम रूप से दूसरे का धारण किया हुआ वेश, रूप भरने की क्रिया या भाव, नकल; | सोंग; | impersonation, mimicry; |
| | | 2. जनसाधारण में प्रचलित एक प्रकार का संगीत रूपक जो किसी लोककथा पर आधारित होता है; | (उत्तर भारतीय समाजात) प्रचलित संगीत रूपक; | opera; |
| | | 3. तमाशा, ढोंग, बहाना, कपट, दिखावा । | ढोंग, बहाणा, देखावा | sham, farce. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्वांत:सुखाय | क्रि. वि. | केवल अपना अंत:करण या मन प्रसन्न करने के लिए, अपनी ही तृप्ति या संतोष के लिए । | स्वांत:सुखाय, केवळ आपल्या मनाला बरे वाटण्या करिता | for one's own happiness or satisfaction. |
| स्वाक्षर | पुं. | (किसी का) अपने हाथ से लिखा हुआ कोई छोटा लेख या हस्ताक्षर जिसे लोग अपने पास स्मृति के रूप में रखते हैं । | स्वत:चा हस्ताक्षरांनी एखाद्या नोटबुकात लिहिलेले चार शब्द वा स्वत:ची सही | autograph. |
| स्वागत | पुं. | 1. किसी मान्य या प्रिय व्यक्ति के आने पर आगे बढ़कर आदरपूर्वक उसका अभिनन्दन करना, अभ्यर्थना; | स्वागत, आदरसत्कार; | reception, welcome, greeting; |
| | | 2. किसी के कथन, विचार आदि को अच्छा या अनुकूल समझकर ग्रहण या मान्य करने की क्रिया या भाव । | सादरस्वीकार | acceptance, welcome (of suggestions etc.). |
| स्वागत-कक्ष | पुं. | ऐसा कमरा जहां पर मुलाकात के लिए जानेवाले लोगों को बैठाया जाए या उनका स्वागत किया जाए । | स्वागत करण्याचे दालन-दिवाणखाना | reception room. |
| स्वागत-समिति | स्त्री. | वह समिति जो किसी बड़े सम्मेलन आदि में आनेवालों के स्वागत-सत्कार के लिए बनाई जाती है । | स्वागत समिती | reception committee. |
| स्वागताध्यक्ष | पुं. | स्वागत-समिति का अध्यक्ष । | स्वागताध्यक्ष | chairman of reception committee. |
| स्वागती | पुं. | वह व्यक्ति जिस पर आगत सज्जनों के स्वागत-सत्कार का भार हो । | स्वागत करण्याकरिता नेमलेलीव्यक्ती | receptionist. |
| स्वातंत्र्य | पुं. | देखें 'स्वतंत्रता' । | स्वातंत्र्य | see 'स्वतंत्रता' |
| स्वातंत्र्य-संग्राम | पुं. | वह संग्राम या युद्ध जो अपने | स्वातंत्र्यसंग्राम, स्वातंत्र्याचा लढा | freedom fight, war |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | देश को विदेशी शासन से मुक्त करके स्वतंत्र बनाने के लिए किया गया हो या किया जाना हो । | | of independence. |
| **स्वाति** | स्त्री. | आकाशस्थ पंद्रहवां नक्षत्र, जो फलित ज्योतिष के अनुसार शुभ माना जाता है । | स्वाती नक्षत्र | the star Arcturus, considered as forming the fifteenth lunar asterism. |
| **स्वाद** | पुं. | 1. कोई चीज खाने या पीने पर जबान या रसनेन्द्रिय को होनेवाली अनुभूति, जायका; | स्वाद, रुची, चव; | taste, flavour, relish, savour; |
| | | 2. किसी काम, चीज या बात से प्राप्त होनेवाला आनन्द, रसानुभूति, मजा, सुख; | आनंद, उपभोग; | enjoyment, pleasure; |
| | | 3. आदत, अभ्यास । | सवंय, सराव | habit. |
| **स्वादिष्ट** | वि | जिसका जायका या स्वाद बहुत अच्छा हो, जो खाने या पीने में बहुत अच्छा जान पड़े । | स्वादिष्ट, रुचकर, लज्जतदार | tasteful, delicious, dainty, relishing. |
| **स्वादु** | वि. | देखें 'स्वादिष्ट' । | गोड, रुचकर | see 'स्वादिष्ट'. |
| **स्वाधीन** | वि. | 1. जो अपने अधीन हो; | स्वाधीन, स्वतःच्या हातात असलेला, आधीन असलेला; | being in one's own power or control, being at one's own disposal; |
| | | 2. जो प्रत्येक दृष्टि से आत्म-निर्भर हो, जो किसी के अधीन या पराधीन न हो; | स्वतंत्र, स्वावलंबी; | dependent on oneself, self-dependent, independent, free; |
| | | 3. अपनी इच्छा के अनुसार काम करने में स्वतंत्र, निरंकुश । | स्वेच्छेने काम करणारा, निरंकुश | unrestrained, uncontrolled, despotic. |
| **स्वाधीनता** | स्त्री. | 1. स्वाधीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, पराधीनता का विपर्याय; | स्वाधीनता, स्वावलंबीपणा; | self–dependence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्तियों, राष्ट्रों आदि को बाहरी नियंत्रण, दबाव आदि के प्रभाव से मुक्त होकर अपनी इच्छा से सब काम करने का अधिकार प्राप्त होता है, और वे किसी बात के लिए दूसरों के मुखापेक्षी नहीं होते, सब प्रकार से आत्मनिर्भर होने की अवस्था या भाव । | स्वातंत्र्य | independence, liberty, freedom. |
| स्वाध्याय | पुं. | 1. वेदों की निरंतर और नियमपूर्वक आवृत्ति या अभ्यास करना, वेदाध्ययन, धर्मग्रन्थों का नियमपूर्वक अनुशीलन करना; | स्वाध्याय, नियमपूर्वक वेदाध्ययन; | study of the Vedas, sacred study, perusal of sacred books; |
| | | 2. किसी गंभीर विषय का अच्छी तरह किया जाने-वाला अध्ययन और अनुशीलन । | अभ्यास, आपल्या विषयाचे अध्ययन | study (in general). |
| स्वाध्यायी | वि. | स्वाध्याय करनेवाला । | अभ्यासू | one who studies, studious. |
| | पुं. | वेदाध्ययन करनेवाला । | वेदभ्यासी | student of the Vedas. |
| स्वाप | पुं. | 1. नींद, निद्रा; 2. स्वप्न । | झोप, झोपण्याची क्रिया; स्वप्न | sleep, sleeping; dreaming, dream. |
| स्वापक | वि. | नींद लानेवाला, निद्राकारक । | झोप आणणारा | soporiferous, soporific, narcotic. |
| स्वाभाविक | वि. | 1. प्राकृतिक, कुदरती; | स्वाभाविक, नैसर्गिक; | natural, as in nature; |
| | | 2. जो या जैसा प्रकृति के या स्वभाव के अनुसार साधारणतः हुआ करता हो; | स्वभावाला अनुसरून असणारा; | consistent with one's disposition or nature; |
| | | 3. जन्मजात, सहज, नैसर्गिक । | जन्मजात, उपजत | innate, inborn, inherent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **स्वाभिमान** | पुं. | अपनी जाति, राष्ट्र, धर्म, प्रतिष्ठा आदि का सद्अभिमान, आत्मगौरव, आत्मसम्मान । | स्वाभिमान, आत्मप्रतिष्ठा | self–respect. |
| **स्वामित्व** | पुं. | 1. वह अवस्था जिसमें कोई किसी वस्तु का स्वामी या मालिक होता है, मालिक होने की अवस्था या भाव, मालिकी; | स्वामित्व, मालकी; | ownership, proprietorship; |
| | | 2. प्रभुता, प्रभुत्व, आधिपत्य । | प्रभुत्व | mastership, mastery. |
| **स्वामिनी** | स्त्री. | 1. वह स्त्री जिसे किसी वस्तु पर पूरे और सब प्रकार के अधिकार प्राप्त हों, मालिकिन; | स्वामिनी, मालकीण; | female proprietor, proprietoress; |
| | | 2. स्वामी या प्रभु की पत्नी । | स्वामीची/धन्याची-पत्नी | wife of the master, mistress. |
| **स्वामिभक्त** | वि. | स्वामी में भक्ति रखनेवाला, वफादार (नौकर) । | स्वामीभक्त | loyal, faithful. |
| **स्वामिभक्ति** | स्त्री. | स्वामी के प्रति भक्तिभाव, वफादारी । | स्वामिभक्ति | loyalty, faithfulness. |
| **स्वामी** | पुं. | 1. वह व्यक्ति जिसे किसी वस्तु पर पूरे और सब प्रकार के अधिकार प्राप्त हों, मालिक; | स्वामी, मालक, धनी; | proprietor, owner, master; |
| | | 2. पति, शौहर; | पती; | husband; |
| | | 3. राजा, अधिपति, प्रभु; | राजा, प्रभू; | king, monarch, sovereign; |
| | | 4. साधु, संन्यासी आदि के लिए प्रयुक्त एक शब्द । | संन्यासी | a title used with the names of saints and ascetics. |
| **स्वायत्त** | वि. | 1. जिस पर अपना अधिकार हो; | स्वायत्त, आपला स्वतःचा अधिकार असलेला; | within one's control or subjection; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसे स्थानीय स्वशासन का अधिकार या शक्ति प्राप्त हो, जो दूसरे के शासन या नियंत्रण में नहीं हो । | स्वतःच्याच सत्तेने चालणारा | autonomous. |
| स्वायत्त-शासन | पुं. | 1. राजनीति या शासन की दृष्टि से स्थानिक क्षेत्रों में अपने सब काम आप करने की स्वतंत्रता, स्वायत्तता; | स्वायत्त शासन, आपला स्वतःचा अधिकार असलेले शासन; | autonomy; |
| | | 2. लोकतंत्र-शासन-प्रणाली में शहरों, कस्बों, गांवों आदि के लोक प्रतिनिधियों द्वारा की जानेवाली अपने यहां की शासन-व्यवस्था तथा तत्संबंधी शासन-प्रणाली, स्वशासन । | स्वशासन | autonomous government, self–government. |
| स्वार्थ | पुं. | 1. अपना मतलब, गरज, प्रयोजन या हित साधने की उग्र भावना; | स्वार्थ, आप्पलपोटेपणा; | selfishness; |
| | | 2. ऐसी बात जिसमें स्वयं अपना लाभ या हित हो; | स्वहित, स्वलाभ; | one's own advantage or interest, self–interest; |
| | | 3. विधिक क्षेत्र में किसी वस्तु या संपत्ति के साथ होने-वाला किसी व्यक्ति का वह संबंध जिसके अनुसार उस संपत्ति पर अथवा उससे होनेवाले लाभ आदि पर स्वामित्व या इसी प्रकार और कोई अधिकार प्राप्त रहता है । | हितसंबंध | interest. |
| स्वार्थपरता | स्त्री. | केवल अपना स्वार्थ या मतलब साधने की अवस्था या भाव, खुदगरजी, स्वार्थीपन । | स्वार्थपरता, स्वार्थीपणा | selfishness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **स्वार्थपरायण** | वि. | 1. जो अपने स्वार्थों की सिद्धि में रत रहता हो, केवल अपना ही स्वार्थ या मतलब देखनेवाला, स्वार्थपरक, खुदगरज; | स्वार्थपरायण, आपस्वार्थी; | selfish, self–seeking; |
| | | 2. अन्य कामों या बातों की अपेक्षा अपने स्वार्थ को अधिक महत्व देने-वाला । | आपमतलबी | intent on one's own advantage, self–interested. |
| **स्वार्थ-परायणता** | स्त्री. | स्वार्थपरायण होने की अवस्था, गुण या भाव, स्वार्थपरता, खुदगरजी । | स्वार्थपरायणता, स्वार्थपरता | selfishness, self–centredness, self–interestedness. |
| **स्वार्थसाधक** | वि. | अपना मतलब साधनेवाला, अपना काम निकालनेवाला, स्वार्थी, खुदगरज । | स्वार्थसाधक, स्वार्थसाधू | self–seeking, self–seeker. |
| **स्वार्थसाधन** | पुं. | अपना प्रयोजन सिद्ध करना, अपना काम या मतलब निकालना । | स्वार्थ साधून घेणे | self–seeking, accomplishing, self–interest. |
| **स्वार्थसिद्धि** | स्त्री. | प्रयोजन की पूर्ति, काम निकालना । | स्वार्थ साधून घेतल्याची स्थिती, स्वार्थप्राप्ती | accomplishment of self–interest. |
| **स्वार्थांध** | वि. | जो अपने स्वार्थ के फेर में पड़कर अंधा हो रहा हो और भले-बुरे का ध्यान न रखता हो । | स्वार्थीभावनेने अंध झालेला -भलेबुरे न कळणारा | blinded by selfishness. |
| **स्वार्थी** | वि. | मात्र अपने स्वार्थ की सिद्धि चाहनेवाला, खुदगरज, मतलबी । | स्वार्थी | selfish, self–seeking. |
| **स्वावलंबन** | पुं. | अपनी सामर्थ्य से आत्मनिर्भर होने की अवस्था, गुण या भाव, अपना ही भरोसा करना, दूसरे की सहायता न लेना, आत्मनिर्भरता । | स्वावलंबन | self–sufficiency, self–reliance, self–dependence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| स्वावलंबी | वि. | अपने ही बल पर काम करने-वाला, दूसरे का भरोसा न करने या दूसरे की सहायता न लेनेवाला, आत्मनिर्भर । | स्वावलंबी, स्वाश्रयी | self–sufficient, self–relying, self–reliant, self–dependent. |
| स्वास्थ्य | पुं. | 1. स्वस्थ अर्थात् निरोग होने की अवस्था, गुण या भाव, निरोगता, आरोग्य, तन्दुरुस्ती; | स्वास्थ्य, आरोग्य; | health; |
| | | 2. चित्त का शांत होना, निरुद्विग्नता । | मन:स्वास्थ्य, मनाची स्वस्थता-स्थिरता | mental peace, calmness, tranquility, unperturbedness. |
| स्वास्थ्यकर | वि. | जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहे, स्वास्थ्यप्रद, आरोग्यवर्धक । | स्वास्थ्यकर, आरोग्यप्रद | congenial to health, whole-some, healthy, sanitary. |
| स्वास्थ्यप्रद | वि. | देखें 'स्वास्थ्यकर' । | स्वास्थ्यकर | see 'स्वास्थ्यकर', |
| स्वास्थ्यरक्षा | स्त्री. | 1. ऐसा स्वच्छतापूर्ण आचरण और व्यवहार जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहे, बिगड़ने न पाए; | आरोग्यरक्षक व्यवस्था; | sanitation; |
| | | 2. स्वास्थ्य की रक्षा, तन्दुरुस्ती बनाए रखना । | आरोग्य संभाळणे | security of health, maintenance of one's health. |
| स्वास्थ्यलाभ | पुं. | रुग्णता आदि के बाद स्वास्थ्य का पुन: प्राप्त होना या करना । | आजारातून उठणे, बरे होणे | convalescence. |
| स्वास्थ्य-विज्ञान | पुं. | वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें शरीर को निरोग और स्वस्थ बनाए रखने के नियमों और सिद्धान्तों का विवेचन हो । | आरोग्यशास्त्र | hygiene. |
| स्वास्थ्यहानि | स्त्री. | स्वास्थ्य का नाश, तन्दुरुस्ती का बिगड़ जाना । | आरोग्यनाश | loss of health. |
| स्वाहा | अव्य. | देवताओं को हवि देते समय मंत्रों के अंत में उच्चारण किया जानेवाला एक शब्द । | होमात आहुती टाकतांना उच्चारला जाणारा शब्द | a word uttered while offering oblations to the gods. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | वि. | 1. जो जलाकर नष्ट कर दिया गया हो या जलकर नष्ट हो गया हो; | जळून नाहीसा झालेला; | burnt; |
| | | 2. पूर्णतः नष्ट । | विनष्ट झालेला, पूर्णतः नाश पावलेला | completely destroyed or ruined. |
| स्वाहा होना | अ. क्रि. | 1. जलकर राख हो जाना; | जळून राख होणे; | to be burnt to ashes; |
| | | 2. नष्ट हो जाना । | नष्ट होणे | to be destroyed or ruined. |
| स्वीकरण | पुं. | 1. स्वीकार या अंगीकार करना, अपनाना; | स्वीकार करणे, आपलेसे करणे; | adoption, accepting, acceptance, taking; |
| | | 2. कबूल करना, मानना । | मान्यता, संमती | assenting, agreeing, an assent. |
| स्वीकरणीय | वि. | स्वीकृत किए या माने जाने के योग्य । | स्वीकार्य | acceptable, admissible. |
| स्वीकर्ता | पुं. | स्वीकार करनेवाला, मंजूर करनेवाला । | स्वीकार करणारा, घेणारा | one who accepts, admits or agrees, acceptor. |
| स्वीकार | पुं. | 1. अपना बनाने या अपनाने की क्रिया या भाव, अंगीकार; | स्वीकार, आपलासा करण्याची क्रिया, अंगीकार; | making one's own, adoption; |
| | | 2. ग्रहण करना, लेना; | ग्रहण, घेणे; | taking, accepting; |
| | | 3. कोई बात मान लेना, कबूल या मंजूर करना; | संमती, मान्यता, अनुमती; | assent, consent, confessing; |
| | | 4. किसी बात की प्रतिज्ञा करना या वचन देना । | वचन देणे | promising, promise. |
| स्वीकार करना | स. क्रि. | 1. अपना बनाना, अंगीकार करना; | स्वीकार करणे, आपले कारणे; | to make one's own, to adopt; |
| | | 2. ग्रहण करना, लेना; | ग्रहण करणे, घेणे; | to take, to accept; |
| | | 3. मान लेना, कबूल करना; | संमती देणे, कबूली देणे; | to assent, to consent, to confess; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. प्रतिज्ञा या वचन देना; | वचन देणे; | to promise; |
| | | 5. मंजूर करना, मंजूरी देना, स्वीकृति देना । | मंजूरी देणे, मंजूर करणे | to sanction, to grant. |
| स्वीकारना | स. क्रि. | 1. स्वीकार करना, मानना; | स्वीकारणे, मान्यकरणे, कबूल करणे; | to assent, to consent, to agree, to acknowledge; |
| | | 2. ग्रहण करना, लेना; | ग्रहण करणे, घेणे; | to take, to accept; |
| | | 3. अपनाना । | आपलेसे करणे | to adopt, to make one's own. |
| स्वीकारात्मक | वि. | (कथन) जिससे कोई बात स्वीकृत की गई या मानी गई हो अथवा उसकी पुष्टि की गई हो । | स्वीकार केल्याच्या स्वरुपाचा, होकारार्थी | affirmative. |
| स्वीकारोक्ति | स्त्री. | वह कथन या बयान जिसमें अपना अपराध स्वीकृत किया जाए, अपने मुंह से कहकर यह मान लेना कि हमने अमुक अनुचित या बुरा काम किया है । | कबूली | confession. |
| स्वीकार्य | वि. | जो स्वीकृत किया या माना जा सके, माने जाने के योग्य । | स्वीकार्य, मान्य करण्याजोगा | acceptable, admissible. |
| स्वीकार्यता | स्त्री. | स्वीकार्य होने की अवस्था या भाव, ग्राह्यता । | स्वीकार करण्याजोगी स्थिती, ग्राह्यता | acceptability, admissibility. |
| स्वीकृत | वि. | 1. जिसे स्वीकार कर लिया गया हो, जिसके संबंध में स्वीकृति दी जा चुकी हो; | स्वीकृत, मान्य केलेला, मान्यता-संमती-दिलेला; | sanctioned, granted; |
| | | 2. ग्रहण किया या माना हुआ, मंजूर । | मंजूर, मान्य | accepted, assented, admitted. |
| स्वीकृति | स्त्री. | 1. स्वीकार करने की क्रिया या भाव, सहमति; | स्वीकृती, मान्यता, संमती; | consent, assent; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. प्रस्ताव, शर्तें आदि मान लेने या उपहार, देन आदि ग्रहण करने की क्रिया या भाव; | ग्रहण करण्याची क्रिया; | acceptance; |
| | | 3. बड़ों, अधिकारियों आदि के द्वारा छोटों की प्रार्थना आदि मान लेने की क्रिया या भाव, मंजूरी । | मंजूर | sanction. |
| स्वकीय | वि. | स्वकीय, अपना । | स्वकीय, आपला | own, one's own, belonging to one's self, personal. |
| | पुं. | स्वजन, आत्मीय, संबंधी, नाते-रिश्तेदार । | आप्तजन, संबंधी, नातेवाईक | kinsman; relative, kith and kin, kinsfolk. |
| स्वेच्छा | स्त्री. | अपनी इच्छा, अपनी मर्जी । | स्वच्छा | one's own wish or will, free will. |
| स्वेच्छाचार | पुं. | भले-बुरे का ध्यान रखे बिना मनमाना आचरण करना, यथेच्छाचार । | स्वच्छंदी आचार, स्वैराचार | acting as one likes, arbitrariness, acting without restraint. |
| हायतोबा | स्त्री. | 1. विलाप, रोना-धोना; | हाय हाय, विलाप, आक्रोश; | lamentation, bewailing; |
| | | 2. कुहराम, वावेला । | आराडाओरड | outcry, tumult, uproar. |
| हार | स्त्री. | 1. पराजय; | हार, पराजय; | defeat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. पराजय के कारण होनेवाली हानि, क्षति, नुकसान । | हानी, नुकसान | loss. |
| | पुं. | फूलों, मोतियों आदि की माला । | फुले, मोती ई. ची माळ | garland or necklace. |
| | प्रत्य. | ले जानेवाला, छीननेवाला, मुग्ध करनेवाला, आदि अर्थों का बोधक प्रत्यय । | करणारा, नेणारा, हिरावणारा, मुग्ध करणारा अशा अर्थाचा हिंदीतील बोधक प्रत्यय (उदा. तारणहार इ.) | suffix meaning one who or that carries away per force or usurps, charms etc. or denotes a doer. |
| हार-जीत | स्त्री. | 1. जय-पराजय; | हारजीत, जय-पराजय; | defeat and victory, losing and winning; |
| | | 2. हानि-लाभ । | हानी-लाभ | loss and gain. |
| हारना | अ. क्रि. | 1. युद्ध, खेल आदि में पराजित होना; | हारणे, पराजित होणे, पराभव पावणे; | to be defeated, to lose (in battle, play etc.); |
| | | 2. विफल रहना; | अयशस्वी होणे, असफल होणे; | to be unsuccessful, to fail; |
| | | 3. थक जाना, शिथिल हो जाना । | थकून जाणे, दमून जाणे | to be fatigued, or to be tired out, to be wearied. |
| | स. क्रि. | 1. प्रतियोगिता, युद्ध आदि में पराजित होने के कारण हाथ से उसे या उससे संबंधित चीज जाने देना, गंवाना, खोना; | गमावणे, हरवणे; | to lose; |
| | | 2. न रख सकने या निर्वाह न कर सकने के कारण छोड़ देना । | सोडून देणे | to let go. |
| हार्दिक | वि. | हृदय में रहने या होनेवाला, हृदय का । | अंतःकरणापासूनचा, हृदयापासूनचा, कळकळीचा | hearty, cordial. |
| हाल | पुं. | 1. वर्तमान काल; | वर्तमान, सांप्रतकाळ; | present time; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. वर्तमान से कुछ ही पहले का समय; | आजकालची स्थिती; | recent time; |
| | | 3. अवस्था, दशा, हालत; | अवस्था, दशा; | condition, state; |
| | | 4. विवरण, वृत्तांत, समाचार; | समाचार, वृत्तान्त; | account, news, statement; |
| | | 5. भक्ति के आवेश के कारण होनेवाली तन्मयता, आत्म-विस्मृति या विभोरता। | तल्लीनता, आत्मविस्मृती | trance, ecstasy |
| | स्त्री. | काठ के पहिए पर चारों ओर चढ़ाया जानेवाला लोहे का घेरा या गोलाकार बंद। | गाडीच्या लाकडी चाकावरची लोखंडी धावपट्टी | hoop or metallic tyre over wooden wheel. |
| हालचाल | पुं. | 1. अवस्था, दशा, परिस्थिति, स्थिति; | सामान्य परिस्थिती; | general condition, state of affairs; |
| | | 2. विवरण, वृत्तांत, समाचार। | समाचार, वृत्तान्त | news. |
| हालत | स्त्री. | 1. अवस्था, दशा; | दशा, अवस्था, स्थिती; | state, condition; |
| | | 2. परिस्थिति, हालात। | परिस्थिती | circumstances, conditions. |
| हालांकि | अव्य. | यद्यपि। | जरी, यद्यपी | whereas, since, though, although. |
| हाला | स्त्री. | मद्य, शराब। | दारू, मद्य | wine, spirituous liquor. |
| हावभाव | पुं. | 1. वे आकर्षक तथा कोमल चेष्टाएं जो स्त्रियां प्रायः पुरुषों को अनुरक्त तथा मुग्ध करने के लिए करती हैं; | हावभाव, नखरे; | amorous dalliance (of a woman), airs, actions and postures expressive of amorous passion; |
| | | 2. (नृत्य आदि में) भावपूर्ण चेष्टाएं, मुद्राएं, संकेत आदि। | (नृत्य इ. तील) अंगविक्षेप | gestures, blandishments. |
| हावी | वि. | जो अपने गुण, बल विशेषता आदि के कारण दूसरों पर छा जाए। | प्रभावी, दाबून टाकणारा | dominant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **हास** | पुं. | 1. **हंसने की क्रिया या भाव, हंसी;** | हास्य, हसणे; | laughter, laughing, smiling; |
| | | 2. **हास्य रस का स्थायी भाव;** | हास्यरसाचा स्थायी भाव; | laughter, as the prevailing or abiding feeling of the rasa called हास्य; |
| | | 3. **दिल्लगी, परिहास, मजाक;** | गंमत, विनोद, थट्टा; | fun, joke; |
| | | 4. **उपहास ।** | उपहास, उपरोधिक हास्य | derisive laughter, derision, ridicule, mockery. |
| **हासिल** | वि. | **पाया या मिला हुआ, प्राप्त, लब्ध ।** | प्राप्त, मिळालेला, हाती आलेला | acquired, obtained. |
| | पुं. | **जोड़ में किसी संख्या का वह अंश जो अंतिम अंक या ईकाई के नीचे लिखे जाने पर बच रहे ।** | हातचा आलेला अंक, (बेरीज करताना येणारा) | what is carried forward. |
| **हास्य** | पुं. | 1. **हंसने की क्रिया या भाव, हंसी, हास;** | हास्य, हसण्याची क्रिया; | laughter, smile; |
| | | 2. **दिल्लगी, मजाक;** | थट्टा, गंमत; | joke, fun; |
| | | 3. **उपेक्षा और निन्दा से युक्त हंसी, उपहास;** | उपहासरुप हास्य; | derisive laughter, derision, ridicule, mockery; |
| | | 4. **साहित्य में नौ स्थायी भावों या रसों में से एक ।** | नवरसांपैकी एक रस (सहास्यरस) | the sentiment of mirth or humour, one of the nine sentiments in poetry, the final culmination of the sense of humour into a rasa. |
| | वि. | **हंसी उत्पन्न करनेवाला ।** | हसण्याजोगा | provoking laughter, humorous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हास्यास्पद | वि. | (ऐसा बेढंगा, फूहड़ या भद्दा) जिसे देखकर लोग उपेक्षा से व्यंगपूर्वक हंसते हों, उपहास का पात्र । | हास्यास्पद, हसून उडवून लावण्याजोगा | butt of ridicule, laughing–stock, ludicrous, ridiculous. |
| हास्योत्पादक | वि. | जिससे लोगों को हंसी आए, हंसी उत्पन्न करनेवाला । | हास्योत्पादक, हसू उत्पन्न करणारा, विनोदी | provoking laughter, funny, humorous. |
| हाहाकार | पुं. | भय, दु:ख, घबराहट आदि के कारण बहुत आदमियों के मुंह से निकला हुआ – हा हा शब्द, घबराहट की चिल्लाहट, कुहराम । | हाहा:कार, आक्रोश, कोलहाल | lamentation, loud wailing, distressful commotion or tumult. |
| हिंडोला | पुं. | 1. झूला;<br>2. बच्चों को सुलाने का पालना । | झोपाळा;<br>पाळणा | swing;<br>cradle. |
| हिंदी | स्त्री. | सारे उत्तर और मध्य भारत की एक प्रधान भाषा जो मुख्य रूप से प्राय: समस्त भारत की राष्ट्र-भाषा रही है और स्वतंत्र भारत की राजभाषा मानी गई है । | हिंदी भाषा | Hindi language. |
| | वि. | हिन्द या हिन्दोस्तान का, भारतीय । | हिंदी, हिंदुस्तानचा, भारतीय | Indian. |
| हिंसक | वि. | 1. हिंसा करनेवाला, मार-डालनेवाला, हत्या करनेवाला;<br>2. दूसरों को कष्ट पहुंचाने-वाला;<br>3. घातक, चोट पहुंचानेवाला। | हिंसक, हत्या करणारा, ठार मारणारा जीव घेणारा;<br>दुखापत करणारा, त्रास देणारा, अत्याचार करणारा;<br>घातक | murderous, fierce, ferocious;<br>hurting, hurtful, injurious;<br>fatal, violent |
| हिंसा | स्त्री. | 1. हत्या करना, वध;<br>2. किसी प्रकार की हानि पहुंचाना, अनिष्ट या अपकार करना, कष्ट या दु:ख देना, बलप्रयोग, ज़बरदस्ती । | हिंसा, वध, हत्या, जीवे मारणे;<br>दुखापत, अत्याचार, त्रास | killing, slaying, murder;<br>injury, mischief, wrong, harm, hurt, violence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **हिंसात्मक** | वि. | जिसमें हिंसा हो, हिंसा से युक्त, जिसमें बलप्रयोग किया गया हो । | हिंसात्मक | injurious, violent. |
| **हिंस्र** | वि. | हिंसा करनेवाला, हिंसक । | हिंस्र, दुखापत करणारा, क्रूर, हिंसक | murderous, fierce, ferocious, savage. |
| **हिकमत** | स्त्री. | 1. युक्ति, तरकीब, तदबीर; | हिकमत, मुक्ती; | contrivance, manoeuvre, device; |
| | | 2. हकीम का काम या पेशा, यूनानी चिकित्सा पद्धति की वैद्यकी । | युनानी पद्धतीची वैद्यकी | medical practice under the Unani system. |
| **हिकमती** | वि. | कार्यसाधन की युक्ति निकालनेवाला, कार्यपटु, जोड़-तोड़ लगानेवाला, होशियार । | हिकमती, युक्तिबाज | manipulating, pastmaster at manipulation. |
| **हिचक** | स्त्री. | सफलता में सन्देह, सामर्थ्य-हीनता आदि के कारण किसी काम के करने में मन का रुकना, आगा-पीछा करना, हिचकिचाहट, झिझक । | कांकू, अनमान, मागेपुढे करणे | hitch, hesitation. |
| **हिचकना** | अ. क्रि. | 1. कोई काम करने से पहले किसी आशंका, असमर्थता आदि के कारण कुछ रुकना, आगा-पीछा करना, हिचकिचाना; | दबकणे, अनमान करणे, कचरणे, कांकूं करणे; | to hesitate, to hitch, to shilly-shally; |
| | | 2. हिचकी लेना । | उचकी लागणे | to hiccup, to hiccough, to have a fit of hiccup. |
| **हिचकिचाना** | अ. क्रि. | किसी काम के करने में मन का आगा-पीछा करना या रुकना, हिचकना । | मागेपुढे करणे, कांकू करणे, दबकणे, अनमान करणे, कचरणे | to hitch, to hesitate, to shilly-shally. |
| **हिचकिचाहट** | स्त्री. | दे. 'हिचक' । | "हिचक" पाहा | see 'हिचक'. |

25—9/CHD/ND/99

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हिचकी | स्त्री. | 1. खांसी, छींक, डकार आदि की तरह का एक शारीरिक व्यापार जिसमें सांस लेने के समय क्षण भर के लिए फेफड़े का मुंह सिकुड़कर बन्द हो जाता है और पेट की वायु रुकती और हलका शब्द करती हुई बाहर निकलती है; | उचकी लागण्याची क्रिया; | hiccough, hiccup; |
| | | 2. उक्त के फलस्वरूप झटके से होनेवाला तीव्र शब्द जो कंठ से निकलता है; | उचकीचा आवाज; | sound of hiccup; |
| | | 3. एक प्रकार का रोग जिसमें बार-बार उक्त प्रकार की क्रिया तथा शब्द होता है । | उचकी लागण्याचा रोग | disease of hiccup. |
| हिचकोला | पुं. | हलका झटका, धक्का, धचका । | लहानसा धक्का, झटका | jerk, jolt. |
| हिजड़ा | पुं. | ऐसा व्यक्ति जिसमें शारीरिक दृष्टि से स्त्री और पुरुष दोनों के कुछ-कुछ चिह्न तथा लक्षण जन्मजात तथा प्राकृतिक रूप से हों, क्लीव, खोजा । | हिजडा, षंढ | eunuch. |
| | वि. | साहसहीन, कायर, नपुंसक । | षंढ, नपुंसक, भ्याड, धैर्यहीन | impotent, coward, lacking courage. |
| हिजरी | पुं. | प्रसिद्ध मुसलमानी संवत् जिसका आरम्भ मुहम्मद साहब की हिजरत के दिन (15 जुलाई, सन् 622 ई.) हुआ था । | मुसलमानी शक (15 जुले 622 इ. पासूनचा) | Mohammedan era which commences from the day of Prophet Mohammed's flight from Mecca to Madina (on the 15th July, 622). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हिज्जे | पुं. | 1. वे वर्ण या अक्षर जिनसे कोई शब्द बना हो, वर्तनी, वर्णविन्यास; | शब्दाचे वर्ण, ज्या अक्षरानी शब्द बनला ती अक्षरे, शब्दाची जोडणी; | spelling; |
| | | 2. किसी शब्द के वर्णों का किया जानेवाला अलग-अलग और क्रमिक उच्चारण । | शब्दाच्या वर्णाचे अलग-अलग व क्रमाने उच्चारण | pronouncing the letters of a word separately and serially, spelling a word. |
| हित | पुं. | 1. कल्याण, मंगल, उपकार, भलाई; | हित, कल्याण, क्षेम; | welfare, well-being, good; |
| | | 2. लाभ, फायदा; | लाभ, फायदा; | benefit, gain, advantage; |
| | | 3. विविध क्षेत्रों में किसी वस्तु या विषय के साथ होनेवाला किसी वस्तु का वह संबंध जिसके अनुसार उस विषय या वस्तु के कारण भविष्य में होनेवाली हानि या लाभ से उस व्यक्ति की भी हानि या लाभ होता या हो सकता हो । | हितसंबंध | interest. |
| हितकर | वि. | (बात या वस्तु) जिससे हित होता हो, लाभदायक, उपयोगी । | हितकर, कल्याणकारी, क्षेमकर | beneficial, useful, advantageous, doing good. |
| हितकारक | वि. | दे. 'हितकर' । | हितकर | see 'हितकर'. |
| हितकारी | वि. | 1. (व्यक्ति) जो दूसरों का हित करता हो, परोपकारी; | हित करणारा; | benefactor; |
| | | 2. हितकर, लाभदायक, उपयोगी (वस्तु या बात) । | लाभकारक | beneficial, advantageous. |
| हितचिन्तक | पुं., वि. | भलाई चाहनेवाला । | हितचिंतक | well-wishing, well-wisher, benefactor. |
| हितचिन्तन | पुं. | किसी की भलाई की कामना करना, उपकार की इच्छा करना । | हितचिंतन | well-wishing, being concerned about somebody's welfare. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हिताहित | पुं. | 1. हित और अहित, भलाई-बुराई, उपकार और अपकार; | हितक-अहित; | good and bad, advantage and disadvantage; |
| | | 2. लाभ-हानि । | लाभ-हानी, नफा-नुकसान | profit and loss. |
| हितेच्छु | वि., पुं. | हित या भला चाहनेवाला, कल्याण मनानेवाला, हितचिन्तक । | हितचिंतक | well–wishing, well–wisher |
| हितैषी | वि. | भला चाहनेवाला, कल्याण मनानेवाला, हितचिन्तक । | हितेच्छू, हितचिंतक | desiring other's welfare, well–wishing, well–wisher, benevolent. |
| | पुं. | मित्र, दोस्त । | मित्र, हित इच्छिणारा स्नेही | friend. |
| हिदायत | स्त्री. | आधिकारिक रूप से यह कहना कि अमुक कार्य इस रूप में होना चाहिए अथवा अमुक प्रकार की बात नहीं होनी चाहिए, अनुदेश । | मार्गदर्शक सूचना | instruction. |
| हिफाजत | स्त्री. | रक्षा, देखभाल । | जपणूक, रक्षण | protection, security, safety, safeguard. |
| हिम | पुं. | 1. आकाश या बादलों में रहनेवाले जलीय अंश का वह ठोस रूप जो सर्दी से जमने के कारण होता है, तुषार, पाला, जमी हुई ओस; | हिम, हवेतील जल गोठून बनणारे बर्फाचे कण; | frost, hoar–frost; |
| | | 2. वायुमंडलीय वाष्प के जमे हुए खंड, बरफ, बर्फ । | बर्फ | ice, snow. |
| हिमकण | पुं. | बरफ या पाले के छोटे-छोटे टुकड़े । | हिमकण, बर्फाचे तुषार | particles of frost or snow. |
| हिमांक | पुं. | वह तापमान जिस पर पानी जम जाता है । | पाणी गोठण्याचा तापबिंदू | freezing point. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हिमांशु | पुं. | चन्द्रमा । | चंद्र | moon. |
| हिमाकत | स्त्री. | अहमक होने की अवस्था या भाव, बेवकूफी, मूर्खता । | निर्बुद्धपणा, बेअकलीपणा | foolishness, folly, stupidity. |
| हिमानी | स्त्री. | 1. बरफ का ढेर, हिमराशि; | बर्फराशी; | a mass or collection of snow; |
| | | 2. बरफ की वह बहुत बड़ी राशि जो पर्वतों पर से फिसलती हुई नीचे गिरती है, हिमनदी । | बर्फाचा खडक | glacier, avalanche. |
| हिमायत | स्त्री. | 1. पृष्ठपोषण, समर्थन; | पाठिंबा, अनुमोदन; | support, backing, countenance; |
| | | 2. विवाद आदि में किसी पक्ष का किया जानेवाला बचाव । | बचाव, समर्थन | protection, defence. |
| हिमायती | वि. | 1. हिमायत करनेवाला, पक्षपाती, पृष्ठपोषक; | पाठिंबा/अनुमोदन देणारा; समर्थक; | supporter; |
| | | 2. विवाद आदि में बचाव करनेवाला । | समर्थक, बचाव करणारा | protector, defender. |
| हिमालय | पुं. | भारतवर्ष की उत्तरी सीमा पर पूर्व से पश्चिम तक फैला हुआ एक बहुत बड़ा और ऊंचा पर्वत जो संसार के सब पर्वतों से बड़ा और ऊंचा है । | हिमालय | the Himalaya mountain, the Himalayas. |
| हिम्मत | स्त्री. | 1. साहस, निर्भयता; | हिंमत, साहस, धारिष्ट; | spirit, courage, boldness; |
| | | 2. दृढ़ धारणा । | निर्धार, निश्चयीपणा | firmness, resoluteness. |
| हिम्मती | वि. | साहसी, निर्भय । | हिंमतबाज, धैर्यवान, साहसी | courageous, bold. |
| हिरन | पुं. | कुछ कालापन लिए पीले रंग का सींगवाला एक प्रसिद्ध चौपाया जो चौकड़ियां भरता हुआ बहुत तेज दौड़ता है, मृग, हरिण । | हरीण | deer, an antelope. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हिरासत | स्त्री. | 1. किसी को इस प्रकार अपने बंधन या देखरेख में रखना कि वह भाग कर कहीं जाने न पाए अभिरक्षा; | कच्ची कैद, अटक; | custody, charge; |
| | | 2. वह स्थान जहां उक्त प्रकार के लोग बन्द करके रखे जाते हैं। | कच्च्या कैदेची कोठडी | lock–up, custody–room. |
| हिलकोरा | पुं. | हिलोर, लहर, तरंग। | लहर, तरंग, लाट | wave, billow, surge. |
| हिलना | अ. क्रि. | 1. अपने स्थान से कुछ इधर या उधर होना, चलायमान होना; | हलणे, सरणे; | to move, to stir, to shake; |
| | | 2. कांपना; | थरथरणे, कापणे; | to tremble; |
| | | 3. लहराना; | लहरणे; | to undulate, to wave; |
| | | 4. झूमना; | हलणे-डुलणे; | to swing in a gay mood or intoxication, to sway to and fro; |
| | | 5. जमा या दृढ़ न रहना, ढीला होना; | दृढ न राहणे, शिथिलहोणे; | to get loose, to slacken; |
| | | 6. (मन का) चंचल होना, डिगना; | चंचल-अस्थिर-होणे; | to be fickle, flickering, unsteady (of mind); |
| | | 7. हेल-मेल में आना, परचाना; | परिचित होणे, माणसात मिसळून जाणे; | to be familiar; |
| | | 8. खिसकना, सरकना। | निसटणे, सरकणे | to slip, slide. |
| हिलाना | स. क्रि. | 1. हिलने में प्रवृत्त करना, सूक्ष्मगति से तरंग में चलायमान करना; | हलविणे, हलायला लावणे; | to cause to shake or rock, to move, to stir; |
| | | 2. खिसकाना, सरकाना, हटाना; | सरकविणे, बाजूला सारणे; | to cause to slip or slide; |
| | | 3. कंपित करना, कंपाना; | थरथरविणे, कंप उत्पन्न करणे; | to cause to tremble; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. (बच्चे आदि को) हेलमेल में लाना, परचाना; | माणसात मिसळायला लावणे; | to familiarize, to cause to get intimate; |
| | | 5. चंचल करना, डिगाना; | चंचल करणे, अस्थिर करणे; | to cause to be fickle, flickering or unsteady; |
| | | 6. झुलाना । | झोके देणे, डोलविणे | to swing, to move to and fro. |
| हिलोर | स्त्री. | तरंग, लहर, हिलकोर । | तरंग, लाट, लहर | a wave, billow, surge. |
| हिसाब | पुं. | 1. वह कला या विद्या जिसके द्वारा संख्याएं गिनी, घटाई और जोड़ी जाती हैं या उनका गुणा या भाग किया जाता है, गणित; | अंकगणित; | arithmetic; |
| | | 2. उक्त विद्या के अनुसार मान, मूल्य आदि गिन, जोड़ या समझकर उनका ब्योरा या लेखा तैयार करने का काम, परिकलन; | गणण्याचे काम; | calculation; |
| | | 3. आय-व्यय, लेना-देना आदि का लिखित विवरण, लेखा; | हिशेब, ताळमेळ; | account; |
| | | 4. अंकगणित (गणित) से संबंधित प्रश्न जो विद्यार्थियों की परीक्षा आदि के लिए उनके सामने रखा जाता है; | गणिताचा प्रश्न; | arithmetical (or mathematical) question ; |
| | | 5. दर, भाव; | दर, भाव; | rate; |
| | | 6. किसी की दृष्टि में होनेवाला महत्व, मान, मूल्य आदि का विचार, राय, अनुमान; | मूल्यांकन, मत; | opinion, estimation; |
| | | 7. किसी प्रकार का निश्चित नियम, परिपाटी, व्यवस्था क्रम, ढंग, तरीका; | क्रम, चालरीत; | manner, custom, rule; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 8. सामंजस्य, अनुकूलता; | सामंजस्य, मिळवून घेणे; | accommodation, adjustment; |
| | | 9. उपाय, युक्ति । | युक्ती, उपाय, मार्ग | way, measure, device. |
| हिसाब-किताब | पुं. | 1. आय-व्यय आदि का विवरण, लेखा; | हिशेब ठिशेब, जमाखर्च; | account (s); |
| | | 2. आय-व्यय आदि के विवरण से संबंधित पंजी या बही; | हिशेब-वही; | account–book; |
| | | 3. व्यापारिक लेन-देन या व्यवहार; | व्यापार-व्यवहार; | transaction; |
| | | 4. ढंग, पद्धति, तरीका । | पद्धत, रीत | way, manner |
| हिस्सा | पुं. | 1. अवयव, घटक, अंग; | घटक; | component, constituent; |
| | | 2. भाग, विभाग; | भाग, हिस्सा; | part, portion, division; |
| | | 3. अंश, खंड; | तुकडा, खंड, अंश; | fragment; |
| | | 4. बंटवारे, विभाजन आदि में प्राप्त भाग या अंश; | भाग वाटा; | share, portion (of partition); |
| | | 5. वह धन जो किसी साझे की वस्तु या व्यवसाय में कोई एक या हर एक साझेदार लगाए हो; | (भांडवलात असलेला प्रत्येक भागीदाराचा) वाटा, हिस्सा; | share (of capital); |
| | | 6. साझेदार को मिलने वाला आनुपातिक लाभ या अंश । | लाभांश | dividend. |
| हिस्सेदार | पुं. | 1. वह जिसका किसी संपत्ति या व्यवसाय में हिस्सा हो, अंशधारी; | भागधारक, हिस्सेदार; | a shareholder; |
| | | 2. किसी कार्य, सेवा आदि में योगदान करनेवालों में से हरएक भाग लेनेवाला । | वाटेकरी | party, partner. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हींग | स्त्री. | एक प्रकार का पौधा तथा उसका निर्यास जो जमकर गोंद के समान हो जाता है तथा जो औषध और मसाले के रूप में व्यवहृत होता है । | हिंग | asafoetida. |
| ही | अव्य. | एक अव्यय जिसका प्रयोग मुख्यत: इन अर्थों में होता है: | | a particle used mainly in these senses: |
| | | 1. केवल, सिर्फ; | मात्र, केवळ, फक्त | only, alone, solely; merely; |
| | | 2. अवश्य, निश्चय ही; | खात्रीने, अवश्य; | indeed, definitely; |
| | | 3. बहुत कुछ समान, प्राय:, लगभग; | जवळ जवळ, प्राय: बहुतकरून; | almost similar; |
| | | 4. कोई ओर नहीं । | च (उदा. "वही" तोच) | none but. |
| हीक | स्त्री. | 1. किसी प्रकार की अप्रिय सड़ी हुई या तीव्र गंध; | दुर्गंधी; | a bad smell, stench; |
| | | 2. हिचकी । | उचकी | hiccup. |
| हीन | वि. | 1. रहित, खाली (समस्त पदों में); | (समासात) रहित; | destitute or deprived of, bereft of, without (in comp.); |
| | | 2. बुरा, खराब, शोचनीय; | वाईट, खराब; | causing concern or anxiety, bad; |
| | | 3. महत्वहीन, तुच्छ नगण्य; | तुच्छ, नगण्य; | worthless, insignificant, trivial; |
| | | 4. किसी की अपेक्षा घटकर, निम्नकोटि का, अवर; | खालच्या दर्जाचा; | inferior, lower; |
| | | 5. ओछा, नीच, निम्न (मनोवृत्ति, काम) । | नीच, हलक्या मनोवृत्तीचा, अधम | low, base, mean, vile. |
| हीनता | स्त्री. | 1. न होने की अवस्था या भाव, रहित, अभाव (समास पदों में); | छीनता, रहितता; | the state of being without, destitution, deprivation (in comp.); |
| | | 2. महत्वहीनता, तुच्छता; | तुच्छता; | worthlessness, insignificance; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी की अपेक्षा घटकर होने का भाव, घटियापन, अवरता; | निकृष्टता; | inferiority, lowliness; |
| | | 4. ओछापन, नीचता । | नीचता, अधमपणा | meanness, baseness, vileness. |
| हीरक | पुं. | हीरा नामक रत्न । | हिरा | diamond. |
| हीरक-जयंती | स्त्री. | किसी व्यक्ति, संस्था, महत्वपूर्ण कार्य आदि की वह जयंती जो उसके जन्म या आरम्भ होने के 60/75वें वर्ष में होती है । | हीरक जयंती, 50 वर्ष पूर्ण झाल्याचा उत्सव | diamond jubilee. |
| हीरा | पुं. | 1. एक प्रकार का रत्न या बहुमूल्य पत्थर जो अपनी कठोरता और चमक के लिए प्रसिद्ध है, वज्रमणि; | हिरा; | diamond; |
| | | 2. (ला.) बहुत ही अच्छा आदमी, नररत्न । | माणसातील रत्न, उत्तम माणूस | gem amongst men, an excellent man. |
| हीला | पुं. | 1. निमित्त, वसीला, व्याज; | निमित्त, कारण; | cause, reason. source; |
| | | 2. बहाना, मिस । | बहाणा, मिष | pretext, pretension. |
| हीलाहवाला | पुं. | टालमटोल, बहानेबाजी । | टाळाटाळ | evasion, pretence, dilly-dally, subterfuge, excuse. |
| हुंकार | स्त्री. | 1. लड़ने-भिड़ने के लिए ललकारने का शब्द; | आह्वानाचा शब्द वा ध्वनी; | a sound of challenge or hallooing; |
| | | 2. डांटने या धमकाने का शब्द; | दटावणी चा ध्वनी; | a menacing sound, sound of defiance; |
| | | 3. किसी प्रकार का उग्र और जोर का शब्द; | जोराने काढलेला आवाज, डरकाळी; | roaring, bellowing in general; |
| | | 4. चिल्लाहट, चीत्कार । | ओरडा, चीत्कार | shouting, a cry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हुंकारना | अ. क्रि. | 1. लड़ने-भिड़ने के लिए ललकारना; | आह्वान देणे, दंड थोपटून बोलावणे; | to challenge loudly (for a fight); |
| | | 2. जोर से चिल्लाना; | ज़ोराने ओरडणे; | to shout, to cry; |
| | | 3. डांटने-डपटने के लिए जोर का शब्द करना । | जोराने दटावणे | to menace loudly, to roar, to bellow. |
| हुंकारी | स्त्री. | 1. किसी की बात सुनते समय अपनी सचेतता या सावधानी सूचित करने के लिए 'हूं' करने की क्रिया; | हुंकार, गोष्ट इ. ऐकताना "हूं" म्हणणे; | uttering (hum) to indicate that attention is paid to what is said; |
| | | 2. स्वीकृति-सूचक शब्द, हामी । | रूकार, होकार | a sound of assent, saying 'yes'. |
| हुंडी | स्त्री. | 1. अपना प्राप्य धन या उसका कोई अंश पाने के लिए किसी के नाम लिखा हुआ वह पत्र जिस पर लिखा रहता है कि इतने रुपए अमुक व्यक्ति, महाजन या बैंक को दे दिए जाएं; | हुंडी; | bill of exchange, bill, draft; |
| | | 2. भारतीय महाजनी क्षेत्र में वह पत्र जो कोई महाजन किसी से ऋण लेने के समय उसके प्रमाण स्वरूप ऋण देने वाले को लिखकर देता है और ज़िसपर यह लिखा होता है कि यह धन इतने दिनों में ब्याज समेत चुका दिया जाएगा । | कर्जखत | bond, debenture. |
| हुकूमत | स्त्री. | 1. राजकीय व्यवस्था या शासन; | सत्ता; | sway, rule, control; |
| | | 2. वह अवस्था जिसमें किसी पर कोई हुक्म चलाया जाता हो, नियंत्रण, दबदबा । | शासन, राज्य | government, reign. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हुक्का | पुं. | तम्बाकू का धुआं खींचने या पीने के लिए बना हुआ एक विशेष प्रकार का उपकरण या यंत्र, जिसमें दो नालियां होती हैं । | हुक्का | the hookah or pipe and its apparatus by which tobacco is smoked through water, hubble-- bubble. |
| हुक्कापानी | पुं. | हिन्दुओं का अपनी जाति या बिरादरी के लोगों के साथ एक दूसरे के हाथ से हुक्का लेकर तम्बाकू पीने और पानी पीने का व्यवहार सामाजिक संबंध । | एकमेकांनी ओढलेला हुक्का आणि एकमेकांचे पाणी पिण्याइतका संबंध, जातभाईपणा | (lit.) smoking and drinking, social intercourse. |
| हुक्म | पुं. | 1. अधिकार के रूप में दिया जानेवाला ऐसा आदेश जिसका पालन औरों के लिए अनिवार्य या आवश्यक हो, आज्ञा, आदेश; | हुकूम, आज्ञा; | order, command; |
| | | 2. आधिकारिक रूप से बनाए हुए नियम, विधि-विधान; | बटहुकूम; | an ordinance, a statute, regulation; |
| | | 3. ताश के पत्तों का एक रंग जिसमें काले रंग का पान बना रहता है । | पत्त्यातील हुकुमाचा रंग, इस्पिकचा पत्ता | one of the suits in playing cards, the spade. |
| हुक्मी | वि. | 1. दूसरों के हुक्म या आज्ञा के अनुसार काम करने वाला, आज्ञाकारी; | आज्ञाधारक; | obedient; |
| | | 2. निश्चित रूप से अपना गुण, प्रभाव, या फल दिखानेवाला; | हुक्मी, अचूक, रामबाण; | obedient to directions (applied to medicine) unfailing, sure; |
| | | 3. जो अवश्य किया जाए या होने को हो, जरूरी । | आवश्यक, जरूरीचा | imperative, urgent, mandatory, obligatory. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हुजूर (हज़ूर) | पुं. | 1. किसी बड़े की समक्षता समीपता, सान्निध्य; | बड्या असामीची उपस्थिती, -हजेरी; | gracious presence, royal presence; |
| | | 2. बादशाह या बहुत बड़े हाकिम का दरबार; | बादशहाचा किंवा फार बड्या अधिकाऱ्याचा दरबार; | the court (of a king or superior authority); |
| | | 3. बहुत बड़े लोगों को संबोधित करने का आदर-सूचक शब्द । | बड्या व्यक्तीला उद्देशून वापरले जाणारे संबोधन | your honour, your majesty, your lordship, sir. |
| हुज्जत | स्त्री. | 1. व्यर्थ का तर्क-वितर्क वाद-विवाद; | हुज्जत, वादविवाद; | wrangling, disputations; |
| | | 2. जबानी होनेवाला झगड़ा, कहासुनी, तकरार, कलह; | तोंडातोंडी, बोलाचालीचा झगडा; | altercation, contention; |
| | | 3. जिद, हठ; | हट्ट, हेका; | obstinacy; |
| | | 4. आपत्ति । | हरकत | objection. |
| हुज्जती | वि. | 1. हुज्जत करने की प्रवृत्ति या स्वभाववाला, व्यर्थ का तर्क-वितर्क या वाद-विवाद करनेवाला; | हुज्जतखोर, वाद घालणारा; | wrangling, disputatious; |
| | | 2. झगड़ालू, कलहप्रिय, तकरारी; | भांडखोर, तक्रारखोर; | quarrel some; |
| | | 3. जिद्दी, हठी । | हट्टी, हेकेखोर | obstinate. |
| हुड़कना | अ. क्रि. | 1. प्रिय के वियोग के कारण (विशेषत: छोटे बच्चे का) बहुत दु:खी होना और रोना; | (वियोगामुळे) दु:खी होणे (विशेषत: लहान मुलाबाबत वापरतात); | to grieve, to be weeful; |
| | | 2. तरसना; | तळमळणे, व्याकुळणे; | to pine, to yearn, to fret; |
| | | 3. भयभीत और चिंतित होना । | भयभीत व चिंताग्रस्त होणे | to fear and worry |
| हुड़दंग (हुड़दंगा) | पुं. | ऐसी उछल-कूद और उपद्रव जिससे अशिष्टतापूर्वक खूब हो-हल्ला या शोरगुल होता हो । | धुमाकूळ, आरडाओरडा, दंगा | noise, tumult, commotion, uproar. |
| हुनर | पुं. | 1. कला, कारीगरी; | हुन्नर, कला, कारागिरी; | art, craft; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कोई काम करने का कौशलपूर्ण गुण । | कौशल्य | skill. |
| **हुनरमंद** | वि. | जो किसी हुनर या कला का जानकार हो, कलाकुशल, निपुण । | कलाकुशल, हातात कारागिरी असणारा | skilful, skilled. |
| **हुलसना** | अ. क्रि. | बहुत अधिक प्रसन्न होना, उल्लसित होना । | उल्लसित होणे, आनंदित होणे, हर्षोत्फुल्ल होणे | to be gladdened, to be rejoiced, to be pleased, to be delighted, to be cheered, to be full of joy. |
| **हुलसाना** | स. क्रि. | उल्लसित करना, हर्ष की उमंग उत्पन्न करना । | उल्लसित/आनंदित/करणे, प्रोत्साहित करणे | to gladden, to delight, to rejoice, to exhilarate, to cheer. |
| **हुलास** | पुं. | 1. आनन्द की उमंग, उल्लास, हर्ष की प्रेरणा; | उल्लास, आनंदोर्मी; | gladness, joy, happiness, hilarity; |
| | | 2. उत्साह, उमंग । | उत्साह | enthusiasm, zeal. |
| **हुलिया** | पुं. | 1. चेहरे की गठन और बनावट, मुख की आकृति और रूपरंग; | चेहेऱ्याचा एकूण रुपरंग, चेहेरेपट्टी; | the appearance in respect of colour, complexion, form, physical features; |
| | | 2. किसी मनुष्य के रूप, रंग आदि का वह विवरण जो उसकी पहचान के लिए किसी को बतलाया जाता है । | एखाद्याच्या रुपरंगाचे वर्णन | a description of the face or countenance, description of physical features. |
| **हुल्लड़** | पुं. | 1. शोरगुल, हल्ला, कोलाहल; | हुल्लड, आरडाओरडा, गोंधळ; | noise, uproar, tumult, commotion; |
| | | 2. उपद्रव, दंगा, फसाद । | उपद्रव, उत्पात, दंगा | disturbance, riot. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हूं | अ. क्रि. | वर्तमानकालिक क्रिया "है" का उत्तम पुरुष एकवचन रूप । | मी आहे | first person singular form of the auxiliary verb 'है' (hai), am. |
| | अव्य. | 1. अनुमोदन, समर्थन या स्वीकृति का सूचक शब्द, हां; | हां, होय; | yes; |
| | | 2. कोई बात सुनते समय अपनी सचेतता या सावधानी सूचित करने का शब्द । | हुंकार, हूं असा आवाज | a word indicating that attention is paid to what is said. |
| हूक | स्त्री. | 1. कलेजे, छाती पसली आदि में अचानक बहुत जोर से होनेवाली पीड़ा या शूल; | कळ (छातीत येणारी); | shooting pain (in heart), ache, smarting agony; |
| | | 2. कसक, दर्द, पीड़ा, घोर मानसिक कष्ट । | मानसिक वेदना | (mental) affliction, lingering agony. |
| हूबहू | वि. | 1. पहले या मूलतः जैसा रहा हो ठीक वैसा ही; | हुबेहूब, जसाच्या तसा; | just as it is, exactly, precisely, just as the original; |
| | | 2. किसी के बिल्कुल अनुरूप या समान । | अगदी सारखा, -समान | wholly similar,very much alike. |
| | क्रि. वि. | 1. बिल्कुल पूरी तरह; | संपूर्णपणे, अगदी पूर्णतः; | completely, wholly; |
| | | 2. समान रूप से । | अगदी जसेच्या | exactly, alike. |
| हूर | स्त्री. | मुसलमानों के बहिश्त अर्थात् स्वर्ग की अप्सरा । | मुसलमान मानीत असलेल्या बहिश्त मधील परी | a virgin of paradise, a nymph, a fairy. |
| हृदयंगम | वि. | 1. अच्छी तरह समझ में आया और बैठा हुआ आत्मसात; | हृदयंगम, हृदयात पूर्ण उतरलेला, हृदयांकित; | mentally assimilated; |
| | | 2. हृदय या मन में अच्छी तरह छाया और बैठा हुआ । | हृदयात वासकरणारा | dwelling in the heart. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **हृदय** | पुं. | 1. प्राणियों के शरीर में छाती के अन्दर बाईं ओर का वह मांस-कोश जिसके स्पंदन के फलस्वरूप सारे शरीर की नाड़ियों में रक्तसंचार होता रहता है, कलेजा, दिल; | हृदय, काळीज, छाती; | heart; |
| | | 2. इसी के पास छाती के मध्य भाग में माना जानेवाला वह अंग जिसमें प्रेम हर्ष, शोक, क्रोध आदि मनोविकार उत्पन्न होते और रहते हैं; | अंत:करण, मन; | the seat or faculty of thought and feeling, heart, mind; |
| | | 3. अंत:करण, विवेक; | विवेकबुद्धी; | conscience; |
| | | 4. वक्ष:स्थल, छाती; | वक्ष:स्थल, ऊर; | the bosom, chest, breast; |
| | | 5. परमप्रिय व्यक्ति (ला.); | (लाक्ष.), परमप्रिय व्यक्ती; | darling (person); |
| | | 6. किसी वस्तु का सार भाग । | गाभा, सारभाग | the interior or essence of any thing, core. |
| **हृदयगत** | वि. | 1. हृदयसंबंधी, हार्दिक, आंतरिक; | हृदयासंबंधीचा, आंतरिक; | hearty; |
| | | 2. हृदयस्थित; | हृदयस्थित, अंत:करणात नांदणारा; | dwelling in the heart; |
| | | 3. अच्छी तरह समझ में आया हुआ, आत्मसात् । | मनात/हृदयात उतरलेला आत्मसात् झालेला | mentally assimilated. |
| **हृदयगति** | स्त्री. | हृदय की गति, हृदय की धड़कन । | छातीची धडधड | heart beat. |
| **हृदयग्राही** | वि. | 1. हृदय को ग्रहण करनेवाला, हृदय को आकृष्ट करनेवाला, आकर्षक; | हृदयग्राही, हृदयाकर्षक, मन ओढून घेणारा; | heart-captivating, charming; |
| | | 2. रुचिकर । | मनाला रिझविणारा | interesting. |
| **हृदयविदारक** | वि. | 1. हृदय को विदीर्ण करनेवाला अत्यन्त शोक पैदा करनेवाला; | हृदयविदारक, हृदयावर आघात करणारा; | heart-rending; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. मन में परम करुणा या दया उत्पन्न करनेवाला । | दया-करुणा उत्पन्न करणारा | producing pathos, pathetic, pitiful, touching. |
| हृदयहारी | वि. | हृदय का हरण करनेवाला, मनमोहक, मनोहर । | मनोहर, आकर्षक | fascinating the heart, charming, attractive. |
| हृद्रोग | पुं. | हृदय में होनेवाला कोई रोग । | हृदरोग | a heart–disease. |
| हृष्ट | वि. | 1. हर्षित, प्रसन्न; | हृष्ट, आनंदित, हर्षित; | pleased, rejoiced, delighted; |
| | | 2. उठा या खड़ा हुआ (शरीर का रोआं) । | रोमांचित | bristling, erect, standing on end. |
| हृष्टपुष्ट | वि. | मोटा-ताजा । | धष्टपुष्ठ | stout, robust. |
| हेकड़ी | स्त्री. | 1. अक्खड़पन, उद्दंडता;<br>2. जबरदस्ती, बलप्रयोग । | दांडगेपणा, दांडगटपणा;<br>जबरदस्ती, दांडगाई | hubris, arrogance; show of force or strength. |
| हेच | वि. | 1. जिसका कुछ भी महत्व न हो, तुच्छ;<br>2. निःसार । | तुच्छ, क्षुद्र;<br>निःसत्व | worthless, trifling, good–for–nothing; unsubstantial. |
| हेठी | स्त्री. | प्रतिष्ठा में होनेवाली कमी, मानहानि, अपमान, बेइज्जती । | मानहानी, अप्रतिष्ठा | insult, abasement, disgrace, dishonour, indignity, humiliation. |
| हेतु | पुं. | 1. अभिप्राय, उद्देश्य; | हेतु, उद्देश, अभिप्राय; | object, motive, purpose; |
| | | 2. कारण, वजह, सबब । | कारण, सबब | cause, reason. |
| हेत्वाभास | पुं. | तर्कशास्त्र में वह अवस्था जिसमें वास्तविक हेतु का अभाव होने पर या किसी अवास्तविक अभाव हेतु के वर्तमान रहने पर भी वास्तविक हेतु का आभास मिलता या अस्तित्व दिखाई पड़ता है । | हेत्वाभास | the semblance of a reason, a fallacious term, fallacy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हेमंत | पुं. | छह ऋतुओं में से पांचवां ऋतु जिसमें अगहन और पूस के महीने पड़ते हैं, जाड़े का मौसम, शीतकाल । | हेमंत ऋतु (मार्गशीर्ष व पौष या दोन महिन्यात असणारा) | one of the six seasons, cold or winter season, comprising the months मार्ग शीर्ष and पौष, about November and December. |
| हेम | पुं. | 1. हिम, पाला; | वरून पडणारे बर्फ; | frost; |
| | | 2. सोना, स्वर्ण । | सोने | gold. |
| हेय | वि. | 1. छोड़ने या त्यागने योग्य, त्याज्य; | हेय, त्याज्य, वर्जनीय; | fit to be left or abandoned; |
| | | 2. घृणित; | तिरस्करणीय, द्वेष करण्याजोगा; | abominable, abhorrent, heinous; |
| | | 3. तुच्छ । | तुच्छ, नगण्य | trifling, trivial. |
| हेरना | स. क्रि. | 1. तलाश करना, खोजना, ढूंढना; | तपास करणे, शोध घेणे; | to search for; |
| | | 2. देखना, ताकना । | पाहणे, निरीक्षणे | to see, observe. |
| हेरफेर | पुं. | 1. किसी चीज के कुछ अंश घटा-बढ़ाकर इधर-उधर करना या निकाल देना और उनके स्थान की पूर्ति नए अंशों से करना, रद्दोबदल, तब्दीली; | फेरफार, बदल; | change, alteration; |
| | | 2. अदला-बदली, विनिमय; | अदलाबदल; | exchange, interchange; |
| | | 3. (फसलों का) एक के बाद दूसरे का आना, आवर्तन, चक्र; | एकामागून एक तेच तेच येणे-घेणे हिरून फिरून घेणे (पीक); | rotation (crops); |
| | | 4. फरक, अन्तर; | अंतर, फरक; | difference; |
| | | 5. चालबाजी, दावपेंच । | कपट वर्तन, डावपेच | manipulation. |
| हेरा-फेरी | स्त्री. | 1. चालबाजी, दाव-पेंच; | फसवणुकीचे वर्तन, डावपेच; | manipulation, unscrupulous activity; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. इधर का उधर या उधर का इधर करने या होने की अवस्था या भाव, गड़बड़; | उलथापालथ; | tampering; |
| | | 3. अदला-बदली । | अदलाबदली | exchange, inter-change. |
| हेलमेल | पुं. | परिचय बढ़ जाने पर होनेवाला संगसाथ, घनिष्ठ संबंध । | घनिष्ट संबंध, निकटचे संबंध | intimacy, familiarity. |
| हेला | स्त्री. | 1. खेलवाड़, क्रीड़ा; | खेळ, गंमत, क्रीडा; | a play, game, dalliance, fun; |
| | | 2. (स्त्रियों का) हावभाव; | नखरे, हावभाव; | amorous dalliance of a woman expressing airs, actions and postures; |
| | | 3. खेप, बारी, पारी, हल्ला । | खेप, पाळी | a term, trip. |
| हैजा | पुं. | दस्त और कै की संघातिक बीमारी जो संक्रामक रूप में फैलती है, विसूचिका । | पटकी | cholera. |
| हैरत | स्त्री. | आश्चर्य, अचरज । | आश्चर्य, विस्मय | amazement, consternation, astonishment. |
| हैरान | वि. | 1. आश्चर्यचकित, स्तब्ध; | चकित, थक्क; | astonished, amazed; |
| | | 2. परेशान, व्यग्र, दु:खी । | त्रस्त, हैराण | perplexed, disturbed, worried, troubled. |
| हैरानी | स्त्री. | 1. विस्मय, आश्चर्य; | आश्चर्य, विस्मय; | astonishment, amazement; |
| | | 2. परेशानी, व्यग्रता । | त्रास | confusion, perplexity, perturbation, distraction (of mind). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हैवान | पुं. | 1. इंसान का विपर्याय, पशु, जानवर; | पशु, जनावर; | an animal, a beast, brute; |
| | | 2. बहुत ही उजड्ड और गंवार आदमी (ला.) । | जंगली माणूस | uncivil person, a savage. |
| हैसियत | स्त्री. | 1. (धार्मिक या सामाजिक) योग्यतासूचक स्थिति, स्तर; | योग्यता, (सामाजिक) दर्जा, अधिकार; | status, position; |
| | | 2. शक्ति या सामर्थ्यसूचक योग्यता; | कुवत, सामर्थ्य; | capacity, capability; |
| | | 3. मालियत या मूल्य के विचार से सारी धन-संपत्ति; | धनसंपत्ती; | property, wealth; |
| | | 4. सामाजिक मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा । | सामाजिक प्रतिष्ठा, पत | prestige, importance. |
| होंठ (ओंठ) | पुं. | ओष्ठ, अधर, रदच्छद, दंतच्छद । | ओठ | the lip. |
| होड़ | स्त्री. | 1. प्रतिस्पर्धा; | स्पर्धा, चढाओढ; | rivalry, competition; |
| | | 2. शर्त, बाजी । | पैज, होड | a wager, bet. |
| होता | पुं. | 1. यज्ञ में आहुति देनेवाला ऋत्विज; | यज्ञात आहुती देणारा ऋत्विज; | one who offers oblation to the sacrificial fire; |
| | | 2. यज्ञ करानेवाला पुरोहित । | यज्ञ करवून घेणारा पुरोहित | a sacrificial priest. |
| होनहार | वि. | 1. जो अवश्य होने को हो, अवश्यंभावी, भावी; | होणारे, अवश्यंभावी; | inevitable, certain, sure; |
| | | 2. आगे चलकर जिसके सुयोग्य होने की आशा या संभावना हो, अच्छे लक्षणोंवाला, उदीयमान ।· | होतकरु | promising. |
| | पुं. | अवश्यंभावी घटना या बात, भवितव्यता, होनी । | देव, नशीब | the inevitable, destiny. |
| होना | अ. क्रि. | 1. अस्तित्व में आना; | होणे, अस्तित्वात येणे; | to become, to exist; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. जारी रहना; | चालू असणे, होत राहणे; | to continue, to last; |
| | | 3. किसी दशा या स्थिति में आना या पहुँचना; | अमूक अवस्थेप्रत पोहोचणे; | to attain (to), to become, to carry in a particular state or position; |
| | | 4. कार्य या घटना का क्रियात्मक या वास्तविक रूप में सामने आना; | घडणे; | to take place, to occur, to happen; |
| | | 5. जन्म लेकर प्रकट होना; | जन्मणे; | to be born; |
| | | 6. परिणाम या फल निकलना, कार्यसिद्धि दिखाई देना; | परिणाम वा फल निघणे; | to result, to be effected; |
| | | 7. अवधि, समय आदि का बीतना, गुजरना; | काळ जाणे, गुजरणे; | to pass, to be over to come to an end |
| | | 8. रिश्ते या संबंध के विचार से किसी के साथ संबंध रहना । | संबंध/नाते/असणे | to belong to, to be related to. |
| होनी | स्त्री. | अवश्यंभावी घटना, भवितव्यता, भावी, होनहार । | देव, नशीब, भावी | lot, destiny, fate, the inevitable. |
| होम | पुं. | अग्नि में घृत, जौ आदि डालने का धार्मिक कृत्य, हवन । | होम | offering an oblation to fire. |
| होमना | स. क्रि. | 1. देवता के उद्देश्य से अग्नि में कोई चीज डालना, हवन करना; | होमणे, आहुती टाकणे; | to offer oblation to fire, to perform a sacrifice; |
| | | 2. उत्सर्ग या परित्याग करना; | त्यागणे, परित्याग करणे; | to abandon, to sacrifice, to give up; |
| | | 3. पूर्णतया नष्ट या बरबाद करना । | पूर्णतः नष्ट करणे | to destroy completely. |
| होला | पुं. | आग में भूना हुआ हरा चना । | भाजलेला सोलाण | parched green gram. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| होली | स्त्री. | 1. हिन्दुओं का एक प्रसिद्ध त्योहार जो फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाता है तथा जिसमें एक दूसरे पर रंग और अबीर डालते हैं; | होळी, हिंदूंचा फाल्गुन महिन्यातील शिमग्याचा सण; | a Hindu festival celebrated on the last day of the month of Phalgun when coloured water is thrown on one another, the Holi festival; |
| | | 2. लकड़ियों आदि का वह ढेर जो उक्त दिन प्राय: रात को एक निश्चित समय पर जलाया जाता है; | होळीत जाळण्याकरिता रचून ठेवलेली जळणाची रास; | the pile of fuel prepared for burning in the night preceding the Holi festival; |
| | | 3. एक प्रकार का गीत जो माघ-फाल्गुन में अनेक धुनों और राग रागिनियों में गाया जाता है; | माघ व फाल्गुन महिन्यात अनेक चालीत म्हटले जाणारे होळीगीत; | a class of songs sung during the months of Magh and Phalgun in different modes; |
| | | 4. अनिष्टकारक या त्याज्य वस्तुओं का अंतिम रूप से विनाश करने के लिए सार्वजनिक रूप से उनकी राशियों में लगाई जाने-वाली आग । | टाकाऊ वस्तूच्यां ढिगाला सार्वजनिक रीत्या लावलेली आग | burning or setting fire to the pile of abandonable articles publicly. |
| होश | पुं. | 1. चेतना, संज्ञा; | भान, शुद्धी; | sense, consciousness; |
| | | 2. याद, स्मृति; | स्मरण, आळवण; | memory, recollection, reminiscence; |
| | | 3. बुद्धि । | समज, अक्कल, बुद्धी | understanding, judgement, intellect. |
| होशहवास | पुं. | व्यक्ति या शरीर की ऐसी चेतनावस्था जिससे वह सब काम ठीक तरह से कर सकता और सब बातें सोच सकता है । | सावधपण | sense and understanding, consciousness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| होशियार | वि. | 1. सावधान, सतर्क; | सावधान, जागृत, दक्ष; | cautious, alert, careful, vigilant; |
| | | 2. चतुर, चालाक; | हुशार, चतुर; | clever, wise intelligent; |
| | | 3. कुशल, दक्ष, माहिर । | कुशल, माहितगार | skilful. skilled, proficient, dexterous. |
| होशियारी | स्त्री. | 1. सावधानी, सतर्कता; | सावधपणा, जागरूकता; | caution, vigilance, watchfulness, alertness. careful-ness; |
| | | 2. चतुराई, चालाकी; | हुशारी, चातुरी; | cleverness, wisdom, intelligence; |
| | | 3. कौशल, दक्षता । | कौशल्य, नैपुण्य | skilfulness, dexterity, proficiency. |
| होहल्ला | पुं. | शोरगुल, हुल्लड़ । | आरडाओरडा | uproar, tumult. |
| हौज | पुं. | 1. पानी जमा रहने का चहबच्चा. कुंड; | हौद, कुंड; | tank, reservoir of water, sink, small pond; |
| | | 2. नांद । | नांद | manger. |
| हौदा | पुं. | 1. हाथी की पीठ पर रखकर कसा जानेवाला आसन जिसके चारों ओर रोक रहती है और पीठ टिकाने के लिए गद्दी रहती है; | हत्तीच्या पाठीवरचे आसन, हौदा; | an open seat to place on an elephant's back; |
| | | 2. देखें 'हौज' । | 'हौज' पाहा | same as 'हौज'. |
| हौलना | अ. क्रि. | डरना, भयभीत होना । | भयभीत होणे, घाबरणे | to fear, to be afraid or to be frightened. |
| हौलेहौले | क्रि. वि. | धीरे-धीरे, आहिस्ता से, मन्दगति से । | हळूहळू, धीरेधीरे, सावकाश | gently, slowly, softly, quietly. |

| हिन्दी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | मराठी पर्याय | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| हौवा | स्त्री. पुं. | 1. पैगम्बरी मतों के अनुसार सबसे पहली स्त्री जो पृथ्वी पर आदमी के साथ उत्पन्न हुई थी और जो मनुष्य जाति की आदि मानी जाती है; | मुस्लीम मतानुसार पृथ्वीतलावरम् पुरुषसोबत आलेली आदि मानवजातीची जननी; | Eve, the first woman on earth regarded as the mother of mankind; |
| | | 2. एक प्रकार का कल्पित और भीषण जन्तु या प्राणी जिसका नाम लेकर स्त्रियां बच्चों को डराया करती हैं, मकाऊं, जूजू । | बागुलबुवा | bugaboo, bugbear, bogey, scare crow. |
| हौसला | पुं. | 1. साहस,हिम्मत; | हिंमत, साहस, धाडस; | courage, spirit, morale; |
| | | 2. उमंग, उत्साह, उत्साह-पूर्ण प्रसन्नता; | उत्साह, उल्लास; | enthusiasm, zealous happiness, zest, gusto; |
| | | 3. लालसा, आकांक्षा । | लालसा, आकांक्षा | aspiration, longing, ambition, desire. |
| ह्रस्व | वि. | 1. छोटे आकार-प्रकार का, जो दीर्घ न हो; | ह्रस्व, आखूड छोटा; | short, small little (in size, etc.), |
| | | 2. (स्वर) जो खींचकर न बोला जाता हो, लघु । | लघु | short (opp. to दीर्घ in prosody) prosodically or metrically short. |
| | पुं. | एक मात्रिक, लघु स्वर । | लघु स्वर | a short vowel. |
| ह्रास | पुं. | 1. क्षय, क्षीणता, नाश, अपव्यय; | ऱ्हास, क्षय, हळूहळू नष्ट होणे; | decay, waste, wasting away; |
| | | 2. पतन, अवनति, अपकर्ष; | पतन, अवनती, अपकर्ष; | decline, fall, down-fall; |
| | | 3. अभाव, कमी, घटती । | उतार, घट | diminution, decrease. |

* * *

MGIPCBE—CRC—9/CHD/ND/99—20-4-2000—1000 Bks.

# केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा प्रकाशित/प्रकाशनाधीन कोश

- हिंदी–संयुक्त राष्ट्र संघ भाषा कोश
- हिंदी–फारसी कोश
- हिंदी–सिंहली कोश
- हिंदी–नेपाली कोश
- हिंदी–बर्मी कोश
- हिंदी–हिंदी कोश

## पुनः प्रकाशनाधीन कोशों का विवरण

- गुजराती–हिंदी–अंग्रेजी त्रिभाषा कोश
- हिंदी–मराठी–अंग्रेजी त्रिभाषा कोश
- हिंदी–असमिया–अंग्रेजी त्रिभाषा कोश
- हिंदी–पंजाबी–अंग्रेजी त्रिभाषा कोश
- हिंदी–कन्नड़–अंग्रेजी त्रिभाषा कोश
- हिंदी–उर्दू व्यावहारिक लघुकोश
- हिंदी–तमिल व्यावहारिक लघुकोश

## निदेशालय के अन्य महत्वपूर्ण प्रकाशन

- 'भाषा' (द्वैमासिक) वार्षिक चंदा 30.00 रुपए, एक प्रति 6.00 रुपए
- 'वार्षिकी'
- साहित्यमाला
- 'यूनेस्को दूत' (मासिक) वार्षिक चंदा 40.00 रुपए, एक प्रति 4.00 रुपए

**संपर्क करें :**

**अनुसंधान अधिकारी (बिक्री)**
केंद्रीय हिंदी निदेशालय,
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम
नई दिल्ली-110066

अथवा

प्रकाशन विभाग
भारत सरकार
सिविल लाइंस
दिल्ली-110054

प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, कोयंबतूर द्वारा मुद्रित
2000